www.deshbandhu.co.in ख़बरें लगातार ...
छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक
संपर्क करें : deshbandhuraipur@gmail.com



पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

रायपुर, गुरुवार, 19 अक्टूबर 2023 । वर्ष – 65 । अंक –185 । पृष्ठ –12 । मूल्य – 4.00 रु प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन–सीजी/रायपुर संभाग/19/2021–23



शारदीय नवरात्रि के पांचवे दिन माता स्कंदमाता देवी की होगी आराधना

- जैतून की टहनी का इंतजार
- एक कमजोर रस्सी पर लटका है कर्नाटक जनता दल (एस)...

पृष्ठ 6

- अमेरिका इजरायल का समर्थन करना जारी रखेगा : बाइडेन
- जॉर्डन ने इजरायल-हमास संघर्ष के कारण शिखर सम्मेलन किया रद्द

पृष्ठ 7

दानिश कनेरिया ने धार्मिक पूर्वाग्रह को लेकर पाकिस्तान क्रिकेट को घेरा पृष्ठ 8

# कांग्रेस की दूसरी सूची में 10 विधायकों का पत्ता साफ, 10 महिलाओं सहित 17 नए चेहरे

## 7 सीटों पर रोका गया प्रत्याशियों का नाम

**रायपुर**, 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। कांग्रेस ने प्रत्याशियों की दूसरी सूची जारी कर दी है।इस सूची में 53 प्रत्याशियों के नाम हैं। केवल 7 प्रत्याशियों का नाम आना बाकी है।इससे पहले कांग्रेस ने पहली सूची में 30 प्रत्याशियों की लिस्ट जारी की थी, जिसमें 8 विधायकों का टिकट काटा गया था।वहीं दूसरी सूची में 10 विधायकों का टिकट काटा गया है।

प्रदेश कांग्रेस प्रत्याशियों की दूसरी सूची जारी कर दी गई है। इसमें 53 लोगों के नाम शामिल किए गए हैं।इसके अनुसार पूर्व महापौर जतिन जायसवाल जगदलपुर से कांग्रेस के प्रत्याशी बनाए गए हैं। जतिन उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव के करीबी माने जाते हैं। 58 वर्षीय जतिन नए चेहरे हैं। धरसीवा विधायक अनिता शर्मा की टिकट काटकर मुख्यमंत्री के करीबी छाया वर्मा को टिकट दी गई है। वही रायपुर दक्षिण में उलट फेर करते हुए सारे दावेदारो को किनारे करते हुए महंत राम सुंदर दास को प्रत्याशी बनाया गया है। रायपुर ग्रामीण से सत्यनारायण शर्मा की जगह उनके पुत्र पंकज वर्मा को टिकट दी गई है। जगदलपुर सीट से भाजपा ने भी अपने पूर्व महापौर किरण देव को प्रत्याशी बनाया है। जगदलपुर अनारक्षित सीट पर दो पूर्व महापौर के बीच विधानसभा चुनाव में मुकाबला होगा। ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

### रायपुर दक्षिण विस में बृजमोहन-रामसुंदर दास के बीच मुकाबला




रायपुर विधानसभा की सबसे अहम मानी जा रही सीट रायपुर दक्षिण विस में 7 बार के विधायक वरिष्ठ नेता एवं मंत्री बृजमोहन अग्रवाल के खिलाफ कांग्रेस ने इस बार रणनीति के तहत वरिष्ठ कांग्रेसी नेता रामसुंदर दास महंत को मैदान में उतारा है। अब तक अपराजित रहे बृजमोहन अग्रवाल इस बार कैसे महंत को मात देंगे यह देखना काफी रोचक होगा। फिलहाल पाटन, राजनांदगांव की सीट को लेकर लोग अकटकले लगा रहे हैं पर रायपुर दक्षिण विस अब इस श्रेणी में शामिल हो गया है।

### रायपुर उत्तर, सरायपाली, धमतरी, कसडोल सिहावा व बैकुंठपुर पर अभी भी फंसा है पेंच

कांग्रेस के 7 प्रत्याशियों का नाम आना बाकी है। जिन सीटों पर कांग्रेस ने अपने प्रत्याशियों का ऐलान नहीं किया है, उनमें धमतरी, कसडोल, बैकुंठपुर, सरायपाली, महासमुंद, रायपुर उत्तर और सिहावा है। जहां पर अभी तक प्रत्याशियों के नाम पर मुहर नहीं लगी है।धमतरी में भाजपा का कब्जा है।कसडोल,महासमुंद,रायपुर उत्तर,सरायपाली बैकुंतुपुर में कांग्रेस का कब्जा है। सूत्रों की माने तो इन विधायकों को टिकट मिलने की संभावना नहीं है। जातीय समीकरण को देखते हुए उन्हीं वर्ग से नए चेहरों को मौका दिया जाएगा।

### ये 10 विधायक जिनके कटे टिकट

| | |
|---|---|
| बिलाईगढ़ | – चंद्रदेव राय |
| धरसीवां | – अनिता शर्मा |
| जगदलपुर | – रेखचंद जैन |
| मनेंद्रगढ़ | – विनय जायसवाल |
| प्रतापपुर | – प्रेमसाय सिंह टेकाम |
| रामानुजगंज | – बृहस्पति सिंह |
| सामरी | – चिंतामणी महाराज |
| लैलूंगा | – चक्रधर सिदार |
| पाली–तानाखार | – मोहित केरकेट्टा |

(रायपुर ग्रामीण से सत्यनारायण शर्मा ने अपनी जगह बेटे पंकज शर्मा के लिए टिकट मांगा)

### प्रत्याशियों के नाम

| | | | |
|---|---|---|---|
| भरतपुर–सोनहट(एसटी) | – गुलाब सिंह कमरो | अकलतरा(सामान्य) | – राघुवेंद्र सिंह |
| मनेंद्रगढ़ (सामान्य) | – रमेश सिंह | जांजगीर–चांपा(सामान्य) | –व्यास कश्यप |
| प्रेमनगर(सामान्य) | – खेलसाय सिंह | चंद्रपुर(सामान्य) | – रामकुमार यादव |
| भटगांव (सामान्य) | – प्रेमनाथ राजवाड़े | जैजैपुर(सामान्य) | – बालेश्वर साहू |
| प्रतापपुर(एसटी) | – राजकुमार मरावी | पामगढ़(एससी) | – शेषराज हरबंश |
| रामानुजगंज(एसटी) | – डॉ. अजय तिर्की | बसना(सामान्य) | – देवेंद्र बहादुर सिंह |
| सामरी(एसटी) | – विजय पैकरा | खल्लारी (सामान्य) | – द्वारिकाधीश यादव |
| लुंड्रा(एसटी) | – डा. प्रीतम राम | बिलाईगढ़(एससी) | – कविता प्रान लहरे |
| जशपुर(एसटी) | – विनयकुमार भगत | बलौदाबाजार(सामान्य) | – शैलेष नितिन त्रिवेदी |
| कुनकुरी(एसटी) | – यूडी मिंज | भाटापारा (सामान्य) | – इंदरकुमार साव |
| पत्थलगांव(एसटी) | – रामपुकार सिंह | धरसींवा(सामान्य) | – छाया वर्मा |
| लैलुंगा(एसटी) | – विद्यावती सिदार | रायपुर–ग्रामीण(सामान्य) | – पंकज शर्मा |
| रायगढ़(सामान्य) | – प्रकाश शक्राजीत नायक | रायपुर– पश्चिम (सामान्य) | – विकास उपाध्याय |
| सारंगढ़(एससी) | – उत्तरी जांगड़े | रायपुर–दक्षिण(सामान्य) | – महंत रामसुंदर दास |
| धर्मजयगढ़(एसटी) | – लालजीत सिंह राठिया | अभनपुर(सामान्य) | – धनेंद्र साहू |
| | | राजिम(सामान्य) | – अमितेश शुक्ल |
| रामपुर(एसटी) | – फूलसिंह राठिया | बिंद्रानवागढ़(एसटी) | – जनकलाल ध्रुव |
| कटघोरा(सामान्य) | – पुरुषोत्तम कंवर | कुरूद(सामान्य) | – तारिणी चंद्राकर |
| पाली–तानाखार (एसटी) | – दुलेश्वरी सिदार | संजारी बालोद(सामान्य) | – संगीता सिन्हा |
| मरवाही(एसटी) | – डा. केके ध्रुव | गुंडरदेही(सामान्य) | – कुंवरसिंह निषाद |
| कोटा(सामान्य) | – अटल श्रीवास्तव | दुर्ग शहर (सामान्य) | – अरुण बोरा |
| लोरमी(सामान्य) | – थानेश्वर साहू | भिलाई नगर(सामान्य) | – देवेंद्र यादव |
| मुंगेली(एससी) | – संजीत बैनर्जी | वैशाली नगर(सामान्य) | – मुकेश चंद्राकर |
| तखतपुर(सामान्य) | – डा. रश्मि आशीष सिंह | अहिवारा(एससी) | – निर्मल कोसरे |
| बिल्हा(सामान्य) | – सियाराम कौशिक | बेमेतरा(सामान्य) | – आशीष कुमार छाबड़ा |
| बिलासपुर(सामान्य) | – शैलेष पांडेय | जगदलपुर(सामान्य) | – जितिन जायसवाल |
| बेलतरा(सामान्य) | – विजय केशरवानी | बिंद्रानवागढ़ | – जनक ध्रुव |
| मस्तुरी(एससी) | – दिलीप लहरिया | | |

## राहुल गांधी ने फिर मोदी सरकार को घेरा

# अडानी ने किया 32000 करोड़ का घोटाला



- घोटाले का पैसा देश की जनता की जेब से बिजली की कीमतें बढ़ाकर वसूला गया
- विदेश से खरीदा कोयला भारत आकर हुआ महंगा
- कोयला घोटाले में प्रधानमंत्री मोदी का मिला संरक्षण
- राहुल ने विदेशी अखबार की रिपोर्ट का दिया हवाला

**नई दिल्ली**, 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने उद्योगपति गौतम अडानी पर सीधा हमला करते हुए कहा है कि उन्होंने (श्री अडानी) कोयला घोटाला किया है, जिसके कारण बिजली की कीमतें बढ़ी हैं और बिजली दरें बढ़ाकर जनता के 32000 करोड़ रुपए डकारे गए हैं। श्री गांधी ने बुधवार पार्टी मुख्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पहले हम 20,000 करोड़ के घोटाले की बात कर रहे थे, लेकिन अब एक विदेशी अखबार ने रिपोर्ट छपी है कि 12,000 करोड़ रुपए का और घोटाला हुआ है और इस तरह से अडानी समूह ने पूरा 32,000 करोडट रुपए का घोटाला किया है।

**हिंदुस्तान की जनता की जेब से पैसे निकाले**–उन्होंने कहा कि आश्चर्य की बात यह है कि घोटाले के दस्तावेज मौजूद हैं, लेकिन मोदी सरकार अपने प्रिय उद्योगपति के खिलाफ किसी तरह की कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। उनका कहना था कि अडानी के खिलाफ कार्रवाई इसलिए नहीं हो रही है, क्योंकि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का उन्हें संरक्षण प्राप्त है। कांग्रेस नेता ने कहा कि जब अडानी के खिलाफ दस्तावेज हैं, तो श्री मोदी और उनके नेतृत्व वाली सरकार इस उद्योगपति के खिलाफ कार्रवाई क्यों नहीं करती, जबकि इसको लेकर कांग्रेस सांसद से सड़क तक सवाल उठा रही है और इस घोटाले के सबूत भी दे रही है। उनका कहना है कि अडानी ने हिंदुस्तान की जनता की पॉकेट से 12,000 करोड़ रुपए निकाले हैं और इस तरह से अडानी ने देश में 32,000 करोड रुपए का कोयला घोटाला किया है। उन्होंने कहा, इस घोटाले का पैसा देश की जनता की जेब से बिजली की कीमतें बढ़ाकर वसूला गया है। श्री गांधी ने कहा, कांग्रेस सरकार मध्य प्रदेश, कर्नाटक आदि राज्यों में बिजली में सब्सिडी देकर लोगों को राहत दे रही है लेकिन असली मुद्दा बिजली की कीमतें बढ़ने का है जो अडानी के कोयला घोटाले की वजह से बढ़ रहीं है।

**कोयला भारत आते ही दोगुना महंगा**–राहुल ने अडानी पर आरोप लगाते हुए एक न्यूज आर्टिकल भी दिखाया। कांग्रेस नेता ने आगे कहा कि अडानी इंडोनेशिया में कोयला खरीदते हैं और जब तक कोयला भारत आता है, तब तक इसकी कीमत दोगुनी हो जाती है।

**भ्रष्टाचार कांग्रेस के डीएनए में है: भाजपा**

भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया ने नेशनल हेराल्ड मामले में राहुल की चुप्पी पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि गांधी परिवार दुनिया का सबसे भ्रष्ट परिवार है। राहुल और सोनिया दोनों भ्रष्टाचार के मामले में जमानत पर बाहर हैं।इस पर राहुल बात नहीं करेंगे। नेशनल हेराल्ड घोटाले में रॉबर्ट वाड्रा के भ्रष्टाचार पर बात नहीं करेंगे, क्योंकि भ्रष्टाचार कांग्रेस के डीएनए में है।

## सार संक्षेप

### मिजोरम के लिए भाजपा ने 21 उम्मीदवार उतारे

**नई दिल्ली**। भारतीय जनता पार्टी ने मिज़ोरम विधानसभा चुनाव के लिए आज 21 उम्मीदवारों की दो सूचियां जारी कीं। भाजपा महासचिव अरुण सिंह ने इन सूचियों को जारी करते हुए कहा कि पार्टी की केन्द्रीय चुनाव समिति ने इन उम्मीदवारों के नामों को मंजूरी दी है। पहली सूची में 12 और दूसरी सूची में नौ उम्मीदवार हैं।

### सौम्या विश्वनाथन हत्याकांड में कोर्ट ने 5 को दोषी ठहराया


**नई दिल्ली**। दिल्ली की एक अदालत ने बुधवार को 2008 में टीवी पत्रकार सौम्या विश्वनाथन की हत्या के मामले में चार आरोपियों को मकोका प्रावधानों के तहत और एक को चोरी की संपत्ति प्राप्त करने में मदद करने के लिए दोषी ठहराया है। साकेत कोर्ट के अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश रवींद्र कुमार पांडे ने 13 अक्टूबर को फैसला सुरक्षित रखने के बाद फैसला सुनाया है। चार आरोपियों रवि कपूर, अमित शुक्ला, अजय कुमार और बलजीत मलिक को महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (मकोका) प्रावधानों के तहत और अजय सेठी को चोरी की संपत्ति प्राप्त करने के लिए दोषी ठहराया गया है।

### आईआईटी खड़गपुर में छात्र का शव लटका मिला

**कोलकाता**। पश्चिम बंगाल के पश्चिम मिदनापुर जिले के प्रतिष्ठित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी)-खड़गपुर के छात्र का शव बुधवार को हॉस्टल में रहस्यमय परिस्थितियों में बरामद किया गया है। मृतक की पहचान तेलंगाना निवासी के. किरण चंद्रा (21) के रूप में हुई है। वह इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग का छात्र था। तेलंगाना में चंद्रा के माता-पिता को घटना की जानकारी दे दी गई है। मौत का कारण अभी तक स्पष्ट नहीं है।

## भाजपा ने पंडरिया से बनाया भावना बोहरा को प्रत्याशी

**रायपुर**, 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी ने छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के लिए पंडरिया से भावना बोहरा को प्रत्याशी घोषित किया है। इसके साथ ही अब बेलतरा, बेमेतरा, कसडोल और अंबिकापुर विधानसभा सीटों पर प्रत्याशी घोषित करना बाकी है।



भाजपा की तीसरी सूची में भावना बोहरा को टिकट देकर एक बार फिर से सालों से सक्रिय पार्टी कार्यकर्ता को मौका दिया है। भावना बोहरा जिला पंचायत सदस्य से लेकर सभापति और भाजपा महिला मोर्चा का प्रदेश मंत्री से लेकर संगठन मंत्री तक का सफर कर चुकी हैं। पंडरिया विधानसभा सीट से अब उनका मुकाबला कांग्रेस के नीलकंठ चंद्रवंशी से होगा। बीजेपी ने छत्तीसगढ़ के 90 विधानसभा सीटों के लिए जारी पहली सूची में 64 प्रत्याशियों और दूसरी सूची में 21 नामों का ऐलान किया था। इसके साथ पांच सीटों पर नामों का ऐलान होना बाकी था। पंडरिया से भावना बोहरा के नाम की घोषणा के साथ अब बेलतरा, बेमेतरा, कसडोल और अंबिकापुर विधानसभा सीटों पर नामों की घोषणा होना बाकी है।

## सरकार ने रबी फसलों का समर्थन मूल्य बढ़ाया

### गेहूं के समर्थन मूल्य में 150 रुपए व सरसों में 200 रुपए की वृद्धि

- मसूर की एमएसपी में 425 रुपए की बढ़ोतरी
- मोदी मंत्रिमंडल की बैठक में लिया गया फैसला

**नई दिल्ली**, 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। सरकार ने वर्ष 2024-25 के लिए रबी फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि की है। गेहूं के न्यूनतम समर्थन मूल्य में 150 रुपए प्रति क्विंटल और सरसों की कीमत में 200 रुपए प्रति क्विंटल वृद्धि करने का निर्णय लिया है । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति की आज यहां हुयी बैठक में मसूर के न्यूनतम समर्थन मूल्य में 425 रुपए, बाजरा की कीमत में 115 रुपए तथा चना की कीमत में 105 रुपए प्रति क्विंटल की वृद्धि करने का निर्णय किया गया । सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने संवाददाता सम्मेलन में बैठक की जानकारी देते हुए गेहूं का मूल्य अब किसानों को 2275 रुपए प्रति क्विंटल मिलेगा ।इसी तरह सरसों का 5650 रुपए, मसूर का 6425 रुपए तथा चना का 5440 रुपए प्रति क्विंटल मिलेगा । उन्होंने बताया कि जौ का न्यूनतम समर्थन मूल्य प्रति क्विंटल बढा कर 1850 रुपए तथा सूरजमुखी का मूल्य 150 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ा कर 5800 रुपए प्रति क्विंटल कर दिया गया है ।

**केंद्रीय कर्मियों का डीए 4 फीसदी बढ़ा**–त्योहारी मौसम केंद्र सरकार ने अपने कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में 4 फीसदी की बढ़ोत्तरी कर दी है। इससे अब केंद्रीय कर्मियों का कुल मंहगाई भत्ता 42 फीसदी से बढ़कर 46 फीसदी हो गया है। केंद्रीय मंत्रिमंडल के इस फैसले से केंद्र सरकार के 48 लाख कर्मचारियों के साथ ही 68 लाख पेंशन भोगियों को भी फायदा मिलेगा। उन्होंने बताया कि बढ़ा हुआ मंहगाई भत्ता 1 जुलाई से देय होगा।इस फैसले से सरकार पर 12,857 करोड़ रुपए का अतिरिक्त बोझ बढ़ेगा।

**रेलवे कर्मियों को मिलेगा 78 दिनों का बोनस**– केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मंहगाई भत्ते के साथ ही रेलवे कर्मियों के बोनस को भी मंजूरी दे है। इस साल रेलवे के गैर राजपत्रित 11 लाख 7 हजार 340 कर्मियों को उनके 78दिन के वेतन के बराबर बोनस दिया जाएगा।

## अमित शाह की आज जगदलपुर और कोंडागांव में आमसभा

**रायपुर**, 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह कल 19 अक्टूबर गुरुवार को छत्तीसगढ़ के दौरे पर रहेंगे और श्री शाह जगदलपुर और कोंडागांव में आयोजित आमसभा को संबोधित करेंगे तथा नामांकन रैली में शामिल होंगे।



जानकारी के अनुसार गृह मंत्री श्री अमित शाह कल सुबह 10.15 बजे विशेष विमान द्वारा दिल्ली से रवाना होकर दोपहर 12.05 बजे मां दंतेश्वरी एयरपोर्ट जगदलपुर पहुंचेंगे तथा लालबाग मैदान में आयोजित जनसभा एवम नामांकन रैली में शामिल होंगे। तथा भोजन करने के बाद दोपहर 1.45 बजे बाय रोड मां दंतेश्वरी एयरपोर्ट पहुंचकर हेलीकॉप्टर द्वारा कोंडागांव पहुंचेंगे। एवम दोपहर 2.20 बजे पुलिस मैदान कोंडागांव में आयोजित जनसभा तथा नामांकन पत्र दाखिल रैली में शामिल होकर वापस कोंडागांव पहुंचकर हेलीकॉप्टर द्वारा हेलीकॉप्टर से जगदलपुर पहुंचेंगे।तथा शाम 4.05 बजे मां दंतेश्वरी एयरपोर्ट जगदलपुर से विशेष विमान द्वारा न्यू दिल्ली के लिए रवाना होंगे।

### फर्जी जन्म प्रमाण पत्र मामला

## आजम खान को सुनाई सात साल की सजा

- बेटे अब्दुल्ला व पत्नी को भी सात साल की सजा का फैसला

**रामपुर**, 18 अक्टूबर (एजेंसियां)। समाजवादी पार्टी के नेता आजम खान के बेटे अब्दुल्ला आजम के दो जन्म प्रमाण पत्र के मामले में रामपुर की एक अदालत ने अपना फैसला सुनाया है। कोर्ट ने बुधवार को आजम खान, अब्दुल्ला आजम और पत्नी तंजीन फात्मा को सात साल की सजा सुनाई है।

एमपी–एमएलए मजिस्ट्रेट शोभित बंसल की कोर्ट ने दो जन्म प्रमाणपत्र के 2019 के मामले में आजम खान, तंजीन फातिमा और अब्दुल्ला आजम को दोषी ठहराया और अधिकतम सात साल की सजा सुनाई। भाजपा विधायक आकाश सक्सेना ने 2019 में गंज थाने में सपा के वरिष्ठ नेता आजम खान के बेटे पूर्व विधायक अब्दुल्ला आजम के खिलाफ दो जन्म प्रमाणपत्र होने का मामला दर्ज कराया था, जिसमें सपा नेता आजम खान और उनकी पत्नी डॉ. तंजीन फात्मा को भी आरोपी बनाया गया था। आरोप पत्र के मुताबिक, रामपुर नगर पालिका द्वारा जारी एक जन्म प्रमाणपत्र में, अब्दुल्ला आजम की जन्म तिथि एक जनवरी, 1993 बताई गई थी। दूसरे प्रमाणपत्र के अनुसार उनका जन्म 30 सितंबर, 1990 को लखनऊ में हुआ था। आरोप था कि अब्दुल्ला ने अपने दो जन्म प्रमाणपत्र बनवाए हैं, जिनमें एक रामपुर नगरपालिका परिषद से, जबकि दूसरा प्रमाणपत्र लखनऊ नगर निगम से बनवाया।

## टिकैत बन्धुओं ने दी बड़े आंदोलन की चेतावनी

**मुजफ्फरनगर** 18 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारतीय किसान यूनियन (बीकेयू) नेता राकेश टिकैत ने कहा है कि किसान 23 अक्टूबर को आंदोलन के लिए तैयार रहें। मुजफ्फरनगर के मुण्डभर गांव में एक सभा को संबोधित करते हुए बीकेयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता ने कहा कि बिजली विभाग की मनमानी के खिलाफ किसान नेताओं ने मोर्चा खोल दिया है। कलम व कैमरे पर बंदूक का पहरा है, इसलिए भारतीय मीडिया की बजाय विदेशी मीडिया में किसान आंदोलन को सही दिखाया जा रहा है। बीकेयू अध्यक्ष चौधरी नरेश टिकैत ने विभागीय अधिकारियों पर किसानों के शोषण का आरोप लगाया है। किसान नेताओं ने चेतावनी दी है कि जब तक उनकी समस्या का समाधान नहीं हो जाता तब तक धरना जारी रहेगा।

## संसद में पैसा लेकर सवाल पूछने का आरोप

- 26 अक्टूबर को सुनवाई करेगी एथिक्स कमेटी
- महुआ पर आरोप लगाने वाले निशिकांत दुबे को बुलाया

**नई दिल्ली**, 18 अक्टूबर (एजेंसियां)। भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा पर पैसे लेकर संसद में सवाल पूछने का आरोप लगाया था। इसे लेकर लोकसभा की एथिक्स कमेटी 26 अक्टूबर को सुनवाई करेगी। इसके लिए कमेटी ने निशिकांत दुबे को बुलाया है।

लोकसभा के डिप्टी सेक्रेटरी बाला गुरु ने बुधवार को दुबे को नोटिस जारी करते हुए ये जानकारी दी। निशिकांत सुनवाई में मौजूद रहेंगे या नहीं, इसे लेकर उन्हें 20 अक्टूबर तक जवाब देने को कहा गया है। ये सुनवाई संसद के कमेटी रूम में होगी। निशिकांत दुबे की शिकायत की सुनवाई करने वाली एथिक्स कमेटी के अध्यक्ष भाजपा सांसद विनोद कुमार सोनकार हैं। साथ ही इस कमेटी के मेंबर के तौर पर भाजपा की ओर से वीडी शर्मा, सुमेधानंद सरस्वती, अपराजिता सारंगी, डॉ. राजदीप रॉय, सुनिता दुग्गल और सुभाष भामरे हैं।

वहीं, कांग्रेस की ओर से वी वैथीलिंगम, एन उत्तम कुमार रेड्डी, बालासौरी वल्लभनेनी और प्रणीत कुमार शामिल हैं। इसके अलावा शिवसेना के हेमंत गोडसे, जेडीयू के गिरिधारी यादव, सीपीआई (एम) के पीआर नटराजन और बसपा के दानिश अली शामिल हैं।

### विधानसभा चुनाव

*उप्र की सीमा से लगे क्षेत्रों पर खासा असर डालती है बसपा*

# मध्य प्रदेश में हाथी की चाल पर तय होंगे चुनावी नतीजे

**भोपाल, 18 अक्टूबर (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के आगामी विधानसभा चुनाव में बहुजन समाज पार्टी की बड़ी भूमिका रहने वाली है। उत्तर प्रदेश की सीमा से लगे विधानसभा क्षेत्र में बसपा चुनावी नतीजे पर खासा असर डालती है। राज्य के उस इलाके पर गौर करें जो उत्तर प्रदेश की सीमा से जुड़ा हुआ है मसलन ग्वालियर- चंबल, विंध्य और बुंदेलखंड, यह वो इलाके हैं जहां की लगभग तीन दर्जन सीटें उत्तर प्रदेश की सीमा से जुड़ी हुई हैं।**

*इन सीटों पर मुकाबला तो कांग्रेस और भाजपा के बीच होता है, मगर बहुजन समाज पार्टी को मिलने वाले वोट नतीजे को सीधे तौर पर प्रभावित करते हैं। यही कारण है कि दोनों राजनीतिक दलों की बसपा पर नजर है और बसपा भी इन दोनों दलों के बागियों को अपने से जोड़ने की कोशिश में है। राज्य में हुए पिछले विधानसभा चुनाव पर गौर किया जाए तो यह बात साफ हो जाती है कि बहुजन समाज पार्टी का वोट बैंक जब बढ़ा है तो कांग्रेस को नुकसान हुआ है और भाजपा को फायदा और जब भी बसपा के वोट बैंक में गिरावट आई है तो उसका लाभ कांग्रेस को हुआ है। बात 2008 के चुनाव की करें तो बसपा को 9 फीसदी से ज्यादा वोट मिले थे। जिसके चलते भाजपा बढ़त में थी, वहीं 2013 के चुनाव में बसपा को 6 फीसदी से ज्यादा वोट मिले और भाजपा बढ़त में रही। वहीं 2018 में बसपा का प्रतिशत गिरकर 5 के करीब हुआ तो कांग्रेस को बढ़त मिली। यह इस बात के संकेत हैं कि बसपा का वोट बैंक बढ़ता या घटता, चुनावी नतीजे को प्रभावित करता है।*

***राज्य में 35 सीटें आरक्षित**– राज्य में अनुसूचित जाति वर्ग का वोट बैंक साढ़े 15 फीसदी से ज्यादा है और इस वर्ग के लिए राज्य में 35 सीटें आरक्षित हैं। वर्ष 2018 के विधानसभा चुनाव में इन सीटों में से कांग्रेस को 18 पर और भाजपा को 17 पर जीत मिली थी। राजनीतिक विश्लेषकों की मानें तो उनका कहना है कि राज्य के विधानसभा चुनाव में पूरे राज्य पर तो बीएसपी असर नहीं डालती है, मगर उत्तर प्रदेश की सीमा से लगे क्षेत्र पर बसपा का असर रहता है। यही कारण है कि बसपा के वोट प्रतिशत के घटने और बढ़ने पर चुनावी नतीजे सीधे असर डालते हैं। इस बार बसपा ने गोंगपा से गठबंधन किया है जिसके चलते बसपा का वोट बैंक और भी बढ़ सकता है।*

# देश

**उवाच**

"लोकसभा चुनाव में भाजपा की विदाई तय है। उनके विकास के नाटक का पर्दा गिर चुका है। इस बार का लोकसभा चुनाव निर्णायक चुनाव होगा। कांग्रेस संगठन दुरुस्त होगा। कांग्रेस का एक-एक कार्यकर्ता बब्बर शेर है, इसका पता आने वाले लोकसभा चुनाव में चल जाएगा।"
–अजय राय, कांग्रेस नेता



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 30.0 | 20.0 |
| मुंबई | 34.0 | 28.0 |
| कोलकाता | 29.0 | 25.0 |
| चेन्नई | 30.0 | 27.0 |

# जैविक खेती कर लाभ उठाएं किसान : मुर्मू

## राष्ट्रपति ने बिहार के चौथे कृषि रोड मैप का किया लोकार्पण

**पटना,** 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बिहार के चौथे कृषि रोड मैप के उद्घाटन के अवसर पर कहा कि बिहार के किसान भाई बहनों को जैविक खेती कर लाभ उठाना चाहिए। मुझे खुशी है कि जैविक खेती के लिए बिहार सरकार ने गंगा किनारे जैविक कॉरीडोर भी बनवाया। बिहार में एथनॉल का भी उत्पादन किया जा रहा है। यह जानकर भी मुझे खुशी हुई। विकसित भारत के सपने को पूरा करने के लिए बिहार से बहुत उम्मीद है। राष्ट्रपति ने कहा कि सीमांत किसानों के पास अपने कृषि कार्य के लिए उच्च प्रौद्योगिकी का उपयोग करने के लिए संसाधन नहीं है। वे गाय के गोबर जैसे पारंपरिक संसाधनों का उपयोग करके खेती कर सकते हैं। उन्होंने बिहार की समृद्ध संस्कृति की भी सराहना की और कहा कि वह इससे अच्छी तरह वाकिफ हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति के रूप में भले बिहार में मेरी पहली यात्रा है। लेकिन, बिहार की संस्कृति और यहां के लोगों से करीब से वाकिफ हूं। झारखंड की राज्यपाल रहते हुए मुझे बिहार और झारखंड की सभ्यता और संस्कृति को बेहतर ढंग से जानने का अवसर मिला था। वहीं मेरा गृह जिला ओडिशा भी बिहार से जुड़ा है। ऐसे में मुझे लगता है मैं भी अपने आप को बिहारी कह सकती हूं। द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि विदेशिया से लेकर कटनी तक के गीतों में बिहार ने अपनी अलग पहचान बनाई। प्रसन्नता की बात है कि वर्ष 2008 में पहला कृषि रोड मैप लॉन्च होने के बाद से राज्य ने कृषि क्षेत्र में अच्छा प्रदर्शन किया है। दूध, मांस, मछली और सब्जी उत्पादन में बिहार आज अग्रणी है। राष्ट्रपति ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मुझे कई बार बिहार आने का निमंत्रण दिया है। मैं बार-बार बिहार जरूर आऊंगी, क्योंकि मैं इस राज्य को अपना मानती हूं। मैं भी किसान की बेटी हूं। मैं बिहार के कृषि रोड मैप के तहत हो रहे कार्यों को देखना चाहूंगी। इस अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बिहारवासियों को नवरात्रि की दी बहुत सारी शुभकामनाएं दी।

**राष्ट्रपति ने बिहारवासियों को दी नवरात्रि की शुभकामनाएं**



विकसित भारत के सपने को पूरा करने के लिए बिहार से बहुत उम्मीद है : द्रौपदी मुर्मू

### बिहार का दिख रहा है सर्वांगीण विकास : तेजस्वी

उप मुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव ने कहा कि राज्य के पहले कृषि रोड मैप के लांच होने के बाद से बिहार का सर्वांगीण विकास दिख रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री को जाति सर्वेक्षण के लिए धन्यवाद दिया और कहा कि हाल ही में बिहार में जाति सर्वेक्षण आयोजित किया गया जो साल 1931 में देश में हुई जाति जनगणना के बाद यह पहली ऐसी कवायद थी। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि 2008 से ही मंगला राय ने कृषि रोड मैप में काम करना शुरू किया था। नीतीश ने कहां कि बिहार सिर्फ कृषि ही नहीं अब पशुओं पर भी ध्यान दिया जा रहा है। कृषि कन्वेंशन के कार्य का और विस्तार किया जा रहा है। उत्तर बिहार के कई इलाके हैं जो चौर क्षेत्र हैं। 6 जिलों में चौर क्षेत्र के विकास का काम भी काम हो रहा है। नीतीश ने कहा कि राज्यपाल तो जगह जगह घूमते ही हैं। इसीलिए जहां जहां जाते हैं तो कृषि रोड मैप भी देख लीजिएगा। मेरा बात मानिएगा न केंद्र सरकार भले आपको बनाए हैं लेकिन इज्जत तो हम करते हैं न। वहीं सीएम नीतीश कुमार ने राष्ट्रपति से आग्रह करते हुए कहा कि आप बराबर बिहार आइए, 3 से 4 महीने पर जरूर आइए। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मेरा पुराना रिश्ता है। इस अवसर पर राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने कृषि उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए खेती की प्राकृतिक परंपरा को अपनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने एक महिला सॉफ्टवेयर इंजीनियर के खेती में आने को याद करते हुए कि कैसे एक महिला ने सॉफ्टवेयर इंजीनियर की नौकरी छोड़ दी थी और प्राकृतिक परंपरा का उपयोग करते हुए खेती को चुना था, जिससे वह मुंबई स्थित एक कंपनी के सॉफ्टवेयर इंजीनियर के वेतन से अधिक कमाने में सक्षम हो गई।

### बिहार ने कृषि क्षेत्र में अच्छी प्रगति की है : नीतीश

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार ने कृषि क्षेत्र में अच्छी प्रगति की है। राज्य में पहले कृषि रोड मैप के लॉन्च होने के बाद से कृषि उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि दूसरे कृषि रोड मैप की लॉन्चिंग में तत्कालीन राष्ट्रपति प्रणव मुखर्जी आए थे। तीसरे रोड मैप के शुभारंभ में तत्कालीन राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद आए थे और अब आप आई हैं। यह हमारे लिए गर्व की बात है। नीतीश कुमार ने कहा कि चौथे कृषि रोड मैप से पहले किसानों से भी राय ली गई थी। बिहार के किसानों ने फसलों के साथ साथ दूध, अंडा मछली के उत्पादन बढ़ाने का प्रयास किया। मछली का उत्पादन ढाई गुना से भी अधिक हो गया है। अब बाहर से लाने की जरूरत नहीं है। चावल, गेहूं के उत्पादन को लेकर केंद्र सरकार ने भी बिहार को कृषि कर्मण पुरस्कार दिया था। उन्होंने याद दिलाया कि कैसे बिहार के किसानों ने चीन के धान की खेती के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया।



# आतंकवाद से प्रभावी ढंग से निपट रही जम्मू-कश्मीर पुलिस : मनोज सिन्हा

## शीरी प्रशिक्षण केंद्र में रंगरूटों की पासिंग आउट परेड को किया संबोधित

**श्रीनगर,** 18 अक्टूबर (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर में कानून व्यवस्था को लेकर उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने कहा कि स्थानीय पुलिस केंद्र शासित प्रदेश में कानून व्यवस्था को प्रभावी ढंग से बनाए रखते हुए आतंकवाद से भी निपट रही है। बारामूला जिले के शीरी प्रशिक्षण केंद्र में 510 रंगरूटों की पासिंग आउट परेड को संबोधित करते हुए एलजी ने कहा कि नार्को-आतंकवाद और मनोवैज्ञानिक युद्ध बड़े खतरों के रूप में उभर रहे हैं।



पुलिस को अन्य सुरक्षा बलों के साथ मिलकर इन चुनौतियों का प्रभावी ढंग से मुकाबला करना होगा। उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे तकनीक दिन-ब-दिन उन्नत होती जा रही है, नार्को-आतंकवाद और मनोवैज्ञानिक युद्ध हमारे लिए सबसे बड़ी चुनौती बनकर उभर रहे हैं।

जम्मू-कश्मीर पुलिस को अन्य सुरक्षा एजेंसियों के साथ मिलकर इन खतरों का प्रभावी ढंग से मुकाबला करना होगा। जम्मू-कश्मीर पुलिस प्रतिभा से भरपूर है और उसने लोगों के सम्मान की रक्षा में कोई कसर नहीं छोड़ी है। एलजी ने कहा कि पिछले तीन वर्षों में स्थिति बहुत बदल गई है और आम आदमी शांतिपूर्ण जीवन जी रहा है। लेकिन, कुछ तत्व शांति को बाधित करने में लगे रहते हैं क्योंकि वे शांतिपूर्ण जीवन जीने वाले गरीब लोगों से खुश नहीं हैं। उन्होंने युवाओं को विभिन्न खेल संबंधी गतिविधियों में शामिल करने के लिए बड़े पैमाने पर नागरिक कार्रवाई कार्यक्रम शुरू करने के लिए पुलिस की सराहना की। उन्होंने नए रंगरूटों से कहा कि आपको प्रतिज्ञा लेनी चाहिए और सुनिश्चित करना चाहिए कि आप आतंक और आतंकवाद के खिलाफ लड़ेंगे।

आपको आतंक को खत्म करना ही अपना अंतिम लक्ष्य बनाना चाहिए। जम्मू-कश्मीर पुलिस को इन शांति विरोधी तत्वों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनानी चाहिए।

### जम्मू-कश्मीर पुलिस देश की सबसे अच्छी ताकत

उपराज्यपाल ने कहा कि जम्मू-कश्मीर पुलिस को इन शांति विरोधी तत्वों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनानी चाहिए। अन्य चुनौतियां भी हैं जिनमें सामाजिक अपराध, दिन-प्रतिदिन के अपराध और सामान्य पुलिसिंग शामिल हैं। मुझे कहना होगा कि जम्मू-कश्मीर पुलिस देश की सबसे अच्छी ताकत है। सिन्हा ने पुलिस उपाधीक्षक हुमायूं भट और अन्य शहीद पुलिस बहादुरों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। जम्मू-कश्मीर और पूरा देश अपने राष्ट्र तथा मातृभूमि के लिए अपने प्राणों की आहुति देने के लिए इन नायकों का ऋणी है।

## सार संक्षेप

### पाकिस्तान ने जम्मू सीमा पर की गोलीबारी, दो घायल

**जम्मू।** पाकिस्तानी सैनिकों ने जम्मू के अरनिया सेक्टर में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर बिना किसी उकसावे के गोलीबारी करके संघर्ष विराम का उल्लंघन किया। मंगलवार रात लगभग सवा नौ बजे पाकिस्तानी रेंजर्स ने बीएसएफ जवानों की ओर बिना किसी उकसावे के गोलीबारी की। उन्होंने कहा कि अरनिया सेक्टर में बीएसएफ के जवानों ने गोलीबारी का मुंहतोड़ जवाब दिया। उन्होंने कहा कि गोलीबारी में घायल हुए बीएसएफ के दो जवानों को तत्काल वहां से निकाला गया और उन्हें चिकित्सकीय सहायता उपलब्ध कराया गया।

### ओडिशा के सिमलीपाल रिजर्व में बाघों की गणना शुरू

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के मयूरभंज जिले में स्थित सिमिलिपाल टाइगर रिजर्व में बाघों की गणना बुधवार को शुरू हुई। मयूरभंज जिले के सतकोसिया, कप्टीपाड़ा, बिसोई, रायरंगपुर और करंजिया उपमंडलों के वन क्षेत्रों में तीन चरणों में गणना की जाएगी। पहले चरण में, 18 से 20 अक्टूबर तक पगमार्क के माध्यम से गणना की जाएगी और दूसरे चरण में 25 से 28 अक्टूबर तक राज्य में बाघों की आबादी जानने के लिए अनुप्रस्थ सर्वेक्षण किया जाएगा। तीसरे चरण में एक नवंबर से 25 नवंबर तक कैमरा ट्रैपिंग विधि के माध्यम से गणना की जाएगी। बाघों की गतिविधियों को जानने के लिए रणनीतिक स्थानों पर 500 कैमरे लगाए जाएंगे। गणना का संचालन सुचारू रूप से करने के लिए सात सौ वन कर्मचारियों को तैनात किया जाएगा।

### ममता ने पत्रकार के निधन पर शोक जताया

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अनुभवी फोटो पत्रकार सुधीर कुमार उपाध्याय के निधन पर बुधवार को दुख व्यक्त किया। सुधीर 50 वर्ष के थे और मंगलवर देर रात उत्तरी कोलकाता में उनके गिरीश पार्क स्थित घर पर उनका निधन हो गया। बनर्जी ने अपने शोक संदेश में कहा कि यह जानकर दुख हुआ कि हमारे सुधीरदा, सुधीर कुमार उपाध्याय, पश्चिम बंगाल के सबसे वरिष्ठ समाचार फोटोग्राफर, अब नहीं रहे।

### महिला ने बच्चों संग कुएं में कूदकर की आत्महत्या

**रायसेन।** मध्य प्रदेश के रायसेन जिले के सुल्तानगंज थाना क्षेत्र के सुनवाहा गांव में पारिवारिक विवाद के चलते एक महिला ने अपने दो बच्चों के साथ कुएं में कूदकर आत्महत्या कर ली, जबकि उसका 11 वर्षीय एक अन्य बेटा स्कूल जाने के कारण बच गया है। अनुविभागीय पुलिस अधिकारी अनिल मौर्य ने घटना के बारे में बताया कि कल शाम मनीषा अहिरवार अपने दो बच्चों को लेकर पास के खेत में बने कुएं में कूद गई।

# झारखंड में 23 आईपीएस अफसरों का तबादला

**रांची,** 18 अक्टूबर (एजेंसियां)। झारखंड सरकार ने बुधवार को 23 आईपीएस अफसरों का तबादला किया है। इनमें से 14 आईपीएस ऐसे हैं, जो पोस्टिंग का इंतजार कर रहे थे। हाल में डीएसपी से एसपी रैंक में प्रोन्नत हुए नौ अफसरों की भी पोस्टिंग दी गई है। बुधवार शाम जारी नोटिफिकेशन के अनुसार चंदन कुमार झा को झारखंड सशस्त्र पुलिस प्रशिक्षण केंद्र हजारीबाग में एसपी के तौर पर पदस्थापित किया गया है, जबकि अनुरंजन किस्पोट्टा को सीआईडी एसपी बनाया गया है। पोस्टिंग का इंतजार कर रहे अंजनी कुमार झा को एसीबी (एंटी करप्शन ब्यूरो) का एसपी बनाया गया है। इसी तरह अंबर लकड़ा को जैप-3 के कमांडेंट के तौर पर पोस्टिंग दी गई है। आनंद प्रकाश रांची में वायरलेस एसपी बनाए गए हैं। प्रभात कुमार को जैप 6 कमांडेंट जमशेदपुर की जिम्मेदारी सौंपी गई है। एहतेशाम वकारिब को रांची में एसीबी एसपी और आर रामकुमार को एससीआरबी एसपी रांची के पद पर पदस्थापित किया गया है। अमित रेनू को एसपी नक्सल झारखंड की जिम्मेदारी सौंपी गई है। कुमार गौरव को रांची ट्रैफिक एसपी और मुकेश कुमार लुनायत को जमशेदपुर सिटी एसपी बनाया गया है। मनोज स्वर्गीयारी को रेल एसपी धनबाद के पद पर पदस्थापित किया गया है। शुभांशु जैन को स्पेशल ब्रांच एसपी रांची, नवप्रोन्नत आईपीएस सरोजिनी लकड़ा को टाटीसिलवे रांची में जैप 2 का कमांडेंट बनाया गया है।




# किसी भी अप्रत्याशित स्थिति से निपटने की रणनीति तैयारी करे सेना : राजनाथ

**नई दिल्ली,** 18 अक्टूबर (एजेंसियां)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पूरी दुनिया में अनिश्चितता की स्थिति को देखते हुए सेना से किसी भी अप्रत्याशित स्थिति से निपटने और उसके अनुरूप रणनीति बनाने तथा तैयारी करने को कहा है। सिंह ने सेना के शीर्ष कमांडरों के पांच दिन के सम्मेलन के तीसरे दिन बुधवार को यहां अपने संबोधन में विश्व में मौजूदा जटिल तथा अनिश्चित स्थिति का उल्लेख करते हुए कहा कि हाइब्रिड युद्ध सहित गैर परंपरागत युद्ध, भविष्य के पारंपरिक युद्धों का हिस्सा होगा और दुनिया के विभिन्न हिस्सों में हो रहे संघर्षों में भी यह स्पष्ट है। इसके लिए आवश्यक है कि सशस्त्र बलों को रणनीति बनाते और योजना बनाते समय इन सभी पहलुओं को ध्यान में रखना चाहिए। हमें अतीत में घटी और मौजूदा वैश्विक घटनाओं से सीखते रहना चाहिए। अप्रत्याशित की अपेक्षा करें और उसके अनुसार योजना बनाएं, रणनीति बनाएं तथा तैयारी करें। उत्तरी सीमाओं की स्थिति का जिक्र करते हुए रक्षा मंत्री ने किसी भी आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए सेना पर पूरा भरोसा व्यक्त किया, हालांकि उन्होंने कहा कि मुद्दों के शांतिपूर्ण समाधान के लिए सभी स्तरों पर चल रही बातचीत जारी रहेगी। मैं जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद के खतरे से निपटने में केंद्रीय पुलिस बलों तथा राज्य पुलिस और सेना के बीच उत्कृष्ट तालमेल की सराहना करता हूं। जम्मू और कश्मीर में समन्वित अभियान क्षेत्र में स्थिरता और शांति बढ़ाने में योगदान दे रहे हैं।



- सेना के शीर्ष कमांडरों के सम्मेलन को किया संबोधित
- विश्व में मौजूदा जटिल तथा अनिश्चित स्थिति का किया उल्लेख

### सीमा सड़क संगठन के प्रयासों की सराहना की

रक्षा मंत्री ने सीमा सड़क संगठन के प्रयासों की सराहना की और कहा कि बल के कर्मियों के कठिन परिस्थितियों में काम करने से पश्चिमी और उत्तरी दोनों सीमाओं पर सड़क संपर्क में सुधार हुआ है। सिंह ने पश्चिमी सीमाओं की स्थिति का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रतिद्वंद्वी द्वारा छद्म युद्ध जारी रहने के बावजूद सेना सीमा पार आतंकवाद का मुंहतोड़ जवाब दे रही है।

# प्रमोद महाजन ग्रामीण कौशल केंद्रों का शुभारंभ करेंगे मोदी

**नई दिल्ली,** 18 अक्टूबर (एजेंसियां) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गुरुवार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से महाराष्ट्र में 511 प्रमोद महाजन ग्रामीण कौशल विकास केंद्रों का शुभारंभ करेंगे। यह केंद्र महाराष्ट्र के 34 ग्रामीण जिलों में स्थापित किए जा रहे हैं। ग्रामीण कौशल विकास केंद्र विभिन्न क्षेत्रों में कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाएंगे जिनसे ग्रामीण युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। प्रत्येक केंद्र कम से कम दो व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में लगभग 100 युवाओं को प्रशिक्षित करेगा। यह प्रशिक्षण राष्ट्रीय कौशल विकास परिषद के तहत सूचीबद्ध उद्योग जगत के भागीदारों और एजेंसियों द्वारा प्रदान किया जा रहा है। इन केंद्रों की स्थापना से अधिक सक्षम एवं कुशल जनशक्ति तैयार करने में मदद मिलेगी।



# इंडिया अलायंस की निकली हवा : सुशील मोदी

## प्रधानमंत्री पद को लेकर चल रही बयानबाजी पर साधा निशाना

**पटना,** 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी के राज्यसभा सांसद सुशील मोदी ने इंडिया अलायंस पर कटाक्ष करते हुए कहा कि जब से कास्ट सर्वे हुआ उसके आंकड़े आने के बाद जदयू के लोग प्रचारित कर रहे थे पूरे देश की राजनीति के केंद्र में नीतीश कुमार आ गए हैं। उनको प्रधानमंत्री पद के दावेदार के तौर पर घोषणा की जा रही थी लेकिन, शशि थरूर और खड़गे साहब ने उसकी हवा निकाल दी।

इंडिया अलायंस के भीतर विरोधाभास अब खुलकर सामने है। अखिलेश यादव ने साफ किया है कि राज्यों में गठबंधन नहीं तो राष्ट्रीय स्तर पर अलायंस नहीं। आम आदमी पार्टी भी कई राज्यों में अलग चुनाव लड़ रही है। वहीं, शशि थरूर के राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे को पीएम उम्मीदवार बनाए जाने वाले बयान पर जदयू भड़की हुई है। अब भाजपा ऐसी विरोधाभासी राजनीति पर कटाक्ष कर रही है। इंडिया अलायंस में पीएम पद को लेकर चल रही बयानबाजी पर सुशील मोदी ने निशाना साधा है। दरअसल, कांग्रेस नेता शशि थरूर के इस बयान के बाद कि इंडिया अलायंस की ओर से राहुल गांधी या मल्लिकार्जुन खड़गे पीएम पद के उम्मीदवार हो सकते हैं, इंडिया अलायंस के भीतर हलचल मची हुई है। इस बयान पर जदयू की ओर से तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त किए जाने के बाद अखिलेश यादव की पार्टी समाजवादी पार्टी ने भी यह साफ कर दिया है कि राज्य के चुनावों में गठबंधन नहीं तो राष्ट्रीय स्तर पर भी अलायंस की उम्मीद नहीं। जाहिर है इंडिया अलायंस के इस विरोधाभास पर भाजपा अपने अंदाज में हमलावर है। सुशील मोदी ने सवालिया लहजे में कहा कि आखिर यह किस तरह का गठबंधन है जो न प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार तय कर पाते हैं और एक दूसरे के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं। इससे साफ जाहिर हो रहा है कि इंडिया गठबंधन टांय-टांय फिस्स हो गई और अलायंस की पूरी हवा निकल गई है।



### अब तक नहीं हुई इंडिया गठबंधन की कोई बैठक

सुशील मोदी ने दावा किया है कि इंडिया गठबंधन में मार काट मची हुई है और बीते एक महीने से ज्यादा हो गया अब तक कोई बैठक नहीं हुई है। भोपाल में रैली तय हुई थी वह रैली स्थगित हो गई और न अगली रैली का कोई डेट ही आया। मप्र व छग में समाजवादी पार्टी और आम आदमी पार्टी खुलकर कांग्रेस का विरोध कर रही है और खिलाफ चुनाव भी लड़ रही है।

# गुजरात में श्रमिकों को मिला पांच रुपए में भोजन का लाभ

**गांधीनगर,** 18 अक्टूबर (एजेंसियां)। गुजरात में श्रमिक अन्नपूर्णा योजना अंतर्गत एक वर्ष में 50 लाख श्रमिकों को पांच रुपए में भोजन का लाभ मिला हैं। सरकारी सूत्रों ने बताया कि मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल के नेतृत्व में पिछले साल अक्टूबर में एक बार फिर से श्रमिक अन्नपूर्णा योजना का क्रियान्वयन शुरू किया गया था और केवल एक ही वर्ष की समयावधि में राज्य के लगभग 50 लाख श्रमिक इस योजना अंतर्गत पांच रुपए में भोजन का लाभ पा चुके हैं। कोविड महामारी के दौरान संक्रमण की संभावना को कम करने के लिए गुजरात सरकार ने श्रमिक अन्नपूर्णा योजना को कुछ समय के लिए बंद कर दिया था, जिसे पिछले साल अक्टूबर महीने में दोबारा शुरू किया गया। श्रमिकों की सुख-सुविधा को ध्यान में रखते हुए सरकार द्वारा कंस्ट्रक्शन साइट पर भोजन की डिलीवरी भी की जाती है। हाल में 50 से अधिक श्रमिकों वाली कंस्ट्रक्शन साइट पर भोजन की डिलीवरी की जाती है। अहमदाबाद, गांधीनगर, सूरत तथा वडोदरा की 13 साइट्स पर श्रमिकों के लिए भोजन पहुंचाया जाता है। दस जिलों में 118 कडियानाका पर श्रमिकों को भोजन श्रमिक अन्नपूर्णा योजना अंतर्गत राज्य में 10 जिलों में 118 श्रमिक नुक्कड़ों पर भोजन प्रदान किया जाता है।

# कर्नाटक सरकार को गिराने का प्रयास कर रही भाजपा : शिवकुमार

**बेंगलुरु,** 18 अक्टूबर (एजेंसियां)। कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने बुधवार को आरोप लगाते हुए कहा कि उन्हें राज्य में कांग्रेस सरकार को गिराने की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की कोशिश की जानकारी है।

उन्होंने कहा कि मैं यह जानता हूं भाजपा कांग्रेस सरकार को गिराने की कोशिश कर रही है। सभी विधायक आ रहे हैं और मुख्यमंत्री मुझे बता रहे हैं कि कौन भाजपा के संपर्क में है। वे हमें यह भी बता रहे हैं कि उन्हें क्या पेशकश की जा रही है। जब शिवकुमार से कांग्रेस सरकार को उखाड़ फेंकने की भाजपा की कोशिश के बारे में पूछा गया तो उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि विधानसभा सत्र होने दीजिए। मेरे पास सारी जानकारी है। मैं यह सुनिश्चित करूंगा कि जिन लोगों से संपर्क किया गया है। शिवकुमार ने मुख्यमंत्री सिद्धारमैया को संबोधित कलेक्शन मास्टर पोस्टर जारी करने को लेकर हुए विवाद का जवाब देते हुए आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री पद हासिल करने के लिए 2,500 करोड़ की भारी रकम एकत्र की गई थी। इससे पहले शिवकुमार ने आरोप लगाया था कि इनकम टैक्स द्वारा जब्त की गई 94 करोड़ रुपए की रकम भाजपा नेताओं की है।



उन्होंने कहा कि नकदी और कांग्रेस पार्टी के बीच कोई संबंध नहीं है। भाजपा नेताओं के इस आरोप पर कि ताजा घटनाक्रम से कांग्रेस आलाकमान हिल गया है, उपमुख्यमंत्री ने कहा कि यह कांग्रेस आलाकमान नहीं, बल्कि भाजपा का केंद्रीय नेतृत्व हिल गया है।

**परेशानी** | *जल्द आई सर्दी से कश्मीर व लद्दाख वासियों की परेशानी बढ़ी*


# बिजली की जबरदस्त कटौती के साथ मंडराया पेयजल का संकट

■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू, 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। कई सालों के बाद कश्मीर व लद्दाख में इस बार सर्दी का बहुत पहले आगाज होने का खामियाजा कश्मीरियों और लद्दाखियों को भुगतना शुरू हो गया है। सड़कें बंद होने के साथ ही बिजली की जबरदस्त कटौती के साथ ही पानी की किल्लत भी उन्हें सताने लगी है। पर इतना जरूर था कि कश्मीर पहुंचे सैलानियों की तो जैसे लाटरी निकल गई हो**

क्योंकि जिन नजारों को देखने उन्हें दिसम्बर और जनवरी में आना पड़ता था उन्हें अभी से निहारने का अवसर मिल गया है। हालांकि हल्की बर्फबारी पिछले पखवाड़े से ही हो रही थी पर दो दिनों की बर्फबारी ने सोनमार्ग, पहलगाम और गुलमर्ग के अतिरिक्त जम्मू संभाग के पहाड़ों व लद्दाख के पहाड़ों पर करगिल से लेकर चीन सीमा तक सफेद चादर बिछा दी है। कई स्थानों पर 6 से 11 इंच तक बर्फ अभी भी पहली बार इतनी जल्दी रिकार्ड की गई है। सर्दी और बर्फबारी के जल्दी आ जाने के कई लाभ भी कश्मीरियों को दिख रहे हैं। लद्दाख के लिए भी ऐसा ही है। कश्मीर के मुख्य दरियाओं में पानी का स्तर बढ़ने लगा है जो पहले ही सूखे के कारण अपने तलों को दिखा रहे थे।

यह बात अलग है कि लद्दाख में बर्फ के साथ ही पर्यटन सीजन खत्म हो जाता है और कश्मीर में यह शुरुआत है। लद्दाखी अब पर्यावरण की चिंता के कारण इसे अब खुशी के तौर पर मनाने लगे हैं। पर खुशी वे सैलानी भी प्रकट कर रहे हैं जिन्होंने अक्टूबर के शुरू में ही बर्फ का नजारा ले लिया। बंगाल से आने वाले एक पर्यटक ने गंडोला की सवारी करने के बाद अपनी तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए अपने आपको खुशनसीब लिखा था तो एक अन्य कहता था कि जिन्दगी में पहली बार बर्फ गिरते हुए देखी है। उसके बकौल अभी तक बर्फ गिरने के बाद ही कश्मीर को निहारने का मौका मिलता था। जल्दी बर्फबारी के कारण कश्मीरियों की परेशानी भी बढ़ी है। सर्दी शुरू होने की घोषणा के साथ ही बिजली विभाग ने पांच से 8 घंटों की बिजली कटौती घोषित कर दी। बिजली विभाग का कहना था कि यह आने वाले दिनों में बढ़ भी सकती है क्योंकि इस बार कश्मीर में भीषण सूखे की स्थिति के कारण दरियाओं का पानी सूख गया था जिस कारण बिजली उत्पादन ही नहीं हो पा रहा है। मौसम विभाग के अनुसार जम्मू कश्मीर में अगले दो दिनों तक मुख्य रूप से शुष्क मौसम का अनुमान है। गंदेरबल जिले में सोनमर्ग और बांदीपोरा जिले में गुरेज सहित कश्मीर के दूरदराज के पहाड़ी इलाकों में गत दिनों हिमपात हुआ। श्रीनगर में पिछले 24 घंटों में मंगलवार सुबह तक 20.9 मिमी बारिश दर्ज की गई जबकि इसी अवधि में दक्षिण कश्मीर के काजीगुंड में 47.4 मिमी, बारामूला जिले के गुलमर्ग के स्की रिसॉर्ट में 18.6 मिमी और दक्षिण कश्मीर के पहलगाम रिसॉर्ट में 27.4 मिमी बारिश दर्ज की गई।



■ करगिल से लेकर चीन सीमा तक बर्फ की सफेद चादर बिछी

## आर्या रिटायर हो सकती है, लेकिन दौलत कभी नहीं: सिकंदर खेर

**मुंबई,** 18 अक्टूबर (एजेंसियां)। क्राइम थ्रिलर ड्रामा 'आर्या' सीजन 3 को लेकर एक्साइटेड एक्टर सिकंदर खेर ने कहा कि उनका किरदार दौलत कभी भी रिटायर नहीं होगा, भले ही स्टोरी की डिमांड क्यों न हो। इस सीरीज में सुष्मिता सेन आर्या सरीन का किरदार निभा रही हैं। दौलत आर्या के साथ उसका मजबूत सहारा बनकर खड़ा है। उसने आर्या की रक्षा के लिए हर संभव कदम उठाए। वह आर्या का समर्थन करने के लिए मैदान में डटा हुआ है। आर्या के साथ अपने किरदार के संबंध के बारे में विस्तार से बताते हुए, सिकंदर ने कहा, 'दौलत रिटायरमेंट के बारे में नहीं सोच सकता क्योंकि जब तक आर्या है, दौलत भी रहेगा। मैं दौलत को सिकंदर के रूप में महसूस करता हूं।'

# नींद और तनाव मिर्गी के दौरों से जुड़े हो सकते हैं

**लंदन,** 18 अक्टूबर (एजेंसियां)। नींद के पैटर्न और तनाव हार्मोन से यह समझा जा सकता है कि मिर्गी से पीड़ित लोगों को कब और कैसे दौरे पड़ने की संभावना है, एक नए अध्ययन से पता चला है। यूके में बर्मिंघम विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने मिर्गी के प्रमुख लक्षणों पर नींद और तनाव-हार्मोन कोर्टिसोल की एकाग्रता में परिवर्तन जैसी विभिन्न शारीरिक प्रक्रियाओं के प्रभाव को समझने के लिए गणितीय मॉडलिंग का उपयोग किया, जिसे इपिलेप्टीफॉर्म डिस्चार्ज (ईडी) कहते हैं। मिर्गी एक गंभीर न्यूरोलॉजिकल डिसऑर्डर है जिसमें बार-बार दौरे पड़ते हैं। वैज्ञानिकों ने इडियोपैथिक मिर्गी से पीड़ित 107 लोगों की 24 घंटे की ईईजी रिकॉर्डिंग का विश्लेषण किया और मिर्गी के स्राव के अलग-अलग वितरण वाले दो उपसमूहों की खोज की- एक नींद के दौरान सबसे अधिक घटना और दूसरा दिन के दौरान कभी भी।

पीएलओएस कम्प्यूटेशनल बायोलॉजी में अपने निष्कर्षों को प्रकाशित करते हुए, टीम ने खुलासा किया कि या तो कोर्टिसोल या स्लीप



स्टेज ट्रांज़िशन की गतिशीलता, या दोनों, ईडी के अधिकांश देखे गए वितरणों को समझाता है।

यूनिवर्सिटी के सेंटर फॉर सिस्टम्स मॉडलिंग एंड क्वांटेटिव बायोमेडिसिन से जुड़ी मुख्य लेखिका इसाबेला मारिनेली ने कहा, 'दुनिया भर में लगभग 65 मिलियन लोगों को मिर्गी है, जिनमें से कई विशिष्ट ट्रिगर की रिपोर्ट करते हैं जो उनके दौरे

**एक नए अध्ययन से पता चला है, नींद के पैटर्न और तनाव हार्मोन से यह समझा जा सकता है कि मिर्गी से पीड़ित लोगों को कब और कैसे दौरे पड़ने की संभावना है।**

की अधिक संभावना बनाते हैं - जिनमें से सबसे आम है तनाव, नींद की कमी और थकान।' उसने कहा, 'हमारे निष्कर्ष वैचारिक सबूत प्रदान करते हैं कि नींद के पैटर्न और कोर्टिसोल की एकाग्रता में परिवर्तन मिर्गी के दौरे की लय के अंतर्निहित शारीरिक चालक हैं। हमारा गणितीय दृष्टिकोण बेहतर समझ के लिए एक रूपरेखा प्रदान करता है कि कौन से कारक ईडी गतिविधि की घटना को सुविधाजनक बनाते हैं और संभावित रूप से दौरे को ट्रिगर करते हैं।' शोधकर्ताओं का गणितीय मॉडल मस्तिष्क की गतिविधि का वर्णन करता है कि उत्तेजना कैसे बदल सकती है - या तो नींद के चरणों के बीच संक्रमण या कोर्टिसोल की एकाग्रता में भिन्नता। मिर्गी से पीड़ित कई लोगों में ईडी की आवृत्ति रात के दौरान, सुबह के समय और तनावपूर्ण स्थितियों में बढ़ जाती है। टीम ने पाया कि एक उपसमूह में 90 प्रतिशत भिन्नता के लिए नींद जिम्मेदार है और दूसरे उपसमूह में कोर्टिसोल लगभग 60 प्रतिशत के लिए जिम्मेदार है। मैरिनेली ने समझाया, 'हमारे पहले उपसमूह में जागने के दौरान ईडी की संभावना में बदलाव के लिए अकेले नींद जिम्मेदार नहीं हो सकती है।' 'पहले घंटों के दौरान शुरुआती तेज वृद्धि के बाद नींद के समय ईडी की संभावना में कमी आई है। इसे इस तथ्य से समझाया जा सकता है कि गहरी नींद पहले भाग के दौरान प्रमुख होती है। हमने जागने से पहले ईडी की घटना में वृद्धि देखी जो नींद और कोर्टिसोल के संयुक्त प्रभाव का सुझाव देता है।

# 'शी इज इंडिया' ने मनाया मिसेज यूनिवर्स इंडिया माधुरी पाटले की जीत का जश्न

**नागपुर,** 18 अक्टूबर (एजेंसियां)। 'शी इज इंडिया' ने मिसेज यूनिवर्स एम्पावर्ड 2023 और मिसेज यूनिवर्स फेस 2023 के रूप में सम्मानित माधुरी पाटले की असाधारण उपलब्धि की घोषणा की। अपनी जीत के बारे में बात करते हुए, माधुरी पाटले ने कहा, 'शी इज इंडिया' प्लेटफॉर्म मेरे जीवन के लिए एक महत्वपूर्ण मोड़ साबित हुआ है। जब मुझे 'शी इज इंडिया' द्वारा 'मिसेज यूनिवर्स इंडिया 2023' का ताज पहनाया गया, तो मुझे न केवल सुर्खियां मिलीं, बल्कि सबसे बड़े इंटरनेशनल प्लेटफॉर्म पर भारत का प्रतिनिधित्व करने का अवसर भी मिला।' उन्होंने आगे कहा, 'शी इज इंडिया' ब्रेव, बोल्ड एंड ब्यूटीफुल की थीम ने मुझे समाज के लिए अपनी प्रतिबद्धता दिखाने में सक्षम बनाया और यह मेरे जीवन के सबसे बड़े ड्रीम प्रोजेक्ट के साथ परफेक्ट मैचमेकिंग के रूप में सामने आया, जिसे मैंने अबाधा फाउंडेशन का नाम दिया।' फिलीपींस के मनीला में आयोजित मिसेज यूनिवर्स प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाली माधुरी पाटले के लिए इस प्रतिष्ठित खिताब तक पहुंचने का सफर अविश्वसनीय रहा है। ऋचा सिंह द्वारा 2016 में स्थापित 'शी इज इंडिया' अपनी स्थापना के बाद से भारत में मिसेज यूनिवर्स की आधिकारिक फ्रेंचाइजी रही है। प्लेटफॉर्म के लोकाचार को इसकी टैगलाइन, 'ब्रेव बोल्ड ब्यूटीफुल' द्वारा पूरी तरह से दर्शाया



**'शी इज इंडिया' ब्रेव, बोल्ड एंड ब्यूटीफुल की थीम ने मुझे समाज के लिए अपनी प्रतिबद्धता दिखाने में सक्षम बनाया और यह मेरे जीवन के सबसे बड़े ड्रीम प्रोजेक्ट के साथ परफेक्ट मैचमेकिंग के रूप में सामने आया, जिसे मैंने अबाधा फाउंडेशन का नाम दिया।'**

गया है, और यह महिलाओं को उनकी वास्तविक क्षमता को अपनाने के लिए सशक्त बनाना जारी रखता है, जो स्त्री भावना की ताकत को प्रदर्शित करता है। घरेलू हिंसा के खिलाफ महिला सशक्तीकरण की थीम का इस्तेमाल करते हुए 'शी इज इंडिया', भारतीय महिलाओं को अपनी राय व्यक्त करने और वर्जनाओं व रूढ़िवादियों की जंजीरों को तोड़ने के लिए एक प्लेटफॉर्म प्रदान करके खुद को बेहतर बनाने का अवसर प्रदान करती है।

फिलीपींस के मनीला में आयोजित मिसेज यूनिवर्स के 46वें एडिशन में मिसेज यूनिवर्स इंडिया 2023 माधुरी पाटले ने 2 प्रतिष्ठित खिताब 'मिसेज यूनिवर्स एम्पावर्ड 2023' और 'मिसेज यूनिवर्स फेस 2023' जीते। प्रतियोगिता में माधुरी पाटले अनुग्रह, शक्ति और सशक्तिकरण के अवतार के रूप में उभरीं। 'शी इज़ इंडिया' की संस्थापक और निदेशक ऋचा सिंह ने कहा, 'शी इज इंडिया' माधुरी पाटले को उनकी अविश्वसनीय सफलता के लिए बधाई देती है और उम्मीद करती है कि वह पावर फॉर चेंज की आवाज बनकर 'शी इज इंडिया' की विरासत को जीवित रखेंगी।'

# इंस्टाग्राम को पूरे वेब पर ट्रैक करने से रोकता है मेटा का नया फीचर

**नई दिल्ली,** 18 अक्टूबर (एजेंसियां)। मेटा ने एक नया फीचर पेश किया है, जो यूजर्स को इंस्टाग्राम को उनके द्वारा देखे जाने वाले ऐप्स और वेबसाइटों पर अपना डेटा एकत्र करने से रोक देगा। अपने विस्तार के हिस्से के रूप में, मेटा इंस्टाग्राम पर इस तरह की ट्रैकिंग को अक्षम करने की क्षमता जोड़ रहा है, ताकि यूजर्स जांच सकें कि कौन से बिजनेस मेटा के साथ जानकारी साझा कर रहे हैं, स्पेसिफिक एक्टिविस्ट को डिस्कनेक्ट कर सकते हैं या एकत्र की गई जानकारी को साफ कर सकते हैं।

एक्टिविटी ऑफ-मेटा टेक्नोलॉजीज के नाम से जाना जाने वाला यह फीचर अब प्लेटफॉर्म के



अकाउंट सेंटर में उपलब्ध है। पहले, यह केवल फेसबुक पर उपलब्ध था। मेटा ने मंगलवार को ब्लॉगपोस्ट में कहा, 'एक्टिविटी ऑफ-मेटा टेक्नोलॉजीज आपको यह मैनेज करने की अनुमति देती है कि अन्य बिजनेस हमें जो जानकारी भेजते हैं वह आपके फेसबुक और इंस्टाग्राम अकाउंट से कैसे जुड़ी है। आप आसानी से उन बिजनेस का रिव्यू कर सकते हैं जो मेटा के साथ डेटा साझा कर रहे हैं, अपने एक्सपीरियंस को और ज्यादा पर्सनलाइज करने के लिए स्पेसिफिक बिजनेल को डिस्कनेक्ट कर सकते हैं, या इस डेटा को पूरी तरह से साफ कर सकते हैं, यह आप पर निर्भर है। मेटा ने अकाउंट सेंटर में कुछ अन्य फीचर्स की भी घोषणा की, जिसमें इंस्टाग्राम से अन्य सर्विस में फोटो और वीडियो को स्थानांतरित करने की क्षमता भी शामिल है। मेटा ने कहा, अपनी जानकारी को इंस्टाग्राम पर ट्रांसफर करके, अब आप अपने सभी इंस्टाग्राम फोटो और वीडियो को अन्य सर्विस में ट्रांसफर कर सकते हैं, जिससे मेमोरीज को शेयर करना और सहेजना बहुत आसान हो जाता है।

# मनीषा अरोड़ा ने हॉल्टर और शरारा से मिलकर तैयार किया नवरात्रि फेस्टिव लुक

**मुंबई,** 18 अक्टूबर (एजेंसियां)। शो 'दूसरी मां' में महुआ का किरदार निभाने वाली एक्ट्रेस मनीषा अरोड़ा ने साझा किया कि उन्होंने इस साल नवरात्रि उत्सव के लिए एक स्टाइलिश इंडो-वेस्टर्न आउटफिट चुनने की योजना बनाई है। मनीषा ने साझा किया, 'मुझे इंडियन आउटफिट, जैसे कि चनिया चोली, डांस मूव्स को प्रदर्शित करने के लिए एकदम सही विकल्प लगते हैं। आउटफिट में मिरर वर्क जोड़ने से लुक दोनों में निखार आता है, जिससे यह नवरात्रि के दौरान उपयुक्त हो जाता है।' उन्होंने कहा, 'मेरी राय में, स्टाइलिश इंडो-वेस्टर्न आउटफिट्स मेरे पर्सनालिटी में सुंदर और एक विशेष आकर्षण लाती हैं।'



एक्ट्रेस ने कहा, 'यह फ्यूजन स्टाइल अलग-अलग आउटफिट स्टाइल के साथ कंबाइन और एक्सपेरिमेंट करने के लिमिटलेस पॉसिबिलिटी प्रदान करती है। इस साल, मैं एक स्टाइलिश हॉल्टर या टर्टलनेक क्रॉप टॉप को एक खूबसूरत शरारा के साथ पेयर करने की योजना बना रही हूं।' उन्होंने कहा, 'धोती-स्टाइल पजामा के साथ कुर्ता चुनना न केवल अच्छा दिखता है, बल्कि भारी लहंगे या साड़ी की असुविधा के बिना आराम भी सुनिश्चित करता है।'

# कान्हा को असुरों से बचाने के लिए यशोदा ने की थी मां काली की आराधना

**मथुरा,** 18 अक्टूबर (एजेंसियां)। कान्हा को असुरों के मायाजाल से बचाने के लिए मां यशोदा ने चौरासी कोस परिक्रमा मार्ग पर पीरपुर गांव के बाहर जंगल में स्थित स्वयं प्राकट्य काली मां का पूजन किया था। धार्मिक ग्रंथों में कान्हा की लीलाओं के बीच यह सुनने में विचित्र लगता है कि जगत के पालनहार कान्हा को असुर किस प्रकार से नुकसान पहुंचा सकते हैं मगर कान्हा भले ही जगत के पालनहार हैं पर वह मां यशोदा के तो ''लाला'' थे और अपने पुत्र का हित चिंतन करना प्रत्येक माता पिता का कर्तव्य होता है। यह भी कहा जाता है जब कान्हा ने माटी खाई थी और यशोदा ने उसे थूकने के लिए कान्हा से कहा था तो



कान्हा ने उस समय अपना विराट रूप मां यशोदा को दिखाया था। मां यशोदा या अन्य ब्रजवासी उन्हें भगवान न समझें इसलिए कान्हा ने ब्रजवासियों के साथ जो लीलाएं की उनमें स्वयं को एक इंसान के रूप में ही प्रस्तुत किया था। इसीलिए कान्हा ने मां यशोदा को विराट रूप तो दिखाया लेकिन यह सब उन्हें विस्मरण करा दिया था।

एक अन्य प्रसंग का जिक्र करते हुए पीरपुर गांव के बाहर जंगल में स्थित काली मां मन्दिर के महंत तपस्वी संत नागरीदास बाबा ने बताया कि मां यशोदा का पुत्र प्रेम उस समय भी उमड़ पड़ा था जब कान्हा ने अपनी सबसे छोटी उंगली के नाखून पर गोवर्धन को धारण कर इन्द्र के प्रकोप से ब्रजवासियों की रक्षा की थी तथा इन्द्र का संवर्तक मेघों को ब्रज को डुबोने का आदेश बेकार गया था। मां यशोदा ने ब्रजवासियों से गोवर्धन पर्वत को उठाने में पूरी शक्ति लगाने का आह्वान करते हुए कहा था कि ''लाला की नरम कलइयां, कहीं मुरक न जाये बहियां , गिरवर मे बोझ अपार........'' ।उन्होंने कहा कि अपने लाला की सुरक्षा के लिए ही मां यशोदा और नन्दबाबा ने यहां पर काली मां का पूजन कर प्रार्थना की थी।

# 'टाइगर 3' के ट्रेलर को मिले प्यार से खुश हैं अभिनेता सलमान खान

**मुंबई,** 18 अक्टूबर (एजेंसियां)। 'टाइगर 3' के ट्रेलर को मिली सकारात्मक प्रतिक्रिया से बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान बेहद खुश हैं। उन्होंने कहा कि वह भाग्यशाली रहे हैं कि उन्हें अपने करियर में ऐसी फिल्में मिलीं जिन्होंने उन्हें बहुत प्यार दिया। सलमान ने कहा कि मुझे लगता है कि टाइगर 3 के ट्रेलर की प्रतिक्रिया के रूप में आज हम जो देख रहे हैं वह बिल्कुल असाधारण है। मैं भाग्यशाली रहा हूं कि मुझे अपने करियर में ऐसी फिल्में मिलीं, जिन्होंने मुझे बहुत प्यार दिया। लेकिन ट्रेलर लॉन्च के बाद इतनी सराहना पाना और इतना उन्माद देखना वाकई खास एहसास है।

उन्होंने आगे कहा कि मुझे खुशी है




कि हमारा ट्रेलर हिट हुआ है और लोग सिनेमाघरों में टाइगर 3 देखने के लिए बेहद उत्साहित हैं। कैटरीना और मुझे जोया और टाइगर के रूप में वापस देखने पर लोगों ने जिस तरह से प्रतिक्रिया दी है, उससे मैं भी वास्तव में प्रभावित हूं। अभिनेता ने आगे कहा कि मुझे पता है कि ये दोनों सुपर-एजेंट दर्शकों के दिलों में एक विशेष स्थान रखते हैं और मुझे खुशी है कि हम टाइगर 3 के ट्रेलर के साथ उनकी उम्मीदों पर खरे उतरे हैं। मुझे लगता है कि लोग हम दोनों को देखकर बहुत खुश होंगे।


सलमान की सह-कलाकार कैटरीना कैफ भी ट्रेलर को मिली प्रतिक्रिया से खुश हैं। कैटरीना ने कहा कि टाइगर 3 के ट्रेलर को जो प्रतिक्रिया मिली है, उसे देखना अविश्वसनीय है, इतना प्यार मिलना अभूतपूर्व है क्योंकि पूरी टीम ने टाइगर 3 को एक एक्शन तमाशा बनाने के लिए अपना सब कुछ दे दिया है।

# दमदार अभिनय से दर्शकों के दिलों में विशिष्ट पहचान बनायी ओमपुरी ने

**जन्मदिवस 18 अक्टूबर के अवसर पर**

**मुंबई,** 18 अक्टूबर (वार्ता) बॉलीवुड में ओमपुरी का नाम ऐसे अभिनेता के रूप में याद किया जाता है, जिन्होंने अपने दमदार अभिनय और संवाद शैली से लगभग तीन दशक तक दर्शकों को अपना दीवाना बनाया। हरियाणा के अंबाला में 18 अक्टूबर 1950 को जन्मे ओम पुरी का बचपन काफी कष्टमय बीता।परिवार की जरूरतों को पूरा करने के लिये उन्हें एक ढाबे में नौकरी तक करनी पड़ी थी। लेकिन कुछ दिनों बाद ढाबे के मालिक ने उन्हें चोरी का आरोप लगाकर हटा दिया। बचपन में ओमपुरी जिस मकान में रहते थे उसके पीछे एक रेलवे यार्ड था।रात के समय ओमपुरी अक्सर घर से भागकर रेलवे यार्ड में जाकर किसी ट्रेन में सोने चले जाते थे। उन दिनों उन्हें ट्रेन से काफी लगाव था और वह सोचा करते थे कि बड़े होने पर वह रेलवे ड्राइवर बनेंगे।कुछ समय के बाद ओमपुरी अपने ननिहाल पंजाब के पटियाला चले आए जहां उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा पूरी की।इस दौरान उनका रूझान अभिनय की ओर हो गया और वह नाटकों में हिस्सा लेने लगे।

इसके बाद ओम पुरी ने खालसा कॉलेज में दाखिला ले लिया। इस दौरान ओमपुरी एक वकील के यहां बतौर मुंशी काम करने लगे। इस बीच एक बार नाटक में हिस्सा लेने के कारण वह वकील के यहां काम पर नहीं गये। बाद में वकील ने नाराज होकर ओम पुरी को नौकरी से हटा दिया। जब इस बात का पता कॉलेज के प्राचार्य को चला तो उन्होंने ओमपुरी को कैमिस्ट्री लैब में सहायक की नौकरी दे दी। इस दौरान वह कॉलेज में हो रहे नाटकों में हिस्सा लेते रहे। यहां उनकी मुलाकात हरपाल और नीना



तिवाना से हुई जिनके सहयोग से वह पंजाब कला मंच नामक नाट्य संस्था से जुड़ गए। लगभग तीन वर्ष तक पंजाब कला मंच से जुड़े रहने के बाद ओमपुरी ने दिल्ली में राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय में दाखिला ले लिया।

ओमपुरी ने अपने सिने कॅरियर की शुरुआत वर्ष 1976 में प्रदर्शित फिल्म 'घासीराम कोतवाल' से की। मराठी नाटक पर बनी इस फिल्म में ओमपुरी ने घासीराम का किरदार निभाया था। इसके बाद ओमपुरी ने %गोधूलि%, %भूमिका%, %भूख%, %शायद%, %सांच को आंच नहीं% जैसी कला फिल्मों में अभिनय किया लेकिन इससे उन्हें कोई खास पहचान नहीं मिली। वर्ष 1980 में प्रदर्शित फिल्म 'आक्रोश' ओम पुरी के सिने कॅरियर की पहली हिट फिल्म साबित हुई।

# पर्यटन सीजन के खत्म होते ही खुशी की लहर है लद्दाख में!

■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू,** 18 अक्तूबर (देशबन्धु)। यह अब एक कड़वा सच है कि लद्दाख की जनता अब आने वाले रिकार्ड तोड़ टूरिस्टों से उकता गई है। कारण स्पष्ट है। लद्दाख में पर्यटकों की बढ़ती संख्या पर्यावरण और संसाधनों की वाट लगा रहे हैं और लद्दाखी इससे परेशान हो उठे हैं। यही कारण है कि अब बर्फ के गिरने के साथ ही टूरिस्ट सीजन के थमने की वे खुशी मना रहे हैं।

जानकारी के लिए लेह में इस साल आने वाले पर्यटकों की संख्या ने यहां के पर्यटन के पिछले सारे रिकार्ड तोड़ दिए। इस साल जून और जुलाई महीने में लगभग 2,50,000 पर्यटक लेह में घूमने आए। इन दो महीनों के दौरान आए पर्यटकों की संख्या लेह शहर की स्थानीय आबादी से लगभग आठ गुना अधिक थी। इससे पर्यावरणविद चिंतित हैं कि लेह में तेजी से बढ़ता पर्यटन वहां की स्थायी जीवन शैली को प्रभावित कर रहा है। इससे कचरे का उत्पादन, पानी की मांग, वाहनों के यातायात और निर्माण कार्यों में वृद्धि रही है।

यही कारण था कि पर्यटकों के सहयोग के लिए और अधिक बुनियादी ढांचे का विकास होने के बावजूद कुछ गैर सरकारी संगठन और पर्यावरणविद, पर्यटकों की आवाजाही पर संयम, जिम्मेदार-पर्यटन को बढ़ावा देने और लेह में






सावधानीपूर्वक यात्रा की मांग कर रहे हैं।

यह पर्यटन के लिए बहुत अच्छा है लेकिन इसका दूसरा पहलू भी है। उदाहरण के लिए, पर्यटकों द्वारा बड़े पैमाने पर कचरा पैदा किया जाता है, जो पहले से ही नाजुक पारिस्थितिकी पर एक भार है। एक लद्दाखी का कहना था कि पीक टूरिज्म के दिनों में, यहां 30,000 खाली प्लास्टिक की बोतलें पाई गईं। सबूत के तौर पर इसे किसी भी डंपिंग ग्राउंड में देख सकता है। वे कहते थे कि स्थानीय प्रशासन द्वारा पानी भरने के विकल्प देने के कुछ छोटे प्रयास किए गए हैं, जैसे कि वाटर एटीएम, लेकिन शायद ही इसका उपयोग किया जाता है। एक लद्दाखी अधिकारी के बकौल, लेह में होटल और रेस्तरां की मांग बढ़ने के कारण इनके निर्माण में बढ़ोत्तरी हुई है। साल 2016 में, लेह में कुल बिस्तर क्षमता 12,474 थी, जो 7 जुलाई, 2022 तक बढ़कर 17,104 हो गई है। इस अवधि के दौरान, होटल/गेस्ट हाउस/होमस्टे की कुल संख्या लगभग 70 रसेंट बढ़कर 520 से 881 हो गई है, जबकि रेस्तरां की संख्या 2016 में 57 से 145: बढ़कर 2022 में 140 हो गई है। याद रहे जब लद्दाख पहली बार 1974 में पर्यटन के लिए खुला, तो सरकारी रिकार्ड के अनुसार, 527 पर्यटक आए थे थे, जिसमें 500 विदेशी और 27 घरेलू आगंतुक थे। अब, लगभग 50 साल बाद, 1 जनवरी से 31 अगस्त 2022 तक के आठ महीनों में पिछले साल पर्यटकों की संख्या बढ़कर 4.5 लाख (450,000) हो गई है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, पिछले साल गर्मी में लेह में पर्यटकों की संख्या ने पिछले सभी रिकार्ड तोड़ दिए। केवल दो महीनों, जून और जुलाई, में 2.5 लाख (250,000) पर्यटकों ने लेह का दौरा किया। यह संख्या लेह शहर के 30,870 लोगों (2011 की जनगणना) की स्थानीय आबादी से आठ गुना अधिक है और लेह जिले की आबादी जो लगभग 1.33 लाख (133,000) है, उसका लगभग दोगुना है।

**लद्दाख में लोग अब दुआ करने लगे कम आएं टूरिस्ट क्योंकि पर्यावरण की वाट लगा रही**

लद्दाख में 'जिम्मेदार पर्यटन' पर काम कर रहे एनजीओ लोकल फ्यूचर्स के सदस्य एलेक्स जेन्सेन का कहना था कि जलवायु संकट की चपेट में रहने वाले शहर के लिए पर्यटकों की संख्या बहुत अधिक है। जेन्सेन ने पत्रकारों को बताया कि लोकप्रिय बालीवुड फिल्मों, खास तौर से 3 इडियट्स जिसमें लद्दाख को दिखाया गया है, साथ ही सड़क संपर्क और सरकार की प्रचार नीतियों के कारण लेह भारतीय पर्यटकों के बीच एक प्रमुख पर्यटन स्थल के रूप में उभरा है।

# वियतनाम में इस साल डेंगू के लगभग 100,000 मामले सामने आए

हनोई, 18 अक्टूबर (एजेंसियां)। वियतनाम में इस साल की शुरुआत से अब तक डेंगू के 99,639 मामले सामने आए हैं और 27 लोगों की मौत हो चुकी है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने मंगलवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय के मुताबिक पिछले सप्ताह की तुलना में पिछले सप्ताह डेंगू के नए मामलों की संख्या में कमी आई है, लेकिन राजधानी हनोई में संक्रमण संख्या में गिरावट का कोई संकेत नहीं दिख रहा है। सितंबर 2023 के अंत से हनोई में संक्रमण दर तेजी से बढ़ी है। यहां प्रति सप्ताह लगभग 2,500-2,600 मामले सामने आए हैं, जो सितंबर के पहले सप्ताह की तुलना में 1.5 गुना की वृद्धि है।



इस साल की शुरुआत से राजधानी में डेंगू के 20,548 मामले दर्ज किए गए हैं, जो पिछले साल की समान अवधि की तुलना में तीन गुना अधिक है। देश भर में डेंगू के मामलों की संख्या में कमी आई है, जबकि हनोई के उत्तर में जटिल मौसम के कारण वृद्धि देखी गई है। वियतनाम समाचार एजेंसी ने चिकित्सा विशेषज्ञों का हवाला देते हुए कहा कि बारिश के बाद लंबे समय तक गर्मी ने मच्छरों से फैलने वाली बीमारी में वृद्ध कर दी है।

देशबन्धु

रायपुर, गुरूवार 19 अक्टूबर 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन



# राहुल गांधी का अदानी पर नया हमला

यह आरोप लगाकर कि केन्द्र सरकार द्वारा देशवासियों को महंगी बिजली बेचने का उद्देश्य गौतम अदानी को फायदा पहुंचाना है, कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने एक बार फिर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को मुश्किल में डाल दिया है। मोदी और अदानी के रिश्तों को लेकर राहुल पिछले लम्बे समय से अनेक खुलासे करते आ रहे हैं जिसके चलते मोदी समेत पूरी भारतीय जनता पार्टी की भरपूर किरकिरी हो चुकी है। यह मामला न केवल भारत में वरन विदेशों में भी गूंज रहा है। संसद के भीतर हो या बाहर, राहुल और उनकी पार्टी इस मुद्दे को लेकर मोदी की घेराबन्दी करती आ रही है। नये आरोप यानी मोदी-भाजपा की नयी मुसीबत।

बुधवार को राहुल गांधी ने दिल्ली स्थित पार्टी मुख्यालय में प्रसिद्ध अखबार 'फाइनेंशियल टाइम्स' में छपी एक रिपोर्ट का हवाला देकर आरोप लगाया कि अदानी ने 12 हजार करोड़ रुपये का घोटाला किया है। उनका यह भी कहना था कि अदानी की वजह से ही देशवासियों को महंगी बिजली मिलती है। उनके मुताबिक अदानी इंडोनेशिया से कोयला खरीदते हैं और उसका भाव हिन्दुस्तान में दोगुना हो जाता है। अदानी कोयले की कीमत को गलत दिखाते हैं। कांग्रेस नेता का कहना है कि 'लोग जैसे ही बिजली का स्विच ऑन करते हैं, अदानी की जेब में पैसा जाता है। अदानी की रक्षा भारत के प्रधानमंत्री कर रहे हैं। दुनिया के बाकी देशों में जांच हो रही है लेकिन भारत में अदानी को कोरा चेक दिया गया है। अदानी जो चाहे कर सकते हैं।' राहुल का साफ कहना था कि 'लोग 12 हजार करोड़ रुपये का यह आंकड़ा याद रखें।' उन्होंने सवाल किया- 'पीएम अदानी की जांच क्यों नहीं कराते?'

उल्लेखनीय है कि राहुल पिछले वर्ष कन्याकुमारी से कश्मीर तक निकाली अपनी भारत जोड़ो यात्रा के दौरान कई बार मोदी व अदानी के बीच सांठ-गांठ का आरोप लगाते रहे। इतना ही नहीं, लोकसभा में भी उन्होंने इस मामले को दमदार तरीके से उठाया था। अदानी के हवाई जहाज में बैठकर प्रधानमंत्री पद के शपथ ग्रहण के लिये दिल्ली आ रहे मोदी की तस्वीर भी उन्होंने संसद में लहराई थी। इसके चलते खूब हंगामा हुआ था। उनके भाषणों के वे हिस्से विलोपित कर दिये गये थे, जिनमें राहुल ने मोदी-अदानी के रिश्तों तथा इस व्यवसायी के कथित घोटालों की पोल खोली थी। इस सबके चलते गुजरात की एक कोर्ट में 2019 के चुनाव प्रचार के दौरान दिये गये एक भाषण को आधार बनाकर राहुल के खिलाफ दाखिल अवमानना मामले की आनन-फानन में सुनवाई कर उन्हें दो साल की सज़ा दिला दी गई थी। उतनी ही तेज गति से उनकी लोकसभा की सदस्यता छीन ली गई थी। करीब चार माह सदन से बाहर रहने के बाद सुप्रीम कोर्ट द्वारा उनकी सजा पर लगाई गई रोक से सदस्यता बहाल हुई थी।

वैसे सदन के भीतर, सदस्यता के निलम्बन के दौरान, वापस आने के बाद और तत्पश्चात सदन के बाहर राहुल की अदानी को लेकर घेराबन्दी हमेशा जारी रही। मोदी शासनकाल में दुनिया के दूसरे सबसे अमीर बने अदानी को लेकर हिन्डनबर्ग की रिपोर्ट ने मोदी व अदानी को संकट में तो डाला ही था, राहुल को और भी हमलावर बना दिया। उनके बयानों तथा अदानी पर उनके आरोपों की एक तरह से पुष्टि पहले हिन्डनबर्ग रिपोर्ट से हुई। पहले भी प्रतिष्ठित समाचारपत्र 'फाइनेंशियल टाइम्स' ने अदानी को लेकर बड़े खुलासे किये थे। उसी कड़ी के रूप में अब यह नयी रिपोर्ट आई है जिसके आधार पर राहुल ने ताजा हमला बोला है। निश्चित है कि इससे मोदी और केन्द्र सरकार पर नये सवालिया निशान उठेंगे।

फिर, मोदी पर राहुल का नया आक्रमण ऐसे वक्त पर हो रहा है जब पांच राज्यों की विधानसभाओं के लिये अगले महीने चुनाव होने जा रहे हैं। भाजपा ये सभी चुनाव मोदी के चेहरे पर लड़ रही है जिनमें उन्हें एक सफल व साफ-सुथरी छवि का नेता के रूप में प्रोजेक्ट किया जा रहा है, वैसे ही जिस प्रकार से पिछले एक दशक से होता आया है। हालांकि उनकी यह छवि पहले ही काफी कुछ दरक चुकी है। साथ ही वे सभी मोर्चों पर पूर्णत: नाकाम प्रधानमंत्री भी साबित हो चुके हैं। फिर भी सरकार व संवैधानिक संस्थाओं पर अपनी मजबूत पकड़, संगठन पर एकाधिकार तथा पिछलग्गू मीडिया के बल पर वे अपनी छवि को कथित रूप से यशस्वी पीएम की बनाये रखने की कोशिश करते हैं। ऐसे वक्त में जब मोदी के नेतृत्व में भाजपा हिमाचल प्रदेश व कर्नाटक में चुनाव हार चुकी है और भाजपा पर भ्रष्टाचारियों के साथ मिलकर राज्य की सरकारें बनाने के आरोप हैं, राहुल के नये आरोपों से मोदी की परेशानियां बढ़ना तय है। पहले ही यह माना जा रहा है कि राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मिजोरम के विधानसभा चुनावों में भाजपा की जीत की गुंजाइश शून्य है, जिसका असर अगले साल के मध्य में होने जा रहे लोकसभा चुनावों पर पड़ेगा। राहुल के इन आरोपों में अगर विपक्षी गठबन्धन इंडिया (इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इनक्लूज़िव एलाएंस) ने भी अपने सुर मिलाए तो इसकी गूंज निश्चित ही दूर तलक जाएगी। मोदी व भाजपा को होने वाला नुकसान केवल 5 राज्यों तक सीमित न रहकर सभी तरफ होगा। जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक पहले ही कह चुके हैं कि 'अदानी का पैसा दरअसल मोदी का पैसा है और मोदी व भाजपा 2024 का चुनाव अदानी की वजह से हारेंगे।' क्या मलिक की बात सच साबित होने जा रही है? संकेत तो ऐसे ही दिखते हैं।

# जैतून की टहनी का इंतजार

**दुनियादारी**

■ **सर्वमित्रा सुरजन**

ओ गाज़ा के शैतान बच्चो,
तुम, जो लगातार मेरी खिड़की के नीचे आकर चिल्लाते हो
और अपने शोर से मुझे परेशान करते हो
तुम, जो हर सुबह को भागदौड़ से बेतरतीब बना देते हो
तुम, जिन्होंने मेरे प्यारे गुलदान को तोड़ दिया
और तोड़ लिया मेरे बागीचे में लगे इकलौते फूल को
वापस आ जाओ, और चिल्लाओ जी भर के
तोड़ दो सारे गुलदानों को, चुरा लो सारे फूलों को
लेकिन वापस आ जाओ, बस वापस आ जाओ।

फिलिस्तीन कवि, खालिद जुमा
(अंग्रेजी से अनुवाद लेखिका द्वारा)

खालिद जुमा की ये कविता दुनिया के हर शांतिप्रिय इंसान के दिल की आवाज लगती है। बच्चों का शोर घरों से उठकर गलियों, मोहल्लों में होता रहे। किसी की बालकनी में गेंद चली जाए, किसी की खिड़की का शीशा क्रिकेट खेलने में टूट जाए। इन सबसे भले कुछ देर की परेशानी होती है, खीझ होती है, शैतान बच्चों पर गुस्सा आता है, उनके मां-बाप तक शिकायत पहुंच जाती है। लेकिन फिर भी ये शोर और शिकवे-शिकायतें, उस चुप्पी से लाख गुना बेहतर है, जो बमों और राकेटों के धमाकों के बाद चारों ओर पसर जाती है।

बच्चों को स्कूल भेजने की जद्दोजहद में लगे मां-बाप, बरामदों में बैठकर अखबार पढ़ते बुजुर्ग, कचरा फेंकने पर दो पड़ोसियों के बीच की बहस, सड़कों पर निकलते फेरी वाले, गाड़ियों का शोर, बगीचों में चहलकदमी करते लोग, ऐसे कई दृश्य हमारे रोजमर्रा के जीवन में इतने रचे-बसे हुए हैं कि हमें इनकी अहमियत का अहसास ही नहीं होता। तमाम तरह की उलझनों से भरे, मामूली से लगने वाले इस जीवन की क्या कीमत है, ये जंग के शिकार लोग ही बता सकते हैं। फिलिस्तीन के गाज़ा जैसे इलाके के लोग ऐसे ही सामान्य जीवन के लिए अब न जाने कब तक तरसते रहेंगे। इजरायल के फिलिस्तीन पर हमले को दो हफ्ते होने आए हैं, लेकिन युद्ध विराम का कहीं कोई संकेत नहीं मिल रहा। बल्कि अब तो इजरायल सीधे-सीधे नरसंहार पर उतर आया है। युद्ध शुरु होते ही इजरायल की ओर से गाजा क्षेत्र में बिजली, पानी जैसी सुविधाओं की आपूर्ति रोक दी गई। संयुक्त राष्ट्र संघ ने नसीहत दी कि ऐसा करना ठीक नहीं होगा। लेकिन मौजूदा वैश्विक मंच पर संरा की भूमिका भी घर के उस बूढ़े सदस्य की तरह हो गई है, जिसकी बात लिहाज कर सुनी तो जाती है, लेकिन मानी नहीं जाती। हमास के खात्मे का बीड़ा इजरायली राष्ट्रपति बेंजामिन नेतन्याहू ने उसी तरह उठाया है, जैसे 11 सितंबर के हमले के बाद अमेरिका ने ओसामा बिन लादेन को खत्म करने की कसम खा ली थी। लादेन को खत्म करने के फेर में पूरे अफगानिस्तान में तबाही मचा दी गई। 20 सालों बाद वही तालिबान फिर से अफगानिस्तान पर शासन कर रहा है, जिसे खत्म करने के लिए अमेरिका ने अपने हजारों सैनिकों को तैनात कर के एक लंबे युद्ध में अफगानिस्तान को झोंक दिया था। अमेरिका के हिसाब से लादेन पाकिस्तान में घर में घुसकर मार दिया गया। हालांकि उसके बाद लादेन की लाश का क्या हुआ, और आतंकवाद खत्म करने की कसम का क्या हुआ, इस बारे में कौन सवाल करे। सवाल अगर किए जाते तो आज इजरायल वही खेल नहीं खेल रहा होता।

> **अस्पताल पर हमला करके इजरायल ने बता दिया है कि वह युद्ध बिना नियम-कायदे के लड़ने में यकीन करता है। हालांकि इसमें बहादुरी नहीं, कायरता दिखती है। बहादुरी तो तब होती, जब इजरायल आतंकवाद को समूल नष्ट करने की कोशिश करता। जो उत्पीड़न यहूदियों ने हिटलर के शासन में भुगता, जिस हिंसा का शिकार 7 अक्टूबर को त्योहार मनाते आम इजरायली लोग हुए, उस हिंसा से दुनिया को महफ़ूज़ रखना ही असली बहादुरी होती।**

हमास को जड़ से उखाड़ने के नाम पर इजरायल रोजाना सैकड़ों फिलिस्तिनियों को मार रहा है। साढ़े सात सौ से अधिक बच्चे इजरायल के हमले में मारे जा चुके हैं। इजरायल की ओर से चेतावनी दी जा रही है कि इतने घंटे में ये इलाका खाली करो। जैसे कीड़ों-मकोड़ों के सफाए के लिए कीटनाशक का छिड़काव किया जाता है और खुद के मुंह में पट्टी बांध ली जाती है कि उसका नुकसान खुद को न हो, उसी अंदाज में राकेट और बमों का छिड़काव फिलिस्तीन पर करके वहां जीते-जागते इंसानों को कीड़ों की तरह ही खत्म किया जा रहा है। दो-दो विश्वयुद्धों की क्रूरता, हिटलर का कत्लेआम, हिरोशिमा-नागासाकी पर अणु बम से बरसाया गया कहर, ये सब कुछ पिछले सौ सालों में ही दुनिया ने देखा है। सभ्यता का विकास हुआ होता, तो दुनिया इतनी तबाही देखकर युद्ध से तौबा कर लेती। लेकिन हम तो सभ्यता को ठेंगा दिखाते हुए फिर से आदिम युग में लौटने की तैयारी कर रहे हैं। फर्क यही है कि हमने नाखूनों को काटना सीख लिया है, तो प्रहार करने के तरीके बदल गए हैं। अब चालाक इंसान मारक हथियारों से वार करता है, जिसमें इंसान ही नहीं इंसानियत के चिथड़े भी उड़ाए जा सकें। बारुदी हथियारों के अलावा अब झूठी खबरों का हथियार भी इंसान के पास है, और इन दोनों का मेल इतना जबरदस्त होता है कि फिर विरोधी पक्ष का तड़प-तड़प कर मरना तय है।

मंगलवार की रात को ही खबर आई कि इजरायल की वायुसेना ने गाजा के अल अहली अस्पताल पर रॉकेट दागे। इस हमले में कम से कम 5 सौ लोग मारे गए हैं। लेकिन इजरायल ये दावा कर रहा है कि ये हमला उसने नहीं हमास ने किया है। इस हमले का वीडियो भी इजरायल की ओर से जारी किए गए हैं, लेकिन सोशल मीडिया पर वैसी ही तस्वीर वाला एक और वीडियो सामने आया है, जो 2022 का बताया जा रहा है। यानी ये हो सकता है कि इजरायल जिसे हमास के अस्पताल पर हमले का वीडियो बता रहा है, वो पुराना वीडियो हो। हो सकता है इजरायल फेक न्यूज का सहारा लेकर अपनी करनी से बचने की कोशिश रहा है। क्योंकि इस समय दुनिया भर की अवाम फिलिस्तीन के हक में आवाज उठा रही है, खुद इजरायल के कई नागरिक अपनी सरकार से इस बात के लिए नाराज हैं कि वो फिलिस्तीन के आम लोगों को निशाना बना रही है। इजरायल की सरकार के साथ दुनिया के शक्तिशाली नेता तो खड़े दिख रहे हैं, लेकिन जनता की आवाज सरकारों की आवाज से अलग सुनाई दे रही है।

अस्पताल पर हमला करके इजरायल ने बता दिया है कि वह युद्ध बिना नियम-कायदे के लड़ने में यकीन करता है। हालांकि इसमें बहादुरी नहीं, कायरता दिखती है। बहादुरी तो तब होती, जब इजरायल आतंकवाद को समूल नष्ट करने की कोशिश करता। जो उत्पीड़न यहूदियों ने हिटलर के शासन में भुगता, जिस हिंसा का शिकार 7 अक्टूबर को त्योहार मनाते आम इजरायली लोग हुए, उस हिंसा से दुनिया को महफ़ूज़ रखना ही असली बहादुरी होती। मगर बेंजामिन नेतन्याहू की सरपरस्ती में इजरायल फिलिस्तीन को पूरी तरह नक्शे से मिटाने का एक खतरनाक खेल रहा है। धर्म, राष्ट्रवाद, बदला, नफरत सबका एक घातक कॉकटेल तैयार किया गया है, राहुल गांधी ऐसे ही कॉकटेल को कैरोसिन कहते हैं, जो एक बार छिड़क दिया जाए, तो फिर आग को भड़कने से कोई नहीं रोक सकता।

हमास के हमले के बाद इजरायल तुरंत युद्ध छेड़कर ये साबित कर चुका है कि उसकी दिलचस्पी शांति में कतई नहीं है। अगर होती तो हमास के खात्मे के तार्किक तरीके ढूंढे जाते, संयुक्त राष्ट्र संघ की विभिन्न एजेंसियों, अंतरराष्ट्रीय न्यायालय में जाने, आर्थिक प्रतिबंध लगाने जैसे कई और उपायों पर विचार किया जाता। मगर उससे तो समस्या के सुलझने का रास्ता तैयार होता और सत्ता की राजनीति को सुलझे तरीके रास नहीं आते हैं। चीजें उलझी रहें तो हर तरह से मुनाफा लिया जा सकता है। इजरायल यही कर रहा है और अब अमेरिका भी यही कर रहा है। हमेशा की तरह अमेरिका इस लड़ाई में कूद चुका है। जो बाइडेन ने साबित कर दिया है कि डोनाल्ड ट्रंप, बराक ओबामा जैसे अपने तमाम पूर्ववर्ती राष्ट्रपतियों की तरह वे भी अमेरिका की महानता के गुण गाते हुए पूरी दुनिया में लोकतंत्र की रक्षा का बीड़ा उठाएंगे और युद्धग्रस्त क्षेत्रों में दखलंदाजी करके एक पक्ष को अपना साथ देकर शांति का मसीहा बनेंगे। बराक ओबामा को तो शांति का नोबेल पुरस्कार मिल ही चुका है, अब शायद जो बाइडेन भी इजरायल का साथ देकर हमास को खत्म करने में मदद करके ऐसा ही कोई पुरस्कार अपने नाम करवा लें।

दुनिया का चौधरी बनने की अपनी फितरत से अमेरिका बाज नहीं आ रहा। इधर भारत शांतिदूत की भूमिका से पीछे हट ही चुका है। प्रधानमंत्री मोदी ने पहले दिन ही इजरायल पर हमले की आलोचना करते हुए साथ देने की बात कह दी। पांच दिन बाद विदेश मंत्रालय ने फिलिस्तीन के समर्थन में बयान दिया। घर में घुसकर मारने की बात से आह्लादित होने वाले लोगों को मोदीजी का रवैया अच्छा ही लगा। मगर सोचने वाली बात ये है कि फिलिस्तीनियों ने भारत का कभी कुछ नहीं बिगाड़ा है, फिर भारत में बहुत से लोग फिलिस्तीन के विरोध में क्यों हैं। क्या नफरत हमें हमारे घर में घुसकर मारना शुरु कर चुकी है। क्या हमें अपने सामान्य जीवन से ऊब होने लगी है, जो युद्ध में हम अपना रोमांच तलाशने लगे हैं। सत्ताधीश अपने सियासी फायदे के लिए चाहे जो खेल खेलें, मोहरा आम नागरिक ही बनते हैं। इसलिए युद्ध के बादलों के बीच अब उस कपोत को आवाज देनी होगी, जो जैतून की टहनी मुंह में दबाकर लाए और दुनिया को उसके हरेपन से भर दे।

# एक कमजोर रस्सी पर लटका है कर्नाटक जनता दल (एस) और भाजपा का संबंध

■ **सुशील कुट्टी**

कर्नाटक में जनता दल (सेक्युलर) बीच में बंट गई है। यदि संगठन के बाह्य रूप में नहीं, तो कम से कम मनभेद से। पार्टी के बड़े नेता सी एम इब्राहिम इस झगड़े के केंद्र में हैं, जिसने पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा और उनके बेटे, कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री एचडी कुमारस्वामी के नेतृत्व वाले गौड़ा परिवार को गठबंधन चुनने के लिए मुश्किल स्थिति में डाल दिया है, और उनके लिए ही दुखद है कि 'सार्वभौमिक राजनीतिक अछूत', भारतीय जनता पार्टी के साथ, जो लोकतांत्रिक दुनिया की सबसे बड़ी और सबसे अमीर राजनीतिक पार्टी भी है।

अब गौड़ा भी पार्टी में खतरनाक दरार के लिए जिम्मेदार हैं, जिसे कुछ लोग यह कहकर खुद को बेवकूफ बना रहे हैं कि यह विभाजन नहीं है, बल्कि केवल मतभेद है जो बनते-बनते विभाजन में तब्दील हो गया है। सबसे ख़राब स्थिति में, जेडी सेक्युलर एक जर्जर रस्सी से लटका हुआ है और अलार्म बजाने की कोई ज़रूरत नहीं है, भले ही राज्य पार्टी प्रमुख हर किसी को बता रहे हों कि यह मेरा रास्ता है या राजमार्ग।

> **अब गौड़ा भी पार्टी में खतरनाक दरार के लिए जिम्मेदार हैं, जिसे कुछ लोग यह कहकर खुद को बेवकूफ बना रहे हैं कि यह विभाजन नहीं है, बल्कि केवल मतभेद है जो बनते-बनते विभाजन में तब्दील हो गया है। सबसे ख़राब स्थिति में, जेडी सेक्युलर एक जर्जर रस्सी से लटका हुआ है और अलार्म बजाने की कोई ज़रूरत नहीं है।**

सी एम इब्राहिम कोई स्प्रिंग-चिकन नहीं हैं। न ही उनका जन्म कल हुआ था। वह जनता दल (सेक्युलर) का वर्तमान मुस्लिम चेहरा हैं। उनके कारण मुसलमानों के बहुत सारे वोट जद (एस) को मिलते हैं। अगर जनता दल (सेक्युलर) भाजपा के साथ बने रहने पर जोर देती है तो उसे उनके वोट से चूकना होगा जो पार्टी बर्दाश्त नहीं कर सकेगी। जब गुस्सा शांत होगा और इस विशेष नाटकीय घटनाक्रम पर धूल जम जायेगी, तो बेहतर समझ कायम होगी और पार्टी एकजुट रहेगी।

सही? नहीं गलत। गौड़ा कबीले की चुनौती को बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। यह अवज्ञा है जो विभाजन से भी आगे जाती है। यह एक बेशर्म अधिग्रहण बोली है। पिता-पुत्र की जोड़ी एक कंप्यूटर चिप की तरह बदली जा सकती है। आगामी लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा के साथ गठबंधन करने का पार्टी का निर्णय एक तैयार बहाना है। सीएम इब्राहिम का कहना है कि उनका 'गुट' मूल है और गौड़ा का जद (एस) विभाजित है। किसी भी स्थिति में, भाजपा के साथ गठबंधन करने का मतलब है कि जनता दल अब 'धर्मनिरपेक्ष' नहीं रहेगा।

अगर किसी को अब भी आपत्ति है तो बता दें कि राज्य इकाई के अध्यक्ष के रूप में इब्राहिम को न केवल निर्णय लेने बल्कि उन्हें कर्नाटक में लागू करने का भी पूरा अधिकार था। इब्राहिम का फैसला है कि जद (एस) प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पार्टी भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए में नहीं रहेगी और वह इस फैसले से एचडी देवेगौड़ा को अवगत कराने के लिए एक कोर कमेटी बनाने जा रहे हैं।

जनता दल (सेक्युलर) की कर्नाटक इकाई के अध्यक्ष का विद्रोह हवा के साथ चलना तय है। अगर उनका फैसला जनता दल (सेक्युलर) में संभावित विभाजन का संकेत दे रहा है तो ऐसा ही होगा। जाहिर तौर पर आधा जनता दल (सेक्युलर) इब्राहिम के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है। 'मैं जद(एस) का कर्नाटक प्रदेश अध्यक्ष हूं,' यह हाल के दिनों में किसी द्वारा दिया गया सबसे जोरदार राजनीतिक बयान है।

तो, जनता दल (सेक्युलर) में विभाजन का ट्रेंड है। सीएम इब्राहिम के हवाले से कहा जा रहा है कि पार्टी ने 2024 का आम चुनाव लड़ने के लिए एनडीए में शामिल नहीं होने का फैसला किया है और पार्टी सुप्रीमो एचडी देवेगौड़ा की अब कोई महत्वपूर्ण भूमिका नहीं है। अब केवल उन विधायकों की संख्या गिनना बाकी है जो गौड़ा को गिराने में इब्राहिम के साथ शामिल हो गये हैं। इब्राहिम ने भाजपा के साथ संबंध तोड़ने के फैसले को 'हमारा पहला निर्णय' करार दिया। दूसरा, देवेगौड़ा से भाजपा के साथ गठबंधन के लिए 'नहीं' कहने का अनुरोध करना था। कोर कमेटी देवेगौड़ा से मिलेगी और उन्हें बतायेगी कि जहां तक जनता दल (सेक्युलर) का सवाल है तो यह खेल भाजपा के लिए है।

देवेगौड़ा के बेटे एचडी कुमारस्वामी ही थे जिन्होंने भाजपा के साथ जनता दल (सेक्युलर) का गठबंधन किया था। कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा पार्टी प्रमुख जेपी नड्डा से मुलाकात की। दोनों दल गठबंधन पर मुहर लगाने ही वाले थे कि तभी इब्राहिम ने पूरे भाजपा-जनता दल (सेकुलर) समझौते पर पानी फेर दिया।

क्या भाजपा को इसका अनुमान था? बिल्कुल नहीं, जब तक जनता दल (सेक्युलर) ने ऐसा नहीं किया। इब्राहिम ने भाजपा के साथ-साथ गौड़ा को भी मुश्किल में डाल दिया है। उन्होंने अपनी गेंद गुगली के बराबर फेंक दी और इसने न केवल गौड़ा नेतृत्व को क्लीन बोल्ड कर दिया, बल्कि भाजपा को भी बाहर कर दिया। क्रिकेट में ऐसा कभी नहीं हुआ।

भाजपा मिजोरम, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, राजस्थान और तेलंगाना में विधानसभा चुनावों में उतर रही है और मतदाताओं के मन में जनता दल (सेक्युलर) के त्याग की यादें ताजा हैं। क्या जनता दल (सेक्युलर) का फैसला उन पांच राज्यों में मतदान पर अपनी छाप छोड़ेगा जहां चुनाव होंगे? इब्राहिम ने इस बात पर जोर देते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी को छोड़कर किसी भी राजनीतिक दल के साथ गठबंधन उनकी 'सर्वसम्मत राय' है जो सदैव दिमाग में रहेगी और शायद प्रभाव भी डालेगी।

फिर यह फैसला रद्द नहीं किया जायेगा। कुमारस्वामी और देवेगौड़ा ग्रामीण परिदृश्य को उलट-पुलट कर सकते हैं लेकिन निर्णय कसौटी पर खरा उतरेगा। इब्राहिम ने कुमारस्वामी को 'भाई' और देवेगौड़ा को 'पिता' कहा और उन्होंने कहा, 'उन्हें मेरा संदेश है कि कृपया वापस आ जायें', जो पिता और पुत्र को बता रहा है कि जनता दल (एस) आपकी समझ से बाहर है। ध्यान देने वाली महत्वपूर्ण बात यह है कि एक परिवार द्वारा संचालित पार्टी ने अपना जुआठ उतार फेंका है। कम से कम एक राजनीतिक राजवंश लूप से बाहर है। यह भी सोचने के लिए है कि भाजपा, जो वंशवाद की इतनी विरोधी है, उसके साथ गठबंधन करने पर आमादा थी, चुनावी राजनीति की लूट के लिए एक वंशवाद का सहारा। विरोधाभास दिमाग चकरा देने वाला है।

## पावन प्रसंग

# प्रेरणाओं को ग्रहण करने का पर्व

भगवान राम का जीवन इसीलिए युगांतकारी हो जाता है, क्योंकि उनके आगमन के साथ न केवल असुरता का अंत होता है, लंका का अंत होता है बल्कि रामराज्य का प्रारंभ भी होता है। अवतारों के अवतरण का उद्देश्य ही यह होता है अपने जीवन के माध्यम से ऐसे उदाहरण जनसामान्य के सम्मुख रखते हैं कि जिनसे प्रेरणा प्राप्त करके व्यक्ति नर से नारायण, मानव से महामानव और क्षुद्र से महान बन सकते हैं साथ ही वे ऐसे अभियानों को भी जन्म देते हैं, जिनका अंग बनकर मनुष्य में दिव्य भावनाएं, उत्कृष्ट विचार, आदर्शवादी क्रिया चेष्टाएं, आदर्शवादी क्रिया चेष्टाएं दृष्टिगोचर होने लगती हैं।

रामनवमी का पर्व मंगलकारी पर्व भगवान राम का यह जन्मदिवस सम्पूर्ण वसुधा के लिए एक मंगलमय अवसर के रूप में मनाया जाता है। भारतीय संस्कृति के आदर्शों को अपने जीवन में मूर्तिमान करने वाले भारतीय धर्म के आकाश में सूर्य की तरह चमकने वाले मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के जीवन से प्रेरणाओं को ग्रहण करने का पावन पर्व इसे कह सकते हैं। ध्यान से देखें तो वर्तमान समय में भी लगभग वैसी ही परिस्थितियां हैं, जिस तरह की परिस्थितियों में भगवान राम के अवतरण के कथानक को लिखा गया था। जिन परिस्थितियों में भगवान राम ने अपने पुण्यचरित्र को जनमानस के सम्मुख प्रस्तुत किया था, वर्तमान समय भी कुछ-कुछ वैसा ही है।

रावण सही पूछा जाए तो एक व्यक्ति से ज्यादा ऐसी विकॉत मानसिकता का नाम है- जो छोटे उद्देश्यों, छोटे कार्यों, स्वार्थ, अहंकार, लोभ, लालच हिंसा से परिभाषित होती है। गंभीरता से सोचें तो क्या ऐसा नहीं लगता कि आज की परिस्थितियों और आज का वातावरण-वैसी ही मानसिकता का प्रतीक बन गए हैं। आज के समय को देखें तो ऐसा प्रतीत होता है कि मानो स्वार्थ और संकीर्णता फैशन में आ गए हैं और अपने हितों को पूरा करने की अंधी दौड़ में लोग सज्जनता और मानवता का जनाजा निकालने में संकोच भी नहीं करते हैं। आजे जैसी भावाएं जितनी संकुचित हुई है और परस्पर के स्नेह विश्वास का स्थान शक, संदेह और कठोरता ने ले लिया है। कितना बड़ा दुर्भाग्य है कि आज ईमानदारी ,कर्तव्यपरायणता और विश्वसनीयता इतनी तेजी से गिर रहे हैं कि व्यक्ति के मन में न समाज का संकोच है न प्रशासन का भय है। और न ही उसके मन में ईश्वरीय न्याय व्यवस्था पर जरा भी भरोसा रह गया है। परिणाम यह है कि वो मानवीय जीवन जिसको हम परमेश्वर प्रदत्त सौभाग्यों में सबसे ऊपर गिनते थे, उसका मूल्य शून्य हो गया है और यह देवदुर्लभ जीवन मात्र उलझनों परेशानियों और पापों को इकट्ठा करने में ही चला जाता है।

अवतारी सत्ताओं के आगमन का उद्देश्य भी कुछ वैसा ही होता है। वही अंतर महापुरुषों में एवं अवतारों में होता है। महापुरुषों के जीवन निश्चित रूप से प्रेरक होते हैं, अनुकरणीय होते हैं, प्रख्यात एवं लोकप्रिय होते हैं। परंतु अवतारों के जीवन में इन विशेषताओं के अतिरिक्त भी एक विशेषता होती है कि वो कालचक्र की दिशा को परिवर्तित करने के लिए आते हैं।

**अखंड ज्योति**

## आपके पत्र

# विदेशों में सेवारत भारतीय, भारत की अर्थव्यवस्था पर चोट, प्रभावी अंकुश जरूरी

विगत दो दशकों में प्रतिभा पलायन भारत के लिए एक बड़ी चुनौती बनकर उभरा है। शिक्षा के क्षेत्र में बड़े शिक्षा संस्थानों में भारी-भरकम खर्च के बाद शिक्षित युवक विदेशों में अपनी सेवाएं प्रदान करने को सदैव तत्पर रहते हैं। इसका बड़ा कारण विदेशी मुद्रा की कमाई और विदेशी चकाचौंध के तरफ आकर्षण ही होता है। इससे भारत के आर्थिक तंत्र पर बड़ा भार प्रत्यारोपित होता है। इतना खर्च कर के पढ़ाई करने के बाद भारतीय युवा मस्तिष्क भारत के विकास में योगदान न दें तो देश के लिए विडंबना की भांति है। भारत के इतिहास पर नजर डालें, तो नालंदा, तक्षशिला, शांति निकेतन और पाटलिपुत्र जैसे बड़े शिक्षा के केंद्र रहे हैं। सदैव अलग-अलग देशों से छात्र शिक्षा प्राप्त करने भारत आते रहे हैं। अब ऐसा क्या हो गया है कि भारत से तकनीकी, चिकित्सकीय और संचार माध्यमों, मैनेजमेंट की पढ़ाई के लिए भारत से लगभग दो से ढाई लाख छात्र विदेश में पढ़ने के लिए जाने लगे हैं। वहीं भारत सरकार का सदैव प्रयास रहा है कि विदेशी छात्र हिंदुस्तान में पढ़ाई के लिए देश में आए और और हिंदुस्तानी डिग्री लेकर अपने देश में लौटे। इस तरह भारत सरकार द्वारा भारत को एक बड़ा शिक्षा केंद्र के रूप में स्थापित करना चाहता है। और किसके लिए एक अभियान फेलोशिप कार्यक्रम चलाया गया है। इसके अलावा सरकार द्वारा एक प्रोजेक्ट डेस्टिनेशन इंडिया भी शुरू किया गया है। जिसके अंतर्गत विदेशी छात्रों की प्रवेश की प्रक्रिया को अत्यंत सरल सुगम बनाना है जिससे ज्यादा से ज्यादा छात्र भारत में पढ़ कर डिग्री हासिल करें अभी वर्तमान में भारत में आसियान देशों के निवासी छात्रों की संख्या लगभग सवा दो लाख के करीब है। मानव संसाधन विभाग द्वारा इसे आगामी वर्षों में चार गुना करना चाहती है। आसियान देशों के छात्र भारत में पढ़ने से थोड़ा हिचकिचाते भी हैं,जिसके अनेक कारणों में से अपराधिक गतिविधियां, प्रदूषण, गर्मी, प्रवेश की लंबी लंबी प्रक्रिया, और भारतीय डिग्री की मान्यता नहीं होना भी शामिल है।

भारत में बारह से चौदह ऐसे शिक्षा संस्थान हैं, जो विश्व के 200 मान्यता प्राप्त संस्थानों में शामिल हैं। भारत में शिक्षा प्राप्त करना कम ख़र्च में संभव है, पर भारत के छात्र अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, सिंगापुर में पढ़ना चाहते हैं जहां पढ़ने का खर्च डॉलर में यहां से चार गुना पड़ता है। जबकि भारत में आए छात्रों की पढ़ाई तथा खाने-पीने रहने का खर्च लगभग एक चौथाई होता है, फिर भी भारत के अभिभावक अपने बच्चों को विदेश भेजने में वरीयता देते हैं। भारत द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहा है कि भारत के विश्वविद्यालयों की शिक्षा की गुणवत्ता विदेशी स्तर पर हो, पर इसमें काफी समय लगने की गुंजाइश भी है। यह भी संभव होगा कि विदेशी विश्वविद्यालयों की शाखाएं भारत में खोल दी जाए और भारत के छात्र भारत में ही रह कर अपनी पढ़ाई पूरी कर सकें। असल चिंता की बात यह है कि विदेश में जाने वाले छात्र वहां पढ़कर वही के संस्थानों में अपनी नौकरी खोज कर वहीं रहने लगते हैं। दूसरा यह है कि यहां की तकनीकी टॉप संस्थानों के होनहार युवक विदेशों में मोटी-मोटी तनख्वाह में नौकरी देख कर विदेश चले जाते हैं, इस तरह भारत सरकार का उन पर किए जाने वाला खर्च का फायदा भारतीय संस्थानों को न होकर विदेशी संस्थाएं उठा ले जाती है। इस तरह प्रतिभा पलायन भारत के लिए और भारतीय शिक्षा पद्धति तथा भारतीय विश्वविद्यालयों के लिए नुकसानदेह भी है। भारत ने आसियान देशों के एक हजार छात्रों के लिए फैलोशिप कि 2018 में योजना बनाकर राशि आबंटित की थी। हर साल 200 से 300 छात्रों को बड़े तकनीकी संस्थानों में डॉक्टरेट की उपाधि देने की योजना बनाई थी। बीते वर्ष केवल आसियान देशों के 45 छात्रों ने पंजीयन करवाया था,इस तरह विकासशील देशों के छात्र भी भारत में पढ़ाई के लिए आकर्षित नहीं हो रहे हैं। मानव संसाधन विभाग को उच्च शिक्षा उपयोगी और व्यवसायिक शिक्षा के रूप में दी जानी चाहिए, जिस की उपयोगिता रोजमर्रा के कामों में हो सके और शिक्षा के माध्यम से युवकों को शत-शत रोजगार प्राप्त हो सके। तभी प्रतिभा पलायन में अंकुश लग हमारी शिक्षा पद्धति की उपयोगिता बढ़ेगी।

**संजीव ठाकुर**

## गाजा के साथ एकजुटता दिखाने पर छात्र निलंबित

**लंदन।** ब्रिटेन के लंदन में स्कूल ऑफ ओरिएंटल एंड अफ्रीकन स्टडीज गाजा के साथ एकजुटता में निकाली गई एक रैली के बाद छात्रों को निलंबित कर दिया है। एसओएएस में फिलिस्तीन समुदाय के छात्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। एसओएएस फिलिस्तीन सोसाइटी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, तत्काल एसओएएस यूनिवर्सिटी ऑफ लंदन, जो अपनी तथाकथित प्रगतिशील राजनीति के लिए प्रसिद्ध है, ने गाजा के साथ एकजुटता में एक रैली के बाद अपने ही छात्रों को निलंबित करने के लिए आधिकारिक तौर पर कदम उठाना शुरू कर दिया है।



# अमेरिका इजरायल का समर्थन करना जारी रखेगा : बाइडेन

## अमेरिकी राष्ट्रपति बोले, इजरायली लोगों का साहस, प्रतिबद्धता और बहादुरी 'आश्चर्यजनक'

**यरुशलेम,** 18 अक्टूबर (एजेंसियां)। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कहा है अमेरिका इजरायल का समर्थन करना जारी रखेगा। उन्होंने कहा कि यहां से क्या होगा, इसके बारे में मैं चर्चा करने के लिए उत्सुक हूं। उन्होंने कहा कि इजरायली लोगों का

**मैंने यह दिखाने के लिए इजरायल का दौरा किया कि इस संघर्ष में अमेरिका कहां खड़ा है : जो बाइडेन, अमेरिकी राष्ट्रपति**

साहस, प्रतिबद्धता और बहादुरी 'आश्चर्यजनक' है, मुझे यहां होने पर गर्व है। श्री बाइडेन ने कहा कि उन्होंने यह दिखाने के लिए इजरायल का दौरा किया कि इस संघर्ष में अमेरिका कहां खड़ा है। श्री बाइडेन ने कहा कि हमला सात अक्टूबर को हमास द्वारा किए गए नरसंहार का वर्णन करता है। उन्होंने कहा कि यह कहना अतिशयोक्ति नहीं है कि हमास ने 31 अमेरिकियों सहित 1,300 लोगों की हत्या की। उन्होंने कहा कि वह बच्चों सहित इज़रायली बंधकों के बारे में भी सोचते है। उन्होंने कहा, कल्पना कीजिए कि हमास से छुपे हुए वे बच्चे क्या सोच रहे थे यह मेरी



समझ से परे है।

उन्होंने इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से कहा, अमेरिका इजरायल का समर्थन करना जारी रखेगा। यहां से क्या होगा, इसके बारे में मैं चर्चा करने के लिए उत्सुक हूं। श्री बाइडेन ने गाजा में कल रात हुए अस्पताल विस्फोट पर इज़रायल के प्रधानमंत्री से कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि यह दूसरी टीम द्वारा किया गया था। उन्होंने कहा, इस घटना से उन्हें गहरा दुःख और आक्रोश है। उन्होंने कहा, मैंने जो देखा है उसके आधार पर ऐसा प्रतीत होता है जैसे यह दूसरी टीम द्वारा किया गया था, आपने नहीं। लेकिन वहां बहुत सारे लोग हैं जो निश्चित नहीं हैं, इसलिए हमें बहुत सी चीजों पर काबू पाना होगा। श्री नेतन्याहू ने कहा, सभ्य दुनिया को हमास को हराने के लिए एकजुट होना चाहिए। उसी तरह जैसे उसने आईएसआईएस से मुकाबला करते समय

**हम हमास को हरा देंगे और इस भयानक खतरे को अपने जीवन से दूर कर देंगे : बेंजामिन नेतन्याहू, प्रधानमंत्री, इजरायल**

किया था। इजरायल के प्रधानमंत्री ने कहा, हम हमास को हरा देंगे और इस भयानक खतरे को अपने जीवन से दूर कर देंगे। यह सिर्फ हमारे देश के लिए नहीं बल्कि सभी के लिए है। उन्होंने श्री बाइडेन को 'सच्चा दोस्त' कहा और युद्ध के दौरान इज़रायल का दौरा करने के उनके गहराई से आगे बढ़ने वाले निर्णय की सराहना की। उन्होंने कहा, मुझे पता है कि जब मैं आपको धन्यवाद कहता हूं तो मैं इज़रायल के लोगों के लिए बोलता हूं। श्री नेतन्याहू ने श्री बाइडेन की 'नैतिक स्पष्टता' की प्रशंसा की। श्री नेतन्याहू पहले व्यक्ति हैं जिन्होंने इज़रायल के समर्थन और नैतिक स्पष्टता के लिए श्री बाइडेन को धन्यवाद दिया है।अमेरिकी राष्ट्रपति द्वारा कुछ दिन पहले लिखे गए एक ट्वीट से सहमत होने से पहले श्री बाइडेन से कहा, आपने सभ्यता की ताकतों और बर्बरता की ताकतों के बीच एक स्पष्ट रेखा खींची है।

## अस्पताल में हुई बड़े पैमाने पर मौत के लिए हमास जिम्मेदार : इजरायल

**यरूशलेम।** गाजा पट्टी के एक अस्पताल में कई सौ लोगों की मौत गाजा के आतंकवादी समूह फिलीस्तीनी इस्लामिक जिहाद (हमास) के असफल रॉकेट प्रक्षेपण के कारण हुई। इजरायली सेना ने बुधवार को इस आशय का दावा किया। इजरायल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट किए गए एक बयान में कहा कि आईडीएफ ऑपरेशनल सिस्टम के विश्लेषण से, एक दुश्मन रॉकेट बैराज को इज़रायल की ओर ले जाया गया। सेना ने कहा, हमारे हाथ लगे कई स्रोतों से मिली खुफिया जानकारी से संकेत मिलता है कि गाजा में अस्पताल पर हमला करने वाले असफल रॉकेट प्रक्षेपण के लिए इस्लामिक जिहाद जिम्मेदार है। वहीं फ़िलिस्तीनी मीडिया ने दावा किया कि अस्पताल पर हुए इज़रायली हवाई हमलों में कम से कम 500 लोग मारे गए। इस 'नरसंहार' के विरोध में फ़िलिस्तीनी प्राधिकरण ने तीन दिनों के शोक की घोषणा की। इससे पहले, स्थानीय प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि एक रॉकेट अस्पताल पर गिरा, जिससे उसके परिसर में एक बड़ा विस्फोट हुआ। सूत्रों ने बताया कि वे कुछ मिनट बाद उस स्थान पर पहुंचे और देखा कि सैकड़ों शव जहां-तहां पड़े हुए हैं। गाजा स्थित स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार प्रभावित अस्पताल सैकड़ों बीमारों और घायलों को रख रहा था तथा साथ ही हजारों विस्थापित नागरिकों को आश्रय दे रहा था, जो लगातार इजरायली हमलों के कारण अपने घरों से भागने के लिए मजबूर हो गए थे। गौरतलब है कि इजरायल व हमास के बीच जारी संघर्ष में अब तक 4800 से अधिक लोग मारे जा चुके हैं।

## सुडोकू 6351

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 9 | | | | | 5 | | 3 |
| 5 | 2 | | | | 6 | | 4 | |
| | | | 5 | | | | | |
| | | 2 | 6 | 3 | | 1 | | |
| 1 | | | | | | | | 8 |
| | | 5 | | 8 | 2 | 4 | | |
| | | | | | 3 | | | |
| | 3 | | 2 | | | | 7 | 6 |
| 6 | | 1 | | | | | 2 | 4 |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : गुरूवार 19 अक्टूबर , 2023 आश्विन शुक्ल पक्ष 5

### राशिफल

मेष -आज आप सांसारिक बातें भूलकर आध्यात्मिक प्रवृत्ति में संलग्न रहेंगे। गूढ़ रहस्यमय विद्याओं और गहरी चिंतनशक्ति आपके मानसिक भार को हल्का करेंगे। आध्यात्मिक सिद्धि प्राप्त करने के लिए बहुत अच्छा योग है।

वृषभ -आज आप जीवनसाथी की निकटता का सुख प्राप्त कर सकेंगे। परिवार के साथ सामाजिक समारोहों में बाहर घूमने या पर्यटन पर जाने का कार्यक्रम बनेगा। खुशी में समय व्यतीत होगा। तन-मन से प्रसन्नता अनुभव करेंगे।

मिथुन -अधूरे काम की पूर्णता के लिए आज का दिन शुभ है। परिवार में आनंद और उल्लास का माहौल रहेगा। स्वास्थ्य बना रहेगा। काम में यश और कीर्ति मिलेगी। अन्य लोगों के साथ बातचीत के दौरान क्रोध पर काबू रखें।

कर्क -आज का दिन शारीरिक अस्वस्थ और मानसिक रूप से चिंतित रहेगा। पेट-दर्द से परेशानी हो सकती है। आकस्मिक धन खर्च होने की संभावना है। प्रेमीजनों के बीच वाद-विवाद होने से विवाद होने की संभावना है।

सिंह -आज मानसिक अस्वस्थता रहेगी, परिजनों के साथ मनमुटाव की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। मां के साथ अनबन होगी या उनकी तबीयत खराब हो सकती है।

कन्या -बिना विचारें किसी काम के लिए साहस न करें। भावनात्मक संबंध स्थापित होंगे। भाई-बहनों के साथ मेल-जोल रहेगा। मित्रों और स्नेहीजनों के साथ मुलाकात होगी।

तुला -आज मानसिक वृत्ति नकारात्मक रहेगी। क्रोधावेश में वाणी पर संयम खोने से पारिवारिक सदस्यों के साथ विवाद होंगे। अनावश्यक खर्च होगा। स्वास्थ्य खराब होगा। मन में ग्लानि रहेगी। अनैतिक प्रवृत्तियों से दूर रहें।

वृश्चिक -आज का दिन शुभ होगा। शारीरिक और मानसिक रूप से प्रसन्नता रहेगी। पारिवारिक सदस्यों के साथ खुशी से समय गुजरेगा। दोस्तों या स्नेहीजनों की तरफ से आपको उपहार मिलेगा।

धनु -आज क्रोध के कारण पारिवारिक सदस्यों तथा अन्य लोगों के साथ संबंध बिगड़ेंगे। आपकी वाणी और व्यवहार झगड़े का कारण बन सकते हैं। दुर्घटना से बचें। बीमारी के पीछे धन खर्च होगा।

मकर -आज का दिन हर क्षेत्र में लाभदायक है। स्नेहीजनों और मित्रों से मिलना होगा। प्रिय व्यक्तियों के साथ की मुलाकात होगी। विवाहोत्सुक व्यक्तियों की वैवाहिक समस्याएं मामूली प्रयत्न से हल हो जाएंगी।

कुंभ -सभी काम सरलतापूर्वक हल होंगे। उनमें सफलता मिलेगी। नौकरी- धंधे के जगह अनुकूल परिस्थिति निर्मित होगी। सरकारी कार्य निर्विघ्न पूरे होंगे। उच्च अधिकारियों का व्यवहार सहयोगपूर्ण रहेगा। स्वास्थ्य बना रहेगा।

मीन -आज के दिन की शुरुआत भय से होगी। शरीर में सुस्ती और थकान का अनुभव होगा। कोई भी काम पूरा न होने पर हताशा पैदा होगी। भाग्य साथ न देता हुआ प्रतीत होगा।

नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।

## आसियान पुलिस बलों ने क्षेत्रीय सहयोग को मजबूत करने पर चर्चा की

**वियनतियाने,** 18 अक्टूबर (एजेंसियां)। लाओस की राजधानी वियनतियाने में मंगलवार को आयोजित 41वें आसियानापोल सम्मेलन में आसियान पुलिस बलों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया और मजबूत क्षेत्रीय सहयोग एवं साझेदारी पर चर्चा की। आसियान पुलिस बल शांति, सुरक्षा और स्थिरता को बढ़ावा देने के साथ-साथ मादक पदार्थों की तस्करी, आतंकवाद, मानव तस्करी और हथियारों के व्यापार जैसे अंतरराष्ट्रीय अपराधों से निपटने में सहयोग बढ़ोतरी के लिए अपनी साझेदारी में बढ़ाये जाने मांग की। लाओस के उप प्रधानमंत्री और सार्वजनिक सुरक्षा मंत्री विलाय लाखमफोंग ने इस सम्मेलन में कहा कि 41वां आसियानापोल सम्मेलन सुविधाओं और अनेक चुनौतियों दोनों के साथ एक वातावरण में हो रहा है। उन्होंने कहा कि इसलिए यह सम्मेलन विभिन्न अपराधों से निपटने में क्षेत्रीय और वैश्विक दोनों स्तरों पर सहयोग को बढ़ावा देने के लिए बहुत महत्वपूर्ण है, जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि क्षेत्रिय और वैश्विक स्तर पर समुदाय में शांति, सद्भाव और स्थिरता कायम हो सके। आसियान पुलिस बलों से एकता बनाए रखने, अंतरराष्ट्रीय अपराध को रोकने, उसे कम करने और उससे लड़ने में सहयोग के लिए निरंतर प्रयास जारी रखने का आग्रह किया गया।

## जॉर्डन ने इजरायल-हमास संघर्ष के कारण शिखर सम्मेलन किया रद्द

**अम्मान,** 18 अक्टूबर (एजेंसियां)। जॉर्डन ने बुधवार को अम्मान में प्रस्तावित चौतरफा शिखर सम्मेलन को रद्द करने का निर्णय लिया है। यह जानकारी जॉर्डन की सरकारी पेट्रा समाचार एजेंसी ने दी। शिखर सम्मेलन में जॉर्डन के किंग अब्दुल्ला द्वितीय, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन, फिलिस्तीनी राष्ट्रपति महमूद अब्बास और मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल-फतह अल-सीसी को एक साथ लाने की योजना थी। जॉर्डन के उप-प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री अयमान सफ़ादी ने आज कहा कि गाजा पट्टी में फिलिस्तीनियों के खिलाफ चल रहे इजरायली हमले के कारण इस शिखर सम्मेलन को रद्द किया गया है। उन्होंने कहा कि शिखर सम्मेलन में युद्ध को रोकने, फिलिस्तीनियों की मानवता का सम्मान करने और आवश्यक सहायता प्रदान करने के लिए एक समाधान खोजने की योजना बनाई गई थी। उन्होंने कहा कि शिखर सम्मेलन को निलंबित करने का निर्णय फिलिस्तीनियों और मिस्र के समकक्षों के साथ परामर्श करने के साथ-साथ अमेरिका



■ **सम्मेलन में किंग अब्दुल्ला द्वितीय, जो बाइडेन, महमूद अब्बास और अब्देल-फतह अल-सीसी को एक साथ लाने की थी योजना**

के साथ चर्चा करने के बाद लिया गया है। श्री सफ़ादी ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से रक्तपात समाप्त कराने का आग्रह किया और कहा कि शिखर सम्मेलन ऐसे समय में आयोजित किया जाएगा जब युद्ध को रोक सकता है, गाजा के लोगों को मानवीय सहायता प्रदान किया जा सकता है और तबाही को समाप्त किया जा सकता है।

## तमिलनाडु के मछुआरों पर श्रीलंकाई समुद्री लुटेरों ने किया हमला

**चेन्नई,** 18 अक्टूबर (एजेंसियां)। तमिलनाडु के नौ भारतीय मछुआरों पर श्रीलंकाई समुद्री लुटेरों ने बीच समुद्र में हमला



किया। पुलिस ने बुधवार को बताया कि लुटेरों ने उस समय हमला किया जब वह कोडाईक्कराई तट के पूर्व में मछली पकड़ रहे थे। पुलिस के अनुसार, घटना मंगलवार रात की है। यह पिछले दो महीनों में तमिल मछुआरों पर छठा हमला है। लुटेरों ने जिन मछुआरों पर समुद्र के बीच में हमला किया उनका सामान भी लूट लिया। मछुआरों ने अपनी शिकायत में बताया कि हमलावर के श्रीलंकाई होने का संदेह है, वह तमिल बोल रहे थे। पुलिस ने कहा कि वेदारण्यम के पास वनावंमाहदेवी के मूल निवासी एन. सुब्रमण्यम (50), ए. मुरुगेसन (45), ए. सुंदरमूर्ति (49), सी. राजगोपाल (63) और एस. महालिंगम (60) मंगलवार दोपहर को मछली पकड़ने के लिए समुद्र में उतरे थे। मछुआरों ने पुलिस को बताया कि जब वे कोडाईकराई तट के पास समुद्र में मछली पकड़ रहे थे, तभी कथित तौर पर श्रीलंकाई चार लोगों ने उन्हें रोक लिया। उनमें से दो व्यक्ति नाव पर चढ़ गए और मछुआरों पर हमला कर दिया और उनमें से तीन को नाव से बांध दिया।

वे अपनी स्पीड बोट में दो मछुआरों को भी ले गए। नाव में रखे 600 किलोग्राम मछली पकड़ने के जाल, जीपीएस सिस्टम और अन्य सामग्री के साथ भाग गए। इसके बाद समुद्री लुटेरों ने एक और मछली पकड़ने वाली नाव ढूंढ ली। वह उसमें घुस गए और एन. सेल्वम (36), एस. मुरुगनाथम (37), एम. सुब्रमण्यन (36) और आर. शनमुघवेल (34) पर हमला कर दिया। वे टॉर्च, कैच, गैजेट और मछली पकड़ने के जाल भी ले गए।

## बच्चे को थप्पड़ मारने पर पुलिसकर्मी को सुनाई सजा


**लंदन,** 18 अक्टूबर (एजेंसियां)। पिछले साल ब्रिटिश शहर बर्मिंघम में एक स्कूल के बाहर झगड़े के दौरान 12 वर्षीय लड़के को थप्पड़ मारने के मामले में 41 वर्षीय भारतीय मूल की पूर्व महिला पुलिसकर्मी को सजा सुनाई गई है।

### प्रथम पृष्ठ का शेष

**कांग्रेस की दूसरी सूची में ...**

कांग्रेस ने वर्तमान विधायक अमितेश शुक्ल पर भरोसा बरकार रखते हुए उन्हें छठवीं बार राजिम से प्रत्याशी घोषित किया है। अमितेश शुक्ल 2018 के चुनाव में 59 हजार मतों से विजयी हुए थे । राजिम को शुक्ला परिवार की परंपरागत सीट माना जाता है। 1999 में श्यामाचरण के लोकसभा जाने के बाद उप चुनाव हुए और अमितेश शुक्ल ने जीत दर्ज की। इसी तरह रायपुर पश्चिम से विकास उपाध्याय,अभनपुर से धनेंद्र साहू पर पार्टी ने फिर भरोसा जताया है। आशीष छाबड़ा,देवेंद्र यादव,अरुण वोरा,संगीता सिन्हा,देवेंद्र बहादुर,रामकुमार यादव, रामपुकर सिंह को फिर से प्रत्याशी बनाया गया है।

## वर्ग पहेली 6351



**बायें से दायें:-**

१. बदचलन, दुश्चरित्र, कुकर्मी
३. खजाना, धनागार
५. न्यारा, सबसे अलग तरह का
६. किसी चीज का मजा मिलने पर उसे फिर खाने की इच्छा
७. हरियाली युक्त
८. किसी व्यक्ति, वस्तु, इमारत की सुरक्षा मेंलगे लोगों का दल
१३. प्रशंसा, तारीफ़
१५. सूचना
१६. शिक्षा, उपदेश, लाभप्रद राय (उर्दू)
१७. एक राक्षसी
१८. सरलता
२०. सूर्य
२२. नया ऊगा हुआ
२३. नयापन

**ऊपर से नीचे:-**

१. गाली, अपशब्द
२. चापलूस
३. शोरगुल
४. करीब-करीब
५. जो किसी से न डरे
९. जिसे नुकसान न हुआ हो
१०. प्रेम, प्यार (उर्दू)
११. होश, चेतना
१२. स्वेच्छाचारिता
१४. विभाग, हुक्म करने की जगह (उर्दू)
१७. इबादत, आराधना
१९. निवासी (उर्दू)
२०. आखिर, अवसान
२१. डूबा हुआ, मग्न

## वर्ग पहेली-6350



युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## आज का इतिहास

1630- बोस्टन में पहली बार आम अदालत का आयोजन हुआ था।
1689 - रायगढ़ के किले पर औरंगजेब ने कब्जा किया।1
722- फ्रांस के सी. होफर ने फायर फाइटर का पेटेंट कराया था।
1739- इंग्लैंड ने स्पेन के खिलाफ युद्ध की घोषणा की।
1745- गुलिवर ट्रैवल बुक लिखने वाले जोनाथन स्विफ्ट का निधन।
1950- चाम्बो का युद्ध खत्म हुआ। इसे चीन में लिबरेशन ऑफ तिब्बत भी कहा जाता है। यह युद्ध 6 अक्टूबर को तिब्बत और चीन के बीच शुरू हुआ था।
1960- नागरिक अधिकारों के लिए आंदोलन चलाने वाले अमेरिका के मार्टिन लूथर किंग-जूनियर को गिरफ्तार किया गया था।
1956: रूस और जापान ने हस्ताक्षर कर दोनों देशों के बीच लंबे समय से चले आ रहे युद्ध को अधिकारिक रूप से समाप्त किया था।
1774 - इंग्लैंड के सुप्रीम कोर्ट के जजों और नये काउंसिल सदस्यों का एक दल ईस्ट इंडिया कंपनी द्वारा भारत में चलाए जा रहे शासन को बेहतर बनाने के लिए कलकत्ता पहुंचा।
1781 - ब्रिटेन के लार्ड कॉर्नवालिस ने वर्जीनिया के योर्कटाउन में अमेरिकी जनरल जार्ज वाशिंगटन के सामने समर्पण कर दिया, जिससे अमेरिकी क्रांति का अंत हुआ और देश की आजादी का रास्ता बना।
1812 - नेपोलियन बोनापार्ट की फ्रांसीसी सेना ने रूस से वापसी शुरू की। नेपोलियन की सेना एक महीने से रूस की लौटती सेना का पीछा कर रही थी।
1910- एस्ट्रो-फिजिसिस्ट सुब्रह्मण्यम चंद्रशेखर का जन्म
1937- ब्रिटिश फिजिसिस्ट अर्नेस्ट रदरफोर्ड का निधन।

**परेशानी** *संरा महासचिव के मुख्य प्रवक्ता दुजारिक ने दी जानकारी*

# सूडान संघर्ष में अब तक 4,000 लोग मारे गए

**संयुक्त राष्ट्र, 18 अक्टूबर (एजेंसियां)। सूडान में गत 15 अप्रैल को लड़ाई शुरु होने के बाद से यानी छह महीने में लगभग 4,000 लोग मारे गए हैं और हजारों अन्य घायल हुए हैं। यह जानकारी संरा महासचिव एंटोनियो गुटेरेस के मुख्य प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने मंगलवार को दी। संरा के मानवतावादियों ने कहा कि लड़ाई के कारण हजारों लोगों को पड़ोसी दक्षिण सूडान और चाड से पलायन करने पर मजबूर होना पड़ा है।**

श्री दुजारिक ने कहा कि संरा शरणार्थी एजेंसी (यूएनएचसीआर) ने बताया है कि अधिकांश मौतें 15 अप्रैल और अगस्त के के बीच हुई हैं। उन्होंने कहा कि यह संघर्ष जातीय दुश्मनी का परिणाम है। पूरे दारफुर में कम से कम 29 शहरों, कस्बों और गांवों को लूट लिया गया और नष्ट कर दिया गया। उन्होंने कहा, %यूएनएचसीआर और अन्य भागीदारों ने उत्तर और पश्चिम दारफुर में विस्थापित परिवारों को मुख्य राहत सामग्री प्रदान की। उन्होंने कहा, निश्चित रूप से एजेंसी और संरा में हम सभी संघर्ष में शामिल पक्षों से शरणार्थियों और आंतरिक रूप से विस्थापित मनुष्यों सहित नागरिकों की सुरक्षा की गारंटी देने तथा मानवीय सहायता के सुरक्षित मार्ग को सुनिश्चित करने का आह्वान करते रहते हैं। गौरतलब है कि



■ **दारफुर में कम से कम 29 शहरों, कस्बों और गांवों को लूटा गया**

लड़ाई सबसे पहले राजधानी खार्तूम में सूडानी सशस्त्र बलों और पहले से सहयोगी रैपिड सपोर्ट फोर्सेज के बीच शुरू हुई और पूरे देश में फैल गई। हिंसा के कारण हजारों लोग सूडान और पड़ोसी देशों में सुरक्षित स्थानों पर भाग गए हैं। मानवीय मामलों के समन्वय के लिए संरा कार्यालय (ओसीएचए) ने बताया कि दक्षिण सूडान से रोजाना हजारों लोगों का आना जारी है। गत शुक्रवार तक, 310,000 लोग दक्षिण सूडान में सीमा पार कर गए।

## दुनिया को जानें

### वियतनाम में इस साल डेंगू के लगभग 100,000 मामले सामने आए

**हनोई,** 18 अक्टूबर (एजेंसियां)। वियतनाम में इस साल की शुरुआत से अब तक डेंगू के 99,639 मामले सामने आए हैं और 27 लोगों की मौत हो चुकी है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने मंगलवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय के मुताबिक पिछले सप्ताह की तुलना में पिछले सप्ताह डेंगू के नए मामलों की संख्या में कमी आई है, लेकिन राजधानी हनोई में संक्रमण संख्या में गिरावट का कोई संकेत नहीं दिख रहा है।सितंबर 2023 के अंत से हनोई में संक्रमण दर तेजी से बढ़ी है। यहां प्रति सप्ताह लगभग 2,500-2,600 मामले सामने आए हैं, जो सितंबर के पहले सप्ताह की तुलना में 1.5 गुना की वृद्धि है। इस साल की शुरुआत से राजधानी में डेंगू के 20,548 मामले दर्ज किए गए हैं, जो पिछले साल की समान अवधि की तुलना में तीन गुना अधिक है। देश भर में डेंगू के मामलों की संख्या में कमी आई है, जबकि हनोई के उत्तर में जटिल मौसम के कारण वृद्धि देखी गई है। वियतनाम समाचार एजेंसी ने चिकित्सा विशेषज्ञों का हवाला देते हुए कहा कि बारिश के बाद लंबे समय तक गर्मी ने मच्छरों से फैलने वाली बीमारी में वृद्ध कर दी है।

# खेल जगत

## अर्जेंटीना ने मेसी के दो गोलों से पेरू को हराया

**लीमा,** 18 अक्टूबर (एजेंसियां)। अर्जेंटीना ने लियोनेल मेसी के पहले हाफ में किए गए दो गोल की मदद से फीफा विश्व कप क्वालीफायर मुकाबले में पेरू को 2-0 से हरा दिया। लीमा में नेशनल स्टेडियम में मंगलवार को यहां खेले गये मैच में मेसी ने आधे घंटे के बाद ही पहला गोलकर अपनी टीम को 1-0 से बढ़त दिला दी। मौजूदा विश्व चैंपियन अर्जेंटीना ने मेसी के 16 गज की दूरी से किये गये दूसरे गोल से बढ़त को 2-0 कर दिया। इस जीत के साथ ही अर्जेंटीना ने क्वालीफायर में शानदार शुरुआत बरकरार रखी है। अर्जेंटीना ने चार मैच जीते है और उसने दूसरे स्थान पर मौजूद उरुग्वे पर पांच अंकों की बढ़त बना ली है। पेरू अब तक केवल एक अंक के साथ 10 टीमों की तालिका में नौवें स्थान पर है। मंगलवार को दक्षिण अमेरिका के क्वालीफाइंग ग्रुप में अन्य जगहों पर हुए मुकाबलों में उरुग्वे ने ब्राज़ील को 2-0 से हराया, इक्वाडोर को कोलंबिया ने गोल रहित घरेलू ड्रा पर रोका, पराग्वे ने बोलीविया पर 1-0 से जीत हासिल की।



# रोहित दे दनादन कर भारत को बांग्लादेश के खिलाफ भी जीत दिलाने के मकसद से उतरेंगे

- भारत की कोशिश जीत के चौके' के साथ शीर्ष पर बने रहने की
- भारत पिछले तीनों विश्व कप में बांग्लादेश को दे चुका है शिकस्त

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

नई दिल्ली, 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारत के कप्तान सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा मैदान पर उतरते ही दे दनादन कर हावी होने की नई रणनीति से आईसीसी क्रिकेट विश्व कप 2023 के पिछले दो मैचों में -पहले में शतक और फिर अर्द्धशतक जड़ने के कामयाब प्रदर्शन को अपनी जन्मस्थली पुणे में भी जारी रखने के मकसद से उतरेंगे। रोहित की कोशिश भारत को अब बांग्लादेश के खिलाफ भी बृहस्पतिवार को जीत दिला जीत के 'चौके' के साथ उसे शीर्ष पर बरकरार रखने की होगी। भारत ने मौजूदा संस्करण में अपने शुरू के तीनों मैच जीते हैं।अफगानिस्तान को हरा कर जीत से आगाज करने वाले बांग्लादेश की गाड़ी इंग्लैंड और न्यूजीलैंड से पिछले मैच हार कर पटरी से उतर चुकी है। भारत अब तक वन डे विश्व कप के इतिहास में बांग्लादेश चार में से केवल एक बार 2007 में पांच विकेट से हारा है। भारत ने इसके बाद बांग्लादेश से अगले तीनों संस्करणों में अपने मैच दमदार अंदाज में जीत पूरी तरह अपनी श्रेष्ठता साबित की है। सबसे रोचक बात यह है कि भारत की पिछले दो यानी 2015 और 2019 के संस्करणों में बांग्लादेश पर दमदार जीत में मौजूदा कप्तान रोहित शर्मा ने शतक जड़े थे और अब भी उनके बल्ले से रन बरस रहे हैं। भारत यही आस करेगा कि कप्तान रोहित शर्मा मौजूदा संस्करण में भी बांग्लादेश के खिलाफ शतक जड़ शतकों की हैट्रिक पूरी करें। साथ ही 2011 के संस्करण में मीरपुर पर बांग्लादेश के खिलाफ जीत में वीरेंद्र सहवाग की तरह विस्फोटक अंदाज में शतक जड़ने वाले भारत के 'चेज मास्टर' विराट कोहली का बल्ला इस बार भी खूब बोल रहा है। मौजूदा संस्करण में भारत की लगातार तीसरी जीत के बावजूद बीते चार दिन में अफगानिस्तान की दिल्ली में मौजूदा चैंपियन इंग्लैंड पर 69 रन से और नीदरलैंड की दक्षिण अफ्रीका पर रविवार को धर्मशाला में 38 से सनसनीखेज जीत ने मौजूदा वन डे विश्व कप को खासा रोचक बनाने के साथ भारत सहित हर बड़ी टीम को बड़ा संदेश यह दिया कि वह कभी भी किसी टीम को कमतर आंकने की गलती नहीं कर सकती है। भारत ने भले ही कोलंबो में एशिया कप में पिछले मैच में बांग्लादेश से छह रन से हार गया हो लेकिन उसके लिए खुशखबरी है कि उस मैच में शतक जड़ने वाले उसके सलामी बल्लेबाज डेंगू से पूरी तरह फिट होकर फिर उसके खिलाफ अपना जलवा दिखाने को तैयार हैं। पिछले पांच मैचों बांग्लादेश ने बेशक भारत से तीन मैच जीते हैं जबकि भारत ने मात्र दो। इनमें एक दिलचस्प बात यह है भारत ने जो मैच जीता उसमें उसने इशान किशन के दोहरे शतक और विराट कोहली के शतक 400 से ज्यादा रन बनाए। बांग्लादेश ने भारत से बीते बरस जो वन डे सीरीज 2-1 से जीती और इसमें भारत के शीर्ष गेंदबाज चोट या फिर प्रयोग के क्रम में नहीं खेले। विराट कोहली को बांग्लादेश के कप्तान बाएं हाथ के स्पिनर शाकिब अल हसन ने भले ही अब तक वन डे क्रिकेट मैच में पांच बार आउट किया है। बावजूद इसके विराट जिस तरह की फॉर्म में है और उसके चलते शाकिब के लिए उन्हें रोकना बड़ी चुनौती होगा। ऑलराउंडर कप्तान शाकिब यदि फिट रहते हैं तो उनसे और ऑफ स्पिन ऑलराउंडर मेहदी मिराज से भारत को चौकस रहने की जरूरत है। भारत के कप्तान रोहित पहले ही यह कह चुके हैं कि उनकी भारतीय टीम इस विश्व कप में किसी भी टीम को हल्के में लेने की गलती नहीं करेगी। शाकिब न्यूजीलैंड के खिलाफ पिछले मैच में %क्वाड' की जिस चोट से परेशान हुए थे वह इससे उबर भी गए तो वह इस चोट के चलते ज्यादा एहतियात बरतेंगे। भारत की खुशकिस्मती यह है कि रोहित



**मैच का समय : दोपहर दो बजे से (भारतीय समयानुसार)**

व विराट की सलामी जोड़ी के साथ विराट, श्रेयस व केएल राहुल के साथ उसका शीर्ष क्रम तो रंग में है ही उपकप्तान ऑलराउंडर हार्दिक पांडया और रवींद्र जडेजा जैसे ऑलराउंडर बल्ले और गेंद दोनों से रंग में हैं और ऐसे में उसके पास सातवें नंबर तक मजबूत बल्लेबाजी है।

भारत को एक बड़ा फैसला यह लेना होगा कि वह शार्दूल ठाकुर को बांग्लादेश के खिलाफ एकादश में बरकरार रखे या फिर उनकी जगह रविचंद्रन अश्विन अथवा मोहम्मद शमी में किसी एक को उतार अपने तेज गेंदबाजी आक्रमण को और मजबूत बनाए। रोहित शर्मा के लिए - शार्दूल, अश्विन और शमी में से किसी एक को चुनना बड़ी चुनौती होगा। दरअसल बांग्लादेश के लिए तीन मैचों में दो अर्द्धशतक सहित सबसे ज्यादा रन मुशफिकुर रहीम(कुल 119 रन) ने बनाए हैं जबकि लिटन दास, नजमुल शांतों और मेहदी हसन मिराज ही एक -एक अर्द्धशतक जड़ पाए हैं। न्यूजीलैंड के खिलाफ कप्तान शाकिब (कुल 40 रन) रहीम के साथ पांचवें विकेट 96 रन की सबसे बड़ी भागीदारी करने के बावजूद तेज गेंदबाजों के खिलाफ जूझते नजर आए। भारत के लिए सबसे बड़ी खुशखबरी है कि चोट से उबर कर कामयाबी वापसी करने वाले तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने खुद कहर बरपा अब तक तीन मैचों में आठ विकेट चटकाए हैं। इंग्लैंड के रीस टाप्ले,क्रिस वॉक्स और सैम करेन ने बांग्लादेश के खिलाफ आपस में आठ विकेट बांट कर अपनी टीम को जीत दिलाई। वहीं न्यूजीलैंड के रफ्तार के सौदागर लॉगी फर्गुसन, बोल्ट और मैट हेनरी ने भी भी आपस में आठ विकेट बांट अपनी टीम को बांग्लादेश के खिलाफ जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। ऐसे में मुमकिन है भारत शुरू के तीन मैचों के अपने सबसे कामयाब तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह (कुल 8 विकेट), हार्दिक पांडया(कुल पांच विकेट), मोहम्मद सिराज (कुल 3 विकेट) ऑलराउंडर शार्दूल ठाकुर (मात्र एक विकेट) और रविचंद्रन अश्विन (मात्र एक विकेट) दोनों को बाहर बैठाकर चौथे तेज गेंदबाज के रूप में मोहम्मद शमी को बाएं हाथ के स्पिनर रवींद्र जडेजा (पांच विकेट) और कुलदीप यादव(पांच विकेट)के साथ उतरे।

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मात्र दो रन पर तीन विकेट खोने के बाद विराट कोहली ने केएल राहुल के साथ बड़ी शतकीय भागीदारी कर भारत को छह विकेट जीत दिलाने के बाद अफगानिस्तान के खिलाफ अपने दिल्ली के अपने घरेलू मैदान पर अविजित अर्द्धशतक भारत को आठ विकेट से जीत दिला कर यह दर्शाया कि उसका शीर्ष क्रम पूरी तरह चौकस उसे लगातार चौथी जीत दिलाने को तैयार है। विराट(16) और अब पूरी तरह शुभमन गिल (16) भले ही पाकिस्तान के खिलाफ सस्ते में आउट हो गए लेकिन दोनों जिस तरह पूरे विश्वास से खेले और भारत ने कप्तान रोहित और नौजवान श्रेयस अय्यर के अर्द्धशतकों से पाकिस्तान पर सात विकेट विकेट से जीत दर्ज की उससे यह साफ है कि बांग्लादेश के गेंदबाजों के लिए भारत की मजबूत बल्लेबाजी पर लगाम लगाना बड़ी चुनौती होगा। भारत के लिए शुरू के तीन मैचों में रन बनाने में सबसे आगे चल रहे रोहित शर्मा (कुल 217 रन), विराट कोहली (कुल 156 रन) , केएल राहुल (कुल 116 रन) और श्रेयस अय्यर (78 रन) के साथ सभी का कम से कम एक अर्द्धशतक जड़ना और केएल राहुल का ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 97 रन बनाकर अविजित रहना यह दर्शाता है कि उसके पास बांग्लादेश के कप्तान बाएं हाथ के स्पिनर शाकिब अल हसन (पांच विकेट), ऑफ स्पिनर मेहदी हसन(4 विकेट), मेहदी हसन मिराज (3 विकेट) के साथ तेज गेंदबाज शेरीफुल इस्लाम (5 विकेट ) से पार पाने का दम है। यदि कहीं शाकिब अल हसन नहीं खेले तो फिर बांग्लादेश के लिए भारत को पुणे में भी रोकना मुश्किल होगा।

## दानिश कनेरिया ने धार्मिक पूर्वाग्रह को लेकर पाकिस्तान क्रिकेट को घेरा



**बेंगलुरू,** 18 अक्टूबर (एजेंसियां)। मोहम्मद रिजवान द्वारा हैदराबाद के राजीव गांधी स्टेडियम में नमाज पढ़ने और अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में जय श्री राम के नारे लगाने को लेकर उपजे विवाद के बीच पाकिस्तान के पूर्व स्टार स्पिनर दानिश कनेरिया ने पाकिस्तान क्रिकेट में धार्मिक पूर्वाग्रह को उजागर किया है।

दानिश ने एक वीडियो के साथ संलग्न पोस्ट में श्रीलंका के खिलाफ मुकाबले के दौरान मैदान में इस्लाम के प्रदर्शन के लिए एक पाकिस्तानी खिलाड़ी की आलोचना की। वीडियो में दिखाया गया है कि एक पाकिस्तानी खिलाड़ी तिलकरत्ने दिलशान से कह रहा है कि वह इस्लाम कबूल कर ले, अगर वह ऐसा नहीं करेंगा तो आग में जलकर राख हो जाएगा। पाकिस्तानी खिलाड़ी को यह कहते हुए देखा गया, अगर आप (हैं) गैर-मुस्लिम हैं और आप मुस्लिम बन जाते हैं, तो चाहे आप जीवन में कुछ भी करें, आप सीधे स्वर्ग जाएंगे।

जिस पर दिलशान जवाब देते हैं लेकिन वीडियो में ऑडियो अस्पष्ट है। जवाब में पाकिस्तानी खिलाड़ी कहता है, तो फिर आग के लिए तैयार रहो। इस पर टिप्पणी करते हुए कनेरिया ने कहा, चाहे वह ड्रेसिंग रूम हो, खेल का मैदान हो या डाइनिंग टेबल, मेरे साथ यह हर दिन होता है।

एक अन्य पोस्ट में कनेरिया ने क्रिकेट कमेंटेटर वकार यूनिस द्वारा रिज़वान के मैदान में नमाज़ पढ़ने को उचित ठहराने पर सवाल उठाते हुए व्यंग्यात्मक ढंग से कहा, काफिर हिंदुओं के सामने नमाज़ पढ़ना मैच से अधिक महत्वपूर्ण था। यही समस्या है। वकार एक पाकिस्तानी टेलीविजन में कहते देखे गये हैं, मोहम्मद रिज़वान ने समझदारी से खेला और जो आक्रामकता उन्होंने दिखाई और सबसे अच्छा जो रिज़वान ने किया माशाअल्लाह, जो मैदान में खड़े होकर हिंदुओं के सामने नमाज पढ़ते थे, वह वास्तव में कुछ था ख़ास मेरे लिए।

कनेरिया ने पाकिस्तान टीम के निदेशक मिकी आर्थर की यह कहने के लिए भी आलोचना की कि नरेंद्र मोदी स्टेडियम के अंदर के माहौल से ऐसा नहीं लग रहा था कि यह कोई आईसीसी कार्यक्रम है। आर्थर ने कहा था, देखिए, अगर मैं कहूं कि ऐसा नहीं हुआ तो मैं झूठ बोलूंगा। ईमानदारी से कहूं तो यह आईसीसी की कोई स्पर्धा नहीं लग रही थी। यह एक द्विपक्षीय सीरीज जैसा लग रहा था, ऐसा लग रहा था कि यह बीसीसीआई की स्पर्धा है मैंने ऐसा नहीं किया। आज रात माइक्रोफोन पर 'दिल दिल पाकिस्तान' बार-बार नहीं सुनाई देगा। यहां तक कि पाकिस्तान के पूर्व कप्तान सलमान बट ने भी आर्थर को उनकी टिप्पणियों के लिए कहा, यह पूरी तरह से अनावश्यक और गैर-पेशेवर था। यह कुछ ऐसा था जो उनके नियंत्रण से परे था और उन्हें इस बारे में चिंतित होने वाला अंतिम व्यक्ति होना चाहिए।

# उलटफेर का शिकार हुई दक्षिण अफ्रीका

- कप्तान एडवर्डर्स के बेहतरीन खेल से नीदरलैंड ने द. अफ्रीका को हरा किया वन डे विश्व कप का दूसरा बड़ा उलटफेर
- बीक और मर्व ने द. अफ्रीका को 207 पर ढेर कर नीदरलैंड को जिताया



नई दिल्ली, 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। विकेटकीपर बल्लेबाज स्कॉट एडवर्डस की अविजित 78 रन की बेहतरीन पारी, तीन बेहतरीन कैच व चतुर कप्तानी तथा तेज गेंदबाज लोगन वान बीक (3/60) की धारदार गेंदबाजी से नीदरलैंड ने दक्षिण अफ्रीका को मंगलवार देर रात धर्मशाला में 38 रन से हराकर आईसीसी वन डे क्रिकेट विश्व कप 2023 का दूसरा बड़ा उलटफेर कर उसकी लगातार दो जीत के सिलसिले को तोड़ अपनी पहली जीत दर्ज की। दक्षिण अफ्रीका का हर विकेट गिरने के बाद %मैच अप' को जेहन में रखकर नीदरलैंड के कप्तान एडवर्डस का %पर्ची' देख सही गेंदबाज को मोर्चे पर लगाना बेहद कारगर रहा। अफगानिस्तान ने रविवार को मौजूदा चैंपियन इंग्लैंड को 69 रन से हरा मौजूदा संस्करण का पहला सबसे बड़ा उलटफेर किया था। नीदरलैंड ने बीते बरस दक्षिण अफ्रीका को टी-20 विश्व कप में हरा कर खिताब की होड़ से बाहर कर बड़ा उलटफेर किया था। नीदरलैंड ने पहले बल्लेबाजी की दावत पाकर 15.1 ओवर में शुरू के चार विकेट 50 रन पर गंवा दिए थे। वहीं मैच-अप के मुताबिक नीदरलैंड ने स्पिनर खासतौर पर वान डेर मर्व को मोर्चे पर लगाया और पारी के शुरू में दक्षिण अफ्रीका में दो विकेट चटकाए और 11.2 ओवर में उसका स्कोर चार विकेट 44 कर दिया। मर्व का अपने शुरू के दो ओवर के बाद गेंदबाज विश्लेषण था 2-0-5-2 ।

अपने शुरू के 22 वें ओवर में पांच विकेट पर मात्र 82 रन गंवा के बावजूद कप्तान मैन ऑफ द' स्कॉट एडवर्डस के 69 गेंद पर एक छक्के और दस चौकों की मदद से तूफानी अविजित 78 की बदौलत नीदरलैंड ने बारिश के कारण मैच प्रति टीम 43-43 ओवर का किए जाने पर मंगलवार को आठ विकेट पर 245 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाया। विकेटकीपर बल्लेबाज एडवर्डस ने वान डेर मर्व (29 रन, 19 गेंद, एक छक्का और तीन चौके) साथ आठवें विकेट के लिए 64 और भारतीय मूल के आर्यन दत्त (अविजित 23रन ,9 गेंद, तीन छक्के) के साथ 19 गेंदों में 41 रन की असमाप्त भागीदारी कर नीदरलैंड को उम्मीद से बड़े स्कोर तक पहुंचाया।आखिर के 13 ओवर में नीदरलैंड ने 113 रन जोड़े। नौजवान आर्यन दत्त की तारीफ करनी होगी कि उन्होंने लुंगी एंगिडी और जेरल्ड कोइत्जी की धीमी गेंदों पर तीन जोरदार छक्के जड़ कर कप्तान एडवर्डस के साथ मिलकर सभी का दिल जीत लिया।

नीदरलैंड के तेज गेंदबाज लोगन वान बीक(3/60), पॉल वॉन मीकरन (2/40), बास डी लिडे (2/36) और बाएं हाथ के स्पिनर राल्फ वन डेर मर्व (2/34) के गेंद से कमाल के सामने जवाब में डेविड मिलर (43 रन, 52 गेंद, एक छक्का, चार चौके) और हेनरी क्लासेन (28 रन, 28 गेंद चार चौके) की छठे विकेट 45 रन की भागीदारी तथा केशव महाराज (40 रन, 37 गेंद, एक छक्का, पांच चौके) के बावजूद दक्षिण अफ्रीका की टीम 42.3 में 207 रन पर आउट होकर मैच हार गई। केशव महाराज ने बीक की ऑफ स्टंप के बाहर जाती गेंद पर वान बीक की गेंद पर बल्ला अड़ा अंतिम बल्लेबाज के रूप में आउट होने से पहले लुंगी एंगिडी के साथ 41 रन जोड़े। बीक ने दक्षिण अफ्रीका के हेनरी क्लासेन , मंगलवार को सबसे ज्यादा रन बनाने वाले डेविड मिलर और आखिरी बल्लेबाज केशव महाराज के बेशकीमती विकेट निकाल कर दक्षिण अफ्रीका की ऐतिहासिक जीत में अहम रोल अदा किया। कप्तान तेंबा बाउमा और क्विंटन डी कॉक ने तेज आगाज कर 36 रन जोड़े थे कि कॉक (20 रन, 22 गेंद, 3 चौके,) पारी के आठवें और ऑफ स्पिनर कॉलिन एकरमैन के पहले ओवर की गेंद को पैडल करने की कोशिश और गेंद उनके दस्ताने अपने और कंधे को लेकर उछली और विकेटकीपर स्कॉट एडवर्डस ने कैच लपक लिया। बाएं हाथ के स्पिनर मर्व की तेजी से अंदर गेंद को कप्तान बाउमा (19) टर्न के लिए खेले लेकिन गेंद उनका विकेट उड़ा ले गई और दक्षिण अफ्रीका ने दूसरा 39 रन खोया। दक्षिण अफ्रीका के स्कोर में तीन रन और जुड़े कि एडन मरक्रम (4) ने पॉल वान मीरकन की तेजी से भीतर आती नीची रही गेंद को गेंद को खेलने से चूके और बोल्ड हो गए और दक्षिण अफ्रीका अपना चौथा विकेट 44 रन । हेनरिक क्लासेन (28 रन, 28 गेद, चार चौके) और डेविड मिलर ने पांचवें विकेट के लिए 45 रन जोड़ दक्षिण अफ्रीका को संभालने की कोशिश की। क्लासेन ने वान बीक की उछाल लेती गेंद को उड़ाने के फेर में विक्रमजीत सिंह ने फाइन लेग पर लपक लिया और दक्षिण अफ्रीका ने 19 वें ओवर पांचवां विकेट 89 पर खोया। वान मीकरन ने पारी के अधबीच मार्को येनसन (9) को बोल्ड कर दिया और दक्षिण अफ्रीका ओवर में छह विकेट 109 पर खो कर बड़े संकट में फंस गई। इससे पूर्व दक्षिण अफ्रीका का स्कोर जब 103 पर मर्व की गेंद डे मिलर का कैच छोड़। लोगन वान बीक के पांचवें ओवर की अंतिम गेंद को डेविड मिलर बड़ा शॉट लगाने फेर में बोल्ड हो गए और दक्षिण अफ्रीका ने पारी के 31 वें ओवर में अपना सातवां विकेट जब 145 रन पर खोया तो मैच उसके हाथ से लगभग निकल चुका था कि क्योंकि तब उसे 12 ओवर में जीत के लिए 101 रन की जरूरत थी लेकिन खतरनाक होते दिख रहे कोइत्जी(22 रन, 23 गेंद, एक छक्का व दो चौके) ने तेज गेंदबाज बास डी लिडे की ऑफ स्टंप के बाहर गेंद को पुल करने की कोशिश और कप्तान एडवर्डस ने दबाव में धैर्य से कैच लपक लिया और दक्षिण अफ्रीका ने 33.1 ओवर में आठवां विकेट 147 रन खो दिया और कसिगो रबाड़ा ने बास डी लीडे की गेंद को उड़ाने की कोशिश में नौवां विकेट एंजेलब्रेट को लॉन्ग ऑन पर कैच थमा दिया। बीक ने पारी के 43 वें और अंतिम ओवर में महाराज को आउट कर दक्षिण अफ्रीका की पारी समेट कर नीदरलैंड को जीत दिलाई।

**सार संक्षेप**

### न्यूज़ीलैंड ने अफगानिस्तान को दिया 289 रन का लक्ष्य

**चेन्नई।** न्यूज़ीलैंड ने गुरुवार को आईसीसी विश्व कप 2023 के 16वें मुकाबले में ग्लेन फिलिप्स 71 रन और कप्तान टॉम लैथम 68 रन के अर्धशतकों की बदौलत अफगानिस्तान के खिलाफ पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवरों में छह विकेट पर 288 रन बनाये है। एमए चिदंबरम स्टेडियम में आज अफगानिस्तान के कप्तान हशमतुल्लाह शाहिदी ने टॉस जीतकर न्यूज़ीलैंड को पहले बल्लेबाजी करने का न्यौता दिया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी न्यूज़ीलैंड की शुरुआत खराब रही है और उसका पहला विकेट सातवें ओवर की तीसरी गेंद पर डेवन कॉन्वे 20 रन के रूप में गिरा। उन्हें मुजीब ने पगबाधा आउट किया। इसके बाद विल यंग और रचिन रविंद्र संभल कर खेलते हुए 79 रनों की साझेदारी की। 21वें ओवर की दूसरी गेंद पर उमरजई ने रविंद्र 32 रन को बोल्ड कर पवेलियन भेज दिया। न्यूज़ीलैंड का तीसरा विकेट विल यंग का गिरा। उन्होंने 64 गेंद में 4 चौको और 3 छक्कों की मदद से 54 रन की अर्धशतकीय पारी खेली। उन्हें उमरजई ने अलीखिल के हाथों कैच आउट कराया। 22वें ओवर की चौथी गेंद पर डैरिल मिशेल एक रन बनाकर पवेलियन लौट गये। उन्हें राशिद ने इब्राहिम जदरान के हाथों कैच आउट कराया। कप्तान टॉम लेथम ने 74 गेंदों में 68 रन बनाये। उन्हें नवीन अल हक ने बोल्ड आउट किया। ग्लेन फिलिप्स ने 80 गेंद में 4 चौके और 4 छक्के की मदद से 71 रन की अर्धशतकीय पारी खेली। इन दोनों ने 144 (153) रन की साझेदारी हुई। अफगानिस्तान को मैच जीतने के लिए 289 रन बनाने है। अफगानिस्तान की ओर से अजमतुल्लाह उमरजई और नवीन-उल-हक ने 2-2 विकेट लिये। जबकि मुजीब उर रहमान और राशिद ख़ान को एक -एक विकेट मिला।

### अश्विन को टीम में शामिल करने पर रहेंगी प्रशंसकों की नजर

**पुणे।** आईसीसी विश्व कप में महाराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में बंगलादेश के खिलाफ गुरुवार को होने वाले मुकाबले में स्पिनर आर अश्विन को टीम में शामिल किये जाने सवाल पर रहेंगी लाखों प्रशंसकों की नजर। हालांकि इस मुकाबले में भारत का पलड़ा भारी है। ऐसा माना जा रहा है कि पुणे की पिच बल्लेबाजी के लिए अनुकूल नेट अभ्यास के दौरान दिग्गज स्पिनर अश्विन को स्पिन गेंदबाजी पर टिप्स देते देखा गया।

# रोहित ने आईसीसी रैंकिंग में पांच पायदान की लागई छलांग

**दुबई,** 18 अक्टूबर (एजेंसियां)। आईसीसी एकदिवसीय बल्लेबाजी रैंकिंग में भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने कमाल करते हुए 5 स्थानों की छलांग लगाते हुए छठे पायदान पर पहुंच गये है।

उल्लेखनीय है कि 10 अक्टूबर को जारी रैंकिंग में रोहित 11वें नंबर पर थे। ताजा एकदिवसीय रैंकिग में रोहित शर्मा छठे नंबर पर आ गए हैं और एकदिवसीय बल्लेबाजी रैंकिंग के टॉप 10 में भारत के तीन बल्लेबाज शामिल है। शुभमन गिल दो नंबर पर, रोहित शर्मा नंबर छठे तथा विराट कोहली वर्तमान रैंकिंग में नौ नंबर पर हैं। इसके अलावा रोहित शर्मा इस समय टेस्ट और एकदिवसीय रैंकिंग में टॉप 10 में मौजूद रहने वाले इकलौते भारतीय हैं।

बुधवार को आईसीसी मीडिया विज्ञप्ति के अनुसार नवीनतम अपडेट के अनुसार क्विंटन डी कॉक, रोहित शर्मा और ट्रेंट बोल्ट ने पुरुष एकदिवसीय रैंकिंग में छलांग लगाई है। दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज डी कॉक ने लगातार दो शतकों के साथ टूर्नामेंट की शुरुआत की, लेकिन कल नीदरलैंड्स के खेले गये मुकाबले में 20 रन पर आउट होने के बाद शीर्ष स्थान के करीब पहुंचने का मौका चूक गए। दक्षिण अफ्रीका के विकेटकीपर-बल्लेबाज फिर भी एकदिवसीय बल्लेबाजी रैंकिंग में तीन स्थान ऊपर चढ़कर तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं।

अफगानिस्तान के खिलाफ 131 रन बनाने और चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ 63 गेंदों में 86 रन बनाने के बाद रोहित पांच स्थान की लंबी छलांग लगाकर छठे स्थान पर पहुंच गए हैं।



अफगानिस्तान के सलामी बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज़ (19 स्थान ऊपर 18वें स्थान पर) और नीदरलैंड के कप्तान स्कॉट एडवर्ड्स (16 स्थान ऊपर 27वें स्थान पर) भी शानदार पारियों के बाद बल्लेबाजी रैंकिंग में सुधार हुआ हैं। पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम ने 836 रेटिंग अंक हासिल कर लिए हैं और वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में अपनी बढ़त 18 अंक का सुधार किया है।

वही भारत के युवा खिलाड़ी शुबमन गिल बीमारी पर काबू पाने के बाद पाकिस्तान के खिलाफ 12 रनों के साथ अपने क्रिकेट विश्व कप अभियान की शुरुआत करने वाले दूसरे स्थान पर बने हुए हैं।

बंगलादेश के खिलाफ बेहतरीन गेंदबाजी के बाद न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज बोल्ट एकदिवसीय गेंदबाजी रैंकिंग में पहले स्थान पर पहुंच गए हैं। बोल्ट ने बंगलादेश के खिलाफ 45 रन देकर दो विकेट लिये थे। उन्होंने तौहीद हृदोय को आउट करके एकदिवसीय मैच में अपना 200वां विकेट भी लिया था। अफगानिस्तान के जादूगर राशिद खान गेंदबाजी रैंकिंग में दो स्थान ऊपर चढ़कर चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं, जबकि दक्षिण अफ्रीका के ही स्पिनर केशव महाराज सात स्थान ऊपर चढ़कर मुजीब उर रहमान के साथ पांचवें स्थान पर पहुंच गए हैं। तेज गेंदबाजों में, भारत के जसप्रित बुमरा (सात स्थान ऊपर) और दक्षिण अफ्रीका के कैगिसो रबाडा (एक स्थान ऊपर) 14वें पायदान पर पहुंच गए हैं, जबकि लुंगी एनगिडी छह स्थान ऊपर 16वें पायदान पर पहुंच गए हैं। बंगलादेश के अनुभवी शाकिब अल हसन 343 अंकों के साथ एकदिवसीय ऑलराउंडर रैंकिंग में पहले स्थान पर हैं। क्रिकेट विश्व कप की तेज शुरुआत से न्यूजीलैंड के स्पिनर मिशेल सैंटनर एक स्थान ऊपर चढ़कर छठे स्थान पर पहुंच गए हैं। क्रिकेट विश्व कप में अब तक गेंद के साथ ग्लेन मैक्सवेल के प्रभावशाली प्रभाव ने ऑलराउंडर रैंकिंग में उन्हें तीन पायदान ऊपर चढ़कर आठवें स्थान पर पहुंच गये है।

**सुडोकू 6351 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 9 | 6 | 8 | 2 | 4 | 5 | 1 | 3 |
| 5 | 2 | 8 | 3 | 1 | 6 | 7 | 4 | 9 |
| 3 | 1 | 4 | 5 | 7 | 9 | 6 | 8 | 2 |
| 8 | 4 | 2 | 6 | 3 | 7 | 1 | 9 | 5 |
| 1 | 7 | 3 | 9 | 4 | 5 | 2 | 6 | 8 |
| 9 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 4 | 3 | 7 |
| 2 | 8 | 7 | 4 | 6 | 3 | 9 | 5 | 1 |
| 4 | 3 | 9 | 2 | 5 | 1 | 8 | 7 | 6 |
| 6 | 5 | 1 | 7 | 9 | 8 | 3 | 2 | 4 |

# [ अर्थ जगत ]

### सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| पावरग्रिड | 2.50 प्रतिशत |
| एलटी | 2.09 प्रतिशत |
| महिंद्रा एंड महिंद्रा | 1.95 प्रतिशत |
| एचडीएफसी | 1.01 प्रतिशत |
| सन फार्मा | 0.89 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| रिलायंस | 1.11 प्रतिशत |
| नेस्ले इंडिया | 0.97 प्रतिशत |
| एचसीएल टेक | 0.67 प्रतिशत |
| टाइटन | 0.59 प्रतिशत |
| आईटीसी | 0.56 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| दिल्ली | |
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 47,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 31,400 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 70,096 |
| वायदा | 70,183 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 870 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौंड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 2500-2600 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### चावल

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3640-3740 |
| चीनी एम | 3800-3900 |
| मिल डिलीवरी | 3520-3620 |
| गुड़ | 4300-4400 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 6450-6550 |
| दाल चना | 7450-7550 |
| मसूर काली | 7800-7900 |
| उड़द दाल | 10600-10700 |
| मूंग दाल | 9900-10000 |
| अरहर दाल | 10400-10500 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बदलाव नहीं

**नई दिल्ली,** 18 अक्टूबर (एजेंसियां)। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी के बीच घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम में आज कोई बदलाव नहीं हुआ, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर पर रहा।



## झारखंड में दो पावर प्लांट अलग-अलग वजहों से ठप, तीसरे प्लांट में कोयले की कमी, गहरा रहा बिजली संकट



**रांची,** 18 अक्टूबर (एजेंसियां)। झारखंड में बिजली का संकट एक बार फिर गहरा रहा है। राज्य में स्थित दो पावर प्लांट अलग-अलग वजहों से ठप पड़ गए हैं, जबकि एक अन्य पावर प्लांट में जरूरत के मुताबिक कोयले की आपूर्ति न होने से उत्पादन प्रभावित होने के हालात पैदा हो गए हैं। राज्य को पिछले दो दिनों से डिमांड की तुलना में चार से पांच सौ मेगावाट बिजली कम मिल रही है। राज्य के नॉर्थ कर्णपुरा में प्रतिदिन करीब 660 मेगावाट बिजली का उत्पादन करने वाली एनटीपीसी का पावर प्लांट तकनीकी गड़बड़ी की वजह से मंगलवार को ठप हो गया।

बताया जा रहा है कि इसके बॉयलर में लीकेज की समस्या आ गई है, जिसे दुरुस्त करने में दो-तीन दिनों का वक्त लग सकता है। इस प्लांट से झारखंड को करीब 170 मेगावाट बिजली हासिल होती है, जबकि बाकी बिजली सेंट्रल पूल और बाहर के राज्यों को भेजी जाती है। बोकारो थर्मल स्थित दामोदर वैली कॉरपोरेशन के पावर प्लांट से रविवार को उत्पादन बंद हो गया था।

दरअसल, यहां पावर प्लांट से निकल रही छाई कोनार नदी में बह रही थी। कई कोशिशों के बाद भी प्रबंधन इसे बंद नहीं कर पाया। इसके बाद स्थानीय प्रबंधन ने 500 मेगावाट क्षमता वाले इस प्लांट को बंद कर दिया। इसकी वजह से राज्य में डीवीसी कमांड एरिया के अंतर्गत आने वाले जिलों हजारीबाग, धनबाद, बोकारो, रामगढ़, चतरा, गिरिडीह और कोडरमा में बिजली कटौती की जा रही है। इन जिलों में डिमांड के हिसाब से बिजली नहीं मिल पा रही है। तेनुघाट स्थित राज्य सरकार का पावर प्लांट टीवीएएनएल (तेनुघाट विद्युत निगम लिमिटेड) कोयले की कमी की समस्या से जूझ रहा है और यहां कभी भी उत्पादन ठप हो सकता है।

प्लांट के पास मात्र एक दिन का कोयला स्टॉक बचा है। यहां सीसीएल (सेंट्रल कोल फील्ड्स लि.) की ओर से कोयले की आपूर्ति होती है, लेकिन इसके एवज में टीवीएनएल पर 1400 करोड़ का बकाया हो जाने की वजह से सीसीएल ने कोयले की सप्लाई घटा दी है।

## ट्रैवल टेक फर्म एक्सपीडिया ने दूसरे दौर में 100 कर्मचारियों को नौकरी से निकाला : रिपोर्ट



**सैन फ्रंसिस्को,** 18 अक्टूबर (एजेंसियां)। अमेरिका स्थित ट्रैवल टेक कंपनी एक्सपीडिया ग्रुप ने नौकरी में कटौती के दूसरे दौर में लगभग 100 कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया है, जिसका असर उसके उत्पाद और तकनीकी संगठन पर पड़ा है। स्किफ्ट के अनुसार, साल 2022 के अंत में कंपनी में 16,500 कर्मचारी थे और 100 कर्मचारी इसके वैश्विक कार्यबल के एक प्रतिशत से भी कम का प्रतिनिधित्व करते हैं।

कंपनी के एक प्रवक्ता के अनुसार, हम अपने ग्राहकों को बेहतरीन यात्रा अनुभव देने के लिए प्रतिबद्ध हैं क्योंकि मांग अधिक बनी हुई है। जैसे-जैसे हम अपने व्यवसाय परिवर्तन के साथ संचालन को संरेखित करते हैं, इसके परिणामस्वरूप कुछ भूमिकाएं समाप्त हो सकती हैं। हम अपनी रणनीति में आश्वस्त हैं और अपने सभी कर्मचारियों के योगदान को महत्व देते हैं।

एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, कंपनी ने पुष्टि की है कि यह हाल के महीनों में नौकरी में कटौती का दूसरा दौर था, लेकिन उसने पहले दौर के बारे में कोई डिटेल नहीं दी। रिपोर्ट के अनुसार, प्रभावित लोगों में से कई ने एक्सपेडिया समूह के डेटा और एआई समूहों में काम किया है। इस बीच, माइक्रोसॉफ्ट के मालिकाना हक वाले लिंक्डइन ने घोषणा की है कि वह कंपनी की इंजीनियरिंग, उत्पाद, प्रतिभा और वित्त टीमों में लगभग 668 नौकरियों में कटौती करेगी।

लिंक्डइन ने एक ब्लॉगपोस्ट में कहा, आज हमने अपनी टीम के साथ जो बदलाव साझा किए हैं, उनके परिणामस्वरूप हमारी इंजीनियरिंग, उत्पाद, प्रतिभा और वित्त टीमों में लगभग 668 भूमिकाएं कम हो जाएंगी। सीएनबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, यह कटौती तब हुई है जब व्यवसाय-उन्मुख सोशल नेटवर्क ने लगातार आठ तिमाहियों से धीमी राजस्व वृद्धि का अनुभव किया है।

## मारुति ने बेची 10 लाख ऑटोमेटिक कारें

**नई दिल्ली,** 18 अक्टूबर (एजेंसियां)। यात्री वाहन बनाने वाली प्रमुख कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड (एमएसआईएल) ने 10 लाख ऑटोमेटिक वाहन बेचने की घोषणा की है। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि उसके लिए यह मील का पत्थर है जिसे उसने पार कर लिया है। ऑटोमोटिव इनोवेशन में अग्रणी ब्रांड के रूप में मारुति सुजुकी ने भारत में दो-पेडल स्वचालित कार तकनीक को लोकप्रिय बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। वर्तमान में कंपनी चार अलग-अलग ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन सिस्टम प्रदान करती है जिसमें ऑटो गियर शिफ्ट (एजीएस), 4-स्पीड ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन (एटी), स्टीयरिंग माउंटेड पैडल शिफ्टर्स के साथ एडवांस्ड 6-स्पीड ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन (एटी) और इलेक्ट्रॉनिक-कंटीन्यूअस वेरिएबल ट्रांसमिशन (ई-सीवीटी) 16 मॉडलों में अपने ग्राहकों की बढ़ती जरूरतों को पूरा करता है। मारुति सुजुकी ने उपभोक्ता द्वारा समर्थित नवीन प्रौद्योगिकियों को अपनाया है। 2014 में कंपनी ने एजीएस तकनीक पेश की जिसे तुरंत ग्राहकों की स्वीकृति मिली। आज कंपनी द्वारा बेचे जाने वाले 65 प्रतिशत स्वचालित वाहन एजीएस तकनीक से सुसज्जित हैं। एटी ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन मॉडल की हिस्सेदारी कंपनी की कुल ऑटोमैटिक बिक्री का 27 प्रतिशत है, जबकि हाइब्रिड ई-सीवीटी ट्रांसमिशन उसकी ऑटोमैटिक बिक्री का लगभग 8 प्रतिशत है।

## मंडियों तक पहुंची पौने दो करोड़ सेब की पेटियां



**शिमला,** 18 अक्टूबर (एजेंसियां)। हिमाचल प्रदेश में पिछले वर्ष की तुलना में इस बार सेब की फसल आधी है और प्राकृतिक आपदा की मार भी बागवानों को इस बार झेलनी पड़ी है। बावजूद इसके अभी तक मंडियों में एक करोड़ 75 लाख सेब की पेटियां पहुंच गई है, जबकि एमआईएस के तहत भी 51 हजार मीट्रिक टन सेब एचपीएमसी और हिमफेड ने खरीद लिया है। यह जानकारी बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी ने बुधवार को यहां दी। बागवानों से एमआईएस के तहत भी एचपीएमसी और हिमफैड भी सेब प्रीक्योर कर रहा है। एमआईएस के तहत खरीदे गए सेब की बागवानों की 40 करोड़ की देनदारी बाकी है। करीब 40 करोड़ रुपए दिए जा चुके हैं शेष देनदारी को भी सरकार शीघ्र दे देगी।

उन्होंने विपक्ष पर हमला बोलते हुए कहा कि सरकार ने प्राकृतिक आपदा से बेहतरीन ढंग से निपटते हुए सेब की फसल को मंडियों तक पहुंचाने का काम किया है। जबकि विपक्ष सेब की फसल सड़ने के बेबुनियाद आरोप लगा रहा था। किलो के हिसाब से सेब बेचने का विरोध हो रहा था, लेकिन सरकार ने किलो के हिसाब से सेब बेचने का निर्णय लागू किया और बागवानों को अच्छे दाम मिले हैं।

उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राजीव बिंदल के सरकार गिरने के बयान पर कहा कि भाजपा मुंगेरीलाल के हसीन सपने देख रही है जबकि प्रदेश सरकार बेहतरीन कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा का शीर्ष नेतृत्व 10 महीने की कांग्रेस सरकार में ही परेशान हो चुका है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में इस समय 22 हजार से अधिक इंतकाल के मामले लंबित है इसके निपटारे के लिए राजस्व विभाग द्वारा 30 और 31 अक्टूबर को प्रदेश भर में दो दिनों के लिए इंतकाल दिवस मनाया जाएगा। श्री नेगी ने बताया कि प्रदेश में राजस्व के हजारों मामले पेंडिंग पड़े हैं जिनमें 22000 से अधिक मामले इंतकाल के है। ऐसे में इंतकाल दिवस मनाने का फैसला लिया गया है । जहां अधिक से अधिक ऐसे मामलों को निपटाया जाएगा उन्होंने कहा कि आने वाले समय में पेंडिंग मामलों की संख्या को देखते हुए प्रति माह इंतकाल दिवस मनाने की योजना है। राजस्व मंत्री ने जनता के राजस्व संबंधी मामलों को समय पर पूरा करने की प्रतिबद्धता को दोहराया और कहा कि सरकार हर क्षेत्र में बेहतरीन कार्य कर रही है। जिसके चलते प्रदेश में विपक्ष के पास अब कोई मुद्दा नहीं बचा है और आए दिन सरकार पर बे-बुनियाद आरोप लगाने में लगा है।

### सार संक्षेप

## कच्चे तेल पर अप्रत्याशित लाभ पर कर में कटौती से ओएनजीसी, ऑयल इंडिया को फायदा होगा

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने अपनी पाक्षिक समीक्षा में 18 अक्टूबर से घरेलू कच्चे तेल पर विंडफॉल टैक्स (अप्रत्याशित लाभ पर कर) को 12,200 रुपये से घटाकर 9,050 रुपये प्रति टन कर दिया है। इससे ओएनजीसी और ऑयल इंडिया लिमिटेड सहित अपस्ट्रीम तेल कंपनियों को फायदा होगा। इससे पहले सरकार ने उस समय अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत 95 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंचने के कारण 30 सितंबर से कच्चे तेल पर विंडफ़ॉल टैक्स 10 हजार रुपये से बढ़ाकर 12,100 रुपये प्रति टन कर दिया था क्योंकि उस समय तेल की कीमतें 95 डॉलर प्रति बैरल तक बढ़ गई थीं। बीच में तेल की कीमतें कम हो गईं, लेकिन इज़राइल-हमास संघर्ष के मद्देनजर एक बार फिर इसमें तेजीी शुरू हो गई है। विमान ईंधन पर भी विंडफॉल टैक?स 3.50 रुपये प्रति लीटर से घटाकर एक रुपये और डीजल पर चार रुपये प्रति लीटर से घटाकर तीन रुपये कर दिया गया है, जिससे पेट्रोलियम उत्पादों का निर्यात करने वाले डाउनस्ट्रीम तेल रिफाइनर को लाभ होने की उम्मीद है। सरकार ने पहली बार पिछले साल जुलाई में कच्चे तेल उत्पादकों पर विंडफॉल टैक्स लगाया था। जब निजी रिफाइनरों ने घरेलू बिक्री के बजाय विदेशी बाजारों में मजबूत रिफाइनिंग मार्जिन से लाभ कमाना शुरू कर दिया तो सरकार ने पेट्रोल, डीजल और विमान ईंधन के निर्यात पर लेवी बढ़ा दी।


## हुंडई, किआ ने जर्मनी की टॉप ऑटोमोटिव चिप निर्माता के साथ की पार्टनरशिप

**सोल।** साउथ कोरिया की प्रमुख कार निर्माता हुंडई मोटर और किआ ने बुधवार को कहा कि उन्होंने जर्मन ऑटोमोटिव चिप निर्माता इनफिनॉन टेक्नोलॉजीज एजी के साथ स्ट्रेटेजिक पार्टनरशिप की है, ताकि इसकी पावर सेमीकंडक्टर सप्लाई चेन को सुरक्षित किया जा सके। समाचार एजेंसी योनहाप की रिपोर्ट के अनुसार, जर्मनी के म्यूनिख में हुई डील के तहत, कंपनियां पावर सेमीकंडक्टर डेवलप करने में सहयोग करेंगी, जो इलेक्ट्रिक पावर को कंट्रोल करने और कंवर्ट करने के लिए इको-फ्रेंडली कारों के लिए एक प्रमुख कंपोनेंट है। उन्होंने कहा कि हुंडई और किआ 2030 तक इलेक्ट्रिक और हाइब्रिड वाहनों के प्रोडक्शन के लिए इनफिनियन से अपने पावर सेमीकंडक्टर का एक हिस्सा भी प्राप्त करेंगे। इन्फिनियन ऑटोमोटिव चिप मार्केट में एक वर्ल्ड लीडर है, जिसके प्रोडक्ट पोर्टफोलियो में ऑटोमोटिव माइक्रोकंट्रोलर, पावर सेमीकंडक्टर और सेंसर शामिल हैं। हुंडई और किआ 2000 के दशक की शुरुआत से जर्मन कंपनी के साथ काम कर रहे हैं। हुंडई और किआ के पेरेंट हुंडई मोटर ग्रुप ने कहा कि पार्टनशिप से कंपनी को इको-फ्रेंडली कारों के लिए एक सप्लाई चेन हासिल करके ग्लोबल इलेक्ट्रिक व्हीकल इंडस्ट्री में नेतृत्व करने में मदद मिलेगी।

# शेयर बाजार गिरावट में

**मुंबई** 18 अक्टूबर (एजेंसियां)। वैश्विक स्तर से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही घरेलू स्तर पर पावर, बैंकिंग, वित्तीय सेवायें सहित अधिकांश समूहों में हुयी बिकवाली के कारण शेयर बाजार गिरावट लेकर बंद हुआ। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 551.07 अंक टूटकर 65877.02 अंक पर और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 140.40 अंक गिरकर 19671.10 अंक पर रहा। इस दौरान छोटी और मझौली कंपनियों में भी बिकवाली देखी गयी जिससे बीएसई का मिडकैप 0.85 प्रतिशत उतरकर 32237.37 अंक पर और स्मॉलकैप 0.32 प्रतिशत फिसलकर 38462.63 अंक पर रहा।

बीएसई में कुल 3843 कंपनियों में कारोबार हुआ जिसमें से 2268 गिरावट में और 1436 बढ़त में रही जबकि 139 में कोई बदलाव नहीं हुआ। बीएसई में शामिल अधिकांश समूहों में गिरावट देखी गयी जिसमें पावर में सबसे अधिक 1.45 प्रतिशत की गिरावट रही। इस दौरान सिर्फ हेल्थकेयर 0.33 प्रतिशत और ऑटो 0.14 प्रतिशत की बढ़त में रहा। वैश्विक स्तर पर बिकवाली देखी गयी। जापान के निक्केई में 0.01 प्रतिशत की मामूली बढ़त के अलावा सभी प्रमुख सूचकांक गिरावट में रहा जिसमें ब्रिटेन का एफटीएसई 0.59 प्रतिशत, जर्मनी का डैक्स 0.65 प्रतिशत, हांगकांग का हैंगसेंग 0.23 प्रतिशत और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.80 प्रतिशत शामिल है। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 35 अंकों की बढ़त के साथ 66473.74 अंक पर खुला। शुरूआती कारोबार में ही यह 66475.27 अंक के उच्चतम स्तर तक चढ़ा लेकिन बिकवाली के दबाव में यह 65482.10 अंक के निचले स्तर तक टूटा। अंत में यह पिछले दिवस के 66428.09 अंक की तुलना में 551.07 अंक अर्थात 0.83 प्रतिशत गिरकर 65877.02 अंक पर रहा। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में से 26 को नुकसान हुआ जबकि मात्र चार को लाभ हो सका। एनएसई का निफ्टी 9 अंकों की बढ़त के साथ 19820.45 अंक पर खुला। शुरूआत में ही यह 19840.95 अंक के उच्चतम स्तर तक चढ़ा लेकिन बिकवाली के कारण 19659.95 अंक के निचले स्तर तक उतरा। अंत में यह पिछले दिवस के 19811.50 अंक की तुलना में 140.40 अर्थात 0.71 प्रतिशत उतरकर 19672.10 अंक पर रहा।




### मध्य पूर्व में संघर्ष तेज होने से निफ्टी पर बिकवाली का दबाव


मध्य पूर्व में बढ़ते संघर्ष और अमेरिका में लंबे समय तक हाई इंटरेस्ट रेट की चिंताओं के बीच घरेलू शेयरों में बुधवार को बिकवाली का दबाव देखा गया। यह कहना है मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज के खुदरा अनुसंधान प्रमुख सिद्धार्थ खेमका का। निफ्टी सपाट खुला लेकिन जल्द ही लाल निशान में चला गया और 140 अंक (-0.7 प्रतिशत) के नुकसान के साथ दिन के निचले स्तर 19,671 पर बंद हुआ। व्यापक बाजार में भी गिरावट आई और मिडकैप100 और स्मॉलकैप100 में क्रमश: 0.9 प्रतिशत और 0.3 प्रतिशत की गिरावट आई। ऑटो और फार्मा को छोड़कर सभी सेक्टर लाल निशान में बंद हुए। बैंक निफ्टी में सबसे ज्यादा 1.2 फीसदी की गिरावट आई। आगे चलकर, बाजार में निकट अवधि में दबाव देखने को मिल सकता है क्योंकि कमोडिटी में ब्रेंट क्रूड और सोने की कीमतें 1 महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई हैं, जबकि यूएस 10-वर्षीय बॉन्ड यील्ड बढ़कर 4.8 प्रतिशत से ऊपर हो गई है।

## नैनीताल बैंक ने अर्जित किया 82 करोड़ का अर्द्धवार्षिक लाभ

**नैनीताल,18** अक्टूबर (एजेंसियां)। उत्तराखंड में नैनीताल बैंक ने चालू वित्तीय वर्ष 2023-24 में 82 करोड़ रुपये का अर्द्ध वार्षिक लाभ अर्जित किया है। बैंक ने अपने सकल व्यवसाय में 8.75 की वृद्धि दर्ज की है। यह रहस्योद्घाटन बैंक के प्रबंध निदेशक निखिल मोहन ने बुधवार को बैंक के प्रधान कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत के दौरान किया। उन्होंने कहा कि बैंक का नेट वार्षिक लाभ 2.46 गुना बढ़ गया है। उन्होंने इसे बैंक के ग्राहकों, उपभोक्ताओं के साथ ही अधिकारियों और कर्मचारियों की मेहनत का परिणाम बताया। श्री मोहन ने बैंक की योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि बैंक वित्तीय समावेश के संरूपण के लिये मोबाइल बैंकिंग के क्षेत्र में अपने कदम तेजी से बढ़ा रहा है। कहा कि इससे ग्रामीण क्षेत्रों की जनता को लाभ होगा। उन्होंने यह भी कहा कि बैंक ग्राहकों तक खुद अपनी पहुंच बना रहा है। नैनीताल जनपद में एक मोबाइल वैन काम कर रही है। इसके अच्छे परिणाम मिल रहे हैं। बैंक के प्रति लोगों का रूझान बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि बैंक अपने ग्राहकों को पीओएस, यूपीआई और क्यूआर कोड जैसी सेवायें भी उपलब्ध करा रहा है। बैंक द्वारा मोबाइल बैंकिंग एप्लीकेशन भी शीघ्र चालू की जायेगी। जिससे ग्राहकों को आधुनिक सुविधा का लाभ मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि त्योहारी सीजन को देखते हुए बैंक ने घर और वाहन ऋृण पर अपने ग्राहकों से प्रोसेसिंग शुल्क नहीं लेने का निर्णय लिया है। उन्होंने यह भी बताया कि बैंक ग्राहकों की सुविधा के लिये अपनी सभी शाखाओं में अतिशीघ्र डिजिटल यूनिट भी स्थापित करने जा रहा है। उन्होंने बताया आगे कहा कि बैंक त्योहार के मौसम में नैनी बचत प्लेटिनियम खाता, नैनी करंट प्लेटिनियम खाता और आरडी खातों में लखपति योजना के नाम से नयी योजनायें शुरू की हैं। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिये स्वयं सहायता समूह को वित्त पोषित करने के लिये भी नयी योजना लागू की हैं।

## सूरजमुखी तेल व सोया रिफाइंड में नरमी

**नई दिल्ली,** 18 अक्टूबर (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों के मिश्रित रुझान के बीच आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में सूरजमुखी तेल और सोया रिफाइंड तेल में नरमी रही जबकि शेष खाद्य तेल एवं दाल-दलहन में टिकाव रहा।



तेल-तिलहन - वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में नवंबर का पाम ऑयल वायदा दो रिंगिट बढ़कर 3737 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। वहीं, नवंबर का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.18 सेंट की गिरावट लेकर 55.72 सेंट प्रति पौंड बोला गया।

इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख रहा। सूरजमुखी तेल 146 रुपये प्रति क्विंटल और सोया रिफाइंड 147 रुपये प्रति क्विंटल नरम रहा। इस दौरान सरसों तेल, मूंगफली तेल, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे।

**दाल-दलहन :** दाल-दलहन बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, अरहर दाल, मसूर दाल, मूंग दाल और उड़द दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ और वे पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे।

**अनाज :** अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान चावल और गेहूं के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**दाल-दलहन :** चना 6200-6300, दाल चना 7200-7300, मसूर काली 7550-7650, मूंग दाल 9650-9750, उड़द दाल 9800-9900, अरहर दाल 9500-9600 रुपये प्रति क्विंटल रहे।

## एनवीडिया के साथ मिलकर एआई से जुड़े उत्पादों के संयंत्र लगायेगा फॉक्सकॉन




ताइपे, 18 अक्टूबर (एजेंसियां)। ग्राफिक्स क्षेत्र की दिग्गज कंपनी एनवीडिया ने एआई संयंत्रों के निर्माण के साथ एआई औद्योगिक क्रांति में तेजी लाने के लिए होन हाई टेक्नोलॉजी ग्रुप (फॉक्सकॉन) के साथ सहयोग की घोषणा की है। फॉक्सकॉन एप्लिकेशन्स की एक विस्तृत श्रृंखला को शक्ति प्रदान करने वाले डेटा केंद्रों की एक नई श्रेणी विकसित करने के लिए एनवीडिया तकनीक को एकीकृत करेगा - जिसमें विनिर्माण और निरीक्षण वर्कफ़्लो का डिजिटलीकरण, एआई-संचालित इलेक्ट्रिक वाहन तथा रोबोटिक्स प्लेटफार्मों का विकास, और भाषा-आधारित जेनरेटर एआई सेवाओं की बढ़ती संख्या शामिल है। फॉक्सकॉन के अध्यक्ष और सीईओ यंग लियू ने कहा, सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि एनवीडिया और फॉक्सकॉन मिलकर इन कारखानों का निर्माण कर रहे हैं। हम नए एआई युग में तेजी से आगे बढ़ने में पूरे उद्योग की मदद करेंगे। एनवीडिया के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी जेनसेन हुआंग ने ताइवान में चौथे वार्षिक होन हाई टेक दिवस पर कहा कि एक नए प्रकार का विनिर्माण उभरा है - इंटेलिजेंस का उत्पादन, और जो डेटा सेंटर इसका उत्पादन करते हैं वे एआई फ़ैक्टरियाँ हैं। दुनिया की सबसे बड़ी निर्माता फॉक्सकॉन के पास विश्व स्तर पर एआई कारखाने बनाने की विशेषज्ञता और पैमाना है। एआई औद्योगिक क्रांति में तेजी लाने के लिए फॉक्सकॉन के साथ अपनी एक दशक पुरानी साझेदारी का विस्तार करते हुए हमें खुशी हो रही है। एनवीडिया के साथ मिलकर काम करते हुए, फॉक्सकॉन को अपने वैश्विक ग्राहक आधार के लिए बड़ी संख्या में एनवीडिया सीपीयू, जीपीयू और नेटवर्किंग पर आधारित सिस्टम बनाने की उम्मीद है, जो एनवीडिया एआई एंटरप्राइज सॉफ्टवेयर के साथ अनुकूलित अपने स्वयं के एआई कारखाने बनाने और संचालित करने की तलाश में है।

इन एनवीडिया प्लेटफार्मों के साथ एक एआई फैक्ट्री फॉक्सकॉन को एआई प्रशिक्षण और अनुमान को पूरा करने, फैक्ट्री वर्कफ़्लो को बढ़ाने और भौतिक दुनिया में तैनाती से पहले आभासी दुनिया में सिमुलेशन चलाने की क्षमता दे सकती है। संपूर्ण रोबोटिक्स और ऑटोमेशन पाइपलाइन को शुरू से अंत तक सिमुलेट करने से फॉक्सकॉन को परिचालन दक्षता हासिल करने, समय और लागत बचाने का मार्ग मिलता है।

हुआंग वैश्विक ऑटोमोटिव बाजार के लिए इंटेलिजेंट इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) प्लेटफार्मों की अगली लहर विकसित करने के लिए चल रही अपनी साझेदारी में नवीनतम के अनावरण के लिए लियू के साथ शामिल हुए। यह नवीनतम कदम फॉक्सकॉन को एनवीडिया ड्राइव समाधानों की एक श्रृंखला के साथ अपने ईवी दृष्टिकोण को साकार करने में मदद करेगा।

इसके अलावा, फॉक्सकॉन अत्यधिक स्वचालित और स्वायत्त, एआई-समृद्ध ईवी का एक अनुबंध निर्माता होगा, जिसमें आगामी एनवीडिया ड्राइव हाइपरियन 9 प्लेटफॉर्म शामिल होगा, जिसमें ड्राइव थॉर और एक अत्याधुनिक सेंसर आर्किटेक्चर शामिल है।

# केंद्र सरकार ने दिया 2100 रूपये धान का समर्थन मूल्य

- 500 रूपये लगाकार वाहवाही लुट रहे है भूपेश बघेलः हेमंत बिस्वा सरमा
- दारु भट्ठी बंद करने का वादा कर गाँव गाँव शराब बेच रहे है भूपेश बघेल





**कवर्धा,** 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। भाजपा प्रत्याशी विजय सरमा के नामांकन रैली में शामिल हुए असम के मुख्यमंत्री हेमंत बिस्वा सरमा। श्री शर्मा ने स्थानीय पुराना मंडी प्रागण में रैली से पहले आयोजित जनसभा को संबोधित किया . इस दौरान राज्य के सह प्रभारी नितिन नबीन ,राज्य सभा सांसद पवित्र जी सांसद संतोष पांडे ,पूर्व सांसद अभिषेक सिंह,जिला अध्यक्ष अशोक साहू ने भी सभा को संबोधित किया.

हेमंत बिस्वा सरमा शर्मा ने कांग्रेस सरकार पर हमला करते हुए आरोप लगाया कि झूठे वादे कर सत्ता तक पहुचने में सफल रही कांग्रेस ने महिलाओ को,युवाओं को ठगने का काम किया है। पूर्ण शराब बंदी का कसम खाने वाले भूपेश बघेल पुरे भारत में घर घर तक शराब पहुचाने वाले मुख्यमंत्री के रूप में जाने जाते है।

भूपेश सरकार कहते थे बेरोजगारी भत्ता देंगे मुझे लोग बताते है वो भी आधा अधुरा चूनाव को देखकर अभी चालु किया . भारतीय जनता पार्टी रोजगार देने में भरोषा करती है बेरोजगारी भत्ता देने में . रोजगार तो दे न सके उल्टा पीएससी में बैठे कांग्रेस के बिचोलियों ने और उनसे जुड़े अधिकारियों से पीएससी का सारा कोटा खुद बाट लिया . योग्य यूवा हतोसाहित है इसने युवाओं को भी दोखा दिया है .

उन्होंने कहा धान का समर्थन मूल्य 2100 केंद्र सरकार देती है ,मात्र 600 मिलाकर योजना का झूठा नामकरण कर राजीव न्याय योजना बनाने से न्याय नहीं होता . केंद्र सरकार ने किसान सम्मान निधि से 6 हजार रूपये सीधे किसानो के खाते में भेजा है .समर्थन मूल्य को केंद्र सरकार निरंतर बढ़ा रही है . गरीब ,किसानो ,युवाओं ,महिलाओं घर ,शौचालय ,रोजगार व गैस सिलेंडर देने का काम मोदी जी ने किया .असल में न्याय मोदी जी कर रहे है समाज के हर वर्ग को साथ लेकर चल रहे है।

उन्होंने कांग्रेस विधायक अकबर व कांग्रेस सरकार को घेरते हुए कहा असम में कांग्रेस की सरकार बनी असम बंगलादेशी घुसपैठियों का अड्डा बन गया .हमे रोज इस समस्या से निपटना पड़ता है । लव जिहाद ,लैंड जिहाद अब बर्दास्त नही किया जा सकता। कवर्धा में जो हुआ उसे शुरुवात समझे। उन्होंने कहा छत्तीसगढ़ में धर्मांतरण बड़ा मुद्दा है सरकार सेक्युलरिज्म के नाम पर किसी भी अपराधी को सरक्षण दे ये सेक्युलरिज्म नहीं होता . भारत ने वसुधैव कुटुम्बकम का मन्त्र दिया ये सेक्युरिजम है पूरा विश्व एक है एक परिवार है . बाबा साहब अम्बेडकर ने जो कहा उस सेक्युलरिज्म को हम समझते है . गरीब ,मजबूर आदिवासी वन वासी भाइयो को लालच ,डर और पैसे खर्च कर धर्मांतरण कराने वालो पर कार्यवाही क्यों नहीं होती .

उन्होंने कहा भारतीय जनता पार्टी का सरकार बनाइए ,विकास के साथ कानून का राज्य हम देंगे . जिन्होंने राम को काल्पनिक कहा वे राम राम कहने लगे क्योंकि केंद्र में नरेंद्र मोदी सरकार है उन्होंने धारा 370 हटाया ,श्री राम मंदिर निर्माण का मार्ग प्रशस्त किया अब जनवरी में भव्य मंदिर में राम लला विराजमान होंगे .हम सबको अयोध्या चलना है . उन्होंने कहा असम और छत्तीसगढ़ संख्या के दृष्टि से एक जैसा राज्य है छत्तीसगढ़ के 10 लाख लोग असम चाय बगान में काम करते है . हमारा छत्तीसगढ़ से प्रेम आप लोगो से मिलके और बढ़ गया . बहुत अच्छी बोली है छत्तीसगढ़ .

नामांकन रैली में कवर्धा एवं पंडरिया के भाजपा प्रत्याशी विजय शर्मा एवं श्रीमती भावना बोहरा ने जनता से आशीर्वाद लिया .

सभा का संबोधित करते हुए हेमंत बिस्वा सरमा ने कहा अपने स्वाभिमान के मान बिन्दुओ का अपमान कवर्धा बर्दास्त नही करेगा . उन्होंने कहा कवर्धा के जनता के पीठ पर पड़े हजारो लाठियों का दर्द अब भी मौजूद है . हम पैसे की नहीं पसीने के राजनीति करते है . विधायक को कवर्धा से भगाकर स्वामी करपात्री जी ने जैसा सोचा था ,गुरूघासी दास ने जैसा सोचा कबीरदास जी ने जैसा सोचा था ऐसा कवर्धा बनाना है। भय ,भ्रस्टाचार और आतंक का अंत होगा कवर्धा विधासभा चुनाव मुक्ति संग्राम है।

पुराना मंडी प्रांगण में आयोजित सभा में पूर्व जिला अध्यक्ष रामकुमार भट्ट ,अनिल सिंह ,उपाध्यक्ष नितेश अग्रवाल ,जसविंदर बग्गा ,राजेन्द्र चन्द्रवंशी ,श्रीमती देवकुमारी चन्द्रवंशी ,कैलाश चन्द्रवंशी ,महामंत्री संतोष पटेल ,मंडल अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चन्द्रवंशी ,पियूष सिंह ,श्रीकांत उपाध्याय ,मनीराम साहू ,सहित सभी मंडल के मंडल अध्यक्ष ,महामंत्री पदाधिकारी गण ,हजारो की संख्या में कार्यकर्ता ,ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

### भाजपा प्रत्याशी विजय शर्मा के नामांकन रैली के लिए उमड़ा जनसैलाब

भारतीय जनता पार्टी के कवर्धा विधानसभा प्रत्याशी विजय शर्मा ने बुधवार को नामांकन दाखिल किया। इससे पहले उन्होंने पूरे कवर्धा में रैली किया। रैली पुराना मंडी प्रांगण से प्रारम्भ होकर ,सिग्नल चौक ,भारतमाता चौक ,रानी दुर्गावती चौक होते हुए कलेक्ट्रेड कार्यालय तक पहुँची . जहाँ जिला निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय में पहुचकर विजय शर्मा ने अपना नामांकन दाखिल किया।

इस दौरान असम के मुख्यमंत्री हेमंत विश्व शर्मा ,छत्तीसगढ़ के सह प्रभारी नितिन नबीन ,कवर्धा सांसद संतोष पाण्डेय ,पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ,जिला अध्यक्ष अशोक साहू ,पंडरिया प्रत्याशी श्रीमती भावना बोहरा विशेष रूप से उपस्थित रही ।

पुरे नगर में आज दिन भर रैली चर्चा में रही। हजारो कार्यकर्ता बाजे गाजे के साथ कवर्धा में विजय शर्मा के नामाकन रैली में शामिल हुए . इस दौरान सभा का भी आयोजन किया गया था जिसमे लोगो का उत्साह था।

# सभा, रैली, जुलूस धरना के लिए सक्षम अधिकारी से विधिवत अनुमति अनिवार्य

- जिले में धारा 144 प्रभावशील

**कवर्धा,** 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जनमेजय महोबे ने शांति बनाएं रखने तथा निर्वाचन प्रक्रिया निर्विघ्न, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए जिले में दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 की धारा 144 (1) एवं (2) के तहत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है।

जारी आदेश में बताया गया है कि कबीरधाम जिले के अंदर कोई भी व्यक्ति किसी भी प्रकार का घातक अस्त्र-शस्त्र (जैसे-बंदूक, रायफल, रिवाल्वर, पिस्टल इत्यादि) तलवार, भाला, बरछा, लाठी, गुप्ती अथवा अन्य अस्त्र-शस्त्र लेकर सार्वजनिक स्थानों पर नहीं चलेगा। स्पष्टीकरण आदेश ऐसे शासकीय अधिकारियों/कर्मचारियों पर लागू नहीं होगा, जिन्हें अपने कार्य संपादन के लिए शस्त्र या लाठी रखना आवश्यक है। यह आदेश उन व्यक्तियों पर भी लागू नहीं होगा जो शारीरिक दुर्बलता, वृद्धावस्था व दिव्यांगता के कारण सहारे के रूप में लाठी लेकर चलते है। जारी आदेश में बताया गया है कि कबीरधाम जिला के अंदर कोई भी व्यक्ति या व्यक्तियों का समूह बिना सक्षम अधिकारी की अनुमति के न तो कोई सभा करेगा न ही कोई रैली या जुलूस निकाल सकेगा तथा न ही कोई धरना देगा। इस आदेश का उल्लंघन करने वाले समूह/व्यक्ति के विरूद्ध भारतीय दण्ड संहिता 1860 की धारा 188 एवं अन्य सुसंगत विधिक प्रावधानों के तहत कार्यवाही की जायेगी। यह आदेश आज से आगामी आदेश तक प्रभावशील रहेगा। समय का आभाव होने होने के कारण किसी पक्ष या व्यक्ति को सुनवाई का अवसर देना संभव नहीं हो सका है। यह आदेश समयाभाव के कारण एक पक्षीय पारित किया गया है। उल्लेखनीय है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा निर्वाचन-2023 के कार्यक्रम की घोषणा की जा चुकी है। निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही जिले में आदर्श आचार संहिता भी प्रभावशील हो चुकी है। भारत निर्वाचन आयोग के स्थायी आदेशों के द्वारा भी निर्वाचन के दौरान शांति बनाएं रखने तथा निर्वाचन प्रक्रिया निर्विघ्न, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए अन्य उपायों के साथ-साथ प्रतिबंधात्मक उपाय भी किया जा रहा है।

**विधानसभा आम निर्वाचन-2023**

# निगरानी दलों ने अब तक 6 करोड़ 57 लाख की नकद और वस्तुएं की जब्त

- प्रवर्तन एजेंसियां भी रख रही कड़ी नजर

**रायपुर,** 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ विधानसभा आम निर्वाचन-2023 की तिथि की घोषणा के साथ ही प्रदेश में आदर्श आचार संहिता 9 अक्टूबर से लागू हो गई है। प्रदेश में विभिन्न इन्फोर्समेंट एजेंसियों द्वारा निष्पक्ष और पारदर्शी निवार्चन हेतु मतदाता को प्रभावित करने के उद्देश्य से परिवहन की जा रही अवैध धन राशि या वस्तुओं पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। 19 विभिन्न प्रवर्तन एजेंसियों के माध्यम से धन और वस्तुओं के अवैध परिवहन तथा संग्रहण पर कड़ी नजर रखी जा रही है। आदर्श आचार संहिता लागू होने से अब तक अवैध धनराशि तथा वस्तुओं की बरामदगी का आँकड़ा 6 करोड़ 57 लाख 3 हजार 62 रूपए हो गया है। इसमें एक करोड़ 46 लाख रूपए नकद राशि बरामद की गई है।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रवर्तन एजेंसियों (इन्फोर्समेंट एजेंसी) द्वारा निगरानी के दौरान अब तक 13 हजार 574 लीटर अवैध शराब जब्त की गई है, जिसकी कीमत 41 लाख 68 हजार रूपए है। साथ ही 1945 किलोग्राम अन्य नशीली वस्तुएं, जिसकी कीमत लगभग 70 लाख रुपए है भी बरामद किया गया है। सघन जाँच अभियान के तहत अधिकारियों ने अवैध रूप से अन्य सामग्रियों जिनकी कीमत 2 करोड़ 17 लाख रूपए जब्त की हैं। इसके अतिरिक्त एक करोड़ 82 लाख रूपए कीमत के लगभग 83 किलोग्राम कीमती आभूषण तथा रत्न भी तलाशी के दौरान जब्त किया गया है। गौरतलब है कि 5 प्रमुख जिले जहां सबसे अधिक जब्ती की गई है, जिसमें क्रमशः बिलासपुर, रायगढ़, कोरबा, बस्तर तथा रायपुर शामिल है। विधानसभा निर्वाचन-2023 हेतु जब्तियों के संबंध में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रवर्तन एजेंसियों के लिए इलेक्शन सीजर मैनेजमेंट सिस्टम (ईएसएमएस) के रूप में वेब एवं मोबाइल एप लांच किया है। इस एप्प में लगभग 1600 से भी ज्यादा स्रस्ज्ञ / स्स्ज्ञ को रजिस्टर कर एप्प डाउनलोड करवाया गया है एवं इस एप्प के माध्यम से तत्काल जब्तियों की रिपोर्टिंग भी की जा रही है ।

# पतेरापाली गांव में युवक ने की भाभी व भतीजा की धारदार हथियार से हत्या

- आरोपी युवक पुलिस की गिरफ्त से बाहर
- आचार संहिता लगने के बाद बागबाहरा-कोमाखान क्षेत्र में दोहरे हत्याकांड का मामला

**बागबाहरा,** 18 अक्टूबर (देशबंधु)। कोमाखान थाने के ग्राम पतेरापाली (बिंद्रावन) में कल मंगलवार की शाम देवर ने अपने ही भाभी एवं भतीजा की नृशंस हत्या धारदार हथियार से कर मौत के घाट उतार दी। हत्यारे देवर ने माँ बेटे की हत्या कर घर के मुख्य दरवाजे में ताला लगाकर फरार हो गया। आरोपी ने भाभी व भतीजा की नृशंस हत्या किस कारण से की है। यह अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। बहरहाल कोमाखान पुलिस ने इस घटना की सूचना मिलते ही तत्काल दल बल के साथ मौका स्थल ग्राम पतेरापाली (बिंद्रावन) पहुंचकर शव का पंचनामा एवं मर्ग कायम कर आरोपी युवक के खिलाफ धारा 302 हत्या का मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। फरार आरोपी युवक को पकड़ने कोमाखान पुलिस ने अलग-अलग टीम गठित कर रवाना की गई है। विधानसभा चुनाव का आचार संहिता लगने के बाद बागबाहरा- कोमाखान क्षेत्र में हुए दोहरे हत्याकांड का यह पहला मामला है। जिसका आरोपी युवक पुलिस की गिरफ्त से बाहर है।

नवपदस्थअनुविभागीय अधिकारी पुलिस बागबाहरा डॉ. यूलैंडन यार्क एवं कोमाखान थाना प्रभारी राम अवतार पटेल ने इस घटना की जानकारी देते हुए बताया कि कोमाखान थाने के अंतर्गत कल मंगलवार की शाम ग्राम पतेरापाली (बिंद्रावन) निवासी आदिवासी युवक गैन्दूराम ठाकुर की पत्नी मृतिका श्रीमती तुलसी बाई ठाकुर 30 वर्ष एवं उसके मासूम पुत्र कमलेश ठाकुर 5 वर्ष अपने घर में थीं। इसी दौरान आदतन शराबी मृतिका की आरोपी देवर पोखराज ठाकुर 28 वर्ष पिता भगवान सिंह ठाकुर उनके पास पहुंचा। और मृतिका एवं देवर के बीच किसी अज्ञात बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी हो गई। इसी दौरान आरोपी देवर पोखराज ठाकुर गुस्से में आकर अपने भाभी एवं भतीजा की नृशंस हत्या धारदार हथियार सब्बल एवं परसूल हंसिया से कर घर में ताला लगाकर फरार हो गया। हत्या के दौरान घर में और कोई नहीं था। पुलिस ने आगे बताया कि कल मंगलवार 17 अक्टूबर की दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे के बीच आरोपी देवर ने उक्त दोनों माँ बेटे की हत्या कर फरार हो गया। मृतिका श्रीमती तुलसी बाई ठाकुर की पति गैन्दूराम ठाकुर काम करने अपने खेत गए हुए थे। शाम को 5 बजे जब वह अपने घर लौटा तो मुख्य दरवाजा में ताला लगा हुआ था। तथा चाबी को वहीं पर आरोपी ने रख दिया था। घर के मुख्य दरवाजे में लगे ताले को खोलकर घर अंदर प्रवेश किया तो पत्नी तुलसीबाई एवं मासूम पुत्र कमलेश ठाकुर की लाश खून से लथपथ जमीन में पड़ी हुई थीं। जिसे देखकर उनके होश उड़ गए। उसके बाद पति गैन्दूराम ठाकुर ने इस घटना की सूचना गांव के सरपंच, कोटवार, पंच एवं ग्रामीणों को दी। तत्पश्चात कोमाखान पुलिस को इस घटना की जानकारी तत्काल दी गई। घटना की सूचना मिलते ही बागबाहरा के नवपदस्थ एसडीओपी डॉ. यूलैंडन यार्क एवं कोमाखान थाना प्रभारी राम अवतार पटेल, टुहलू चौकी प्रभारी राजीव नाहर एवं सहायक उपनिरीक्षक शिव प्रसाद सिंह अपने दल बल के साथ घटना स्थल ग्राम पतेरापाली (बिंद्रावन) पहुंचे। जहाँ उन्होंने आदिवासी परिवार में हुए इस दोहरे हत्याकांड के मामले का विभिन्न कोणों से बारीकी से जाँच पड़ताल कर शव का पंचनामा करके पोस्टमार्टम हेतु बागबाहरा के चीरघर में रात में लाकर सुरक्षित रख दिया गया। जहाँ आज बुधवार को उक्त दोनों लाशों का पोस्टमार्टम कराकर अंतिम संस्कार हेतु परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने बताया कि आरोपी देवर पोखराज ठाकुर ने अपनी भाभी तुलसीबाई की सबसे पहले धारदार हथियार सब्बल एवं परसूल हंसिया से सिर, चेहरा एवं गर्दन में ताबड़तोड़ वार कर मौत के घाट उतार दिया। उसके बाद अपने मासूम भतीजा कमलेश ठाकुर के ऊपर भी उसी धारदार हथियार से सिर, चेहरा एवं गर्दन में जोरदार सघांतिक चोट पहुँचा कर उसे भी मौत के घाट उतार दिया। उसके बाद वह घर में ताला लगाकर फरार हो गया। जो पुलिस की पकड़ से बाहर है। आरोपी एवं मृतिका के पति एक ही मकान में अलग-अलग रूम में रहते है। आरोपी देवर ने अपने भाभी एवं मासूम भतीजा की हत्या किस वजह से की है, यह अभी स्पष्ट नहीं हो पाई है। पुलिस का कहना है कि आरोपी युवक आदतन शराबी है। वह शराब पीने के लिए अपने भाभी तुलसीबाई ठाकुर से पैसे की मांग की गई होगी। पैसे नहीं देने पर दोनों के बीच तू तू-मैं मैं हो गया होगा। इसी दौरान आरोपी युवक ने गुस्से में आकर दोनों की धारदार हथियार से नृशंस हत्या कर मौत के घाट उतार कर फरार हो गया। जिसकी पुलिस जोरो से खोजबीन कर रही है। विधानसभा चुनाव का आचार संहिता लगने के बाद बागबाहरा-कोमाखान क्षेत्र में दोहरे हत्याकांड का यह पहला मामला है। जिसका आरोपी युवक पुलिस की गिरफ्त से बाहर है।



**चुनाव से पहले एक्शन मोड़ पर पुलिस**

# वाहन जांच के दौरान बरामद हुए 6.43 लाख

**रायगढ़,** 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। चुनाव से पहले रायगढ़ पुलिस एक्शन मोड़ पर नजर आ रही है। मंगलवार को घरघोड़ा क्षेत्र में पुलिस और फ्लाईंग स्क्वॉड की जांच कार्रवाई में एक कैम्पर वाहन से 6 लाख 43 हजार 800 रूपये बरामद हुआ है। रविवार की रात पुलिस कप्तान सदानंद कुमार ने सभी थाना प्रभारियों की वर्चुअल मीटिंग लेकर की जा रही कार्रवाई पर असंतोष व्यक्त किया था। बैठक में फ्लाईंग स्क्वॉड के साथ अपने-अपने इलाकों में अलर्ट रहकर कार्रवाई के लिए निर्देश दिया गया था। जिसके बाद से जिले में सिलसिलेवार कार्रवाई देखी जा रही है।



बता दें कि मंगलवार को धरमजयगढ़ विधानसभा के घरघोडा क्षेत्र में फ्लाईंग स्क्वॉड-2 व थाना घरघोडा की संयुक्त टीम द्वारा जांच कार्रवाई दौरान घरघोडा बंगाली ढाबा चौक के पास एक पीकप वाहन को रोक कर तलाशी की गई। कैम्पर में सवार दामोदर यादव पिता चन्द्रोराम यादव उम्र 36 वर्ष निवासी ग्राम लिप्ती थाना कापू जिला रायगढ़ के पास रखे बैग को चेक करने पर बैग में 6 लाख 43 हजार 800 रूपये बरामद हुआ। पूछताछ में कैश के संबंध में दामोदर कोई संतोषप्रद जवाब नहीं दे पाए और ना ही कोई वैध कागजात प्रस्तुत किया गया। पुलिस द्वारा आचार संहिता का उल्लंघन के दृष्टिगत बरामद हुए नकदी 6,43,800 रूपये की विधिवत जब्ती कार्रवाई कर चुनाव सेल, पुलिस कार्यालय को सूचना दिया गया। थाना घरघोडा में एसडीओपी धरमजयगढ़ दीपक मिश्रा, नायाब तहसीलदार सहोदरराम साय एवं थाना प्रभारी घरघोडा निरीक्षक शरद चन्द्रा द्वारा कार्रवाई की जानकारी मीडिया को दी।

**प्रदेश में अनूठी झांकी**

# चैतन्य देवियों की झांकी बनी आकर्षण का केंद्र

**गरियाबंद,** 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिले के गांधी मैदान में चैतन्य (सजीव) देवियों की अनूठी झांकी आकर्षण का केंद्र बनी हुई है. प्रजापिता ब्रह्मकुमारी सेंटर गरियाबंद विगत 22 वर्षों से विभिन्न सामाजिक सेवाओं के माध्यम से अपना योगदान दे रहे हैं. इस वर्ष संस्था के द्वारा 17 से 21 तक इस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है. इसमें माता के 9 सजीव स्वरूपों को दिखाया जा रहा है. नवरात्र के अवसर पर माता की मूर्तियां तो विराजती हैं, मगर चैतन्य देवियों की झांकी कम ही देखने मिलती है. बिन्दु बहन ने बताया कि झांकी में दुर्गा देवी, काली देवी, लक्ष्मी देवी, सरस्वती देवी, गायत्री देवी, गंगा, वैष्णव देवी, उमा देवी और ब्रह्माचारिणी देवी का साक्षात दर्शन होगा.



- मप्र-छग के अलग-अलग शहरों में हो रहा आयोजन

चंपारण निवासी ब्रम्हकुमार भानू भाई ने बताया कि, वे पिछले 20 वर्षों से चैतन्य झांकी के माध्यम से अत्यात्मिक संदेश आमजनों तक पहुंचाने का प्रयास कर रहे हैं. नवरात्र के अवसर मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ राज्य के अलग-अलग शहरों में इसका आयोजन करते हैं.

संस्था की संचालिका ब्रम्हकुमारी बिंदु बहन ने बताया कि, चैतन्य झांकी देखने में जितनी अद्धुत लगती है. उसके लिए उतनी ही कठिन योग साधना करनी पड़ती है. चैतन्य देवी बनी बहनें रोज राजयोग और मेडिटेशन करती हैं, इससे मन और चित्त एकाग्र होता है और इसके उपरांत सारे इंद्रियों को वश में कर दुर्गुणों का नाश किया जा सकता है.

तरुण यादव ने कहा कि, गांधी मैदान में हो रहे दुर्गा उत्सव के माध्यम से चैतन्य देवी की झांकी दिखाने का उद्देश्य मुख्यालय सहित आसपास के क्षेत्र में आध्यात्मिक और सकारात्मक वातावरण बनाना है. वर्तमान परिदृश्य में जिस तरह की हमारी जीवन शैली हो चली है उसे योग और मेडिटेशन के माध्यम से बेहतर किया जा सकता हैं.

**चुनावी कामकाज में दिखी लापरवाही**

# 3 बीएलओ को नोटिस

**अंबिकापुर,** 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। निर्वाचन के महत्वपूर्ण कार्य में लापरवाही पर तीन बीएलओ को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। उदयपुर तहसीलदार एवं सहायक निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा बीएलओ भाग संख्या ङ्क 250 राज कुमार, बीएलओ भाग संख्या ङ्क 271 बलदेव पैंकरा एवं बीएलओ भाग संख्या ङ्क 281 शिवकुमार यादव को निर्वाचन कार्य में लापरवाही पर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

नोटिस में कहा गया है कि द्वितीय संक्षिप्त पुनरीक्षण के दौरान बार-बार निर्देशित किये जाने के बाद भी उक्त तीनों के द्वारा फार्म 6, 7, 8 की प्रविष्टि बीएलओ एप्प एवं गरुड़ एप्प में नहीं की गयी है। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कार्यालय के आदेश और निर्देश का पालन नहीं करने एवं निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्य को गंभीरतापूर्वक नहीं लेने के कारण उक्त कृत कार्य के प्रति घोर लापरवाही एवं उदासीनता को दर्शाता है। निर्वाचन के महत्वपूर्ण कार्यों में लापरवाही करने के विरुद्ध लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 की धारा 32 के अंतर्गत अनुशासनात्मक कार्यवाही की गई है। एआरओ द्वारा तीन दिवस के भीतर समाधानकारक जवाब उपस्थित होकर लिखित रूप में प्रस्तुत करने कहा गया है जिसमें जवाब संतोषजनक नहीं होने पर तीनों के विरुद्ध एकपक्षीय कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी, जिसके जिम्मेदार वे स्वयं होंगे।

# आचार संहिता के बीच पुलिस का एक्शन

- वाहन चेकिंग के दौरान जब्त किये 10 लाख की जेवरात

**कोरबा,** 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव को मद्देनजर रखते हुए जिले में वाहन जांच अभियान तेज कर दी गई है, ताकि अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाया जा सके। इस दौरान दीपका पुलिस ने वाहन जांच के दौरान एक व्यक्ति से करीब 9 किलो चांदी और 50 ग्राम सोने के जेवरात जिसकी कीमत दस लाख रुपए की जब्ती किया गया। दीपका पुलिस की टीम ग्राम नोनबिर्रा पाली मार्ग पर वाहनों की जांच कर रही थी।

इस बीच पाली की तरफ से एक व्यक्ति कार में आया, जिसके वाहन की जांच किया गया। उसके पास से भारी मात्रा में जेवरात मिले,जिसके संबंध में पूछताछ करने पर किसी तरह के दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर पाया। दस्तावेज नहीं मिलने के कारण पुलिस ने पूरे गहनों को जब्त कर लिया है। व्यक्ति का नाम अजय सोनी है जिसके खिलाफ पुलिस द्वारा जरुरी कार्रवाई किया जा रहा है।


**NECC**

| 19.10.2023 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 5.10 | 65 | 160 |
| चिल्हर | 6.00 | 80 | 185 |

डिलीवरी 525 सैकड़ा

दर्जन अंडा 70 रु.

मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.

CSPFA



प्रकाशक, मुद्रक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए देशबन्धु परिसर रामसागरपारा रायपुर से प्रकाशित एवं मुद्रित। सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव। प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन-सीजी/रायपुर संभाग/19/2021-23

फोन- (0771) 4077750, 4077760, 2292011/22 फैक्स-2534955 email id: deshbandhuraipur@gmail.com, website:deshbandhu.co.in

**उल्टा पुल्टा**

**कंजूस बाप (बेटे से)**- मेरी ख्वाहिश है कि तू बड़ा होकर वकील बने।
**बेटा**- क्यों?
**कंजूस बाप**- ताकि मेरा काला कोट तुम्हारे काम आ जाए।

## संपादकीय

# सभी सियासी दल संयम बरतें

छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनावों के लिये प्रमुख राजनैतिक दलों की ओर से न तो अभी सारे उम्मीदवारों की घोषणा हो पाई है और न ही प्रचार ने पूरी गति पकड़ी है, परन्तु लगता है कि अभी से सियासी पारा चढ़ने लगा है। संकेत साफ हैं कि चुनाव जब पूरी सरगर्मी पर होगा बयानों में और भी तेजी आयेगी। चुनावों के ठीक-ठाक शुरू होने के पहले ही यह माहौल दिख रहा है। केन्द्रीय राज्य मंत्री रेणुका सिंह हों या देश के गृह मंत्री अमित शाह, दोनों के बयानों से चुनावी पारा हाई हो रहा है। ऐसे में ज़रूरी है कि सभी दल संयम बरतें।

भरतपुर-सोनहत की उम्मीदवार रेणुका सिंह ने कार्यकर्ता सम्मेलन में धमकी दे दी कि उनके किसी कार्यकर्ता की एक उंगली काटी गई तो वे जिम्मेदार व्यक्ति का पूरा हाथ काटकर दूसरे हाथ में थमा देंगी। दो दिनों पहले ही उन्होंने कांग्रेस नेत्री सोनिया गांधी को 'बाहरी' बताते हुए 'धक्के मारकर इटली भेजने' की बात भी कही थी। ऐसे ही, सोमवार को राजनांदगांव में पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह द्वारा भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी के रूप में नामांकन भरते समय शाह मौजूद थे। बाद में हुई एक सभा को सम्बोधित करते हुए शाह ने बेमेतरा की उस घटना का जिक्र किया जिसमें ईश्वर साहू नामक युवा की दो गुटों के बीच हुए दंगे में मौत हो गई थी। इसी साल की अप्रैल में हुई इस वारदात में पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए 11 लोगों को गिरफ्तार कर लिया था। इसे लेकर हिंदूवादी संगठनों ने छग बन्द का भी आयोजन किया था। उसके कारण अमूनन शांत रहने वाले छग में साम्प्रदायिक तनाव फैल गया था। चूंकि इस प्रदेश के लोगों की सोच व तासीर में ही इस तरह की कट्टरता नहीं है, इसलिये वह मामला थोड़े बहुत विवादों और तनाव के बाद निपट गया था। इतने समय के बाद उस मामले को फिर से उठाना दुर्भाग्यजनक ही कहा जायेगा। विशेष कर इसलिये कि उसे गृह मंत्री जैसे व्यक्ति द्वारा उठाया गया है जिनका काम साम्प्रदायिक तनावों को समाप्त करना होना चाहिये, न कि उसे बढ़ाना। कांग्रेस ने निर्वाचन आयोग में शाह के खिलाफ हेट स्पीच दिये जाने की शिकायत भी दर्ज की है।

चुनावों में अपनी उपलब्धियां, कामकाज, घोषणापत्रों पर बातें होनी चाहिये, न कि साम्प्रदायिक, सामाजिक या धार्मिक वैमनस्यता बढ़ाने वाले बयान दिये जाने चाहिये। विरोधी दलों की स्वस्थ आलोचना लोकतांत्रिक परम्परा का हिस्सा है परन्तु वोट पाने के लिये समाज में तनाव फैलाने वाले या विभाजन करने वाले बयानों से बचना चाहिये। चाहे इससे चुनाव जीता जा सकता हो और सरकार भी बनाई जा सकती हो लेकिन ऐसे बयान समाज को दूरगामी और स्थायी नुकसान पहुंचाते हैं। छत्तीसगढ़ शांति का टापू है, बेहतर है कि इसे ऐसा ही रखा रहे।

# श्यामाप्रसाद मुखर्जी शॉपिंग कांपलेक्स में पसरा गंदगी, लोगों को हो रही परेशानी




**जगदलपुर**, 17 अक्टूबर (देशबन्धु)। नगर के हृदय स्थल में स्थापित सी मार्ट के गौरव का नगर निगम ने मटियामेट कर दिया है। कुछ माह पहले ही मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के हाथों लोकर्पित हुए इस सी मार्ट को कचरा मार्ट बनाकर रख दिया गया है। कूड़े के ढेर, बजबजाती नालियों और बदबू से घिरे सी मार्ट से अब ग्राहक भी किनारा करने लगे हैं। नगर निगम की लचर सफाई व्यवस्था ने सी मार्ट का भट्ठा बिठा दिया है। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार आने के बाद राज्य के शहरों में लोगों को वाजिब दर पर गुणवत्ता युक्त राशन सामग्री तथा वनोपजों से निर्मित खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने के लिए सी मार्ट की स्थापना कराई है। इसे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का ड्रीम प्रोजेक्ट भी माना जाता है। जगदलपुर के पुराने बस स्टैंड में भी भव्य सी मार्ट का निर्माण करोड़ों रुपए खर्च कर नगर निगम के माध्यम से कराया गया है। इस सी मार्ट का उद्घाटन कुछ ही माह पहले मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने किया था तब शहर की मेयर सफीरा साहू और नगर निगम के तमाम बड़े अधिकारी भी मौजूद थे। शुरू शुरू में तो सबकुछ ठीक ठाक चलता रहा। नगर निगम सी मार्ट और उसके आसपास के भाग की नियमित सफाई कराने पर पूरा ध्यान देता था। धीरे धीरे नगर निगम प्रशासन पुराने ढर्रे पर आ गया। साफ सफाई बंद कर दी गई और सी मार्ट को उसके हाल पर छोड़ दिया गया।जगदलपुर के पुराने बस स्टैंड इलाके की पहचान शहर के हृदय स्थल के रूप में बनी हुई है। सी मार्ट बनने के बाद इस इलाके की रौनक बढ़ गई थी। यह क्षेत्र वास्तव में शहर का दिल बन गया था, मगर नगर निगम ने इस दिल में ऐसी छेद कर दी है कि सी मार्ट मरणासन्न स्थिति में पहुंच गया है। करोड़ों की लागत से बना सी मार्ट अब कूड़ेदान में बदल गया है। सी मार्ट के सामने कूड़ा कचरा के ढेर लगा दिए गए हैं। सामने की नाली गंदगी और मलबे से पट गई है। नाली की गंदगी छलक कर सी मार्ट के सामने और अगल बगल की सड़क पर फैल गई है। सी मार्ट सहित आसपास के पूरे इलाके में तेज बदबू फैली रहती है।सी मार्ट के पास ही संचालित होटल के मालिक ने सी मार्ट के सामने की जमीन को पार्किंग प्लेस बना लिया है। होटल पहुंचने वाले ग्राहकों के वाहन इसी जगह पर बड़ी बेतरतीबी से खड़े रहते हैं, जिससे आवागमन में बाधा उत्पन्न हो रही है। होटल संचालक की इसमें विशेष भूमिका है। लोग सी मार्ट के सामने ही मूत्र त्याग भी करते हैं, जिससे भयावह दुर्गन्ध उठती रहती है। मूत्र की गंध और नाली की बदबू से सब परेशान हो उठे हैं। सी मार्ट के सामने एक वट वृक्ष भी है। महिलाएं और पुरुष इस वृक्ष की पूजा करने पहुंचते हैं। इस पवित्र वृक्ष को भी गंदगी ने घेर लिया है। लोगों को पूजा करने में अड़चन आ रही है और उनकी धार्मिक भावना आहत हो रही है।

**मुख्यमंत्री के हाथों लोकर्पित सी मार्ट अव्यवस्था का शिकार**

**सी मार्ट में कारोबार हुआ चौपट**

सी मार्ट में राशन, तेल, दाल, चावल, गेहूं, साबुन, वाशिंग पाउडर, सौंदर्य सामग्री तथा वनोपज से निर्मित महुआ लड्डू, तिखुर व अन्य खाद्य सामग्री की दुकानें हैं। इन दुकानों का संचालन बेरोजगार युवाओं और स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा किया जाता है। सी मार्ट की दुकानों का भारी भरकम किराया उन्हें चुकाना पड़ता है। शुरू शुरू में तो वहां धंधा अच्छा चलता रहा, मगर जबसे नगर निगम ने सी मार्ट की सफाई व्यवस्था की जिम्मेदारी से कन्नी काट ली है, तब से ग्राहकों का वहां पहुंचना लगभग बंद हो गया है। दुकानदार हाथ पर हाथ धरे बैठे रहते हैं। सी मार्ट का पूरा कारोबार चौपट हो गया है। युवाओं और स्व सहायता समूहों की महिलाओं के समक्ष बेरोजगारी का संकट पैदा हो गया है। उनके लिए किराया भाड़ा और कर्मचारियों का परिश्रमिक निकाल पाना भी मुश्किल हो गया है। इसकी एकमात्र वजह सी मार्ट के आसपास पसरी गंदगी और बदबू है। उपभोक्ताओं का कहना है कि हम सस्ते के चक्कर में बीमारी मोल लेने सी मार्ट नहीं जा सकते। नगर निगम सफाई व्यवस्था दुरुस्त करेगा, तभी हम खरीदारी करने सी मार्ट जाएंगे।

# अवैध मादक पदार्थ गांजा का परिवहन करते 3 गिरफ्तार



**जगदलपुर**, 17 अक्टूबर (देशबन्धु)। मंडी नाका धनपुजी में रोड केआई पास तीन व्यक्ति अपने संयुक्त अधिपत्य के बैग में अवैध मादक पदार्थ गांजा रखकर परिवहन करने के उद्देश्य से बस का इंतजार कर रहे हैं इसकी सूचना पर नगरनार पुलिस टीम के द्वारा ग्राम धनपूंजी मंडी नाका के पास घेराबंदी कर तीनों व्यक्तियों को पकड़े जिसका नाम पता पूछने पर अपना-अपना नाम (1.) मुकेश गुप्ता पिता किशोर गुप्ता उम्र 24 साल निवासी ग्राम केरिमिटी तहसील कुंद्रा थाना कुंद्रा जिला कोरापुट उड़ीसा (2.) पप्पू प्रसाद गुप्ता पिता अशोक गुप्ता उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम केरिमिटी तहसील कुंद्रा थाना कुंद्रा जिला कोरापुट उड़ीसा (3.) रोहित कुमार पिता रामस्वरूप साव उम्र किस वर्ष निवासी निवासी ग्राम अरका पोस्ट काजी पकरी तहसील तरहसी थाना तरहसी जिला पलामू झारखंड का रहने वाले बताएं। आरोपियों के संयुक्त कब्जे से कल 45.710 किलोग्राम मादक पदार्थ गांजा कीमती 4,57,100/- रुपया एवं तीन नाग मोबाइल को बरामद कर जप्त >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# शहर में दो महिला चोर गिरफ्तार



**जगदलपुर**, 17 अक्टूबर (देशबन्धु)। राजकुमार मंडन निवासी आसना ने 17 अक्टुबर को सिटी कोतवाली थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया कि दो महिला किराना दुकान में स्कूटी से आये और अमुल दुध का कार्टुन खरीदना है कहने पर मैं अंदर जाकर दुध का कार्टुन लेकर आया तो दोनों महिलायें दुकान का किराना सामान-चायपत्ती 6 नग, टोमैटो सॉस 2 नग, स्ट्रींग लाल 4 नग, स्ट्रींग नीला 4 नग, फैंटा 2 नग, सरसो तेल 3 नग, रिफायण्ड तेल दो लीटर, साबुन 5 नग, रिन साबुन 10 नग, पियर्स साबुन 6 नग, किषान जेम्स 1 न, सर्फएक्सल 4, ईयर बडर्स 2 डिब्बा, हल्दी एक पैकेट, मिर्च एक पैकेट, जीरा पाउडर 3 पैकट, मम्मी पोको पेंट 1 नग, मोमबत्ती 2 नग, सोयाबडी का पैकेट एक डिब्बा, अगरबत्ती 1 पैकेट, मैगीं 1 नग, टाप्स कार्न फलावर 2 नग, फेसवॉश 1 नग, बिस्किट 9 नग, सूजी 3 नग चिवड़ा 2 नग, दुध 6 पकैट, खड़ा जीरा एक पैकेट, सोनपापड़ी 2 नग क्वेच ब्राईट 02 नग, डबल मिंट 13 नग कुल सामान कीमती 5100/-रूपये तथा प्रार्थी रविशंकर राय निवासी महावीर नगर ने थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि 17 अक्टूबर को दो महिलायें कपड़ा दुकान में अपने स्कूटी वाहन से आये और कपड़े खरीदना है कहने पर मैं कपड़े दिखाया और अन्य ग्राहकों के साथ व्यस्त होने से मेरा ध्यान भटका कर दोनों महिलायें दुकान से लेडिस कपडा-जींस, कुर्ता प्लाजो सेट, दुपट्टा, लेडिस पेंट, कुर्ता दुपट्टा का दो सेट, बच्चों का जींस, टी-शर्ट कुल कीमती 6180/- रूपये को दो अज्ञात महिला चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट पर पृथक-पृथक अपराध धारा 380,34 भादवि पंजीबद्ध कर, पुलिस जांच में जुटी। प्रकरण में थाना प्रभारी कोतवाली लीलाधर राठौर के नेतृत्व में टीम गठित कर, अनुसंधान में लिया गया। चोरी किये गये सामानो व दो महिलाओं का गहनता से पतासाजी किया जा रहा था। इस दौरान पुछताछ व साक्ष्य संकलन के शहर में दो संदिग्ध महिलाए स्कुटी में सवार मिले, जिनसे पुछताछ करने पर अपना-अपना नाम- सुनिता दास और सुस्मिता नाग निवासी जगदलपुर का होना बताये और पुछताछ पर बताये कि घटना अपने एक्टीवा क्रमांक-सी.जी.17. के.आर. 4943 से दुकान जाकर, ग्राहक बनकर दुकान मे गये जहां मौका पाकर दोनों दुकान में रखे सामानों व कपड़ों को चोरी करना स्वीकार किये। दोनों आरोपिया से सभी सामान व कपड़े तथा एक्टीवा वाहन को बरामद कर, विधिवत् गिरफ्तार किया गया, जिसे न्यायिक रिमांड पर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

# विधानसभा चुनाव के अधिकांश प्रत्याशी छात्र संघ की कसौटी पार कर आए हैं

**जगदलपुर**, 17 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव मे अधिकांश नेता छात्रसंघ की राजनीति की कसौटी पर कस कर आए हुए हैं। सक्रिय राजनीति में आने व पार्टी के नेताओं की आंख का तारा बनने के लिए छात्रसंघ चुनाव पर खरा उतरना एक सरल सीढ़ी थी, है व आगे भी रहेगी। छात्र संघ राजनीति से विधानसभा की राजनीति तक पहुंचने वालों में स्वर्गीय महेंद्र कर्मा, रामनाथ सरफे, मनीष कुंजाम, रेख चंद जैन, किरण देव एवं अन्य नेता शामिल है । छत्तीसगढ़ गठन के बाद राज्य में छात्रसंघ चुनाव पर बैन लगा दिया गया था। इसकी वजह से दो दशक होने को है शिक्षित छात्रों की नेतृत्व क्षमता व संगठन स्थापित करने की कुशलता जंग खाने लगी है। अब तो यह हो गया है कि कुर्सी का बागडोर संभालने के लिए ऐसी किसी योग्यता से ज्यादा शार्टकट फार्मूला है किसी बड़े नेता को अपना गॉडफादर मान लेना या उसका पिछलग्गू बन जाना।

छत्तीसगढ राज्य गठन के 23 साल होने के दौरान यह चौथा विधानसभा चुनाव है। इसमें राज्य के प्रमुख राजनैतिक दल भाजपा व कांग्रेस के ज्यादातर कद्दावर चेहरे दो दशक पहले की छात्र राजनीति से परोक्ष-अपरोक्ष जुड़कर आगे आए हैं। लेकिन इन चेहरों की पुनरावृत्ति ने परिपच व नए मतदाताओं को लुभाने की क्षमता को कम कर दिया है। राजनैतिक पद हासिल करना अब एक कैरियर बन गया है। छात्रसंघ चुनाव से ही इसे कैरियर बनाने वाले कालेज व विश्वविद्यालय की राजनीति में अपना दमखम दिखाते हुए किसी न किसी राजनेता के पसंदीदा साबित होते थे व उन्हें वे अपनी सत्ता सौंप देने लाबिंग करते थे। इधर राज्य गठन के बाद शासन ने उच्च शिक्षण केंद्र में चुनावी गतिविधियों पर बैन लगा दिया था। 2000 से 2015 तक छात्रसंघ का गठन ही नहीं हो पाया। इसके बाद 2015 में तत्कालीन भाजपा शासनकाल में इस बैन को मुक्त कर दिया। इससे राज्य में 11 विश्वविद्यालयों व 7 सौ से अधिक शासकीय व अशासकीय कालेज में छात्रसंघ चुनाव हुए। एक के बाद एक 2015, 2016 व 2017 में ही चुनाव हुए। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, एनएसयूआई जैसे संगठन ने बढ़चढ़ कर हिस्सेदारी की। इसके बाद 2018 में विधानसभा चुनाव की आचार संहिता व उसके बाद कोरोना महामारी की वजह से छात्रसंघ चुनाव टलते चले गए। आखिरकार इस साल भी छात्रसंघ चुनाव विधानसभा आचार संहिता की भेंट चढ़ गया।

# भारत की कम्युनिस्ट पार्टी ( माओवाद ) भैरमगढ़ एरिया कमेटी अन्तर्गत एसीएम एवं पार्टी सदस्या का पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण



**बीजापुर**, 17 अक्टूबर (देशबन्धु)। बीजापुर जिले में चलाये जा रहे माओवादी विरोधी अभियान के दौरान डीआरजी के द्वारा किये जा रहे प्रयासों से छ0ग0 शासन की पुनर्वास एवं आत्मसर्पण नीति से प्रभावित होकर भैरमगढ़ एरिया कमेटी अन्तर्गत एरिया कमेटी सदस्य लच्छू फरसा पिता स्व0लखमू फरसा उम्र 27 वर्ष जाति मुरिया निवासी आदवाड़ा थाना जांगला जिला बीजापुर एवं पार्टी सदस्या श्रीमति हड़मे माड़वी पति लच्छू फरसा उम्र 25 वर्ष जाति मुरिया निवासी गोरना थाना बीजापुर जिला बीजापुर द्वारा आज दिनांक 18/10/2023 को पुलिस अधीक्षक बीजापुर आंजनेय वार्ष्णेय, अति पुलिस अधीक्षक श्रश्चह्य वैभव बैंकर, अति0पुलिस अधीक्षक चन्द्रकांत गवर्ना, द्वितीय कमान अधिकारी ओमप्रकाश सिंह, केरिपु 222, उप पुलिस अधीक्षक ऑप्स सुदीप सरकार, उप पुलिस अधीक्षक डीआरजी विनीत साहू के समक्ष माओवादियो की खोखली विचारधारा, भेदभाव पूर्ण व्यवहार एवं उपेक्षा व प्रताड़ना से तंग आकर एवं छत्तीसगढ़ शासन के पुनर्वास एवं आत्मसमर्पण नीति से प्रभावित होकर आत्मसमर्पण किया ।

### लच्छू फरसा , माओवादी संगठन में कार्य का विवरण

वर्ष 2008 में भैरमगढ़ एरिया कमेटी अन्तर्गत माटवाड़ा एलओएस में पीएलजीए सदस्य के पद पर संगठन में भर्ती किया गया । दिसम्बर 2009 में पार्टी सदस्य की जिम्मेदारी दी गई । वर्ष 2012 तक पार्टी सदस्य के रूप में संगठन में कार्य किया । वर्ष 2013 में एसीएम के पद पर कार्य देकर भैरमगढ एरिया कमाण्ड इन चीफ की जिम्मेदारी दी गई अप्रैल 2023 तक एरिया कमाण्ड इन चीफ के रूप में कार्य किया । संगठन में एसएलआर रायफल रखता था । लच्छू फरसा के विरूद्ध जिला बीजापुर अन्तर्गत थाना मिरतुर -1, थाना भैरमगढ़-1 एवं थाना जांगला -07 कुल 09 स्थाई वारंट एवं जिला दंतेवाड़ा अंतर्गत थाना भांसी में 02 स्थाई वारंट लंबित है । छत्तीसगढ़ शासन की आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति के तहत् आत्मसमर्पित माओवादी के धारित पद पर 5.00 लाख रूपये का ईनाम घोषित है ।

### महत्वपूर्ण घटनाओं में शामिल

वर्ष 2010 सलवा जुडुम कार्यकता लच्छू हेमला की गोली मारकर हत्या करने की घटना में शामिल। जनवरी 2011 में केशकुतूल में एसपीओ उरसा महेश की गोली मारकर हत्या करने की घटना में शामिल। फरवरी 2011 में थाना भांसी में पदस्थ एसपीओ मडडा माड़वी निवासी हुर्रेपाल की भाँसी सोसाईटी के पास गोली मारकर हत्या करने की घटना में शामिल। जून 2012 में रेल्वे लाईन के कार्य में लगे 07 टिप्पर वाहनों को पंडेवार जिला दंतेवाड़ा में आगजनी करने की घटना में शामिल। जून 2012 में बैलाडिला खदान नम्बर 10 में कार्य में लगे 05 टिप्पर वाहन में आगजनी की घटना में शामिल। अक्टूबर 2013 भाँसी गांव में सीसी रोड निर्माण कार्य में लगे ठेकेदार की गोली मारकर हत्या करने की घटना में शामिल। अप्रैल 2014 ग्राम दरभा थाना कुटरू सरपंच बुग्गा माड़वी की कुल्हाड़ी से मार कर हत्या करने की घटना में शामिल। अप्रैल 2014 जांगला निवासी कमलेश की हत्या करने की घटना में शामिल। वर्ष 2015 में जिला सुकमा थाना तोंगपाल क्षेत्रान्तर्गत टहकवाड़ा के पास जंगल /रोड किनारे एम्बुश लगाकर पुलिस पार्टी पर हमला, हमला में 15 जवान शहीद एवं 12 जवान घायल, 12 हथियाल लूट की घटना में शामिल। वर्ष 2018 विधानसभा चुनाव के दौरान बैलाडिला से बचेली वापस जा रही मतदान पार्टी के वाहन पर बम विस्फोट करने की घटना में शामिल घटना में 05 जवान >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# कमिश्नर और आईजी ने ओड़िसा राज्य से लगे सीमा चेक पोस्ट का किया औचक निरीक्षण




**जगदलपुर**, 17 अक्टूबर (देशबन्धु)। कमिश्नर श्याम धावड़े और आईजी सुंदरराज पी. ने ओड़िसा राज्य से लगे सीमा चेक पोस्ट का औचक निरीक्षण किया। बुधवार को कमिश्नर और आईजी ने छग की सीमावर्ती गांव भेजापदर-आलपदर (ओड़िसा), तारापुर- बोरगांव के चेक पोस्ट में तैनात स्थैतिक दल और पुलिस दल का जायजा लिया। उन्होंने तैनात दलों को सभी व्यक्तियों,वाहनों और वस्तुओं की जाँचकर और पंजी में उनका पूरा विवरण दर्ज करने के निर्देश दिए। साथ ही कर्मचारियों को सजकता से कार्य को सम्पादित करने पर जोर दिया। दोनों अधिकारियों ने चेकपोस्ट में 24 घंटे निगरानी हेतु लगे सीसीटीव्ही की स्थिति का भी अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से चर्चाकर प्रशासनिक और सुरक्षा व्यवस्था के सम्बंध में जानकारी ली। कमिश्नर और आईजी विधानसभा निर्वाचन हेतु आदर्श आचार संहिता लागू के बाद सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने निकले थे। ज्ञात हो कि संभाग के सभी जिलों में विधानसभा निर्वाचन दौरान चेक पोस्ट स्थापित कर आने-जाने वाले वाहनों की सघन जांच की जा रही है। निष्पक्ष निर्वाचन के लिए शासन-प्रशासन हेतु सतत प्रयास की जा रही है।

**सभी संदिग्घ व्यक्तियों ,वाहनों और वस्तुओं की जाँच करने के दिए निर्देश**

# आठ लाख की इनामी डिप्टी कमाण्ड महिला नक्सली ने किया आत्मसमर्पण



**सुकमा**, 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। बुधवार को पुलिस एवं सीआरपीएफ अधिकारियों के समक्ष 8 लाख की इनामी महिला नक्सलियों ने आत्म समर्पण किया। आत्मसमर्पित महिला नक्सली संगठन में मिलिट्री प्लाटून नम्बर 24 डिप्टी कमाण्ड थी। आत्मसमर्पित नक्सली जिले की कुकानार थाना क्षेत्र की निवासी है। जिला सुकमा एवं दन्तेवाड़ा सीमावर्ती क्षेत्र में हुई बड़ी नक्सली घटनाओ में शामिल थी। नक्सली को आत्मसमर्पण हेतु प्रोत्साहित करने में जिला पुलिस बल एवं सीआरपीएफ 226 वाहिनी का विशेष प्रयास रहा है।

जिले चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन से प्रभावित होकर नक्सली संगठन में सक्रिय महिला नक्सली करतम जोगी, मिलिट्री प्लाटून नं. 24 डिप्टी कमाण्डर, 08 लाख ईनामी महिला नक्सली ने पुलिस एवं सीआरपीएफ अधिकारियों के समक्ष आत्म समर्पण किया। बुधवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय सुकमा में एसपी किरण चव्हाण, सीआरपीएफ 226 वाहिनी कमाण्डेन्ट कुलदीप कुमार जैन, एएसपी नक्सल ऑप्स प्रभात कुमार, एएसपी नक्सल ऑप्स रजत कुमार नाग, एएसपी नक्सल ऑप्स उत्तम प्रताप सिंह के समक्ष बिना हथियार >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# कांग्रेस से छठवीं बार कवासी लखमा ने भरा नामांकन तो सीपीआई से मनीष कुंजाम ने



**पांच बार के विधायक कवासी लखमा ने नामांकन के दिन किया शक्ति प्रदर्शन**

**सुकमा**, 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। बुधवार को जिले के एक मात्र विधानसभा क्षेत्र कोंटा के लिए कांग्रेस से पांच बार के विधायक कवासी लखमा ने हजारों की संख्या में कार्यकर्ताओं के साथ पैदल मार्च कर नामांकन दाखिल किया तो सीपीआई से पूर्व विधायक मनीष कुंजाम ने सिर्फ पांच लोगों के साथ पहुंचकर सादगी से नामांकन दाखिल किया इस दौरान दोनों ही नेताओं ने एक दुसरे पर तीखे शब्दों से कई आरोप लागाये। वही प्रदेश में मंत्री रहे कवासी लखमा ने कहा कि पिछले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने जो वादे किए उन वादों को पूरा किया गया। आज बस्तर बदल रहा है यहाँ विकास, सुरक्षा व विश्वास लोगों में सरकार के प्रति बढ़ा है। इसलिए हम लोग सिर्फ विकास के मुद्दे पर चुनाव लड़ेंगे। साथ ही भाजपा को घेरते हुए कहा कि उनके पास कोई मुद्दा नही है। इसलिए धर्म की राजनीति कर रहे है जनता सब जानती है। इस बार प्रदेश में 75 सीटों पर कांग्रेस चुनाव जीतेगी उक्त बातें कवासी लखमा ने कही।

बुधवार सुबह 10 बजे जिला मुख्यालय स्थित राजीव गांधी भवन के पास कार्यकर्ता एकत्रित हुए उसके बाद हजारों की संख्या में कार्यकर्ताओं के साथ नामांकन फार्म भरने रवाना हुए। निर्वाचन नियमों का पालन करते हुए पांच समर्थकों के साथ नामांकन निर्देशन भरा। >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# कांग्रेस ने पूर्व महापौर जतिन जायसवाल को बनाया जगदलपुर विस प्रत्याशी



**जगदलपुर,** 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। जगदलपुर की हाई प्रोफाइल विधानसभा सीट से कांग्रेस ने जतिन जायसवाल को प्रत्याशी घोषित किया है। कांग्रेस ने प्रत्याशी चयन में काफी विलंब किया जिसके चलते चर्चाओं का बाजार काफी गर्म था। जैसे की आप सभी जानते हैं कांग्रेस के टिकट के लिए मुख्यत: वर्तमान विधायक रेख चंद जैन, राजीव शर्मा, मलकीत सिंह गैदू और जतिन जायसवाल दावेदार थे। टिकट की घोषणा में विलंब होने के चलते अफवाहों का बाजार काफी गर्म था। सोशल मीडिया पर कभी मलकी से वेदों को टिकट मिलने की बात सामने आई तो कभी राजीव शर्मा को टिकट मिलने की खबर फैली, जिसके चलते 18 अक्टूबर को राजीव शर्मा के समर्थक और कांग्रेस के कार्यकर्ताओं की भीड़ उन्हें बधाई देने पहुंची।

राजीव शर्मा के समर्थक काफी उत्साहित होकर आतिशबाजी भी किया, लेकिन शाम को जब ट्रिपल प्रत्याशियों की सूची कांग्रेस ने जारी किया तब पूर्व महापौर जतिन जायसवाल पर कांग्रेस ने अपना विश्वास जताया। कांग्रेस के द्वारा प्रत्याशी घोषित किए जाने के बाद जतिन जायसवाल कांग्रेस भवन पहुंचे जहां पर कार्यकर्ताओं ने उनका गर्म जोशी से स्वागत किया। इस दौरान पत्रकारों से चर्चा करते हुए जतिन जायसवाल ने कहा कि जगदलपुर सीट काफी प्रतिष्ठित सीट है जिसे देखते हुए कांग्रेस ने सभी विषयों पर घंटों विचार विमर्श करने के बाद प्रत्याशी घोषित किया। उन्होंने यह भी कहा कि पार्टी ने उन पर जो विश्वास जताया है वह उसे पूरा करेंगे। कांग्रेस के टिकट वितरण में विलंब का कारण यह माना जा रहा था कि सभी नेता अपने-अपने प्रत्याशी को टिकट दिलाने के लिए प्रयास कर रहे थे। आखरी समय तक पशोपेश की स्थिति बनी रही।

चर्चा जोरों पर थी कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल राजीव शर्मा के लिए टिकट की मांग कर रहे हैं वहीं पीसीसी अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज, मलकीत सिंह के लिए प्रयासरत हैं और उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव, जतिन जायसवाल को टिकट दिलाने का प्रयास कर रहे हैं। इन सबके बीच वर्तमान विधायक रेखचंद जैन अपने कार्यकाल में किए गए कार्यों के आधार पर इस उम्मीद पर थे कि पार्टी फिर से एक बार उन्हें प्रत्याशी बनाएगी। अब जब जगदलपुर विधानसभा सीट के लिए कांग्रेस ने पूर्व महापौर जतिन जायसवाल को प्रत्याशी घोषित किया है इसे टीएस सिंहदेव की जीत के तौर पर देखा जा रहा है।

## हाई प्रोफाइल जगदलपुर विस सीट पर दोनों पूर्व महापौर आमने-सामने



अब जगदलपुर विधानसभा सीट का चुनाव काफी रोचक हो चला है। बस्तर संभाग की एकमात्र सामान्य सीट जिसका यह रिकॉर्ड रहा है कि इस सीट पर जिस पार्टी का प्रत्याशी विजय होता है छत्तीसगढ़ में उसकी ही सरकार बनती है। अब इस हाई प्रोफाइल सीट पर जगदलपुर नगर पालिका निगम के दोनों पूर्व महापौर आमने-सामने हैं। भारतीय जनता पार्टी ने पहले ही पूर्व महापौर किरण देव को अपना प्रत्याशी घोषित कर चुका है वहीं कांग्रेस ने काफी विचार विमर्श के बाद पूर्व महापौर जतिन जायसवाल को जगदलपुर विधानसभा सीट का प्रत्याशी घोषित किया। दोनों ही मिलनसार व्यक्तित्व के धनी हैं। दोनों ही प्रत्याशियों का जगदलपुर शहर के लोगों से काफी अच्छा मेल मिलाप और व्यवहार रहा है। अब यह देखना है कि बस्तर संभाग के एकमात्र सामान्य सीट पर यहां की जनता किसे अपना प्रतिनिधि चुनती है।

# बेमेतरा पुलिस की अवैध गतिविधियों पर कार्रवाई

**बेमेतरा,** 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। आगामी विधान सभा चुनाव के मद्देनजर, पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता (भा.पु.से.) के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, एसडीओपी बेरला तेजराम पटेल, डीएसपी राजेश कुमार झा, डीएसपी कमल नारायण शर्मा, डीएसपी श्रीमती कौशिल्या साहू के मार्गदर्शन में बेमेतरा पुलिस द्वारा अवैध शराब, गांजा, नशीली पदार्थो, प्रतिबंधात्मक कार्यवाही, बाउंड ओवर, गुंडा बदमाशों, फरार स्थायी वारंटियो, सामाजिक सौहार्द बिगाडने वालों, यातायात नियमो का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों तथा माईनर एक्ट के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही लगातार की जा रही है जिसके तहत दिनांक 16.10.2023 को थाना बेरला में अवैध रूप से शराब रख कर बिक्री करने करने हेतु ले जाने का 01 प्रकरण दर्ज कर 01 आरोपी रमेश साहू पिता पूनाराम साहू उम्र 65 साल साकिन पांहदा थाना बेरला जिला बेमेतरा के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी के कब्जे से 40 पौवा देशी मसाला शराब (7200द्रद्य), किमती 4,400/- रूपये को जप्त कर वैधानिक कार्यावाही किया गया हैं। उक्त कार्यवाही में थाना बेरला प्रभारी निरीक्षक विवेक पाटले, प्रधान आरक्षक सुखेलाल बंजारे, आरक्षक सुरेन्द्र जांगडे, प्रितेश महिलांग, तुका राम निषाद एवं अन्य स्टाफ का सराहनीय भुमिका रही।



इसी क्रम में दिनांक 16.10.2023 को थाना सिटी कोतवाली बेमेतरा में अवैध रूप से शराब रख कर बिक्री करने का 01 प्रकरण दर्ज कर 01 आरोपी विनोद ढीमर पिता अशोक ढीमर उम्र 37 साल साकिन वार्ड नं. 13 बेमेतरा थाना व जिला बेमेतरा के विरूद्ध धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी के कब्जे से 22 पौवा देशी प्लेन शराब (3960द्रद्य), किमती 2,420/- रूपये व बिक्री रकम 350/- रूपये कुल जुमला 2,770/- रूपये को जप्त कर वैधानिक कार्यावाही किया गया हैं। इसी क्रम में दिनांक 16.10.2023 को थाना नवागढ में अवैध रूप से शराब रख कर बिक्री करने का 02 प्रकरण दर्ज कर 02 आरोपियों 1. आर्यन ध्रुव पिता बेदराम ध्रुव उम्र 22 साल साकिन मुंगेली थाना चंदनू जिला बेमेतरा, 2. रमेश जांगडे पिता रामशरण जांगडे उम्र 41 साल साकिन भैसामुडा थाना नवागढ जिला बेमेतरा के विरूद्ध धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपियों के कब्जे से 39 पौवा देशी प्लेन/मसाल शराब (7020द्रद्य), किमती 3,720/- रूपये व बिक्री रकम 700/- रूपये कुल जुमला 4,420/- रूपये को जप्त कर वैधानिक कार्यावाही किया गया हैं। इसी क्रम में दिनांक 16.10.2023 को थाना बेमेतरा, चंदनू, साजा में आम जगह पर शराब सेवन करने एवं शराब पीने की सुविधा उपलब्ध कराने का कुल 04 प्रकरण में 04 आरोपियो के विरूद्ध धारा 36(च) एवं धारा 36(सी) आबकारी एक्ट के तहत कार्यावाही की गई हैं। इसी क्रम में दिनांक 16.10.2023 को मोटर व्हीक्ल एक्ट के तहत यातायात बेमेतरा 10 चालान में 10 व्यक्ति, थाना नांदघाट 03 चालान में 03 व्यक्ति, थाना दाढी 04 चालान में 04 व्यक्ति, थाना साजा 05 चालान में 05 व्यक्ति, थाना परपोडी 17 चालान में 17 व्यक्ति, थाना चंदनू 01 चालान में 01 व्यक्ति, थाना खम्हरिया 05 चालान में 05 व्यक्ति, चौकी देवकर 05 चालान में 05 व्यक्ति, चौकी मारो 03 चालान में 03 व्यक्ति, चौकी कंडरका 05 चालान में 05 व्यक्ति, चौकी देवरबीजा 01 चालान में 01 व्यक्ति, कुल 59 चालान में 59 वाहन चालक के विरूद्ध चालानी कार्यवाही किया गया। जिसमें यातायात के नियमो का उल्लघंन करने वाले वाहन चालक के विरूद्ध 59 प्रकरण में कुल 18,100 /- रूपये समन शुल्क लिया गया। इसी क्रम में दिनांक 16.10.2023 को बेमेतरा जिले के समस्त थाना/चौकी के द्वारा माईनर एक्ट के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करते हुए थाना बेमेतरा 05 प्रकरण में 05 व्यक्ति, थाना नवागढ 01 प्रकरण में 01 व्यक्ति, थाना खम्हरिया 03 प्रकरण में 03 व्यक्ति, थाना दाढी 05 प्रकरण में 05 व्यक्ति, थाना साजा 02 प्रकरण में 04 व्यक्ति, थाना परपोडी 02 प्रकरण में 04 व्यक्ति, ।

# कमरौद में सर्व आदिवासी समाज ने किया देवगुड़ी की स्थापना

**बालोद,** 18 अक्टूबर। ग्राम कमरौद में सर्व आदिवासी समाज के समस्त पदाधिकारी व समस्त आदिवासी समाज के तत्वाधान में देवगुड़ी की स्थापना आदिवासी रीतिरिवाज के साथ गायता पूजेरी दुष्यंत ओटी ग्राम खेरवाही के द्वारा गोड़ी रीतिरिवाज के साथ किया गया। इस पूजा अर्चना कार्यक्रम में ग्राम के बच्चों द्वारा लापाट की प्रस्तुति की गई। इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि चमेली खिलांद पटेल सरपंच ग्राम पंचायत कमरौद व समस्त पंचगण व समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहें। सर्व आदिवासी समाज के पदाधिकारी अध्यक्ष केश कुमार ठाकुर उपाध्यक्ष दयालु राम कंवर सचिव राजेंद्र कुमार सेदैय्या कोषाध्यक्ष खिलांद भावसार्य सदस्य अशोक कुमार कंवर उग्रसेन चुरेन्द्र गंभीर चुरेन्द्र डामन लाल कंवर टेकसिंह ठाकुर भिखम सिंह कंवर अनेश्वर कुमार कंवर महेश मंडावी महेन्द्र कुमार पिस्दा मुरारी कुमार गोरे आदि का विशेष सहयोग रहा।

## पुलिस ने डीजे साउण्ड सीस्टम व वाहन को किया जप्त

**बालोद,** 18 अक्टूबर। पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र कुमार यादव के निर्देशन पर कोलाहल अधिनियम का उल्लधन करने वालो के विरूद्ध गाईड़ लाईन के अनुसार पालन करने हेतु निर्देषित करने पर थाना प्रभारी बालोद निरीक्षक रविषंकर पाण्डये के द्वारा सोमवार को पीकप वाहन क्रमांक सी.जी 24 टी 5639 में डी.जे साऊड सिस्टम को बांधकर अधिक आवाज में जिला अस्पताल बालोद के पास डी.जे. को बजा रहा है कि सूचना मिलने पर तत्काल मौके में पहुंच कर बालोद पुलिस के द्वारा डी.जे. बजाने वाले कुणल साहू पिता अमरचंद साहू उम्र 20 साल निवासी वार्ड क्रमांक 27 चंदैनीभाठा राजहरा जिला बालोद के विरूद्ध थाना बालोद में इस्तगासा क्रमांक 01/23 धारा 15 कोलाहल अधिनियम की कार्यावाही किया गया।

# राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में ईव्हीएम व व्हीव्हीपैट का किया गया प्रथम रेण्डमाईजेशन

**कवर्धा**, 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जनमेजय महोबे तथा राजनीतिक दलों की प्रतिनिधियों की उपस्थित में विधानसभा आम निर्वाचन 2023 में उपयोग होने वाली इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईव्हीएम) से सम्बद्ध कंट्रोल यूनिट, बैलेट यूनिट एवं व्हीव्हीपैट का आज मंगलवार को जिला कार्यालय के सभाकक्ष में प्रथम स्तरीय रेण्डमाईजेशन किया गया। इस अवसर पर निर्वाचन कार्य में विभिन्न गतिविधियों एवं प्रशिक्षण के लिए नियुक्त जिला नोडल अधिकारी एवं जिला पंचायत सीईओ श्री संदीप अग्रवाल, उप जिला निर्वाचन अधिकारी ऋतुराज बिसेन, डिप्टी कलेक्टर सुश्री आकांक्षा नायक, सहायक नोडल अधिकारी एवं जिला शिक्षा अधिकारी एमके गुप्ता, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी नभ वर्मा एवं राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री महोबे ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर अधिकृत इंजिनियर्स द्वारा ईव्हीएम मशीन का प्रथम स्तरीय जांच (एफएलसी) किया गया था। उक्त मशीनों की संख्या जिसमें बैलेट यूनिट (बीयू) 1574, कंट्रोल यूनिट 1075, व्हीव्हीपैट 1116 थी। उन मशीनों में से 60-60 मशीने प्रशिक्षण एवं मतदाता के लिए उपयोग किया गया। उन मशीनों को छोड़कर शेष मशीनों में से बैलेट यूनिट 120 प्रतिशत, कंट्रोल यूनिट 120 प्रतिशत और व्हीव्हीपैट 130 प्रतिशत विधानसभावार पृथककर भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्राप्त सॉप्टवेयर के माध्यम से प्रथम स्तरीय रेण्डमाईजेशन किया गया। उक्त सूची के आधार पर ईव्हीएम मशीनों को अलग-अलग कर कबीरधाम जिले के क्षेत्र क्रमांक 71 पंडरिया और 72 कवर्धा विधानसभावार मोबाईल एप्प के माध्यम से रखा जाएगा।

विधानसभा क्षेत्र क्रमांक पंडरिया के 393 मतदान केन्द्र के लिए 471 बैलेट यूनिट, 471 कंट्रोल यूनिट तथा 510 व्हीव्हीपैट को सुरक्षित रखा गया है। इसी प्रकार कवर्धा विधानसभा क्षेत्र के 410 मतदान केन्द्र के लिए 492 बैलेट यूनिट, 492 कंट्रोल यूनिट तथा 533 व्हीव्हीपैट मशीन को सुरक्षित रखा गया है।

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा छत्तीसगढ़ में विधानसभा निर्वाचन 2023 की प्रथम चरण 07 नवम्बर को होने वाले निर्वाचन के लिए मतदान का समय निर्धारित हो गया है। निर्धारित समय सारणी के अनुसार कबीरधाम जिले के विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 71 पंडरिया और विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 72 कवर्धा के लिए मतदान का समय प्रात: 08 बजे से शाम 05 बजे निर्धारित किया गया है।

## सार-संक्षेप

### सवारियों से भरी बोलेरा में लगी आग
### बाल-बाल बचे दर्शनार्थी

**बालोद,** 18 अक्टूबर। मंगलवार की दोपहर 12 बजे के आसपास बालोद से डौंडी लोहारा राजनांदगांव मार्ग पर तरौद के पास एक बोलेरो में अचानक आग लग गई। जानकारी अनुसार इस बोलेरो में डोगरगढ़ मां बमलेश्वरी के दर्शन करने गए श्रद्धालु लौट रहे थे। जैसे ही बोलेरो से धुआं निकलना शुरू हुआ ड्राइवर सहित दर्शनार्थी सतर्क हो गए और तत्काल गाड़ी से बाहर निकाल कर अपनी जान बचाए। देखते ही देखते बोलेरो तेज आग की लपटों में आ गया और खाक होने लगा। घटना की भयावह स्थिति को देखते हुए आसपास मौजूद लोगों ने पुलिस प्रशासन को खबर की और रास्ता बंद कराया गया। खबर लिखे जाने तक की स्थिति में अभी भी उक्त बोलेरो काफी जल रहा है पुलिस आगे की जांच में जुटी हुई है। आग कैसे लगी अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। वहीं घटना में किसी भी व्यक्ति को हताहत नहीं हुआ है। समय रहते बोलेरो में सवार लोगों ने वाहन से उतरकर अपनी जान बचा ली। तो वही आग तेज होने के कारण राहगीरों को आने जाने से मना कर दिया गया। घटना तरौद में अमलीडीह मोड़ के पास हुई है।

### गायत्री मंदिर परिसर में ज्योति कलश स्थापित

**देवरी बंगला,** 18 अक्टूबर। शारदीय नवरात्र के अवसर पर जय बजरंग दुर्गोत्सव समिति व ग्रामवासियों द्वारा गायत्री मंदिर परिसर देवरी बंगला में मां अंबे की भव्य प्रतिमा व ज्योति कलश की स्थापना की गई है प्रतिदिन माता सेवा की जा रही है दर्शनार्थियो, श्रद्धालुओं एवं भक्तजनों की उमड़ती भीड़ से चहल-पहल का वातावरण बना रहता है।

# ग्रामीणों व जनपद सदस्य के सहयोग से सीसी सड़क का निर्माण

**दल्लीराजहरा/डौण्डी,**18 अक्टुबर (देशबन्धु)। आदिवासी ब्लाक ग्राम पंचायत अरमुरकसा के नया पारा कला मंच के पास का सीसी रोड पूरे ब्लाक के लिए मिशाल बन गया है जन सहयोग और जनपद सदस्य संजय बैंस के सहयोग से शानदार सीसी रोड का निर्माण किया गया है। मोहल्ले वासियों के मांग था की हमारे कला मंच के सामने पूरा सीसी सड़क बने हमे धार्मिक सामाजिक सांस्कृतिक कार्यक्रम करने के एक मात्र यही जगह बरसात के दिनों में कीचड़ और गर्मी के दिनों में धूल से भरा रहता था कला मंच के समाने सीसी रोड बनने से हम मोहल्ले वासियों को एक धरोहर मिल जाएगा मोहल्ले के लोगो की बात पर जनपद सदस्य संजय बैंस ने अपने जनपद निधि से दो लाख रुपए दिए पर इतनी राशि पर सीसी सड़क का निर्माण होना मुश्किल था और ग्रामीण जन पूरे जगह पर सीसी सड़क बनाना चाहते थे। ग्रामीणों के तरफ से कहा गया की हम श्रम दान करेंगे और एक रुपए भी हम मजदूरी नहीं लेंगे जनपद सदस्य संजय बैंस ने भी मोहल्ले वासियों की गांव की प्रति अपनी जिम्मेदारी देख खुशी से कहा की आप लोगों का और मेरे सपना भी एक है, क्षेत्र का विकास मेरी पहली प्राथमिकता है। आप सभी से एक बात मैं भी कहूंगा अपने निधि के अलावा और जितने सी सी सड़क में सामग्री आवश्यकता होगी उसे मैं अपने स्वयं के खर्चे से करूंगा। और उन्होने कहा की ग्राम विकास में कोई छोटा बड़ नही होता सबके सहयोग एकजूटता से समस्या का निराकरण होता है। मैं भी आपके साथ अपना भी श्रम दान करूंगासाथ ही यह भी कहा की आप सी ग्रामवासियों को बधाई देता हू की मुझे आप सभी ग्रामिणों का आशीर्वाद निरंतर मिल रहा है,और यही मेरी सबसे बड़ी ताकत है। मोहल्ले वासियों की अथक मेहनत और संजय बैंस के सहयोग से शानदार सीसी रोड सड़क का निर्माण किया गया। अरमुरकसा निवासी हलधर गोरे मुन्ना ने बताया की हम लोगो ने अपनी समस्या हमारे जनपद सदस्य के पास रखा और बड़ी समस्या का निराकरण तुरंत किए हमारी बातों को रखते हुए अपने निधि के अतिरिक्त पचास हजार रुपए करीब अपने स्वयं से भी निर्वाह किए है। जिसके लिए हम सभी गांववासी जनपद सदस्य बैस के आभारी है और पूरा मोहल्ला भी आभारी रहेगा। इस निर्माण कार्य में श्रम दान करने वाले संतानु मात्रे रमेश लेडिया चमेली नायक खेमीन निर्मलकर नीता रावटे सुहाता रावटे दुर्गा रावटे कुमारी गोरे मनोज लेडिया बेद राम रावटे जागृत राम लेडिया मेहर सिंग लेडिया हिरामन लेडिया एवम ग्रामीण जन उपस्थित रहे।



# पंडरिया व कवर्धा विस क्षेत्र के लिए अब तक कुल 40 नाम निर्देशन पत्र वितरण

**कवर्धा,** 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा आम निर्वाचन 2023 के लिए कार्यक्रम जारी होने के बाद 13 अक्टूबर से नमांकन फार्म लेने और जमा करने की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। नाम निर्देशन के तीसरे दिवस आज 17 नवम्बर को विधानसभा-71 पंडरिया के लिए 09 एवं विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 72 कवर्धा के लिए 05 नाम निर्देशन पत्र इस तरह से कुल 14 नाम निर्देशन पत्र विभिन्न राजनीतिक दलों के द्वारा लिया गया है। इसके पूर्व पहले और दूसरे दिन विधानसभा-71 पंडरिया के लिए 12 एवं विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 72 कवर्धा के लिए 14 नाम निर्देशन पत्र इस तरह से कुल 26 नाम निर्देशन पत्र विभिन्न राजनीतिक दलों के द्वारा लिया गया था। इन तीनों दिनों में दोनो विधानसभा से कुल 40 नाम निर्देशन पत्र विभिन्न राजनीतिक दलों के द्वारा लिया गया है। निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार आज विधानसभा-71 पंडरिया के लिए 09 नाम निर्देशन पत्र का वितरण किया गया है। नाम निर्देशन पत्र लेने वाले उम्मीदवार में नीलकंठ चंद्रवंशी, श्रीमती मीनाबाई चंद्रवंशी, श्रीमती भावना बोहरा, संदीप तिवारी, सत्यप्रकाश बौद्ध, प्रदीप केंवट, अनिल कुमार नौरंग, श्रीमती चमेली कुर्रे और गोपाल साहू शामिल है। इसी प्रकार विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 72 कवर्धा के लिए 05 नाम निर्देशन पत्र का वितरण किया गया है। नाम निर्देशन पत्र लेने वाले उम्मीदवार में बृजलाल देवांगन, लक्ष्मी सत्यवंशी, श्री विपिन साहू, आशीष चंद्रवंशी, श्रीमती आकांक्षा सिंह शामिल है।भारत निर्वाचन आयोग द्वारा घोषित विधानसभा आम निर्वाचन 2023 की अधिसूचना अनुसार छत्तीसगढ़ में दो चरणों में निर्वाचन होगा। पहले चरण में होने वाले निर्वाचन में कबीरधाम जिले के विधानसभा-71 पंडरिया एवं 72 कवर्धा शामिल है। नाम निर्देशन पत्र का वितरण 13 अक्टूबर से शुरू हो गई है। नामांकन की अंतिम तिथि 20 अक्टूबर, नामांकन पत्र की संवीक्षा 21 अक्टूबर, नामांकन पत्र की वापसी 23 अक्टूबर, मतदान की तिथि 07 नवंबर और मतगणना की तिथि 03 दिसंबर 2023 निर्धारित है।

**विभिन्न राजनीतिक दलों द्वारा आज 14 नाम निर्देशन पत्र लिया गया**

## प्रादेशिकी का शेष...

### अवैध मादक पदार्थ गांजा...

किया गया है आरोपियों का कृत्य अपराध धारा 20 एनडीपीएस एक्ट का पाए जाने से आरोपियों को गिरफ्तार कर अपराध सदर कायम कर विवेचना में लिया गया है एवं आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश करने रवाना किया जाता है।

### भारत की कम्युनिस्ट पार्टी ...

शहीद हुए।

वर्ष 2019 भैरमगढ़ स्कूल में पढ़ने वाले छात्र दीपक फरसा की हत्या करने की घटना में शामिल

वर्ष 2020 में ग्राम बरदेला के धनी राम कोरसा एवं गोपाल कुड़ियम ग्राम गोंगला की हत्या करने की घटना में शामिल

दिनांक 03/04/2021 को टेकलगुड़ियम में पुलिस पार्टी पर एम्बुश लगाकर फायरिंग की घटना में शामिल, घटना में 22 जवान शहीद एवं 14 हथियार लूट कर ले गये ।

वर्ष 2022 ग्राम घुसावड के ग्रामीण रामलाल की हत्या की घटना में शामिल

**हड़मे माड़वी , माओवादी संगठन में कार्य का विवरण**

वर्ष 2010 में सीएनएम पार्टी के नाच गाना से प्रभावित होकर गंगालूर एरिया कमेटी अन्तर्गत ग्राम गोरना में बाल संघम सदस्य के रूप में भर्ती होकर संगठन में पुलिस की रेकी का कार्य करने लगी । वर्ष 2015 में पीएलजीए सदस्या की जिम्मेदारी गई गई । वर्ष 2016 में सीएनएम सदस्य का कार्य दिया गया । मई 2016 में भैरमगढ़ एलजीएस में पार्टी सदस्या की जवाबदारी दी गई । नवम्बर 2020 में पार्टी सदस्या का कार्य दिया गया । संगठन में 12 बोर बंदूक रखती थी।

**संगठन छोड़ने का कारण**

संगठन में कार्यो की उपेक्षा करने एवं भेदभाव पूर्ण व्यवहार से त्रस्त होकर एवं छ0ग0 शासन की आत्मसमर्पण नीतियों से प्रभावित होकर भारत के संविधान पर विश्वास रखते हुए उक्त माओवादियों द्वारा पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया गया । आत्मसमर्पण करने पर इन्हें उत्साहवर्धन हेतु शासन की आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति के तहत् 25000-25000/- रूपये (पच्चीस हजार रूपये) नगद प्रोत्साहन राशि प्रदान किया गया ।

### आठ लाख की इनामी डिप्टी...

के आत्मसमर्पण किया। आत्मसमर्पित महिला नक्सली को सहायता राशि व अन्य सुविधायें प्रदान किया जाएगा। एसपी किरण चव्हाण ने बताया कि आठ लाख की इनामी महिला नक्सली, नक्सल संगठन में मिलिट्री प्लाटून नम्बर 24 की डिप्टी कमाण्ड के रूप में सक्रिय थी। आत्मसमर्पित महिला नक्सली कई नक्सली वारदातों में शामिल थी, उन्होंने कहा आने वाले दिनों में नक्सलियों के खिलाफ चलाया जा रहे नक्सल ऑपरेशन में इसका फायदा फोर्स को मिलेगा। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि नक्सली संगठन का रास्ता छोड़कर समाज के मुख्य धारा में लौट आए, शासन की आत्मसमर्पण व पुनर्वास नीति लाभ लेते हुए पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर सामान्य रूप जीवन-यापन कर सकते हैं।

### कांग्रेस से छठवी बार कवासी...

उसके बाद पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि हमारी सरकार ने पांच सालों में बस्तर की तस्वीर बदल दी है। जिन जगहों पर सड़के नही थी आज वहाँ बेखोफ लोग जा रहे है। नक्सल इलाको में विकास देखने को मिल रहा है। किसानों की फसल लहरा रही है। अंतिम छोर पर बसे गाँवो में बिजली पहुँच रही है, लेकिन भाजपा के पास कोई मुद्दा नही है। इसलिए सिर्फ धर्म के नाम पर राजनीति कर रही है, लेकिन ये छत्तीसगढ़ है यहां की जनता सब जानती है इस बार भाजपा का साफ और कांग्रेस 75 पार होगी। उन्होंने कहा कि कोण्टा विधानसभा में कोई टक्कर में नही है। साथ ही सीपीआई के प्रत्यासी मनीष कुंजाम को हारने वाले प्रत्यासी बताते हुए कहा कि मेरे विरुद्ध वो लगातार हारते रहे है और इस बार भी हारेंगे हमारे कार्यकर्ता पूरे जोश और उत्साह के साथ चुनाव में कार्य करने को तैयार है। इस दौरान चित्रकूट विधायक राजमन बेंजाम, महेश्वरी बघेल, राजू साहू, राजेन्द्र सिंह मौजूद रहे।

# धूमधाम से मनाया जा रहा नवरात्रि

**देवकर,** 18 अक्टूबर। धूमधाम से मनाया जा रहा नवरात्रि पर्व, पंडालों में हो रहे जस गीत.नगर में सजा है माता का दरबार नगर मे नवरात्रि को लेकर काफी उत्साह नजर आ रहा है वही नगर के जगह जगह माँ दुर्गा विराजमान है मातारानी के दर्शन के लिए पहले दिन से ही जन सैलाब उमड़ पड़ा शारदीय नवरात्रि को लेकर को लेकर नगर मे काफी उत्शाह देखा जा रहा है वही नगर देवकर मुख्य रूप से न्यू बस स्टैंड ,मां महामाया मंदिर ,तिरंगा चौक ,मां संतोषी मंदिर ,देंवागन पारा सुभाष चौक कंडरा पारा माता मंदिर, दुर्गोउत्सव समिति इन सब जगहों मे माँ दुर्गा विराजमान है नवरात्रि के इस पावन अवसर पर सभी दुर्गा पुजा समिति के लोग यादगार बनाने के लिए लगे है वही सभी जगहों मे लाइटिंग, आकर्षक पंडाल बनाकर एक रूप दिया है खासकर नगर मे नवरात्रि को लेकर काफी उत्साह है, ग्रामीण अंचल के लोग दूर दूर से माँ दुर्गा का दर्शन करने आ रहे है ।







**कवर्धा** 18 अक्टूबर। कवर्धा विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 72 से मोहम्मद अकबर/अकबर भाई (इंडियन नेशनल कांग्रेस) ने आज मंगलवार को विधानसभा सदस्य के लिए नामांकन (नाम-निर्देशन) फार्म प्रस्तुत किया। उन्होंने यह नामांकन फार्म कवर्धा रिटर्निंग आफिसर पीसी कोरी के समक्ष प्रस्तुत किया। कवर्धा विधानसभा क्षेत्र से आज पहला नाम-निर्देशन पत्र दाखिल हुआ है। इस अवसर पर उनके चार प्रस्थापक उपस्थित थे। इसके बाद स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में श्री सच्चिदानंद कौशिक ने नामांकन (नाम-निर्देशन) फार्म प्रस्तुत किया।

# आंगनबाड़ी केन्द्र कुंदला में परवरिश के चैंपियन कार्यक्रम आयोजित

**नारायणपुर,** 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। महिला एवं बाल विकास विभाग ,यूनिसेफ और विक्रमशिला एजुकेशन रिसोर्स सोसाइटी के तकनीकी सहयोग से पालकत्त्व विषय पर च्परवरिश के चैंपियनज् कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य बच्चों के सर्वांगीण विकास को दृष्टिगत रखते हुए प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल और शिक्षा पर विभागीय अमले का क्षमतावर्धन करना और पालकों की संवेदनशील समझ को विकसित करना है। इस कार्यक्रम के तहत जिले की सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण पूर्ण किया जा चुका है। तत्पश्चात इस कार्यक्रम का प्रभावी क्रियान्वयन पूरे जिले में किया जा रहा है। बच्चों के पालन पोषण और उनके देखभाल में माता-पिता,थ दादा-दादी ,भाई बहन की बड़ी भूमिका होती है। पालकों को जागरूक करने व संवेदनशील बनाने हेतु प्रत्येक आंगनबाड़ी में 15 दिन के अंतराल में दो पालक सत्र का आयोजन परवरिश की चैंपियन की वर्णमाला किताब के माध्यम से किया जा रहा है। इस किताब में बच्चों के मनोवैज्ञानिक भावनात्मक सहयोग, आदते और व्यवहार, सामाजिक पर्यावरण व समावेशी विकास, स्वास्थ्य एवं पोषण, संज्ञानात्मक विकास व सुरक्षा एवं बाल अधिकार से संबंधित जानकारी दी गई है ।इस कार्यक्रम के तहत आज आंगनबाड़ी केंद्र कुंदला में यूनिसेफ की टीम ने पालक सत्र का अवलोकन किया ।सत्र के दौरान उन्होंने पालकों के साथ संवाद करते हुए बताया कि 6 माह से ऊपर के बच्चों को ऊपरी आहार देने से उनकी पोषण की ज़रूरतें पूरी होती हैं। एक घंटे अवधि के इस पालक सत्र में पालकों ने अपने अनुभव साझा किया और बताया कि वे घर में बच्चों के साथ खेलना, बातचीत करना, कहानी सुनाना, गीत गाना आदि गतिविधियां करते हैं जिससे बच्चे खुश रहते हैं ।इस अवसर पर यूनिसेफ टीम से राजीव कुमार( पटना) कार्यक्रम विशेषज्ञ,ओंकार ओनियल खरे (भुवनेश्वर) कार्यक्रम विशेषज्ञ ,उर्वशी चंद्रा (लखनऊ) एम एंड ई विशेषज्ञ, रामचन्द्र राव बेगुर(दिल्ली) शिक्षा विशेषज्ञ, शालिनी प्रसाद (दिल्ली) एसबीसी विशेषज्ञ, समीर माणिकराव पवार (दिल्ली)पोषण विशेषज्ञ, सरबजीत सिंह सहोता (दिल्ली) आपातकालीन विशेषज्ञ ,उमा कृष्णमूर्ति (दिल्ली) वरिष्ठ कार्यक्रम सहयोगी ,विशाल वासवानी (रायपुर) आपातकालीन अधिकारी, महेंद्र प्रजापति( रायपुर) पोषण अधिकारी, रायपुर उपस्थित रहे। विक्रमशिला एजुकेशन रिसोर्स सोसायटी की नारायणपुर जिला समन्वयक अंजलि बघेल ने इस कार्यक्रम में उपस्थित बच्चों, पालकों एवं ग्रामवासियों को च्परवरिश के चैंपियन च्कार्यक्रम के बारे में विस्तार से बताया और कार्यक्रम में शामिल होने के लिए सभी का आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग की कार्यकर्ताओ एवं सहायिकाओ का महत्वपूर्ण योगदान रहा।



# सर्व आदिवासी समाज ने अशोक तलांडी को किया पदच्युत, कमलेश पैंकरा बने कार्यकारी अध्यक्ष

**बीजापुर,** 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। सर्व आदिवासी समाज के कार्यकारी अध्यक्ष बीएस रावटे द्वारा हमर राज नाम की पार्टी बनाए जाने और बीजापुर जिले के विधानसभा क्षेत्र से वर्तमान अध्यक्ष अशोक तलांडी का नाम प्रत्याशी के रूप में घोषणा से समाज प्रमुखों ने नाराजगी जाहिर करते हुए सर्व आदिवासी समाज के नियमावली का हवाला देते हुए अशोक तलांडी को अध्यक्ष पद से हटा दिया है।

समाज प्रमुखों ने बताया कि सर्व आदिवासी समाज का गठन आदिवासी समाज के संवैधानिक अधिकारों और हक दिलाने के लिए किया गया था। इसका राजनीति करण समाज हित में ठीक नही है। चुनाव लड़ने का विचार अशोक तलांडी का व्यक्तिगत हो सकता है। आज 18 अक्तूबर को बीजापुर स्थित गोंडवाना भवन में जिला इकाई और ब्लॉक अध्यक्षों और पदाधिकारियों की बैठक में उन्हे अध्यक्ष पद से पृथक कर दिया गया है। सर्व आदिवासी समाज के प्रवक्ता अमित कोरसा ने बताया कि सर्व आदिवासी समाज के नियमावली के तहत पदाधिकारियों को राजनीतिक दल का प्रत्याशी अथवा सक्रिय पदाधिकारी नही होना चाहिए।

सर्व आदिवासी समाज ने विधान सभा चुनाव 2023 में सक्रिय रूप से न तो किसी को अपना प्रत्याशी बनाया है और न ही किसी राजनीतिक दल का समर्थन किया है। समाज के प्रवक्ता अमित कोरसा ने बताया कि सर्व आदिवासी समाज जिला बीजापुर के संचालन के लिए सर्व सहमति से कमलेश पैंकरा को कार्यकारी अध्यक्ष चुना गया है।

इस दौरान समाज के जग्गूराम तेलम, गुज्जाराम पवार, कामेश्वर दुब्बा, कमलेश पैंकरा, सालिक नागवंशी, मंगल राना, सीएस नेताम, सीताराम मांझी, राजेंद्र कडती, एमआर वट्टी, अमित कोरसा, भावसिंह भास्कर, कामेश्वर गौतम, पी तेलम, कोरम अंकैया, आरएस नेताम, बलराम मिंज, सांतनु नुरेठी, सोनाधर मांझी, मनधर नाग, श्रीमती रानू सोरी, श्रीमती विनिता बघेल, सुशील हेमला, विश्वनाथ मांझी, दासू राम कोरसा, शिव पुनेम सहित अन्य वरिष्ठ सदस्यगण मौजूद रहे।



**विस चुनाव में अशोक तलांडी हमर राज पार्टी से लड़ रहे हैं चुनाव**

## सार-संक्षेप

### मतदान प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहे 14 कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी

**कोण्डागांव,** 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक सोनी ने मतदान कर्मियों को दिए जा रहे प्रशिक्षण के दौरान अनुपस्थित रहे 14 मतदान कर्मियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। इनमें शिक्षा विभाग के हन्नूराम बघेल, संजय एक्का, दशराज मरकाम, चंद्रशेखर साक्षी, लोचन शर्मा, कमलेश्वर सोरी, उद्धव दास वैष्णव, आनंद सिंह, कमल किशोर पोटाई, मनोज कुमार मंडावी, चमरा राम मरकाम, सुकलू राम नेताम, थानेश्वर गंजीर और उद्यानिकी विभाग के सुजीत कुमार कर्मकार के शामिल हैं। कलेक्टर ने इन सभी कर्मचारियों को 16 अक्टूबर को आयोजित प्रथम चरण के प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहने पर निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्य के प्रति लापरवाही और अनुशासनहीनता बताते हुए 24 घंटे के भीतर स्पष्टीकरण मांगा है। समयावधि में संतोषजनक उत्तर नहीं देने पर अनुशासनात्मक कार्यवाही की चेतावनी दी गई है।

### डोकरीडीह स्कूल में बनेगा सामुदायिक सहभागिता से अमृत गार्डन

**बिलाईगढ** 18 अक्टूबर (देशबंधु)। विकासखंड बिलाईगढ़ के ग्राम डोकरीडीह में अमृत गार्डन बनेगा। शासकीय मिडिल स्कूल डोकरीडीह के शिक्षक महेत्तर लाल देवांगन ने बताया कि आजादी के अमृत महोत्सव मेरी मिट्टी मेरा देश के तहत ग्राम डोकरीडीह के शासकीय प्राथमिक एवं मिडिल स्कूल परिसर में सामुदायिक सहभागिता से अमृत गार्डन का निर्माण होगा ।अमृत गार्डन के निर्माण हेतु ग्राम डोगरीडीह के सभी घरों से मिट्टी एवं विकासखंड बिलाईगढ़ के विभिन्न गौठानों से खाद लाकर अमृत गार्डन का निर्माण किया जाएगा ।अमृत गार्डन में विभिन्न प्रकार के फलदार, छायादार एवं औषधिय पौधों का रोपण किया जाएगा ।अमृत गार्डन में वृक्षारोपण कार्य विकासखंड बिलाईगढ़ के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय परमेश्वर दयाल मिश्रा एवं स्वर्गीय रेशम लाल जांगड़े के परिवार के सदस्यों के हाथों कराया जाएगा ।स्कूल में निर्मित होने वाले अमृत गार्डन शिक्षक ,बाल कैबिनेट इको क्लब के सदस्य ,पंचायत प्रतिनिधि , एसएमसी सदस्य , पालक गण एवं जनप्रतिनिधियों के सामुदायिक सहयोग से कराया जाएगा।

### भाजपा का बूथ सशक्तिकरण अभियान

**कुरूद,** 18 अक्टूबर। विधानसभा क्षेत्र में भाजपा के बुथ ससक्तीकरण अभियान के अंतर्गत श्रीमती प्रतिभा अजय चन्द्राकर जी एवं ज्योति चन्द्राकर जी भाजपा जिला उपाध्यक्ष, महिला मोर्चा विधानसभा प्रभारी ने विभिन्न गावों के बुथ जिसमे आलेखुटा, सोनपुर, सेमरा सी, देवरी, दर्री, चिरपोटी, नवागांव कचना, कानामुका, खपरी, जरवायडीह, भैसबोड, कुम्हारी, पुरैना, कल्हे के मतदाता माता-बहनों एवं भाइयों से जनसंपर्क एवं बैठक कर कांग्रेस सरकार के वादा खिलाफी बारे में अवगत कराया गया। इस अभियान में सिंधु बैस, देवकी आशा रात्रे,पूर्णिमा साहू, यशोदा साहू, गीतेश्वरी साहू, रश्मि साहू सभी ने भाग लिया, और फिर से भाजपा की सरकार बनाने का संकल्प लिया।

# अवैध संबंध के सबूत मिटाने के चलते डेढ़ माह के मासूम को उतारा मौत के घाट

**गरियाबंद,** 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिला मुख्यालय से दस किलोमीटर दूर ग्राम सोहागपुर में एक दुष्कर्म के आरोपी ने अपनी गलती छुपाने के उद्देश्य से डेढ़ माह के मासुम की गला घोंटकर हत्या कर दी। मामले में पुलिस ने हत्या और साक्ष्य छुपाने के आरोप में आरोपी युवक और मासुम की मां को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के मुताबिक गरियाबंद मुख्यालय से दस किलोमीटर दूर ग्राम सोहागपुर निवासी महिला के पति का नौ से दस वर्ष पूर्व देहांत हो गया है। पति के मौत के बाद डेढ़ माह पूर्व उस महिला ने एक बच्चे को जन्म दी, लेकिन विधवा होने के दस वर्ष बाद बच्चे को जन्म देने की बात से ग्राम का माहौल गरम हो गया और नवजात बच्चे के पिता का तलाश शुरू हो गई। तब ग्राम सोहागपुर से दो किलोमीटर दूर ग्राम कस के एक व्यक्ति मुकेश निषाद उर्फ लुकेश के खिलाफ दोनो ग्राम में मीटिंग रखा गया और मुकेश को बुलाए लेकिन भरे मीटिंग में मुकेश के द्वारा इस आरोप का विरोध कर अपने ऊपर लगे आरोप को निराधार बताया। उसके कुछ दिनों पश्चात डेढ़ माह के बच्चे की मौत हो गई और मौत तीन दिन बाद बच्चे की मौत की ख़बर गांव वालों को हुई और इसकी रिपोर्ट सिटी कोतवाली में दर्ज कराए। तब पुलिस सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा शंका के आधार पे आरोपी मुकेश को पकड़ा गया। पूछताक्ष पर आरोपी मुकेश अपने द्वारा किये गए दुष्कर्म से हुए बच्चे की सबूत मिटाने बच्चे का गला घोंटकर मारने की बात स्वीकार किया गया ।इस घटना पर आरोपी मुकेश निषाद के खिलाफ धारा 302 और आरोपी के इस कृत्य को छुपाने मृतक बच्चे के माँ के खिलाफ धारा 201 कायम कर हत्या आरोपी और साक्ष्य छुपाने के आरोप में मृतक के मा को जेल भेज दिए है।

# बैग में छुपाए 10.42 किग्रा गांजा के साथ उप्र का 1 आरोपी गिरफ्तार

**कोण्डागांव,** 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। काले रंग के बैग में छुपाकर रखे अवैध मादक पदार्थ गांजा अनुमानित कीमत 100000 रूपये के 10.42 किलोग्राम के साथ अंतर्राज्यीय गांजा तस्करी के आरोपी नितेश पिता विनोद जायसवाल निवासी रायपुर भरखी थाना कुण्डा जिला प्रतापगढ उत्तर प्रदेश को केशकाल पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

आदर्श आचार संहिता लागू होने के पश्चात केशकाल थाना क्षेत्र में एस.पी. कोण्डागांव वाय. अक्षय कुमार (भा.पु.से.) के निर्देशन एवं एडि. एस.पी.दौलतराम पोर्ते के मार्गदर्शन एवं एस.डी.ओ.पी.केशकाल भूपत सिंह धनेश्री के पर्यवेक्षण में लगातार आने जाने वाले गाड़ियों एवं संदिग्ध व्यक्तियों की जांच पड़ताल की जा रही थी, 17 अक्टूबर 2023 को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि विश्रामपुरी चैक के पास एक व्यक्ति काले रंग के बैग में अवैध मादक पदार्थ गांजा की बिक्री करने हेतु छिपाकर अपने पास रखा है एवं वहां से जाने के लिए बस का इंतजार कर रहा है। उक्त सूचना पर विश्रामपुरी चैक रवाना होकर चैक के पास खड़े संदेही को घेराबंदी कर पकड़कर उसका नाम पता पूछने पर उसके द्वारा अपना नाम नितेश जायसवाल पिता विनोद जायसवाल 23 वर्ष थाना कुण्डा जिला प्रतापगढ़ उत्तर प्रदेश का होना बताया गया एवं उसके कब्जे से बरामद काले रंग के बैग के अंदर रखे हुए 02 पैकेट जिसमें अवैध मादक पदार्थ गांजा कुल वजन 10.420 किलोग्राम एवं आरोपी के कब्जे से एक विवो कम्पनी का मोबाईल नगदी रकम 1150 रूपये को जप्त कर आरोपी के विरूद्ध अप. क्र. 94/2023 धारा 20 (ख) एनडीपीएस एक्ट कायम कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है। सम्पुर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी केशकाल आनन्द सोनी, सउनि मण्डल, प्र.आर.अजय बघेल, मनोहर निषाद, गिरजू मरकाम, दिनेश मरकाम, जितेन्द्र माहला की अहम भूमिका रही।





**चारामा।** श्री श्री नव दुर्गा उत्सव समिति द्वारा समता रंगमंच मे मां दुर्गा की विशाल प्रतिमा स्थापित किया गया है।

# चिलपुटी में संकुल स्तरीय कबाड़ से जुगाड़ प्रदर्शनी व विज्ञान मेला आयोजित

**कोण्डागांव,** 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। विकास खंड कोंडागाव अंतर्गत संकुल केंद्र चिलपुटी में संकुल स्तरीय कबाड़ से जुगाड़ विज्ञान गणित प्रदर्शिनी का आयोजन किया गया, जिसमें संकुल चिलपुटी के अंतर्गत सभी शाला के बच्चों द्वारा विभिन्न प्रकार के कबाड़ सामग्री के माध्यम से जुगाड़ करके गणित विज्ञान टीएलएम निर्माण कर प्रदर्शिनी लगाया गया। जिला मीडिया प्रभारी शिक्षक शैलेंद्र ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि संकुल प्राचार्य कृष्ण कुमार सिंग व संकुल समन्वयक विनोद कुमार वटी के निर्देशन में मुख्य अतिथि नरेंद्र कश्यप प्रधान पाठक व लालसिंह ठाकुर प्रधान पाठक की उपस्थिति में कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत प्राथमिक शाला जुनापानी एवं माध्यमिक शाला चिलपुटी के बच्चों के द्वारा स्वागत गीत से किया गया एवं संकुल अंतर्गत आने वाले सभी विद्यालयों के बच्चों के द्वारा क्रम से पारंपरिक वेशभूषा में नृत्य एवं गायन कर कार्यक्रम की शोभा और बढ़ाया इस अवसर पर बच्चों के द्वारा लगाया गया विज्ञान मेला भी आकर्षण का केंद्र रहा। इस आयोजन के लिए सभी ग्रामीणों ने शिक्षकों व संकुल समन्वयक चिलपुटी को बधाई देते हुए कबाड़ से जुगाड़ के माध्यम से अध्यापन सामग्री निर्माण करते हुए बच्चों के शैक्षणिक स्तर में गुणवत्ता लाने पर जोर दिया। नरेंद्र कश्यप एवं लालसिंह ठाकुर ने सभी शिक्षक को बधाई देते हुए कबाड़ से जुगाड़ से करते हुए नियमित रूप से इसका उपयोग अध्यापन में किए जाने पर बल दिया, साथ ही संकुल में आए हुए नवनुक्त टीचर एवं कर्मचारियों का स्वागत करते हुए बधाई भी दिया। इस कार्यक्रम मे प्राथमिक स्तर पर प्राथमिक शाला जुनापानी प्रथम स्थान व प्राथमिक शाला छुईधोड़ा द्वितीय स्थान पर रहा। इसी तरह माध्यमिक स्तर में मा.शा. चिलपुटी प्रथम स्थान व माशा दाबड़ीबेड़ा दूसरे स्थान पर रहा, साथ ही हाईस्कूल और हायर सेकेण्डरी चिलपुटी के बच्चे भी भाग लेकर प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त किए। प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त शालाओं को संकुल चिलपुटी की ओर से ट्रॉफी प्रदान की गई। संकुल समन्वयक विनोद वट्टी ने समस्त शाला के प्रधान पाठकों शिक्षक शिक्षिकाओं को आभार व्यक्त किया, इस कार्यक्रम के मुख्य सहयोगी के रूप में राधा नेताम, सुमन वासनीकर, माधुरी सिन्हा, नमिता गौर, हेमलता ठाकुर, ननकी मरकाम, चंद्रिका साहू, सोन कुंवर, दीपिका शार्दूल, दिनेश देवांगन, घनश्याम वैध, राजेंद्र गुप्ता शिक्षक शिक्षिकाएं रहे।



# कलेक्टर की उपस्थिति में कम्प्यूटरीकृत प्रणाली से प्रथम रेण्डमाईजेशन

**नारायणपुर,** 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट के सभा कक्ष में विधानसभा क्षेत्र के राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों और रिटर्निंग आफिसर के उपस्थिति में कंट्रोल यूनिट एवं बैलेट यूनिट का प्रथम रेण्डमाईजेशन किया गया। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी डी डी मण्डावी, रिटर्निंग आफिसर जितेन्द्र कुमार कुर्रे, व्यय एवं ईवीएम के नोडल अधिकारी डॉ. सुमित गर्ग, एमसीसी के नोडल अधिकारी प्रदीप वैद्य तथा राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि इण्डियन नेशनल कांग्रेस के प्रतिनिधि, भारतीय जनता पार्टी के प्रतिनिधि और कम्युनिस्ट पार्टी आफ इंडिया के प्रतिनिधि उपस्थित थे। नारायणपुर विधानसभा के 265 मतदान केन्द्रों हेतु कंट्रोल यूनिट एवं बैलेट यूनिट का प्रथम रेण्डमाईजेशन किया गया, जिसमें विधानसभा अंतर्गत बस्तर, कोण्डागांव और नारायणपुर के 265 मतदान केन्द्रों के लिए कंट्रोल यूनिट एवं बैलेट यूनिट का प्रथम रेण्डमाईजेशन किया गया। उल्लेखनीय है कि विधानसभावार मतदान केन्द्र बस्तर में 82, कोण्डागांव में 56 और नारायणपुर में 127 मतदान केन्द्रों हेतु व्हीव्हीपैट, कंट्रोल यूनिट एवं बैलेट यूनिट रेण्डमाईजेशन में शामिल हैं। नारायणपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत तीन नये मतदान केन्द्र बनाएं गये हैं, जिसमें नारायणपुर के नयानार मतदान केन्द्र क्रमांक 87, बागबेड़ा मतदान केन्द्र क्रमांक 97 और कोण्डागांव जिले के चेमा मतदान केन्द्र क्रमांक 141 शामिल हैं। नारायणपुर जिले में मतदान केन्द्र क्रमांक-01 से 127 तक, कोण्डागांव जिले में 128 से 183 तक तथा बस्तर जिले में मतदान केन्द्र क्रमांक 184 से 265 तक मतदान केन्द्र के बैलेट एवं कंट्रोल युनिट शामिल हैं।



**इस दौरान राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि रहे उपस्थित**

# शुभ मुहूर्त पर लखेश्वर बघेल, विनायक गोयल व अन्य प्रत्याशियों ने दाखिल किए नामांकन पत्र



**जगदलपुर,** 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। शुभ मुहूर्त पर बस्तर विधानसभा के कांग्रेस प्रत्याशी लखेश्वर बघेल और भारतीय जनता पार्टी के चित्रकोट प्रत्याशी विनायक गोयल ने अपना-अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इनके साथ ही जगदलपुर विधानसभा सीट के आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी नरेंद्र भवानी, सर्व आदि पार्टी से सुरेंद्र चालाकी, एवं अन्य प्रत्यासियों ने भी नामांकन पत्र दाखिल किया। 2023 विधानसभा चुनाव के दौरान बस्तर जिला के तीनों विधानसभा में एसडीएम को चुनाव अधिकारी बनाया गया है। इसके साथ ही सुरक्षा व्यवस्था काफी चाक चौबंद कर दी गई है नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए प्रत्याशी के साथ केवल चार व्यक्तियों को अनुमति दी जा रही है यहां तक की मीडिया को भी नामांकन पत्र दाखिल कक्ष में प्रवेश करने से रोका जा रहा है ,जबकि इसके पहले हुए सभी चुनाव में मीडिया का प्रवेश नामांकन पत्र दाखिल करने के कक्ष तक होता था। इस वर्ष मीडिया को कलेक्ट्रेट के प्रथम गेट पर ही रुक कर प्रत्याशियों से मिलना हो रहा है।

# शास. हायर सेकेण्ड्री स्कूल हंगवा व ईसलनार में विधिक साक्षरता शिविर आयोजित

**कोण्डागांव,** 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। शासकीय हायर सेकेण्ड्री स्कूल हंगवा एवं ईसलनार में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन कर उपस्थित छात्र-छात्राओं को विधिक जानकारी दी गई।

18 अक्टूबर 2023 को उत्तरा कुमार कश्यप जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव के मार्गदर्शन एवं निर्देशानुसार तथा श्रीमती अम्बा शाह व्यवहार न्यायाधीश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव के कुशल नेतृत्व में सुनील कुमार मरकाम पी.एल.व्ही. प्रबंध कार्यालय कोण्डागांव एवं रविन्द्र बघेल पी.एल.व्ही. प्रबंध कार्यालय कोण्डागांव के द्वारा शासकीय हायर सेकेण्ड्री स्कूल हंगवा एवं ईसलनार के छात्र-छात्राओं में विधिक जागरूकता लाने के उदेश्य से विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन कर छात्र-छात्राओं को बाल विवाह निषेध अधिनियम, 2006 के तहत बाल विवाह पर रोक लगाने, पीड़ितों को राहत देने और इस तरह के विवाह को बढ़ावा देने या इसे बढ़ावा देने वालों के लिए सजा के संबंध में, व बाल मजदूरी (निषेध एवं नियमन) अधिनियम, 1986 के अनुसार, 14 वर्ष से कम उम्र के किसी बच्चे को किसी कारखाने में काम में नहीं लगाया जाना चाहिए अथवा अन्य किसी जोखिमपूर्ण रोजगार में नियोक्त नहीं करने एवं बच्चे के सर्वोत्तम हित को सर्वप्रथम ध्यान रखने के संबंध में, आरटीई अधिनियम 2009 के रूप में जाना जाता है जिसका उद्देश्य भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21। के तहत भारत में 6 से 14 वर्ष की आयु के सभी बच्चों को मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा प्रदान करने के संबंध में, और लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012, चाईल्ड हेल्प लाईन नम्बर 1098, गुडटच बैडटच, पीडित क्षतिपूर्ति योजनो 2018, मोटर यान अधिनियम, किशोर न्याय बोर्ड अधिनियम, भारतीय संविधान में प्रदत्त नागरिकों के मौलिख अधिकार एवं उनके कर्तव्यों के बारे मे, सालसा द्वारा संचालित पहचान अभियान के संबंध में एवं नालसा हेल्प लाइन नम्बर 15100 के संबंध में जानकारी दी गई क्योंकि कोई भी व्यक्ति न्याय पाने से वंछित नहीं रहे।

इस अवसर पर शासकीय हायर सेकेण्ड्री स्कूल हंगवा एवं शासकीय हायर सेकेण्ड्री स्कूल ईसलनार के प्राचार्य संहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।



**उपस्थित छात्र-छात्राओं को दी गई विधिक जानकारी**

# कलेक्टर ने गरियाबंद स्थित मद्य भाण्डागार कार्यालय का औचक निरीक्षण किया



**गरियाबंद,** 18 अक्टूबर। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आकाश छिकारा ने मंगलवार को विधानसभा चुनाव के मद्देनजर गरियाबंद स्थित मद्य भाण्डागार कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वहां स्टॉक में उपलब्ध मदिरा का निरीक्षण किया और वाहन से मदिरा के लोडिंग-अनलोडिंग कार्य का अवलोकन किया। उन्होंने शराब के आवागमन के संबंध में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान मदिरा दुकान में देशी एवं अंग्रेजी शराब की खपत के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि किसी भी व्यक्ति को निर्धारित मात्रा से अधिक मात्रा में मदिरा का विक्रय न करें एवं समस्त अभिलेख प्रतिदिन संधारित करें तथा प्राप्त शिकायतों के निराकरण के लिए टोल फ्री नम्बर 14405 में अवगत करायें। कलेक्टर ने स्टॉक पंजी, सी.सी.टी.वी. कैमरे के संबंध में जानकारी ली एवं विधानसभा निर्वाचन 2023 के दृष्टिगत आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान अपर कलेक्टर अविनाश भोई, जिला आबकारी अधिकारी ए.के. सिंह, मद्य भाण्डागार अधिकारी नागेश राज श्रीवास्तव एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# कैपिटल ज़ोन

## संपादकीय

### सभी सियासी दल संयम बरतें

*छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनावों के लिये प्रमुख राजनैतिक दलों की ओर से न तो अभी सारे उम्मीदवारों की घोषणा हो पाई है और न ही प्रचार ने पूरी गति पकड़ी है, परन्तु लगता है कि अभी से सियासी पारा चढ़ने लगा है। संकेत साफ हैं कि चुनाव जब पूरी सरगर्मी पर होगा बयानों में और भी तेजी आयेगी। चुनावों के ठीक-ठाक शुरू होने के पहले ही यह माहौल दिख रहा है। केन्द्रीय राज्य मंत्री रेणुका सिंह हों या देश के गृह मंत्री अमित शाह, दोनों के बयानों से चुनावी पारा हाई हो रहा है। ऐसे में ज़रूरी है कि सभी दल संयम बरतें।*

*भरतपुर-सोनहत की उम्मीदवार रेणुका सिंह ने कार्यकर्ता सम्मेलन में धमकी दे दी कि उनके किसी कार्यकर्ता की एक उंगली काटी गई तो वे जिम्मेदार व्यक्ति का पूरा हाथ काटकर दूसरे हाथ में थमा देंगी। दो दिनों पहले ही उन्होंने कांग्रेस नेत्री सोनिया गांधी को 'बाहरी' बताते हुए 'धक्के मारकर इटली भेजने' की बात भी कही थी। ऐसे ही, सोमवार को राजनांदगांव में पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह द्वारा भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी के रूप में नामांकन भरते समय शाह मौजूद थे। बाद में हुई एक सभा को सम्बोधित करते हुए शाह ने बेमेतरा की उस घटना का जिक्र किया जिसमें ईश्वर साहू नामक युवा की दो गुटों के बीच हुए दंगे में मौत हो गई थी। इसी साल की अप्रैल में हुई इस वारदात में पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए 1 1 लोगों को गिरफ्तार कर लिया था। इसे लेकर हिंदूवादी संगठनों ने छग बन्द का भी आयोजन किया था। उसके कारण अमूनन शांत रहने वाले छग में साम्प्रदायिक तनाव फैल गया था। चूंकि इस प्रदेश के लोगों की सोच व तासीर में ही इस तरह की कट्टरता नहीं है, इसलिये वह मामला थोड़े बहुत विवादों और तनाव के बाद निपट गया था। इतने समय के बाद उस मामले को फिर से उठाना दुर्भाग्यजनक ही कहा जायेगा। विशेष कर इसलिये कि उसे गृह मंत्री जैसे व्यक्ति द्वारा उठाया गया है जिनका काम साम्प्रदायिक तनावों को समाप्त करना होना चाहिये, न कि उसे बढ़ाना। कांग्रेस ने निर्वाचन आयोग में शाह के खिलाफ हेट स्पीच दिये जाने की शिकायत भी दर्ज की है।*

*चुनावों में अपनी उपलब्धियां, कामकाज, घोषणापत्रों पर बातें होनी चाहिये, न कि साम्प्रदायिक, सामाजिक या धार्मिक वैमनस्यता बढ़ाने वाले बयान दिये जाने चाहिये। विरोधी दलों की स्वस्थ आलोचना लोकतांत्रिक परम्परा का हिस्सा है परन्तु वोट पाने के लिये समाज में तनाव फैलाने वाले या विभाजन करने वाले बयानों से बचना चाहिये। चाहे इससे चुनाव जीता जा सकता हो और सरकार भी बनाई जा सकती हो लेकिन ऐसे बयान समाज को दूरगामी और स्थायी नुकसान पहुंचाते हैं। छत्तीसगढ़ शांति का टापू है, बेहतर है कि इसे ऐसा ही रखा रहे।*

## उल्टा पुल्टा

टीचर (चिंटू से)- होमवर्क क्यों नहीं किया?

चंटू- मैम, मैं जब पढ़ने बैठा तो लाइट चली गई।

टीचर- तो लाइट आने के बाद क्यों नहीं की पढ़ाई?

चिंटू- बाद में मैंनें इस डर से पढ़ने नही बैठा कि कहीं मेरी वजह से फिर से लाइट न चली जाए।

# पश्चिम में परंपरागत प्रतिद्वंद्वी आमने-सामने

## दक्षिण में महंत-बृजमोहन

## पश्चिम में मूणत-विकास

## ग्रामीण में मोतीलाल-पंकज के बीच मुकाबला

**रायपुर,** 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर की उत्तर विधानसभा में कांग्रेस को छोड़कर बाकी तीन सीटों पर भाजपा-कांग्रेस के प्रत्याशियों की घोषणा हो गई है। रायपुर पश्चिम में तीसरी बार फिर दोनों प्रतिद्वंद्वी आमने-सामने है। संसदीय सचिव और कांग्रेस विधायक विकास उपाध्याय जहां अपनी सीट बरकरार रखने हरसंभव प्रयास करेंगे। वहीं दूसरी ओर भाजपा प्रत्याशी राजेश मूणत अपनी खोई हुई सीट वापस पाने पूरी ताकत झोकेंगे। राजधानी में इस सीट पर काफी दिलचस्प व सबसे कड़ा मुकाबला होगा। 2028 में विकास ने राजेश मूणत को हराकर पहली बार चुनाव जीता था। वहीं मूणत ने ने 2013 के चुनाव में हराया था। पश्चिम सीट परिसीमन के बाद 2013 में अस्तित्व में आई थी। जिसके चलते विधायक राजेश मूणत निर्वाचित हुए थे। इसके पहले वे रायपुर ग्रामीण से विधायक बने थे।








सात बार के विधायक बृजमोहन अग्रवाल के खिलाफ कांग्रेस ने इस बार महंत रामसुंदर दास को मैदान में उतारा है। रायपुर दक्षिण विधानसभा भाजपा का सबसे मजबूत गढ़ है। कांग्रेस ने हर बार प्रत्याशी बदलकर बृजमोहन को चुनौती दी है, लेकिन वे अब तक अपराजेय रहे हैं। 2018 में भाजपा विरोधी लहर के बावजूद अग्रवाल 17 हजार मतों से चुनाव जीते। उस समय कांग्रेस ने कन्हैया अग्रवाल को प्रत्याशी बनाया था। इस बार दक्षिण विधानसभा में सर्वाधिक कांग्रेस से उम्मीदवार थे। टिकट की दौड़ में महापौर एजाज ढेबर, सभापति प्रमोद दुबे, कन्हैया अग्रवाल आकाश शर्मा को इनके नाम पर नेताओं के बीच सहमति नहीं बन पाई। वहीं बृजमोहन के खिलाफ इन प्रत्याशियों को कमजोर माना गया। लिहाजा अंतिम समय में उलटफेर करते हुए पार्टी ने महंत रामसुंदर दास पर दांव लगाया। दूधाधारी मठ के प्रमुख होने के नाते इस क्षेत्र उनका प्रभाव है।

रायपुर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में विधायक सत्यनारायण शर्मा ने अपनी जगह पुत्र पंकज शर्मा के लिए मैदान छोड़ा है। पहली बार पंकज चुनाव लड़ रहे हैं। वहीं उनके मुकाबले भाजपा से मोतीलाल साहू मैदान में है। मोतीलाल साहू काफी अनुभवी है। उन्हों पिछला चुनाव पाटन से लड़ा था। नंदे साहू की जगह भाजपा ने इस बार मोतीलाल साहू को प्रत्याशी बनाया है, ताकि वह इस सीट पर कब्जा कर सके। फिलहाल रायपुर उत्तर से कांग्रेस प्रत्याशी की घोषणा होना बाकी है। वहीं भाजपा ने उत्कल समाज के नेता पुरंदर मिश्रा को प्रत्याशी बनाया है। यहां से वर्तमान विधायक कुलदीप जुनेजा की टिकट खतरे में है। कांग्रेस पार्टी किसी नए चेहरे को मैदान में उतार सकती है।

## तन्हा रह गए नंदकुमार साय कांग्रेस ने नहीं दिखाई दिलचस्पी



उपेक्षा और अनदेखी का आरोप लगाते हुए कभी भाजपा का दामन छोड़ने वाले कद्दावर आदिवासी नेता नंदकुमार साय पर कांग्रेस ने भी किसी तरह दिलचस्पी नहीं दिखाई। नंदकुमार साय विधानसभा चुनाव लड़ने के इच्छुक थे लेकिन उन्हें उनके गृह जिले के किसी भी विधानसभा क्षेत्र से उम्मीदवार नहीं बनाया गया।

संभावना थी कि कांग्रेस उन्हें जशपुर, पत्थलगांव, कुनकुरी या फिर लैलूंगा से उम्मीदवार बना सकती है लेकिन इन चारों सीटों पर नाम तय हो चुके है। सूची सामने आने के बाद नंदकुमार के चुनाव लड़ने के उम्मीदों पर पानी फिर गया। हालाँकि चुनाव से पहले ही कांग्रेस ने उन्हें कैबिनेट मंत्री का दर्जा देते हुए राज्य औद्योगिक विकास निगम का अध्यक्ष जरूर नियुक्त किया था।

**भाजपा ने ली चुटकी**-कांग्रेस की दूसरी सूची सामने आने के बाद अब भाजपा ने नंदकुमार साय को लेकर चुटकी ली है। भाजपा नेता गौरीशंकर श्रीवास ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक पर लिखा सुबह का भूला शाम को गुम हो जाये उसे कहते है नंदकुमार साय

**जशपुर पर तय हुए नाम**

कांग्रेस ने आज अपनी सूची में जशपुर और रायगढ़ जिलों के आरक्षित सीटों पर भी नामों का ऐलान कर दिया है। कांग्रेस ने जशपुर से विनय कुमार भगतए कुनकुरी से यू डी मिंजए पत्थलगांव से रामपुकार सिंह और लैलूंगा से विद्यावती सिदार को प्रत्याशी बनाया है। नंदकुमार साय को इन्ही चार सीटों में से ही टिकट मिलने की उम्मीद थी।

## भाजपा प्रत्याशियों की चौथी लिस्ट हो रही वायरल, प्रदेश अध्यक्ष साव ने बताया फर्जी

**रायपुर**, 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। सोशल मीडिया पर वायरल हो रही बीजेपी प्रत्याशियों के चौथे लिस्ट को बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने फर्जी है. साव ने कहा, केंद्रीय कार्यालय से अभी बात हुई है. तीसरी सूची में पंडरिया विधानसभा से भावना बोहरा को बीजेपी का प्रत्याशी बनाया गया है. इसके अलावा कोई भी अन्य सूची नहीं निकाली गई है. इस मामले को लेकर बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष अरुण ने कहा, सोशल मीडिया पर बेलतरा से हर्षिता पांडेय को प्रत्याशी बनाने की सूची वायरल हो रही है, ये फर्जी सूची है. बता दें कि भाजपा ने अब तक 86 प्रत्याशियों की सूची जारी कर चुकी है. 4 प्रत्याशी का ऐलान अभी भी बाकी है, जो जल्द ही जारी हो जाएगी.

## युवक की पिटाई कर मारा चाकू फिर दलदल में फेंका 3 आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर**, 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर में गुंडे बदमाशों ने एक युवक के साथ मारपीट की है। बदमाशों ने पहले युवक पर डंडे से वार कर हाथ.पैर तोड़ा। फिर उसके शरीर में कई जगह चाकू मार कर दलदल में फेंक दिया।

इस घटना का एक वीडियो सामने आया है जिसमें लहूलुहान पीड़ित युवक बदमाशों के सामने हाथ जोड़कर गिड़गिड़ाते हुए दिख रहा है। ये पूरी घटना सिविल लाइन थाना क्षेत्र की है। पुलिस ने इस मामले में 3 लोगों को गिरफ्तार किया है। इस मामले में थाने की पुलिस कुछ कहने से बच रही।

## बेटे ने डंडे से पीटकर मां की हत्या

**रायपुर**, 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर के तिल्दा नेवरा थाना क्षेत्र में एक बेटे ने डंडे से पीटकर अपनी मां की हत्या कर दी। बताया जा रहा है कि मां नशा करके अपनी बहू को परेशान करती थी। ये बात बेटे को पसंद नहीं आती थी। जिस वजह से उसने नशे की हालत में इस वारदात को अंजाम दे दिया। ये पूरा मामला तिल्दा नेवरा इलाके के गांव बिलाडी का है।

## भाजपा ने प्रथम चरण के लिए नियुक्त किए चुनाव संचालक

**रायपुर**, 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव को लेकर प्रदेश में सरगर्मी उफान पर है। दोनों पार्टियां बीजेपी और कांग्रेस एक दूसरे पर हमलावर होने के साथ ही चुनावी सभाओं में व्यस्त हैं। भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने विधानसभा चुनाव 2023 के प्रथम चरण के चुनाव हेतु निम्नलिखित चुनाव संचालको की नियुक्ति की है। जिसमें खैरागढ़ से सचिन बघेल, डोंगरगढ़ से खूबचंद पारख, राजनांदगांव से मधुसूदन यादव, डोंगरगांव से नीलू शर्मा, खुज्जी से कोमल जंघेल, अंतागढ़ से अग्रिम राय, भानुप्रतापपुर से टीकम टांडिया, कांकेर से महेश जैन, नारायणपुर से नारायण मरकाम, जगदलपुर से श्रीनिवास राव मद्दी, चित्रकोट से बेदुरामन कश्यप, दंतेवाड़ा से असिम युखोनी, बीजापुर से श्रीनिवास मुदलियार और कोंटा से सुधीर पांडे को जिम्मेदारी सौंपी है।

# क्या भूपेश अब ईडी, आईटी, सीबीआई के साथ हाईकोर्ट का नाम भी जोड़ेंगे ? : भाजपा

**रायपुर,** 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय चुनाव मीडिया संयोजक व प्रयागराज (उ.प्र.) के विधायक सिद्धार्थनाथ सिंह ने मुख्यमंत्री से सवाल किया है कि छत्तीसगढ़ के शराब घोटाले में गिरफ्तार लोगों की जमानत याचिका खारिज करते हुए हाई कोर्ट ने जो टिप्पणी की है, उसके मद्देनजर वे जिस तरह कहते रहे हैं कि भाजपा की तरफ से ईडी, आईटी, सीबीआई चुनाव लड़ रही है, तो क्या वे अब इसमें हाईकोर्ट को भी शामिल करेंगे ? श्री सिंह ने कहा कि हाई कोर्ट के निर्णय से यह साफ हो गया है कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार को शराब की लत लगी हुई है। कांग्रेस की भूपेश सरकार पर तीखा प्रहार कर श्री सिंह ने कहा कि देश के इतिहास में छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार ऐसी पहली सरकार है, जो अपने राजस्व पर ही डाका डालती है। शराब घोटोले में जमानत याचिका खारिज करते हुए हाई कोर्ट ने कई महत्वपूर्ण तथ्यों को भी संज्ञान में लिया है।



भाजपा केंद्रीय चुनाव मीडिया संयोजक व विधायक श्री सिंह ने कहा कि छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार में सरकारी मुलाजिमों उपसचिव सौम्या चौरसिया, अनिल टुटेजा, सीएसएमसीएल के मैनेजिंग डायरेक्टर अरुणपति त्रिपाठी और राजनीतिक पृष्ठभूमि के अनवर ढेबर, इन सबको हाई कोर्ट के जजमेंट में 'सिंडीकेट' कहा गया है, जिसने सोची-समझी रणनीति के तहत सीएसएमसीएल को सिंडीकेट की कठपुतली बना दिया था। यह कोई सामान्य बात नहीं है। सीएसएमसीएल की दुकानों के माध्यम से अवैध और नकली होलोग्राम से नकली शराब बिक रही थी। साथ-ही-साथ सिंडीकेट ने यह भी प्लानिंग की कि जो विदेशी शराब आती है, उसके लिए नए प्रावधान कर दें और इसके लिए एक लाइसेंस बना दिया जिसे एफएल 10-ए कहा जाता है, उसके तहत उन लोगों ने 10 प्रतिशत का कट (कमीशन) लेना शुरू किया। एकात्म परिसर स्थित भाजपा कार्यालय में आहूत पत्रकार वार्ता में श्री सिंह ने कहा कि वह (श्री सिंह) जो तथ्य रख रहे हैं, वे हाई कोर्ट के जजमेंट में हैं। इसमें जिक्र है 19.2 करोड़ जो अवैध बोतलों पर नकली होलोग्राम उसे लगाकर बेचा गया है और 2019-20 से लेकर 2022-23 तक यह चला। श्री सिंह ने कहा कि अवैध शराब से 2,161 करोड़ रुपए इन लोगों ने कमाया है। जजमेंट में एक महत्वपूर्ण तथ्य का जिक्र है कि जो ईओडब्ल्यू डीआईजी ने चिट्ठी लिखी थी कि यह सिंडिकेट किस प्रकार से अवैध शराब का धंधा चला रहा है ?

भाजपा केंद्रीय चुनाव मीडिया संयोजक व विधायक श्री सिंह ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर सवालों की बौछार करते हुए कहा कि प्रश्न किया है कि मुख्यमंत्री ने कहा था कि भाजपा के लिए ईडी, सीबीआई, आईटी चुनाव लड़ती है। क्या अब भूपेश बघेल इन तीनों के साथ छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट का नाम भी जोड़ना चाहेंगे ? छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार में अनवर ढेबर, अरुणपति त्रिपाठी, त्रिलोक सिंह ढिल्लों और नवीन पुरोहित ने मिलकर 19.2 करोड़ नकली शराब की बोतलें बेचकर 2161 करोड़ रु का घोटाला किया। अब प्रदेश को यह भी बताया जाना चाहिए इस सिंडिकेट से मुख्यमंत्री बघेल का क्या रिश्ता था ? क्योंकि, हम लोग अब जनता के बीच में हैं। क्या रिश्ता होने के कारण ही अपने डीआईजी की चिट्ठी पर प्रदेश की भूपेश सरकार ने कोई कार्रवाई नहीं की ? क्या यही कारण था या कोई और कारण था ? 2000 करोड़ रुपए की जो लूट थी, उसमें दिल्ली को भी हिस्सा गया, क्योंकि मुख्यमंत्री बघेल एटीएम बने हुए थे। 19.2 करोड़ बोतलों की नकली होलोग्राम के जरिए बिक्री हुई है। इतनी बड़ी बिक्री राज्य में हो रही थी, क्या मुख्यमंत्री बघेल को इसका पता ही नहीं चला ? श्री सिंह ने कहा कि भाजपा अवैध शराब का मुद्दा उठाती रही और मुख्यमंत्री चुप रहे। अब छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने भी इस विषय पर तथ्यों के आधार पर संज्ञान लेते हुए बेल खारिज की है। हाई कोर्ट के विषय पर जो उन्होंने बेल खारिज कर कहा है, अब मुख्यमंत्री बघेल इस पर भी चुप्पी बनाए रखेंगे या कुछ बोलेंगे ? यहां पर आपकी जो मीडिया टीम है, वह कहती है कका जिंदा है; अब क्या यह जो घोटाले हो रहे हैं, इसी को जिंदादिली कहा जाता है ? कका की जिंदादिली कहा जाता है ? श्री सिंह ने कहा कि जब भाजपा की सरकार थी तो तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह को प्यार से चावल वाले बाबा कहा जाता था, मुख्यमंत्री बघेल ने तो यहां पर शराब की लत लगा दी तो उसके आगे क्या लिखा जाना चाहिए ?

पत्रकार वार्ता के दौरान प्रदेश प्रवक्ता व पूर्व विधायक डॉ. विमल चोपड़ा, प्रदेश प्रवक्ता दीपक म्हस्के, प्रदेश मीडिया सह प्रभारी अनुराग अग्रवाल और उ.प्र. के भाजपा प्रवक्ता मनीष शुक्ला उपस्थित रहे।

# भाजपा सांप्रदायिकता व ईडी के आधार पर चुनाव लड़ना चाह रही

**रायपुर,** 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। कांग्रेस ने कहा है कि भाजपा छत्तीसगढ़ का चुनाव सांप्रदायिकता फैलाकर और ईडी की कार्यवाही झूठी कहानी बनाकर भ्रम फैलाकर चुनाव लड़ना चाह रही। अमित शाह के भाषण से लेकर हेमंत विस्व शर्मा के बयान बता रहे भाजपा छत्तीसगढ़ में दंगा भड़काने में लगी है। भाजपा चुनाव तक ईडी की कार्यवाही और करवा कर नई-नई कहानियां बनाकर प्रदेश में भ्रम पैदा करेगी, इनके पास मुद्दे नहीं है। आने वाले दिन में दंगे कराना और ईडी की छापेमारी इनका उद्देश्य है। राजीव भवन में प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने पत्रकारों से चर्चा करते हुये कहा कि भाजपा छत्तीसगढ़ में जनसरोकारों के मुद्दों पर चुनाव लड़ने से डर रही है। उसके पास आम आदमी से जुड़े मुद्दे उठाने के लिये नहीं है। कवर्धा में आसाम के मुख्यमंत्री धार्मिक विद्वेष भड़काने का काम करते है। पहले अमित शाह ने भड़काऊ भाषण दिया अब हेमंत शर्मा इनमे साहस नहीं किसानों के बारे में आदिवासियों के बारे में लोगों से जुड़ी समस्या के बारे मे बात करें।



**जनता के मुद्दे भाजपा के पास नहीं बचे : कांग्रेस**

**सिद्धार्थ सिंह को भाजपा ने झूठ बोलने परमानेंट रखा है**

भाजपा के यूपी के विधायक सिद्धार्थ नाथ सिंह शराब घोटाले की बात कर रहे थे पहली बात उन्होंने अपने बयान में कोर्ट के आदेश की गलत और अपने राजनैतिक सुविधा के अनुसार व्याख्या कर रहे है। सुप्रीम कोर्ट ने भी ईडी को फटकार लगाया था।

छत्तीसगढ़ में कोई शराब घोटाला नहीं हुआ है, भाजपा और ईडी षड़यंत्र करके छत्तीसगढ़ में कथित शराब घोटाले की पटकथा लिखा है।

## रेणुका ने सोनिया का नहीं सनातन परंपरा का अपमान किया: बैज

**रायपुर,** 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। केन्द्रीय मंत्री और भाजपा प्रत्याशी रेणुका सिंह द्वारा कांग्रेस की वरिष्ठ नेता श्रीमती सोनिया गांधी के बारे में की गई टिप्पणी का प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कड़ा विरोध करते हुये कहा कि रेणुका सिंह का बयान बेहद ही आपत्तिजनक और अस्वीकार्य है।

रेणुका सिंह ने सिर्फ सोनिया गांधी नहीं भारत की समस्त नारी शक्ति और सनातन धर्म तथा हिन्दू संस्कृति का अपमान किया। सनातन परंपरा में भारतीय संस्कृति में विवाहिता स्त्री का विवाह के बाद ही उसका ससुराल ही उसका मूल घर हो जाता है। सोनिया गांधी ने जन्म इटली में लिया था, लेकिन वे विवाहित होकर भारत आई थी विवाह के बाद उन्होंने भारत को ही अपनी मातृभूमि माना, अपने पति की शहादत के बाद भी उन्होंने विवाहिता के धर्म का निर्वहन किया तथा अपने जीवन भर का नाता भारत से जोड़ा।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा कि कांग्रेस की नेता और सांसद के रूप में सोनिया गांधी ने भारत के आम आदमी को शसक्त बनाने के लिये अपना जीवन समर्पित कर दिया। यूपीए की चैयरमेन के रूप में देश के लोगों को सूचना का अधिकार, रोजगार का अधिकार दिया, साथ ही भोजन का अधिकार, शिक्षा का अधिकार जैसे कदम सोनिया गांधी के निर्देशन में कांग्रेस की सरकार ने उठाकर आम आदमी को मजबूत बनाया।

# प्रदेश में पहले चरण के लिए आज तीसरे दिन 16 नामांकन पत्र दाखिल

**रायपुर,** 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में विधानसभा आम निर्वाचन के पहले चरण के 20 विधानसभा क्षेत्रों के लिए आज तीसरे दिन 11 अभ्यर्थियों ने 16 नामांकन पत्र दाखिल किए। इस प्रकार पहले चरण के लिए अब तक कुल 17 अभ्यर्थियों ने 23 नामांकन पत्र दाखिल किए हैं। तीसरे दिन कवर्धा विधानसभा क्षेत्र में सबसे अधिक 05, मोहला -मानपुर में 3, डोंगरगढ़ में 2 तथा खैरागढ़, अंतागढ़, कांकेर, केशकाल, जगदलपुर और बीजापुर में एक-एक नामांकन पत्र दाखिल किया गया है। प्रथम चरण में बस्तर संभाग की 12 निर्वाचन क्षेत्रों सहित राजनांदगाँव, मोहला -मानपुर -अंबागढ़ चौकी, खैरागढ़- छुईखदान- गंडई तथा कबीरधाम जिलों के 8 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में नामांकन की प्रक्रिया जारी है।

**अब तक 17 अभ्यर्थियों ने दाखिल किए 23 नामांकन पत्र**

उल्लेखनीय है कि प्रदेश में दो चरणों में हो रहे निर्वाचन के पहले चरण की 20 सीटों के लिए 20 अक्टूबर तक नामांकन पत्र भरे जा सकते हैं। 21 अक्टूबर को नामांकन पत्रों की जाँच की जाएगी तथा प्रत्याशी 23 अक्टूबर तक अपना नाम वापस ले सकेंगे। प्रथम चरण के लिए 7 नवंबर को मतदान होगा जबकि दोनों ही चरणों के लिए मतगणना 3 दिसंबर को होगी। प्रथम चरण में कोंटा, बीजापुर, दंतेवाड़ा, चित्रकोट, जगदलपुर, बस्तर, नारायणपुर, कोंडागांव, केशकाल, कांकेर, भानुप्रतापुर, अंतागढ़, मोहला- मानपुर, खुज्जी, डोंगरगांव, राजनांदगांव, डोंगरगढ़, खैरागढ़, कवर्धा और पंडरिया विधानसभा क्षेत्रों के लिए मतदान होगा।

# छत्तीसगढ़ महतारी का चरण सेवक बनकर भूपेश बघेल ने लूटा: संजय श्रीवास्तव

**रायपुर,** 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता एवं सरगुजा संभाग प्रभारी संजय श्रीवास्तव ने कहा कि खुद को छत्तीसगढ़ का बेटा बताने और छत्तीसढिया स्वाभिमान की बात कहने वाले मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का असली चेहरा सामने आ गया है। छत्तीसगढ़ महतारी का चरण सेवक बनकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ को दोनों हाथों से लूटा। लूट के करोंड़ों-अरबों रुपयों से दिल्ली के खजाने को भरते रहे। यानी छत्तीसगढ़ को एटीएम बना दिया।



भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं सरगुजा संभाग प्रभारी संजय श्रीवास्तव ने कहा कि पाताल से लेकर आकाश तक घोटाले कर रिकार्ड बनाने वाले मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और उसके मंत्री और विधायक अब फिर से छत्तीसगढ़ की जनता को केंद्र की मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को लेकर लोगों को गुमराह करने में लगे हैं। छत्तीसगढ़ की जनता के सर से छत छीनने वाली भूपेश सरकार की कथनी और करनी में जमीन आसमान का अंतर है। भोले भाले किसानों को धान खरीदी मामले में गुमराह कर वाहवाही लूटने वाली भूपेश सरकार ने अपने घोषणा पत्र में दो सालों का बोनस आज तक क्यों नहीं दिया ? आज छत्तीसगढ़ की अन्नदाता किसान भूपेश बघेल से पूछता है कि कांग्रेस के पांच साल में उन्होंने क्या दिया ? सरकार बनने के 10 दिनों के बाद राजीव गांधी किसान न्याय योजना के तहत ऋण माफी की गई तो फिर छत्तीसगढ़ के किसानों जीवन स्तर ऊंचा क्यों नहीं उठ पाया ? छत्तीसगढ़ के लाखों किसानों को पंप का कनेक्शन क्यों नहीं दिया ? दस लाख युवाओं को रोजगार देने और बेरोजगारी भत्ता देने की बात कही थी उसका क्या हुआ ? कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष पद पर रहते हुए भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ में सुशासन देने और विकास पर फोकस करने के अलावा छत्तीसगढ़ की माताओं - बहनों से हाथों में गंगाजल लेकर प्रदेश में पूर्णतः शराबबंदी करने का भरोसा दिलाते वोट मांगा था। फिर शराब बंद क्यों नही की ? भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं सरगुजा संभाग प्रभारी संजय श्रीवास्तव ने कहा कि नरवा, गरवा, घुरवा, बारी, ये छत्तीसगढ़ के चिन्हारी का जुमला देकर ग्रामीणों के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने की बात करने वाले भूपेश बघेल बताये कि आज ग्रामीण बदहाली में क्यों जीने को विवश हैं। गांवों की फिजां में नशे का जहर क्यों घुल गया ? गांव से लेकर शहर तक सड़कों की दुर्दशा क्यों ? शांतप्रिय छत्तीसगढ़ कैसे अपराधगढ़ में बदल गया ? महिला और बेटियां अत्याचार और अनाचार की क्यों शिकार हो रहीं हैं ? किसानों को उनकी मेहनत का पूरा फल क्यों नहीं मिल रहा ? उन्होंने कहा कि पिछले पांच सालों से लूटने वाली भूपेश सरकार को जनता के सवालों का जवाब देना होगा। छत्तीसगढ़ में करप्शन और कमीशन का खेल अब नहीं चलने वाला। घोषणा पत्र में झूठे वादे कर सरकार बनाने वाली कांग्रेस के ताबूत पर अंतिम कील छत्तीसगढ़ की जनता - 2023 के विधानसभा चुनाव में मतदान कर ठोंकने वाली है।

**कन्हैया के समर्थकों का टिकट के लिए कांग्रेस भवन में नारेबाजी**

**रायपुर,** 18 अक्टूबर। कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में गुरुवार को कन्हैया अग्रवाल के समर्थकों ने टिकट की मांग को लेकर जमकर नारेबाजी की। रायपुर दक्षिण से कन्हैया अग्रवाल दावेदारी कर रहे थे। लेकिन इस सीट से रामसुंदर दास को टिकट मिल गई है। हालांकि यह धरना और नारेबाजी कांग्रेस की दूसरी लिस्ट आने से पहले की गई थी।



# डबल्यूआरएस ग्राउंड दशहरा उत्सव की तैयारी जोरों पर



**रायपुर,** 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। डब्लूआरएस ग्राउंड में दशहरा उत्सव की तैयारी जोरों पर है हर वर्ष की भांति आयोजित होने वाले रावण दहन की तैयारियों का जायजा लेने नगर निगम के महापौर एजाज ढेबर ग्राउंड पहुंचे थे. इस अवसर पर आयोजन समिति के सभी सदस्य मौजूद थे ।

आपको बता दे की शहर का सबसे बड़ा दशहरा उत्सव डब्लूआरएस कॉलोनी ग्राउंड में ही संपन्न होता है हजारों की संख्या में लोग यहां दशहरा उत्सव में भाग लेने के लिए पहुंचते हैं यहां आकर्षक आतिशबाजी देखने को मिलती है जिसे देखकर लोग मदंमुक्त हो जाते हैं। इस बार समिति की ओर से रायपुर के महापौर एजाज ढेबर द्वारा महत्वपूर्ण जिम्मेदारी संभालते हुए लगातार स्थिति का जायजा लिया जा रहा है।

# विकास को फिर टिकट मिली कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाया



**रायपुर,** 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। नवरात्रि के पावन पर्व पर विकास उपाध्याय को पश्चिम विधानसभा से पुन: टिकट मिलने पर कार्यकर्ताओं एवं आमजनों द्वारा शंखनाद, सेवा गीत एवं पूजा अर्चना कर पश्चिम विधानसभा के 20 वार्डों के 264 बूथों में आतिशबाजी कर रंग-गुलाल के साथ जश्न मनाया गया। कार्यकर्ताओं एवं आमजनों में मानो टिकट मिलते ही अतिउत्साह देखने को मिला। ऐसा प्रतीत हुआ जैसे दुगुनी ऊर्जा उनको मिल गई है और वो आने वाले चुनाव में केवल प्रत्याशी घोषणा का ही इंतजार कर रहे थे कि कब विधिवत् प्रत्याशी विकास उपाध्याय को बनाया जाए। और वो अपने-अपने काम में लग जायें। कार्यकर्ताओं एवं आमजनों ने जीत की खुशी के साथ एक-दूसरे को मिठाईयाँ खिलाकर खुशीयाँ बांटी और साथ-साथ वर्ष 2018 से भी ज्यादा मतों से विकास उपाध्याय को विजयी दिलाने के लिए प्रण भी लिये। आज पूरे पश्चिम विधानसभा में कार्यकर्ताओ ने कहा कि आज से हर एक कार्यकर्ता विकास उपाध्याय है और वे प्रत्याशी बनकर अपने-अपने क्षेत्रों में विकास उपाध्याय को जीत दिलाने में हर संभव प्रयास करेंगे।

# तालाब में डूबने से 7 साल के बच्चे की मौत

### लंच ब्रेक के दौरान स्कूल से निकलकर गया था खेलने



**रायपुर,** 18 अक्टूबर। राजधानी रायपुर के गोंदवारा इलाके के शीतला तालाब में एक 7 साल के बच्चे की डूबने से मौत हो गई इसकी सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई है। मामला खमतराई थाना क्षेत्र का है मिली जानकारी के अनुसार बच्चा स्कूल गया हुआ था लंच ब्रेक के दौरान वह स्कूल से निकल कर तालाब के पास खेलने के लिए चला गया इस दौरान वह डूब गया जिससे उसकी मौत हो गई इस घटना से स्कूल प्रबंधन की लापरवाही सामने आई है कि लंच ब्रेक के दौरान बच्चा स्कूल के बाहर निकला और किसी को पता नहीं चला।

**स्वीप कार्यक्रम**

# उद्यानों, सेंट्रल लाइब्रेरी में जोनों की टीमों ने चलाया मतदाता जागरूकता अभियान

**रायपुर,** 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। रायपुर जिला कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉक्टर सर्वेश्वर नरेन्द्र भूरे के आदेशानुसार एवं रायपुर नगर पालिक निगम के आयुक्त मयंक चतुर्वेदी के निर्देशानुसार आज स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत नगर पालिक निगम रायपुर के सभी जोनों की टीमों द्वारा जोन कमिश्नरों एवं कार्यपालन अभियंताओं सहित सहायक अभियंताओं, उपअभियंताओं, सहायक राजस्व अधिकारियों की उपस्थिति में नगर पालिक निगम क्षेत्र के विभिन्न उद्यानों में पहुंचकर मतदाताओं को अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने जागरूक बनाने का कार्य किया गया है। इसी प्रकार नगर निगम जोन क्रमांक 10 के अंतर्गत क्षेत्र में स्थित साईंकस जिम में पहुंचकर प्रदेश के सेवानिवृत्त मुख्य सचिव श्री अजय सिंह, राज्य नगरीय प्रशासन एवं विकास संचालनालय के संचालक डॉक्टर सारांश मित्तर, रायपुर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अबिनाश मिश्रा, नगर निगम के अपर आयुक्त एवं स्वीप कार्यक्रम के नोडल अधिकारी




अभिषेक अग्रवाल, जोन 10 जोन कमिश्नर श्री दिनेश कोसरिया ने रायपुर जिला प्रशासन, नगर पालिक निगम जोन क्रमांक 10, रायपुर जिला पंचायत के सम्बंधित अधिकारियों, कर्मचारियों सहित साईंकस जिम में आने वाले युवाओं के साथ मिलकर अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने के सम्बन्ध में सामूहिक शपथ ली. इसी क्रम में एआईजी यातायात श्री संजय शर्मा ने अनुपम गार्डन में जुम्बा टीम के सदस्यों के साथ मिलकर जुम्बा की प्रस्तुति देकर मतदाताओं से अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने का संकल्प लेने का आव्हान किया. स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत जोन 7 की टीम ने नगर निगम की सेंट्रल लाइब्रेरी में पहुंचकर वहाँ के नियमित पाठक युवा मतदाताओं के साथ मतदाता जागरूकता रैली निकालकर मतदान अधिकाधिक संख्या में करने की सामूहिक शपथ ली. नगर निगम जोन 3 की टीम ने शंकर नगर में मतदाता जागरूकता रैली निकाली.समुद्र मंथन गार्डन, महाराष्ट्र मण्डल गार्डन, जेठवा गार्डन एवं मरीन ड्राइव तेलीबाँधा में मतदाताओं को अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने जागरूक बनाने की दृष्टि से रैली निकाली गयी एवं मतदान करने सामूहिक शपथ ली गयी। रायपुर जिला निर्वाचन अधिकारी के आदेशानुसार नगर पालिक निगम रायपुर के सभी जोनो द्वारा रहवासी क्षेत्रों में स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता रहवासियों को अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने जागरूक बनाने का अभियान निरंतर जारी रहेगा।

## 100 से अधिक अपराधिक तत्वों को थाना हाजिर कर दी गई समझाईश

**रायपुर,** 18 अक्टूबर। विधानसभा चुनाव को दृष्टिगत रखने के साथ ही अपराधों की रोकथामए अपराधियों पर नकेल कसनेए सुरक्षा व शांति व्यवस्था सहित नवरात्रि त्यौहार के मद्देनजर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत अग्रवाल द्वारा समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को अपने . अपने थाना क्षेत्रों के गुण्डाध्निगरानी बदमाशों सहित अपराधिक तत्वों की चेकिंग कर उन पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये है। जिसके तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर श्री लखन पटले के नेतृत्व में नगर पुलिस अधीक्षकों के पर्यवेक्षण में थानों प्रभारियों द्वारा अपने अपने थाना क्षेत्रों में निवासरत् 100 से अधिक गुण्डा निगरानी बदमाशों एवं अपराधिक तत्वों को थानों में तलब कर उनकी परेड़ ली गई तथा उनको समझाईश दी गई कि वे अपराधों से दूर रहकर शांति पूर्वक अपने परिवार के साथ जीवन यापन करें। पुलिस द्वारा जब भी उन्हें उपस्थित होने कहा जाता है तो वे तत्काल उपस्थित होवें तथा क्षेत्र में सुरक्षाए शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने में पुलिस का सहयोग करें। कुछ सक्रिय गुण्ड़ा बदमाशों के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत् कार्यवाही भी की गई।

# दिव्यांगों के प्रांत स्तरीय संगोष्ठी में दिल्ली पंजाब जैसे पेंशन मिलनी चाहिए : विजय झा

**रायपुर,** 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ दिव्यांग मंच का एक दिवसीय प्रांतीय अधिवेशन 18 अक्टूबर को दोपहर महिंद्रा होटल जेल रोड में संपन्न हुआ। जिसमें पूरे प्रदेश से दिव्यांगजन बड़ी संख्या में उपस्थित थे। उन्होंने सभी राजनीतिक पार्टियों को आमंत्रित किया था। जिसमें विजय कुमार झा एवं अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष अजीम खान शामिल हुए। वहीं भारतीय जनता पार्टी से पूर्व विधायक चंद्रशेखर साहू एवं प्रवक्ता गौरी शंकर श्रीवास शामिल हुए। प्रवक्ता विजय कुमार झा ने बताया है कि दिव्यांगों के साथ कोई राजनीति नहीं करनी है। दिल्ली और पंजाब में वृद्धावस्था पेंशन,दिव्यांग पेंशन 2500/-रुपए प्रतिमाह है। जबकि छत्तीसगढ़ में 350/-रू मात्र है। श्री झा ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि विकलांग से दिव्यांग नाम बदल देने से उनका जीवन नहीं सुधरा है। कार्यालय में रोप वे बनाकर रखने से उनकी जिंदगी में कोई विकास नहीं हुआ है। ईश्वर ने उन्हें जन्म दिया है। उसके लिए दिव्यांगगण दोषी नहीं है। प्रदेश में आरक्षण के साथ विशेष भर्ती कर दिव्यांग जनों को उनकी योग्यता के अनुरूप शासकीय सेवा में नियुक्ति दिया जाना चाहिए। प्रदेश के इतिहास में एक अपर कलेक्टर श्री गुप्ता जो दृष्टिबाधित थे।



रायपुर कलेक्टर कार्यालय में पदस्थ रहे? आज किसी अन्य राज्य अपने गृह राज्य में पदस्थ है। वैसे ही दृष्टि बाधित, मूक बधिर या दिव्यांग नर नारी को उनके जीवन जीने का भारत के संविधान के अनुच्छेद 15 में मौलिक अधिकार है। केंद्र सरकार को संविधान में संशोधन कर दिव्यांगजनों के लिए स्पष्ट प्रावधान किया जाना चाहिए। उनके सभी मांगों को जायज और तत्काल पूर्ण करने योग्य निरूपित किया है। आयोजक गणों में अक्षय जैन, ईश्वर छाता प्रदेश अध्यक्ष अरविंद शर्मा, उपाध्यक्ष धमतरी, सावित्री यादव बलौदा बाजार भाटापारा, रामलाल साहू बेमेतरा,संजय परमार महासमुंद, थानेश्वर निषाद दुर्ग सहित सैकड़ो की संख्या में सम्मानीय दिव्यांगजन शामिल थे।

# किराए पर मकान देने का विज्ञापन देना पड़ा भारी

### ठग ने आर्मी अफसर बनकर की एक लाख की ठगी

**रायपुर,** 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। राजधानी में एक शख्स को अपने मकान को किराए पर उठाने के लिए विज्ञापन देना भारी पड़ गया। एक शख्स ने उसे फोन करके खुद को आर्मी का अफसर बताया और किराए की डील फाइनल कर ली। जिसके बाद आरोपित ने पेमेंट देने के नाम पर एक लाख रुपये ठग लिए और अपना फोन स्विच आफ कर लिया। ठगी होने के बाद पीड़ित ने राजेंद्र नगर थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई है। पुलिस शिकायत के आधार पर मामले की जांच में जुट गई है। मिली जानकारी के अनुसारए 45 वर्षीय पीड़ित वी सिंह निवासी आम्रापाली सोसायटी लालपुर ने रिपोर्ट दर्ज करवाई।

प्रार्थी के पास 15 अक्टूबर को सुबह 10 बजे एक नंबर से फोन आया। फोन धारक ने अपना नाम दीपक पवार बताया। खुद को आर्मी आफसर बताया। उसने किराए पर किराये पर घर लेने की इच्छा जताई। इसके बाद उसने अपना आधार कार्ड पेन कार्ड प्रार्थी को वाट्सएप कर दिया। उसने एडवांस पैसा जमा करने के लिए अकाउंट नंबर मांगा। प्रार्थी ने अपनी मां का अकाउंट नंबर दे दिया। इसके बाद उसने यूपीआइ ट्रांजेक्शन करना हैए इसलिए अकाउंट नंबर कंफर्म करने के लिए एक रुपये भेजने के लिए कहा। उसके बदले में उसने दो रुपये भेजे। इसके बाद ठग ने कहा कि आर्मी अकाउंट का सिस्टम है कि आप एक रुपये भेजोगे तो डबल भेजेंगे। उसने घर किराए की एडवांस रकम 54,000 रुपये प्रार्थी को भेजने के लिए कहा। उसने वैसा ही किया। पैसे डालने के बाद उसने कहा कि गलत ट्रांजेक्शन हो गया हैए एक रुपये कम करके भेजना था। इसके बाद प्रार्थी ने 45,999 रुपये भेज दिए। इसके बाद प्रार्थी फोन करता रहा लेकिन ठग ने फोन उठाना बंद कर दिया। कुल 99, 999 रुपये ठग लिए।

## कमल अपार्टमेंट में चोरी मोबाइल व लेपटॉप पार

**रायपुर,** 18 अक्टूबर। राजधानी के कमल अपार्टमेंट में 16, 17 की रात को चोरी हो गई। अज्ञात चोर फ्लैट के कमरे में घुस कर तीन लेपटाप और दो मोबाइलचोरी कर ले गया। पुलिस जांच में जूटी। सुजीत गुप्ता ने थाना सरस्वती नगर में रिपोर्ट दर्ज कराई है। सूजीन में पुलिस को बताया कि वह कमल अपार्टमेंट कुकुरबेड़ा के मकान में रहता है। 16 की रात की सुजीत रात में खाना खाकर लेपटाप को वहीं हाल में रखकर दूसरे कमरे में सोने चला गया। दूसरे दिन सुबह देखा तो लेप मिली अज्ञात चोर रात में जन्म से प्रवेश कर हाल में और मोबाइल को चोरी कर ले गया इसकी रिपोर्ट उसने थाना में दर्ज कराई। पुलिस ने 457 380 का अपराध दर्ज कर घटना की जांच शुरू कर दी है। इधर कोतवाली इलाके में दूरसंचार कार्यालय के पार्किंग में रखी बाइक सीजी 038740 चोरी हो गई। मज्ञात चार बाइक का लॉक खोल इसे बुरा ले गया। सुरेद्र प्रसाद की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात चार के खिलाफका अपराध दर्ज किया है।

**निधन**

## मदन सिंह ठाकुर

**दुर्ग,** 18 अक्टूबर। मोतीपारा दुर्ग निवासी मदन सिंह ठाकुर (83) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार कर दिया गया। वे राजेश्वर सिंह ठाकुर व नरेश सिंह ठाकुर के पिता तथा रविन्द्र सिंह ठाकुर एवं विक्रम सिंह ठाकुर के चाचा थे।



# मनरेगा जॉब कार्ड, पेन कार्ड, स्मार्ट कार्ड सहित मतदान करने अन्य वैकल्पिक पहचान पत्र निर्धारित

**रायपुर,** 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव 2023 के तहत होने जा रहे मतदान के समय सभी मतदाता जिन्हें निर्वाचक फोटो पहचान पत्र जारी किए गए है, वे वोट डालने हेतु मतदान केन्द्रों पर निर्वाचक फोटो पहचान पत्र दिखाएगे, किन्तु जो मतदाता निर्वाचक फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत नहीं कर पाते वे अपनी पहचान हेतु निर्धारित वैकल्पिक पहचान पत्र प्रस्तुत कर वोट डाल सकेंगे। वैकल्पिक पहचान पत्र के रुप निर्धारित किए गए पहचान पत्रों में पासपोर्ट, ड्राईविंग लाईसेंस, केन्द्र/राज्य शासन अथवा सार्वजनिक लोक उपक्रम द्वारा अपने कर्मचारी को जारी किया जाने वाला फोटोयुक्त पहचान पत्र, बैंकों डाकघरों द्वारा जारी की गई फोटोयुक्त पासबुक, पेन कार्ड, आरजीआई एवं एनपीआर द्वारा जारी की गई स्मार्ट कार्ड, मनरेगा जाब कार्ड, श्रम मंत्रालय योजना के अंतर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, निर्वाचन तंत्र द्वारा जारी प्रमाणित फोटो मतदाता पर्ची, विधायक, सांसदों, विधान परिषद, सदस्यों को जारी किए गए सरकारी पहचान पत्र, आधार कार्ड, आदि शामिल है, इनमें से कोई भी एक पहचान पत्र मतदान केन्द्र पर प्रस्तुत कर मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकता है।

**नामांकन दलों का प्रशिक्षण आज**

विधानसभा निर्वाचन-2023 के लिए गठित जिले के नामांकन दलों का प्रशिक्षण 19 अक्टूबर को सुबह 11 बजे कलेक्टोरेट परिसर स्थित रेडक्रास सभाकक्ष में होगा। रायपुर जिले में मतदान 17 नवंबर को है। जिले में आने वाले सभी विधानसभा में रिटर्निंग अधिकारी की नियुक्ति कर दी गई है। साथ ही अन्य तैयारियां भी की जा रही है। कलेक्टर डॉ भुरे ने सभी संबंधित अधिकारियों को उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं।

# संकुल केंद्र भवानीपुर में सेवानिवृत्त प्राचार्य विश्वकर्मा को दी गई विदाई

**पलारी,** 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। विकास खंड पलारी के अंतर्गत संकुल केंद्र भवानीपुर में सेवानिवृत्त प्राचार्य ओम प्रकाश विश्वकर्मा विदाई समारोह का आयोजन रखा गया था जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में ब्लॉक शिक्षा अधिकारी के एन वर्मा विशिष्ट अतिथि सहायक शिक्षा अधिकारी सतीश महेश्वरी नरेश कुमार वर्मा ओम प्रकाश विश्वकर्मा बीआरसी जे आर जोशी के उपस्थिति में सेवानिवृत्त प्राचार्य ओम प्रकाश विश्वकर्मा को प्रतीक चिन्ह श्रीफल शाल से उन्हें सम्मानित किया गया।



शिक्षा अधिकारी ने बताया कि वह एक ही स्थान में 41 वर्ष तक एक ही ग्राम में सेवा दिए हैं उन्होंने प्राथमिक शाला माध्यमिक शाला हाई स्कूल हाई सेकेंडरी स्कूल भवानीपुर में अपनी शिव दिए हैं जो की शिक्षा जगत में एक अलग पहचान बनती है उनके द्वारा जो साला परिवार को एकता संगठन के साथ निर्विरोध कार्य किए हुए हैं उन्होंने अपने शिक्षकों को एक साथ बैठकर शासन से आए हुए कार्य एवं स्कूल संचालक के संबंध में चर्चा कर कार्य किए हुए हैं ऐसे ही आप सभी शिक्षक गण कार्य करें। किसी प्रकार सेवानिवृत्त प्राचार्य ओमप्रकाश विश्वकर्मा ने कहा कि आप सभी संकुल केंद्र के समस्त शिक्षक एवं शिक्षिका से निवेदन है कि आप सभी मिलजुल कर कार्य करें छात्र-छात्राओं को अच्छी शिक्षा दें ताकि उनका भविष्य उज्जवल रहे यदि मेरे लायक कोई कार्य है तो मुझे बुलाकर कार्य ले सकते हैं जो मेरे लायक हो मैं उसके लिए आपके बीच उपस्थित रहूंगा आप सभी समस्त गुरुजनों से मेरा यही अपील है समय सीमा में उपस्थित होकर छात्र-छात्राओं को अच्छा शिक्षा दे । प्राचार्य विश्वकर्मा को उनके निवास स्थान भवानीपुर में समस्त शिक्षक गण उनके घर पर पहुचाने के लिए भी गए हुए थे सह सम्मान विदाई किया गया। इस अवसर पर शिव कुमार साहू राजकुमार ध्रुव सुकलाल जायसवाल टी पी शर्मा विष्णु फेकर नरेन्द्र कुमार चंद्राकर विजय कुमार चंद्राकर दीपक शर्मा,तोरण मंडावी, ईश्वर साहू, संतोषी यदुवंशी, मंजुलता साहू, दुर्गा ध्रुव झाल बाई, राजकुमार पटेल, बिपेंद्र बघेल, हेमराज दीवान, बाला राम , अनिल कुमार माहेश्वरी यदु, झड़ी राम श्रेय, जोशी बाग, कल्याण सिंह ध्रुव, खेमलाल साहू, प्रीतम सिंह रुपेश कुमार चंद्राकर, सुरेश कुमार चंद्राकर, चुन्नी लाल कार्यक्रम का संचालन नेमीचंद ध्रुव ने किया बड़ी संख्या में शिक्षकगण उपस्थित थे।

# कलेक्टर ने खरोरा, धरसींवा और तिल्दा में विस तैयारियों का लिया जायजा

**रायपुर,** 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ सर्वेश्वर भुरे ने आज धरसींवा विधानसभा के खरोरा, धरसीवा और बलौदाबाजार विधानसभा का जिले मे आने वाले क्षेत्र तिल्दा का दौरा किया और चुनाव की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने तिल्दा महाविद्यालय में स्ट्रांग रूम और खरोरा के मतदान केन्द्र का अवलोकन भी किया।कलेक्टर ने वहां निर्वाचन से जुडे अधिकारी-कर्मचारियों की बैठक ली। उन्होंने कहा कि आदर्श आचार संहिता लागू हो चुकी है। सभी निर्वाचन की तैयारियों मे पूरी तरीके से जुट जाएं। यह ध्यान रखें की मैदानी अमला निष्पक्ष होकर कार्य करें। जिले मे शांति-सुव्यवस्था बनाए रखें। असामाजिक तत्वों और शांति भंग करने वाले पर नजर रखें और कड़ी कार्रवाई करें। बनाए गए कंट्रोल रूम को निरंतर सक्रिय रखे और निर्वाचन संबंधित शिकायत मिलने पर तुरंत कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि कम्प्लेन मॉनिटरिंग सिस्टम को मजबूत रखों। निर्वाचन संबंधित शिकायत मिलने पर एफ.एस.टी सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौके पर जांच कर निराकरण करें। कलेक्टर ने कहा कि मतदान केन्द्रों में दिव्यांजनो के लिए रैम्प की व्यवस्था करें और प्रत्येक केन्द्र में मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराएं। डॉ भुरे ने कहा कि शासकीय कार्यालयों-स्थानों पर संपत्ति विरूपण की कार्रवाई पूर्ण रूप से करें। सभी अधिकारी-कर्मचारी निर्वाचन के दौरान मुख्यालय ना छोडें। एसडीएम प्रकाश टंडन ने बताया कि धरसींवा विधानसभा में 249, रायपुर जिले में बलौदाबाजार विधानसभा क्षेत्र में 110 मतदान केन्द्र हैं। धरसींवा विधानसभा में 10 संगवारी मतदान केन्द्र, 01 युवा मतदान केन्द्र और 01 विकलांग मतदान केन्द्र है।50 प्रतिशत मतदान केन्द्र में वेबकास्टिंग की जाएगी। जिसकी सारी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है।

# राजधानी में दुर्गोत्सव के नजारे


नवयुवक दुर्गोत्सव समिति, गांधीनगर


श्री दुर्गोत्सव समिति, झंडा चौक, पंडरी


श्री मंगला दुर्गोत्सव समिति, पंडरी


श्री दुर्गोत्सव समिति, दूधाधारी मंदिर

# अंबेडकर अस्पताल के बच्चा वार्ड की क्षमता है 24 की, भर्ती किए 80

**रायपुर,** 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के सबसे बड़े शासकीय अंबेडकर अस्पताल के शिशु रोग विभाग में नवजातों के बढ़ते दबाव की वजह से एक बेड पर तीन से चार को भर्ती करने के लिए डाक्टर मजबूर हैं। जबकि इसमें संक्रमण के खतरे भी हैं लेकिन जिंदगी बचाने का कोई दूसरा रास्ता न होने के चलते डाक्टर और स्वजन को खतरे को नजरअंदाज करना मजबूरी है। शिशु रोग विभाग के एसएनसीयू की बेड क्षमता बढ़ा दी जाए तो नवजातों को स्वस्थ जिंदगी मिल सकेगी।




डाक्टर भी इस बात को मानते है कि एक बेड पर दूसरे बीमार बच्चे को भर्ती करना खतरनाक होता है। क्योंकि इससे कोई गंभीर बीमारी दूसरे बच्चे को भी हो सकती हैए जो उसकी जान के लिए खतरा बन सकती है। आंबेडकर अस्पताल में छत्तीसगढ़ समेत दूसरे राज्यों से भी बच्चे इलाज कराने के लिए पहुंचते हैं। यहां के शिशु रोग विभाग में नवजातों को भर्ती करने के लिए एसएनसीयू में 24 और नर्सरी केयर में 22 बिस्तरों की सुविधा हैए जबकि हमेशा 80 से 90 नवजात भर्ती रहते हैं।

**संक्रमण का भी खतरा**

अस्पताल प्रबंधन का कहना है कि जन्म लेने वाले अस्वस्थ बच्चों के लिए अंबेडकर अस्पताल का एसएनसीयू वरदान है। एसएनसीयू के सारे बेड रेडिएंट वार्मर आक्सीजन कंसंट्रेटर फोटोथेरेपी पल्स आक्सीमीटर तथा इंफ्यूजन पंप आदि आधुनिक चिकित्सीय उपकरणों से लैस है। इन्हीं उपकरणों के सहारे जन्म लेने के बाद मौत से जूझते बच्चों को नया जीवन प्रदान किया जाता है।

## हर माह एक हजार डिलीवरी

अंबेडकर अस्पताल में हर महीने करीब 1000 से डिलीवरी होती हैं जो प्रदेश के किसी भी अस्पताल में हुई डिलीवरियों से ज्यादा हैं। वहीं प्रतिदिन यहां 150 की ओपीडी है। कोरोना काल में भी अस्पताल के प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग में करीब 300 से अधिक संक्रमित महिलाओं की स्वस्थ डिलीवरी कराई गई थी।

रायपुर अंबेडकर अस्पताल अधीक्षक डा एसबीएस नेताम ने कहा बीमार नवजातों को अन्य से अलग रखा जाता हैए इससे संक्रमण का खतरा नही है। नई बिल्डिंग प्रस्तावित है जिसमें नवजातों के लिए अलग से वार्ड बनेगा।

# मारपीट का वीडियो वायरल होने के बाद हिस्ट्रीशीटर सहित 3 गिरफ्तार



**रायपुर,** 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। राजधानी के थाना सिविल लाईन क्षेत्रांतर्गत पंडरी ओव्हर ब्रीज के नीचे मारपीट करने वाले हिस्ट्रीशीटर सहित 3 आरोपी गिरफ्तार हुए हैं। दरअसल कुछ दिन पहले थाना सिविल लाईन क्षेत्रांतर्गत पंडरी ओव्हर ब्रीज के नीचे कुछ व्यक्तियों द्वारा एक व्यक्ति को चाकू दिखाकर डरा धमकाकर गाली गलौच करते हुए मारपीट करने का विडियो वायरल हुआ था। वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा मारपीट की वायरल विडियो को गंभीरता पूर्वक लेते हुए प्रभारी एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना प्रभारी सिविल लाईन को विडियो में दिख रहे व्यक्तियों की पतासाजी कर आवश्यक कार्यवाही करने निर्देशित किया गया। जिस पर एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना सिविल लाईन पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा पीड़ित से घटना के संबंध में पूछताछ करते हुए आरोपियों की पहचान थाना सिविल लाईन के हिस्ट्रीशीटर दिलकश अली सहित फिद्दा हुसैन अली एवं शफीक अली के रूप में की जाकर प्रार्थी की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध थाना सिविल लाईन में धारा 294, 323, 342, 506,34 भादवि,एवं 25,27 आर्म्स एक्ट का अपराध पंजीबद्ध किया गया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में प्रकरण में संलिप्त आरोपियों की पतासाजी करते हुए आरोपी दिलकश अली, फिद्दा हुसैन अली एवं शफीक अली को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त चाकू जप्त कर आरोपियों को जेल भेजा गया। आरोपी दिलकश अली थाना सिविल लाईन का हिस्ट्रीशीटर हैए जो पूर्व में कई मामलों में जेल निरूद्ध रह चुका है।

# विश्वकप क्रिकेट मैच के दौरान ऑनलाइन सट्टा संचालित करते आरोपी पकड़ाया

**रायपुर,** 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। जुआ एवं सट्टा पर पूर्णरूपेण अंकुश लगाने हेतु जुआए सट्टा एवं ऑन लाईन सट्टा संचालित करने वालो की पतासाजी कर उन पर नवीन कानून अधिनियम के तहत् कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है। एण्टी क्राईम एण्ड सायबर यूनिट की टीम को सूचना प्राप्त हुई कि थाना डी.डी.नगर क्षेत्रांतर्गत सत्यम विहार कालोनी गली नंबर 01 में एक व्यक्ति क्रिकेट विश्व कप के दौरान आयोजित मैच में रूपये पैसो का हार जीत का दांव लगाकर ऑनलाईन क्रिकेट सट्टा संचालित कर रहा है। जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पश्चिम श्री जय प्रकाश बढ़ईए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अपराध श्री पिताम्बर पटेलए नगर पुलिस अधीक्षक पुरानी बस्ती राजेश चौधरी एवं उप पुलिस अधीक्षक क्राईम दिनेश सिन्हा द्वारा प्रभारी एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना प्रभारी डी.डी.नगर को सटोरिये को रंगे हाथ गिरफ्तार करने निर्देशित किया गया। जिस पर एण्टी क्राईम एवं सायबर यूनिट तथा थाना डीण्डीण् नगर पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा मुखबीर द्वारा बताये उक्त स्थान पर जाकर व्यक्ति को चिन्हांकित कर पकड़ा गया। पूछताछ में व्यक्ति ने अपना नाम विकास सोनी निवासी डीण्डीण्नगर रायपुर का होना बताया। टीम के सदस्यों द्वारा उसके मोबाईल फोन को चेक करने पर उसके द्वारा अपने मोबाईल फोन में क्रिकेट मैच के दौरान ऑनलाईन सट्टा संचालित करना पाया गया। जिस पर आरोपी विकास सोनी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से सट्टा संचालन में प्रयुक्त 01 नग मोबाईल फोन एवं नगदी रकम 3,000,रूपये जप्त कर आरोपी के विरूद्ध धारा छ.ग जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 7 का अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया।

# सब्जियों और फलों के दाम आसमान पर

**रायपुर,** 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। नवरात्रि पर्व की शुरुवात से ही स्थानीय बाजार में सब्जियों और फलों के दाम आसमान पर है। फल और सब्जी इतनी महंगी हो गई है कि गृहणीयों को घर का बजट सभालना मुशकिल हो गया है। शहर में इन दिनों दूसरे राज्यों से सब्जियां और फलों को बाजार में आपूर्ति की जा रही है। स्थानीय आवक नहीं के बराबर है। बाहरी आवक पर ही निर्भरता के चलते सप्ताहभर से इसकी कीमतों में 20.30 प्रतिशत तक की तेजी आ गई है। इन दिनों थोक में 200 रुपये कैरेट में बिकने वाला टमाटर अब 350 रुपए कैरेट पहुंच गया है। वहीं परवल भी शोक में ही 40 रुपए किलो बिक रहा है। बुधवार को स्थानीय शास्त्री बाजार, आमापारा, गोलबाजार,सलोपीनगर सहित विभिन्न बाजारों में टमाटर 25.30 रुपए किलोए गोभी 80 रुपए किलोए बैगन 60 रुपए किलो परवल 65 रुपए किलो और भिंडी 60 रुपए किलो तक बिक रही है।





सब्जी कारोबारियों का कहना है कि सब्जियों के दामों में दीपावली के बाद ही राहत मिल सकती है। अभी बाहर से लगभग 60 प्रतिशत सब्जियां आ रही है। वहीं स्थानीय मंडीयों में 40 प्रतिशत ही है जो मांग के बराबर भी नहीं है। इसके चलते ही कीमतों में बढोतरी हो रही है।

**बिगड़ा थाली का स्वाद**

थोक सब्जी व्यवसायी संघ के अध्यक्ष दी श्रीनिवास रेड्डी ने बताया कि सब्जियों की स्थानीय आवक नहीं के बराबर हो रही है। बाजार में जितनी मांग है उसे पूरा करने के लिए दूसरे राज्यों से मंगाना पड़ रहा है। केरल, कर्नाटक,महाराष्ट्र और बंगलोर से सब्जियों की आवक बनी हुई है। तो अगले 15.20 दिनों तक रहने वाला है। उन्होंने बताया कि भावक बाहर से आने के बाद भी शोक में सब्जियों के दाम में न के बराबर बढ़ोतरी हुई है। जिसे चिल्हर बाजारों में विक्रेता दाम लगाकर बेच रहे है।

## थाली का स्वाद बिगड़ा


बाजार में सब्जियों की आवक कम होने से थाली का स्वाद भी बिगड़ गया है। मसालेदार सब्जियों में अदरक चिल्हर में 200 रुपए किलो और लहसुन 180 रूपए और मिर्च 80 रुपए किलो तक बिक रहा है। आम उपभोक्ताओं के साथ ही होटली में भी अदरक की मांग बढ़ी है।

## फलों के दाम भी बढ़े

त्यौहारी सीजन में फ्ली के दाम भी बढ़ गए हैं। इस कारण आम केला सहित अन्य फलों की कीमतों में 25 फीसदी की बढ़ोतरी देखी जा रही है। चिल्हर में सेब 200 से 240 रुपए तक हो गए हैं। कला 70 रुपए दर्जन तक बिक रहा है। वहीं पीती के दाम भी 40 से 50 रुपए किलो हो गए हैं।

# विधानसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस का चेकिंग अभियान

**रायपुर,** 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव के मद्देनजर सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था को दृष्टिगत रखने के साथ ही आदर्श आचार संहिता के परिपालन में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय श्री प्रशांत अग्रवाल के निर्देशानुसार रायपुर पुलिस के समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों के नेतृत्व में थाना प्रभारियों सहित पुलिस बलों द्वारा जिला के समस्त थाना क्षेत्रों में फिक्स चेकिंग पाईंट लगाकर आदर्श आचार संहिता को ध्यान में रखते हुए समस्त प्रकार के वाहनों में अवैध रूप से शराब परिवहनए चुनाव से संबंधित अन्य सामग्री सहित अन्य संदिग्ध वस्तुओं की सघन चेकिंग करने के साथ ही रेलवे स्टेशन एवं बस स्टैण्ड में भी संदिग्ध व्यक्तियों एवं सामानों की लगातार चेकिंग की जा रहीं है। इसके साथ ही विजिबल पुलिसिंग के अंतर्गत पैदल पेट्रोलिंग वाहनों में पेट्रोलिंग क्राईम प्रिवेंशन पेट्रोलिंग सी.पी.पी सहित 112 की टीमों द्वारा कर भीड़.भाड़ वाले स्थान सार्वजनिक स्थानध्सूनसान स्थान में जमवाड़ा लगाकर नशा करने वालों गुटबाजी अड्डेबाजी करने वालों संदिग्ध व्यक्तियों असमाजिक तत्वोंए संदिग्ध व्यक्तियों के वाहनों की डिक्कीए धारदार बटनदार चाकू रखकर घुमने वालों सहित आम स्थानों पर शराब पीने शराब पीने हेतु स्थान उपलब्ध करानेए सार्वजनिक मैदान पार्क चौक. चौराहों एवं सार्वजनिक स्थान पर चार पहिया वाहन के अंदर बैठकर शराब पीने वालों की भी चेकिंग की जा रहीं है।





# बीरगांव में दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन 23 से 25 तक

**रायपुर,** 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। नगर पालिक निगम बीरगांव क्षेत्र में विभिन्न स्थलों पर समितियों द्वारा मां दुर्गा प्रतिमा की स्थापना की गई है। नवरात्रि पर्व के बाद मां दुर्गा प्रतिमा के विसर्जन के संबंध में 18 अक्टूबर को बृजेश सिंह क्षत्रिय आयुक्त नगर पालिक निगम बीरगांव की अध्यक्षता में नगर पुलिस अधीक्षक उरला, थाना प्रभारी उरला, थाना प्रभारी खमतराई एवं दुर्गा स्थापना समितियों के अध्यक्ष तथा सदस्य गणों की संयुक्त बैठक नगर पालिक निगम बीरगांव के सभा कक्ष में दोपहर 2 बजे आयोजित की गई थी। उक्त बैठक में मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन सोमवार 23 अक्टूबर , मंगलवार 24 अक्टूबर और बुधवार 25 अक्टूबर इन तीन दिनों में ही विसर्जन करने की सर्वसम्मति से सहमति बनी।



**मां दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के संबंध में समितियों की बैठक में बनी सहमति**

विसर्जन के संबंध में आयुक्त द्वारा समितियों से अपील की गई कि माता की प्रतिमा को सीधे तालाब में या नदी में विसर्जन नहीं किया जावे बल्कि तालाब और नदी के पास बनाए गए अस्थाई विसर्जन कुंड में ही विसर्जन किया जावे। मूर्ति विसर्जन हेतु पठारीडीह घाट के पास, बड़ा तालाब बीरगांव के पास, रावाभाठा में शीतला तालाब के पास और उरकुरा में पूर्व से निर्मित अस्थाई विसर्जन कुंड में, बीरगांव में शीतला तालाब के पास अस्थाई विसर्जन कुंड में, सरोरा की समस्त मूर्तियां पठारीडीह घाट में अस्थाई विसर्जन कुंड में तथा मजदूर नगर में अस्थाई विसर्जन कुंड की व्यवस्था निगम द्वारा की जावेगी । समितियों से अपील की गई कि वे तालाब या नदी में सीधे प्रतिमा का विसर्जन नहीं करेंगे बल्कि निगम द्वारा बनाए गए अस्थाई विसर्जन कुंड में ही प्रतिमा का विसर्जन किया जावे। वर्तमान में विधानसभा चुनाव की आदर्श आचार संहिता प्रभावशील है अतः समितियों से अपील की गई कि वे दुर्गा पंडाल, पूजा स्थलों में आचार संहिता का पालन सुनिश्चित करेंगे। ऐसा कोई कृत्य नहीं किया जावे जिससे आदर्श आचरण संहिता का उल्लंघन हो। यदि आदर्श आचरण संहिता का उल्लंघन करना पाया जाता है तो इसके लिए वह समिति स्वयं जिम्मेदार होगा। दुर्गा पंडाल एवं विसर्जन के दौरान माननीय उच्च न्यायालय द्वारा साउंड सिस्टम के संबंध में दिए गए निर्देश का अक्षरशः पालन करना अनिवार्य होगा। इसका उल्लंघन करते पाए जाने पर उक्त समिति के साथ-साथ साउंड सिस्टम के मालिक अथवा डीजे के मालिक के ऊपर प्रशासन द्वारा कार्यवाही सुनिश्चित की जा सकेगी। समितियों को दुर्गा पंडाल में विद्युत विभाग की अनुमति से विद्युत कनेक्शन लिए जाने तथा किसी प्रकार की पंडाल में अग्नि दुर्घटना से निपटने हेतु फायर एक्सटिंग्विशर की व्यवस्था करने को अवगत कराया गया। झांकी/ शोभायात्रा में शांति व्यवस्था बनाने तथा विसर्जन स्थलों पर विशेष निगरानी रखने हेतु सभी समितियों के अध्यक्षों से अपील की गई कि वे 20 अक्टूबर तक 5-5 वॉलिंटियरों का नाम थाना उरला एवं थाना खमतराई में उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया। प्रतिमा का विसर्जन यथासंभव दिन में ही कर लिया जावे । यदि किसी कारणवश दिन ढलने के बाद विसर्जन करना पड़े तो अधिकतम रात्रि के 10 बजे तक ही विसर्जन करना होगा। रात्रि 10 बजे के बाद विसर्जन नहीं किया जा सकेगा। निगम द्वारा निर्धारित अस्थाई विसर्जन कुंडो में गोताखोर एवं पुलिस प्रशासन द्वारा पुलिस बल की व्यवस्था की जावेगी।

# ढाई किलो गांजा के साथ युवक पकड़ाया

**रायपुर,** 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। राजधानी की नारकोटिक्स सेल और उरला थाना पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए ढाई किलो गांजा के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने थाना क्षेत्रांतर्गत निषाद किराया भण्डार के पास से आरोपी को पकड़ा। आरोपी के खिलाफनारकोटिक एक्ट का अपराध पंजीबद्ध किया गया है। जानकारी के अनुसार 17 अक्टूबर को सूचना प्राप्त हुई कि थाना उरला क्षेत्रांतर्गत निषाद किराया भण्डार के पासए फल ठेला के बाजू में में एक व्यक्ति अपने पास गांजा रखा है और बेचने की फ़िराक में घूम रहा है। सूचना पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट अंतर्गत गठित नारकोटिक्स सेल तथा थाना उरला पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा उक्त स्थान पर जाकर मुखबीर द्वारा बताये हुलिये के व्यक्ति की पतासाजी कर चिन्हांकित कर पकड़ा गया। पूछताछ में व्यक्ति ने अपना नाम अशोक रायकर निवासी आजाद चौक रायपुर का होना बताया। टीम के सदस्यों द्वारा उसकें पास रखें बैग की तलाशी लेने पर बैग में गांजा रखा होना पाया गया। जिस पर आरोपी अशोक रायकर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 2 किलो 500 ग्राम गांजा कीमती लगभग 25,000 रूपये जप्त कर आरोपी के विरूद्ध थाना उरला में धारा 20;बी नारकोटिक्स एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही की गई।



# ईडी ने जब्त किया 90 लाख नगद




**रायपुर,** 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। प्रवर्तन निदेशालय ईडी की टीम ने दुर्ग और राजनांदगांव में 7 व्यापारियों के घरों में दबिश दी। लगभग 18 घंटे तक ईडी उनके घर और ऑफिस में दस्तावेज खंगालती रही। इस पूरी कार्रवाई में ईडी ने 90 लाख रुपये कैशए प्रॉपर्टी के दस्तावेजए मोबाइल और डिजिटल सबूत जब्त किए। पदुमनगर नेहरु नगर और वैशाली नगर में प्रवर्तन निदेशालय की छापामार कार्रवाई मंगलवार सुबह से देर रात तक चली। पांच व्यापारियों के यहां से आधी रात को ईडी की टीम लौट गई लेकिन चावल व्यापारी सुरेश कुकरेजा के यहां ईडी की टीम सुबह तक जांच करती रही। छापामार कार्रवाई के बाद ईडी चावल व्यापारी सुरेश कुकरेजा के बेटे अंशुल कुकरेजा को अपने साथ रायपुर स्थित कार्यालय ले गईए जहां उससे ईडी के अधिकारी पूछताछ कर रहे हैं। इस कार्रवाई में छत्तीसगढ़ के सबसे बड़े पटाखा व्यापारी सुरेश धिंगानी के घर भी ईडी देर रात तक जांच करती रही। जहां से 7 लाख रुपए नकद और प्रापर्टी के कई दस्तावेजए बैंक एकाउंट और दो मोबाइल जब्त किए। पदुमनगर स्थित धिंगानी के घर पर ईडी की कार्रवाई से उसके रिश्तेदारए दोस्त और पड़ोसी सन्न रह गए। बाकी के 6 व्यापारियों के घर से 90 लाख रुपए नकद जब्त किए। साथ ही प्रापर्टी के दस्तावेज बैंक खाते और मोबाइल जब्त किए गए।

उल्टा पुल्टा

टीचर (चिंटू से)- होमवर्क क्यों नहीं किया?

चंटू- मैम, मैं जब पढ़ने बैठा तो लाइट चली गई।

टीचर- तो लाइट आने के बाद क्यों नहीं की पढ़ाई?

चिंटू- बाद में मैंनें इस डर से पढ़ने नही बैठा कि कहीं मेरी वजह से फिर से लाइट न चली जाए।

## संपादकीय

### सभी सियासी दल संयम बरतें

छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनावों के लिये प्रमुख राजनैतिक दलों की ओर से न तो अभी सारे उम्मीदवारों की घोषणा हो पाई है और न ही प्रचार ने पूरी गति पकड़ी है, परन्तु लगता है कि अभी से सियासी पारा चढ़ने लगा है। संकेत साफ हैं कि चुनाव जब पूरी सरगर्मी पर होगा बयानों में और भी तेजी आयेगी। चुनावों के ठीक-ठाक शुरू होने के पहले ही यह माहौल दिख रहा है। केन्द्रीय राज्य मंत्री रेणुका सिंह हों या देश के गृह मंत्री अमित शाह, दोनों के बयानों से चुनावी पारा हाई हो रहा है। ऐसे में ज़रूरी है कि सभी दल संयम बरतें।

भरतपुर-सोनहत की उम्मीदवार रेणुका सिंह ने कार्यकर्ता सम्मेलन में धमकी दे दी कि उनके किसी कार्यकर्ता की एक उंगली काटी गई तो वे जिम्मेदार व्यक्ति का पूरा हाथ काटकर दूसरे हाथ में थमा देंगी। दो दिनों पहले ही उन्होंने कांग्रेस नेत्री सोनिया गांधी को 'बाहरी' बताते हुए 'धक्के मारकर इटली भेजने' की बात भी कही थी। ऐसे ही, सोमवार को राजनांदगांव में पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह द्वारा भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी के रूप में नामांकन भरते समय शाह मौजूद थे। बाद में हुई एक सभा को सम्बोधित करते हुए शाह ने बेमेतरा की उस घटना का जिक्र किया जिसमें ईश्वर साहू नामक युवा की दो गुटों के बीच हुए दंगे में मौत हो गई थी। इसी साल की अप्रैल में हुई इस वारदात में पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए 11 लोगों को गिरफ्तार कर लिया था। इसे लेकर हिंदूवादी संगठनों ने छग बन्द का भी आयोजन किया था। उसके कारण अमूनन शांत रहने वाले छग में साम्प्रदायिक तनाव फैल गया था। चूंकि इस प्रदेश के लोगों की सोच व तासीर में ही इस तरह की कट्टरता नहीं है, इसलिये वह मामला थोड़े बहुत विवादों और तनाव के बाद निपट गया था। इतने समय के बाद उस मामले को फिर से उठाना दुर्भाग्यजनक ही कहा जायेगा। विशेष कर इसलिये कि उसे गृह मंत्री जैसे व्यक्ति द्वारा उठाया गया है जिनका काम साम्प्रदायिक तनावों को समाप्त करना होना चाहिये, न कि उसे बढ़ाना। कांग्रेस ने निर्वाचन आयोग में शाह के खिलाफ हेट स्पीच दिये जाने की शिकायत भी दर्ज की है।

चुनावों में अपनी उपलब्धियां, कामकाज, घोषणापत्रों पर बातें होनी चाहिये, न कि साम्प्रदायिक, सामाजिक या धार्मिक वैमनस्यता बढ़ाने वाले बयान दिये जाने चाहिये। विरोधी दलों की स्वस्थ आलोचना लोकतांत्रिक परम्परा का हिस्सा है परन्तु वोट पाने के लिये समाज में तनाव फैलाने वाले या विभाजन करने वाले बयानों से बचना चाहिये। चाहे इससे चुनाव जीता जा सकता हो और सरकार भी बनाई जा सकती हो लेकिन ऐसे बयान समाज को दूरगामी और स्थायी नुकसान पहुंचाते हैं। छत्तीसगढ़ शांति का टापू है, बेहतर है कि इसे ऐसा ही रखा रहे।

# भारी कशमकश के बाद अंततः दुर्ग शहर की टिकिट 7 वीं बार अरूण वोरा के खाते में



टिकिट मिलने का पूरा भरोसा शुरू से था, सब मिलकर कार्य करेगें : वोरा

**दुर्ग,** 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारी कशमकश के बाद अंततः आज शाम दुर्ग शहर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस ने अरूण वोरा को अपना प्रत्याशी घोषित करके वोरा परिवार पर अपना विश्वास जताया है। श्री वोरा इस चुनाव में 7 वीं बार मैदान में उतरेगें। उनका मुकाबला भाजपा के गजेन्द्र यादव से होगा।

उल्लेखनीय है कि चुनाव की घोषणा के बाद से दुर्ग शहर विधानसभा क्षेत्र से विधायक अरूण वोरा को रोकने के लिये तरह तरह के दांव पेंच उन्हीं की पार्टी के कतिपय नेता चला रहे है। सामान्य बैठकों से लेकर वाट्स एप तक तरह तरह की चर्चाएं लोग कर रहे थे। यहां तक की श्री वोरा के समर्थक शुभ चिंतकगण भी पशोपेश में थे कि क्या इस बार अरूण वोरा को टिकिट मिलेगी। यह संशय तब और गहरा गया जब कांग्रेस की पहली सूची में उनका नाम नहीं आया। इससे पूर्व जब भी कांग्रेस की सूची जारी की अरूण वोरा का नाम पहली सूची में ही था। यद्यपि गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने कुछ दिनों पूर्व एक कार्यक्रम में अरूण वोरा को जीताने की अपील कर संकेत दे दिये थे कि अरूण वोरा को ही प्रत्याशी बनाया जाएगा।

आज दोपहर से ही वाट्स, एप, न्यूज चैनलों में जब अरूण वोरा को टिकिट मिलने की खबर सार्वजनिक हुई उनके सैकड़ों समर्थक वोरा निवास पहुंचकर पुष्पगुच्छ व पुष्पहार से उनका स्वागत कर बधाईयां देने लगे। शुरू शुरू में श्री वोरा ने टिकिट कंफर्म हो जाने की बाद कहकर उन्हें रोका मगर बाद में भीड़ बढ़ते देख उन्होंने लोगों का अभिवादन स्वीकार करना शुरू कर दिया। शुभचिंतक मिठाइयां बांटने लगे। फटाके फोड़ने लगे और ढोल ढमाके बजने भी शुरू हो गये। फोन पर भी बधाईयों का सिलसिला शुरू हो गया।

टिकिट मिलने पर अपनी प्रतिक्रिया में श्री वोरा ने इसका श्रेय अपने दिवंगत पिता के आर्शीवाद के साथ पार्टी के सभी बड़े पदाधिकारियों व प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को दिया। उन्होंने कहा कि जब भूपेश है तो भरोसा है । पूरा प्रदेश उन पर भरोसा करता है तो मैं भी अपनी टिकिट को लेकर उन पर भरोसा रख रहा था। आज भी भरोसा बना हुआ है अब टिकिट मिलने के बाद जीत का भरोसा है।

आगे की योजनाओं को लेकर पूछने पर उन्होंने बताया कि उनका हमेशा ही एक एजेंडा दुर्ग के चहुमुंखी विकास को लेकर रहा है। इसके साथ ही जब विपक्षी प्रत्याशी गजेन्द्र यादव को लेकर टिप्पणी चाही तो श्री वोरा ने एक ही बात कही हम सब एक ही परिवार के लोग है। कांग्रेस के लोग और भाजपा के लोग अपना अपना कार्य करेगें। कहीं कोई विवाद या अप्रिय स्थिति नहीं बनने देगें।

## निगम ने हटवाए सड़क किनारे रखे कबाड़ व बेतरतीब खड़े वाहन



**दुर्ग,** 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। नगर निगम द्वारा आज शहर के विभिन्न मार्गो व चौक चौराहों से अतिक्रमण हटाये गये। इस कार्रवाई के दौरान बेकार पड़े कंडम वाहन, अतिक्रमण कर लगायी गयी। दूकानें, ठेले, खोमचे भी हटाये गये। कार्रवाई के दौरान आयुक्त लोकेश चंद्राकर भी मौके पर उपस्थित रहें। उन्होंने बेतरतीब वाहन खड़े करने वाले वाहन चालकों को भी चेतावनी देकर छोड़ा गया। आज के अतिक्रमण हटाओ अभियान की शुरूआत रायपुर नाका से लेकर फिल्टर प्लांट के सामने के आसपास के क्षेत्र, जीई रोड के दोनों ओर खड़े किये गये कंडम वाहनों को भी हटाया गया। अवैध रूप से बांस बल्ली लगाकर दूकानें लगाने वालों पर भी कार्रवाई की गई। आज शाम यह कार्रवाई 3 से 4 घंटे तक चली जिसमें

# दुर्ग जिले की सभी 6 सीटों की चुनावी तस्वीर साफ

## कहीं माहिर मैदान में तो कही नये नवेले प्रत्याशियों के बीच होगी जोर आजमाइश

**दुर्ग,** 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव के लिये दुर्ग जिले से कांग्रेस की शेष चार बहुप्रतीक्षित सीटों से अधीकृत प्रत्याशियों की घोषणा कर देने के बाद जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में चुनावी तस्वीर एकदम स्पष्ट हो गई है। आज घोषित प्रत्याशियों में दुर्ग शहर से अरूण वोरा, भिलाई से देवेन्द्र यादव, वैशाली नगर से मुकेश चंद्राकर तथा अहिवारा सुरक्षित सीट से निर्मल कोसरे को टिकिट दी गई है। भाजपा ने पहले ही जिले की सभी 6 सीटों के लिये प्रत्याशी उतार दिये है।

अब दुर्ग जिले में प्रथम दृष्टि में जो चुनावी तस्वीर बनी है उसमें सभी सीटों पर कांग्रेस व भाजपा प्रत्याशियों के बीच सीधा मुकाबला है। इसके अनुसार दुर्ग शहर में अरूण वोरा कांग्रेस, गजेन्द्र यादव भाजपा, दुर्ग ग्रामीण ताम्रध्वज साहू कांग्रेस, ललित चंद्राकर भाजपा, भिलाई नगर देवेन्द्र यादव कांग्रेस, प्रेमप्रकाश पाण्डेय भादपा, वैशाली नगर मुकेश चंद्राकर कांग्रेस, रिकेश सेन भाजपा, पाटन भूपेश बघेल कांग्रेस, विजय बघेल भाजपा, तथा अहिवारा सुरक्षित विधानसभा क्षेत्र से निर्मल कोसरे कांग्रेस, डोमनलाल कोर्सेवाड़ा भाजपा है। घोषित प्रत्याशियों में कांग्रेस व भाजपा दोनों ही दलों ने सवर्ण समाज से एक एक प्रत्याशी ब्राम्हण दिये है। ये दुर्ग शहर से अरूण वोरा (कां.), व प्रेमप्रकाश पाण्डेय (भाजपा) भिलाई नगर से है। इसके अलावा दोनों ने चार-चार प्रत्याशी अन्य पिछड़ा वर्ग से उतारे है। कांग्रेस ने कुर्मी समाज से भूपेश बघेल पाटन, मुकेश चंद्राकर वैशाली नगर, साहू समाज से ताम्रध्वज साहू दुर्ग ग्रामीण, यादव ठेठवार समाज के देवेन्द्र यादव को प्रत्याशी बनाया है। इसी तरह भाजपा ने भी चार प्रत्याशी अन्य पिछड़ा वर्ग से दिये है। इनमें से राऊत यादव समाज से गजेन्द्र यादव दुर्ग शहर, कुर्मी समाज से ललित चंद्राकर दुर्ग ग्रामीण, विजय बघेल पाटन, रिकेश सेन (श्रीवास) वैशाली नगर से उतारे है। जिले की 6 सीटों में कांग्रेस व भाजपा ने कुर्मी समाज से 2-2 प्रत्याशी दिये है। कांग्रेस भाजपा ने यादव समाज से एक-एक प्रत्याशी,



साहू समाज से कांग्रेस ने एक प्रत्याशी को टिकिट दी है। भाजपा ने जिले में एक भी साहू प्रत्याशी मैदान में नहीं उतारा है। इसी तरह भाजपा ने श्रीवास समाज से एक प्रत्याशी को टिकिट दी है तो कांग्रेस ने इस समाज से नहीं उतारा है। सुरक्षित सीट से दोनों ने एक एक प्रत्याशी उतारे है।

जहां तक नये चेहरे का प्रश्न है तो कांग्रेस ने अरूण वोरा व देवेन्द्र यादव, भूपेश बघेल, ताम्रध्वज साहू ने पुराने चेहरों पर ही विश्वास जताया है। इनमें से भूपेश बघेल मुख्यमंत्री पाटन, ताम्रध्वज साहू गृहमंत्री दुर्ग ग्रामीण, अरूण वोरा भंडार गृह निगम के अध्यक्ष केबिनेट मंत्री का दर्जा प्राप्त है। देवेन्द्र यादव भिलाई नगर मुख्यमंत्री के बेहद करीबी है। इनमें से अरूण वोरा एवं देवेन्द्र यादव के नाम को लेकर राजनीतिक प्रेक्षक तरह तरह की आशंकाएं व्यक्त कर रहे थे मगर आज शाम जब कांग्रेस ने अधीकृत प्रत्याशियों की घोषणा की तब सारी अटकलों पर विराम लग गया।

आज घोषित हुए चारों प्रत्याशियों अरूण वोरा, देवेन्द्र यादव, मुकेश चंद्राकर, एवं निर्मल कोसरे को उनके समर्थकों द्वारा बधाईयां देने का तांता लगा रहा। निर्मल कोसरे व मुकेश चंद्राकर पहली बार विधानसभा चुनाव में प्रत्याशी बनकर मैदान में विरोधी दलों का सामना करेगें। भाजपा ने प्रेमप्रकाश पाण्डेय को छोड़कर इस चुनाव में सभी प्रत्याशी नये है। विजय ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

## आचार संहिता तक छग डिस्टलरीज में सशस्त्र बल की तैनाती

कलेक्टर एसएसपी ने लिया जायजा



**दुर्ग,** 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ विधानसभा निर्वाचन 2023 के परिपेक्ष्य में कलेक्टर पुष्पेन्द्र मीणा एवं पुलिस अधीक्षक रामगोपाल गर्ग 18 अक्टूबर को खपरी कुम्हारी स्थित छत्तीसगढ़ डिस्टिलरीज प्राइवेट लिमिटेड के निरीक्षण के लिए पहुंचे। कलेक्टर ने वहाँ मंदिरा के उत्पादन, बॉटलिंग एवं प्रदाय व्यवस्था का निरीक्षण किया और वहाँ तैनात आबकारी अधिकारियो से पूरी जानकारी ली। विधानसभा निर्वाचन के लिए लागू आदर्श आचार संहिता की अवधि में आसवनी में सतर्कता एवं मुस्तैदी से कार्य करने हेतु निर्देशित किया। आसवनी में सुरक्षा एवं निगरानी हेतु सशस्त्र बल की तैनाती की गई है। निरीक्षण के दौरान सहायक आयुक्त आबकारी राजेश जायसवाल अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा छत्तीसगढ़ डिस्टिलरीज के नोडल अधिकारी सहायक आयुक्त आबकारी यदुनंदन राठौर एवं जिला आबकारी अधिकारी महिमा पटावी आदि उपस्थित रहे।

## ईव्हीएम/वीवीपैट का प्रथम रेण्डमाईजेशन

**दुर्ग,** 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी पुष्पेन्द्र कुमार मीणा की मौजूदगी में ईव्हीएम एवं वीवीपैट का प्रथम रेण्डमाईजेशन कलेक्टोरेट सभाकक्ष में सम्पन्न हुआ। उन्होंने बताया कि विधानसभा निर्वाचन.2023 के लिए विधानसभा क्षेत्र पाटन विधानसभा क्षेत्र में 246, दुर्ग ग्रामीण में 227, दुर्ग शहर में 215, भिलाई नगर में 167, वैशाली नगर में 242 एवं अहिवारा में 259 इस प्रकार कुल 1356 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं।



विधानसभा निर्वाचन 2023 के लिए ईव्हीएम 5194 एवं वीवीपैट 2116 इस प्रकार कुल 7310 के लिए ईव्हीएम एवं व्हीव्हीपैट का प्रथम रेण्डमाईजेशन किया गया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर अरविंद एक्का एवं अपर कलेक्टर एवं नगर निगम भिलाई के आयुक्त रोहित व्यास, उप जिला निर्वाचन अधिकारी बजरंग दुबे सहित जिले के सभी 6 विधानसभा क्षेत्र के रिटर्निंग आफिसर और राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## डेनमार्क ओपन में दुर्ग की आकर्षि कश्यप ने जीत के साथ किया आगाज

### जर्मन खिलाड़ी को 55 मिनट में हराया, वूमेन्स सिंगलस में पीवी सिंधु के साथ कर रही भारत का प्रतिनिधित्व

**दुर्ग,** 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारत की अंतर्राष्ट्रीय बैडमिंटन खिलाड़ी आकर्षि कश्यप ने डेनमार्क ओपन 2023 में जीत के साथ अपने टूर्नामेंट सफर का आगाज किया है। टूर्नामेंट के अपने पहले मैच में ही आकर्षि ने जर्मनी की खिलाड़ी योनली को शिकस्त देकर उम्दा खेल का उदाहरण प्रस्तुत किया है। 55 मिनट तक चले संघर्षपूर्ण मैच में आकर्षि ने जर्मन खिलाड़ी को 21-10, 20-22, 12-21 से पराजित किया । खास बात यह है कि यह कमाल आकर्षि ने अपने से ज्यादा



वरियता वाले खिलाड़ी को हराकर किया है। जर्मनी की योनली का वर्ल्ड रैंक आकर्षि से हायर है। उनका वर्ल्ड रैंक 26 है।

उल्लेखनीय है कि डेनमार्क के ओडेंस शहर में 17 से 22 अक्टूबर तक डेनमार्क विक्टर ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। इस टूर्नामेंट में भारत की तरफसे वूमेन्स सिंगल्स में पीवी सिंधु और आकर्षि कश्यप खेल रही हैं। आकर्षि रिजर्व लिस्ट से प्रमोट हुई हैं। पहले राउंड का मैच जीतने के बाद अब आकर्षि का अगला राउंड का मैच थाईलैंड की सुपानिदा कैथोंग से होगा। भारत की स्टार शटलर पीवी सिंधु ने स्कॉटलैंड की क्रिस्टी गिलमौर को हराया ।

## ब्राउन शूगर बेचने का आरोपी जेल भेजा गया

**दुर्ग,** 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। स्थानीय कोतवाली पुलिस ने लुचकी पारा तालाब के पास लगभग 22-23 हजार रूपये मूल्य की 73 पुड़िया ब्राउन शूगर के एक युवक किशन मांडले (29) को गिरफ्तार किया। उसके पास से पुलिस ने 27.570 ग्राम ब्राउन शूगर बरामद की गई।

पुलिस के अनुसार उन्हें मुखबिर से सूचना मिली कि लुचकी पारा तालाब के पास एक व्यक्ति ब्राउन शूगर बेचने की फिराक में घूम रहा है। सूचना पाकर मौके पर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर तलाशी ली। तलाशी के दौरान उक्त ब्राउन शुगर व 6 सौ रूपये बरामद किये गये। पुलिस ने उसे आज न्यायालय में पेश किया जहां

## एमकॉम विद्यार्थियों के लिए निशुल्क यूजीसी नेट/सेट/जेआरएफ की तैयारी हेतु व्याख्यान माला शुरू

**दुर्ग,** 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। शास. विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय, दुर्ग के वाणिज्य एवं प्रबंध विभाग द्वारा एम. कॉम. के वर्तमान तथा भूतपूर्व छात्रों के लिए निशुल्क यूजीसी नेट/सेट/जे.आर.एफ की तैयारी हेतु व्याख्यान माला का आयोजन किया जा रहा है। उक्त कार्यक्रम में 45 छात्रों पंजीयन कराया है। यूजीसी नेट/सेट/जेआरएफ का विशेष व्याख्यान यूजीसी नेट/सेट/जेआरएफ उत्तीर्ण एवं अनुभवी व्याख्याताओं द्वारा लिया जायेगा। कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. आर. एन. सिंह



के निर्देशन तथा विभागाध्यक्ष डॉ. एच. पी. सिंह सलूजा के मार्गदर्शन मे आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारम्भ आज किया गया। समारोह मे मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. जगजीत कौर सलूजा विभागाध्यक्ष भौतिक शास्त्र उपस्थित रहीं तथा यूजीसी नेट/सेट/जेआरएफविशेष व्याख्यान हेतु कुंदन जांगडे उपस्थित रहें। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. एच. पी. सिंह सलूजा ने की तथा कार्यक्रम का संचालन डॉ. प्रदीप जांगडे एवं डॉ. लाली शर्मा ने किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ. जगजीत कौर ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# स्कंद माता पूजन के साथ नवरात्रि की चतुर्थी मनाई गई

**दुर्ग,** 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। नवरात्रि दुर्गोत्सव पर अब मां दुर्गा की झांकियों के दर्शन करने वालों की भीड़ लगातार बढ़ने लगी है। शाम होते ही लोगों का हुजूम शहर की सड़कों पर उतर आता है जो रात्रि लगभग 11 बजे तक चलते रहता है। गंजपारा दुर्गोत्सव में हमेशा की तरह इस वर्ष भी लोगों की भीड़ उमड़ने लगी है। यहां होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम भी लोगों के लिये आकर्षक का केन्द्र बने हुए है। इसी तरह मंदिरों में माताजी की पूजा अर्चना, ज्योतिकलश के दर्शनों के लिये भी श्रद्धालुओं की भीड़ रोजाना उमड़ रही है। कल 19 अक्टूर को पंचमी का पर्व मनाया जायेगा।

आज नवरात्रि की चतुर्थी थी। आज सुबह से ही मां चंडी मंदिर, शीतला मंदिर, मां सतरूपा शीतला मंदिर सिविल लाईन सहित सभी मंदिरों में स्त्री पुरूषों की भीड़ लगी रही। लोग पूजन सामग्रियों व जलपात्र लेकर मंदिर पहुंचते व पूजन करते रहे। आज चतुर्थी पर स्कंधमाता की विशेष पूजा की



गई। इसी तरह सभी मंदिरों में पूजा अर्चना की गई।

गंजपारा में रंग सरोवर का कार्यक्रम संपन्न : गंजपारा दुर्गोत्सव समिति द्वारा गत रात्रि तृतीया पर माता का जगराता हुआ जिसे देखने के लिये शहर भर की जनता उमड़ पड़ी। आसपास के स्थानों से भी बड़ी संख्या में नृत्यकला देखने के शौकीन पहुंचे थे। जगराता का कार्यक्रम प्रसिद्ध नृत्यांगना शहनाज अख्तर द्वारा प्रस्तुत किया गया। शहनाज अख्तर का यह भक्तिभाव पूर्ण एवं मनमोहक था कि लोग देखते ही देखते स्वयं नाचने झूमने लगे। आज रात्रि यहां रंगसरोवर गरियाबंद का रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इसे

- **शहनाज अख्तर का जगराता व रंग सरोवर ने भक्ति का समा बांधा**
- **सत्ती चौरा दुर्गोत्सव में प्रतिदिन कराया जा रहा कन्या भोज**

देखने हजारों की संख्या में दर्शकगण उपस्थित रहें। रात्रि लगभग 9 बजे के बाद तक यह मनमोहक व हद्यस्पर्शी भक्तिभाव पूर्ण कार्यक्रम चलता रहा।

छग विद्युत मंडल : जिला कार्यालय के पास स्थित विद्युत मंडल कार्यालय के परिसर में स्थापित मां दुर्गा की भव्य प्रतिमा के साथ ही यहां पर भगवान शंकर के बारात की झांकी सजाई गई है। उल्लेखनीय है कि गंजमंडी परिसर में भी शिव बारात की झांकी सजाई गई है।

इसके अलावा न्यू आदर्श नगर दुर्ग महाराजा चौक एवं पुलिस लाईन में भी माता की भव्य मूर्तियां सजाई गई है। यहां पर अन्य किसी भी पौराणिक राजनीतिक व सामाजिक विषय पर झांकियां न सजाकर भव्य मूर्तियां स्थापित की गई है। शहर के अन्य स्थानों संतराबाड़ी, गायत्री मंदिर वार्ड, पचरी पारा, सिंधी कालोनी, पोलसाय पारा, शंकर नगर में भी सिर्फ माता मूर्तियां स्थापित की गई है।

नगर निगम : नगर निगम परिसर में स्थित प्राचीन माता के मंदिर में भी भव्य दुर्गा प्रतिमा स्थापित की गई है। इस वर्ष से हटकर अलग मंडप बनाया गया है। यहां सुबह शाम पूजा अर्चना विधिवत की जाती है। इसके अलावा स्टाफ के कतिपय लोगों द्वारा यहां कभी रामायण पाठ तो कभी भजन कीर्तन आयोजन किया जाता है। इस आयोजन में नगर निगम की स्टाफ महिलाएं एवं बाहर से आने वाले श्रद्धालुगण भी अपना आंशिक सहयोग कर रहे है। मां सत्ती चौरा दुर्गा मंदिर : सत्ती चौरा स्थित मां दुर्गा मंदिर परिसर में प्रतिदिन सुबह शाम विधि विधान से पूजन अर्चना के अलावा प्रतिदिन कन्या भोज कराकर उन्हें उपयोगी श्रृंगार सामग्रियां दी जाती है। इस कन्या भोज में प्रतिदिन 8 प्रकार के फलों का वितरण, पायल जैन, नवकार परिसर द्वारा किया जा रहा है। इस वर्ष 401 ज्योतिकलश की स्थापना दुर्गा मंदिर में की गई है। यहां पर श्री हनुमान जी द्वारा राम भक्ति एवं महाकाल की झांकी प्रदर्शित की जा रही है।

## महाराजा अग्रसेन मेरिट अवार्ड से सम्मानित कन्या महा. की 5 छात्राएं



**दुर्ग,** 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। शासकीय डा.वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग की 5 मेधावी छात्राओं को अग्रवाल समाज द्वारा आयोजित अग्रसेन जयंती समारोह में मुख्य अतिथि के द्वारा सम्मानित किया गया। महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डा.डी.सी. अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि अग्रवाल समाज द्वारा वरिष्ठ सदस्य विजय अग्रवाल के सौजन्य से प्रतिवर्ष 5 मेधावी बालिकाओं को सम्मानित किया जाता है। यह सम्मान माता माधवी देवी की स्मृति में 5100/- नगद तथा प्रतीक चिन्ह के रूप दिया जाता है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने छात्राओं को बधाई देते हुए अग्रवाल समाज को साधुवाद दिया। उन्होंने कहा कि बालिका शिक्षा के क्षेत्र में अग्रवाल समाज का प्रोत्साहन अनुकरणीय है। अग्रसेन वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा महाविद्यालय में प्रवेश के समय भी ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# मतदाताओं को असुविधा न हो व्यवस्था सुनिश्चित हो



**भिलाईनगर,** 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। मतदान केन्द्रो में पानी, बिजली, सफाई, दिव्यांगजनो के लिए रैम्प सिढ़ी तथा महिला एवं पुरूष के लिए अलग-अलग प्रशाधन की व्यवस्था हो मतदाताओं को मतदान करने में कोई परेशानी नहीं होना चाहिए। विधानसभा 65 भिलाईनगर के रिटर्निंग आफिसर एवं नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त रोहित व्यास ने आज बुधवार को खुर्सीपार गौतम नगर के पंचशील स्कूल के मतदान केन्द्रो का निरीक्षण किया। उन्होने निगम के जोन आयुक्त से कहा कि सभी केन्द्रो में मतदाता के प्रवेश तथा निकासी के लिए दरवाजे हो मतदान केन्द्र में प्रकाश की व्यवस्था पर्याप्त हो। उन्होने दिव्यांग मतदाताओं के लिए तत्काल रैम्प बनाने को कहा श्री व्यास स्कूल में बनाये गये 6 मतदान केन्द्रो के कमरो को घूम-घूम कर देखे और आवश्यक निर्देश दिए स्कूल प्रागंण की पर्याप्त सफाई करने को कहा मतदान दल के लिए निस्तारी पानी की व्यवस्था तथा पुरूष एवं महिला दल के लिए शौचालय की वर्तमान व्यवस्था में आवश्यक सुधार के निर्देश दिये। कमरो में कक्ष क्रमांक को प्रदर्शित करने तथा मतदान केन्द्र क्रमांक दर्शाते हुए सूचक बोर्ड लगाने को कहा। सभी व्यवस्था एक सप्ताह के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिये है। विधानसभा 65 भिलाई नगर के रिटर्निंग आफिसर रोहित व्यास ने कहा कि मतदान केन्द्रो के 2 सौ मीटर की परीधी में किसी भी प्रकार की प्रचार-प्रसार नहीं होना चाहिए। इसे भी आवश्यक रूप से सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान जोन आयुक्त पूजा पिल्ले, सहायक अभियंता प्रिया खैरवार, उपअभियंता चंद्रकांत साहू, अमित कुमार एक्का, सुपरवाइजर यू वेंकटराव उपस्थित थे।

# देवेन्द-प्रेम प्रकाश, मुकेश-रिकेश, निर्मल-डोमनलाल

## भिलाई, वैशालीनगर, अहिवारा में प्रत्याशी घोषित





**भिलाईनगर,** 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव को लेकर अब भिलाई नगर, वैशाली नगर व अहिवारा विधानसभा में कांग्रेस व भाजपा के अधिकृत प्रत्याशियो की सूची जारी होने के बाद अब चुनाव प्रचार जोर पकड़ने लगा है। भिलाई विधानसभा से पुराने प्रत्याशी देवेन्द्र यादव व प्रेम प्रकाश पाण्डेय के बीच मुकाबला होगा। पिछले चुनाव में प्रेम प्रकाश पाण्डेय को चुनाव में हार का सामना करना पड़ा था। अब प्रेम प्रकाश पाण्डेय ने चुनाव प्रचार के दौरान अपने पुराने विकास कार्य को गिना रहे है, तो देवेन्द्र यादव महापौर व विधायक होने के बाद किये गये विकास को अपना मुद्दा बना रहे है। जिसे लेकर चुनाव मुकाबला काफी रोचक हो गया है।

### वैशालीनगर

वैशाली नगर विधान सभा के कांग्रेस व भाजपा के प्रत्याशी दोनों नये चेहरे है। मुकेश चन्द्राकर भिलाई नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष है तो रिकेश सेन लगातार 5 बार के निगम भिलई के पार्षद है। दोनो युवा चेहरा है। दोनों प्रत्याशियों की उम्र लगभग 50 वर्ष है। दोनों प्रत्याशियो मे उत्साह काफी है। रिकेश सेन व मुकेश दोनों वैशाली नगर विधान सभा के निवासी है। भाजपा के प्रत्याशी रिकेश सेन ने अपना प्रचार शुरु कर दिया है. तो आज मुकेश चन्द्राकर को कांग्रेस ने अपना प्रत्याशी घोषित किया है। उन्होने देशबन्धु को बताया कि वे शीघ्र ही अपना चुनावी शुरु करेगे।

### अहिवारा

अहिवारा विधान सभा क्षेत्र में पूर्व विधायक डोमन लाल कोर्सेवाडा व भिलाई-चरोदा के महापौर निर्मल कोसरे के बीच मुकाबला होगा। वर्ष 2008 से 2013 तक अहिवारा विधान सभा क्षेत्र के भाजपा के प्रत्याशी डोमनलाल कोर्सेवाड़ा विधायक के रुप में कार्य करने का अनुभव है। भाजपा शासनकाल मे उन्हें राज्य मंत्री का दर्ज भी दिया था। उनके कार्यकाल में भाजपा को अहिवारा में काफी बल मिला था। इस वर्ष उनका मुकाबला कांग्रेस के निर्मल कोसरे के साथ होगा। निर्मल कोसरे के पास वर्तमान में महापौर के साथ-साथ संगठन की भी जिम्मेदारी है। निर्मल कोसरे को प्रत्याशी बनाये जाने से अहिवारा में मुकाबला काफी रोचक हो गया। है। विधान सभा में प्रत्याशियों को घोषणा होने के साथ-साथ अब प्रचार का जोर पकड़ने लगेगा। 17 नवम्बर को चुनाव तथा 3 दिसम्बर को चुनाव नतीजे तक लोगों में चुनाव को लेकर चर्चा होती रहेगी।

# बेनतीजन रही बोनस की बैठक कर्मियों में रोष

**भिलाईनगर,** 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। सेल कर्मचारियों के बोनस को लेकर मंगलवार सुबह से शाम तक दिल्ली में एनजेसीएस बैठक हुई। लेकिन कोई नतीजा नहीं निकला। प्रबंधन ने आखिरी में 23 हजार रुपए से अधिक बोनस नहीं देने की बात बोलकर हाथ खड़ा कर दिया। प्रबंधन का यही तर्क रहा कि कंपनी के हालात ठीक नहीं है। इसलिए हम अधिक बोनस नहीं दे सकते हैं। अब संभावना जताई जा रही है कि सेल प्रबंधन कर्मचारियों के खाते में एडवांस राशि एक-दो दिन के भीतर डाल सकती है। इस बात की आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। किन्तु ऐसा अनुमान लगाया जा रहा है। प्रबंधन ने इन तमाम सुझावों को दरकिनार करते हुए कहा कि हम लोग 23 हजार से अधिक बोनस नहीं दे सकते हैं। बोनस मीटिंग समाप्त होने से कुछं यूनियन की तरफ से बीच का रास्ता निकालने का प्रस्ताव भी रखा। प्रबंधन ने स्पष्ट रूप से बोल दिया कि कंपनी के हालात अच्छे नहीं हैं। सेल पिछली बार की तरह इस बार बोनस भुगतान नहीं कर सकते हैं। पिछली बार बोनस का बेस रेट 28 हजार और 12 हजार प्रॉफिट पर था। इस बार सेल का प्रॉफिट ही 3 हजार करोड़ हुआ है, जबकि पिछली बार 16 हजार करोड़ था। सेल प्रबंधन की तरफसे डायरेक्टर पर्सनल केके सिंह व डायरेक्टर फाइनेंस एके तुल्सयानी बैठक में शामिल हुए थे। मैनेजमेंट की तरफ से कहा गया कि छह महीने में मात्र 150 करोड़ ही प्राफिट हुआ है। वह भी जैसे-तैसे। 10 हजार करोड़ हर महीने पेमेंट के लिए बैंक से लेना पड़ता है। कोयले का दाम बढ़ गया है। उत्पादन का कास्ट बढ़ गया है। लागत तक नहीं निकल पा रही है। प्रोडक्शन चाहे जितना भी बढ़ जाएए पैसा नहीं आएगा तो कैसे क्या करेंगे। ये सब सुनने के बाद पांचों यूनियन ने तय किया कि प्रबंधन के 23 हजार रुपए के सुझाव को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

# नेहरू नगर में 20 को हास्य कवि सम्मेलन

**भिलाईनगर,** 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। स्टील कॉलोनी नेहरू नगर पश्चिम भिलाई की स्टील कॉलोनी रेजिडेंस एसोसिएशन महिला शाखा की ओर से स्थापित श्री महिषासुर मर्दिनी महोत्सव 2023 दुर्गा उत्सव में 20 अक्टूबर शुक्रवार को प्रसिद्ध हास्य कवि सम्मेलन पद्मश्री पंडित सुरेंद्र दुबे और उनकी टीम द्वारा संध्या 8 बजे से काव्य पाठ किया जायेगा। आयोजन समिति से जयश्री जोशी वार्ड पार्षद एवम एमआईसी मेंबर ने यह जानकारी देते हुए इस्पात नगरीवासियों से कवि सम्मेलन का लुत्फ उठाने की अपील की है। समिति के निखिल, संजय सिलारे, उमेश हिवासे, शेखर साहू, वीरेंद्र गोस्सामी, जगदीप बेदी, हेमंत राय, सुरेश पांडेय, राजेश साहू, महेंद्र श्रीवास्तव, आलोक मिश्रा ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय कवि डाक्टर सुरेंद्र दुबे उम्दा हास्य कवियों की टीम के साथ काव्य पाठ करेंगे। आयोजन समिति के अनुसार कवि सम्मेलन की तैयारी पुरी कर ली गई है।

# भाजपा ने जारी की चुनाव संचालन समिति

**भिलाईनगर**, 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी जिला भिलाई द्वारा आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए कार्य विभाजन किया। वैशाली नगर विधान सभा की चुनाव संचालन समिति एवं कार्यालय संचालन समिति जिला अध्यक्ष बृजेश बिजपुरिया एवं वैशाली नगर विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी रिकेश सेन के द्वारा घोषणा की गई है। चुनाव संचालन समिति में सांसद विजय बघेल, राज्यसभा सांसद सुश्री सरोज पांडे सहित 150 भाजपा के पदाधिकारी को स्थान दिया गया है। यह जानकारी वैशाली नगर विधान सभा मीडिया प्रभारी अमित पाहुजा ने दी। समिति में विधानसभा प्रभारी अरुण शंकर प्रसाद, मुकेश शर्मा, विधानसभा सहप्रभारी प्रेमलाल साहू, विधानसभा संयोजक शिवसागर मिश्रा, विधानसभा सहसंयोजक दया सिंह, प्रत्याशी प्रभारी पुरुषोत्तम देवांगन, चुनाव एजेंट प्रेमचंद देवांगन, आय व्यय व्यवस्था अजय जैन, कार्यालय प्रभारी शंकर लाल देवांगन, विजय तिवारी, प्रवीण पांडे, अरविंद जैन, नागेंद्र मिश्रा, मनोज तिवारी, परमिशन हेतु पुरुषोत्तम देवांगन, सचिन ताम्रकार, द्वारका चंद्रवंशी, मीडिया संबंधित कार्य हेतु रणजीत सिंह, विजेंद्र सिंह, अमित पाहुजा, नीरज तिवारी, कॉल सेंटर एवं आईटी सेल संबंधित कार्य कैलाश सिंह, कन्हैया साहानी, अखिलेश वर्मा, विनीत देवांगन, वाहन व्यवस्था शैलेंद्र सिंह, दीपक रावण, वासु भारद्वाज, सोशल मीडिया अवतार सिंह, सोम भट्ट, अंकुर शर्मा, मनीष सिंह, युवा मोर्चा अमित मिश्रा, शुभम सिंह, सौरभ जयसवाल, अमित पपोरिया, नवीन सिंह, विनय सिंह, महिला प्रमुख स्वीटी कौशिक, सरला आचार्य, मंजू दुबे, प्रमिला दुबे, मिथिला खिचरिया, गीता विश्वकर्मा, सामाजिक संपर्क यादराम देवांगन, विश्राम साहू, हरीश कुशवाहा, शिव साहू, गजानंद विश्वकर्मा, संतोष सोनी, प्रचार सामग्री वितरण सुंदरलाल साहू, राजेंद्र सिंह, वीडियो प्रचार वाहन विश्व रंजन सिंह, प्रदीप गुप्ता, अन्य राज्य से आए कार्यकर्ताओं से समझ में एवं आवास व्यवस्था प्रमोद सिंह, रमेश श्रीवास्तव, जनसभा स्थल व्यवस्था भोजराज सिन्हा, महेश वर्मा, विजय सिंह, ललित मोहन, एवं ऋषि भसीन भोजन व्यवस्था दुर्गेश सोनी, मोहित अग्रवाल, विधि एवं न्यायिक व्यवस्था विजेंद्र गुप्ता, संजय सिंह, सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी अनिल सोनी, निशु पांडे, नुक्कड़ सभा प्रमुख दिनेश मिश्रा, विनय सेन, सभा व्यक्त गण बृजेश बीचपुरिया, मनोज तिवारी, प्रभु नाथ मिश्रा, प्रेमलाल साहू, स्वीटी कौशिक, मंजू दुबे, भोजराज सिंह, दया सिंह, विजय सिंह, के एल तिवारी, प्रवीण पांडे, महेश वर्मा, पुरुषोत्तम देवांगन, त्रिलोचन सिंह, प्रमोद सिंह, चुनावी मंडल प्रभारी सुपेला प्रवीण पांडे, प्रमोद सिंह, रमेश श्रीवास्तव, वैशाली नगर अरविंद जैन, शिवाकांत सिंगर, अजय जैन, केम्प मंडल त्रिलोचन सिंह, विजय सिंह, राम उपकार तिवारी, चुनाव संचालन समिति वैशाली नगर विधानसभा विजय बघेल, सरोज पांडे, प्रेम प्रकाश पांडे, रामशिला साहू, मुकेश शर्मा, बृजेश बीजपुरिया, योगेंद्र सिंह, सुरेंद्र सिंह, प्रभु नाथ मिश्रा, सतनारायण अग्रवाल, अनिल मिश्रा, राम आश्रय दुबे, ओपी वर्मा, विश्राम सिंह, प्रेमलाल साहू, योगेंद्र सिंह, अरविंद जैन, प्रवीन पांड, पुरुषोत्तम देवांगन, स्वीटी कौशिक, निर्मला यादव, मिथिला खिचरीया, निहारिका मिश्रा, मंजू दुबे, महेश वर्मा, भोजराज सिन्हा, कन्हैया सोनी, राजीव चौबे, रमेश श्रीवास्तव, अनु मिश्रा, अमित मिश्रा, शिवसागर मिश्र, मनोज तिवारी, संदीप अग्रवाल, रूप राम साहू, विजय शुक्ला, अशोक गुप्ता, दिव्या भसीन, गीता विश्वकर्मा, सरल आचार्य, विनीत बाजपेई, शिवाकांत सिंगर, भरत भम्बवानी, दीप चटर्जी, अमर सोनकर, नागेंद्र मिश्रा, श्रीनिवास खेड़िया,विजय जायसवाल, त्रिलोचन सिंह, विजय सिंह, राजमणि दुबे, पुरुषोत्तम टावर, अजय भसीन, कमल राम साहू, बृजमोहन उपाध्याय, गुरजीत सिंह, पीयूष मिश्रा, विजेंद्र गुप्ता, मुन्ना आर्य, संजय सिंह, प्रदीप चौधरी, एक के खरे, छोटे लाल चौधरी। रिकेश सेन ने सभी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं से कहां की आप सभी के सहयोग एवम परिश्रम से हम वैशाली नगर विधानसभा में जीत का एक नया इतिहास बनाएंगे। उपयुक्त जानकारी वैशाली नगर विधानसभा प्रभारी ठाकुर रणजीत सिंह द्वारा दी गई।

# 3 नए मरीज मिले

**भिलाईनगर,** 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में जिनमें से भिलाई नगर निगम क्षेत्र व दुर्ग नगर निगम क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग व नगर निगम के अमले द्वारा डेंगू से संबंधित नियंत्रण व रोकथाम का कार्य निरंतर किया जा रहा है। आज 18 अक्टूबर को डेंगू एलिजा पॉजिटिव के 3 नये प्रकरण मिले। वर्तमान में 5 मरीज भर्ती है एवं कोई भी मरीज की गंभीर स्थिति नहीं है। मरीजों के निवास क्षेत्रों में घर.घर जाकर स्वास्थ्य विभाग के मैदानी अमले द्वारा मास्किटो सोर्स रिडक्शन का कार्य दैनिक रूप से किया गया है। डेंगू एलिजा पॉजिटिव नए 3 मरीजों में से 1 मरीज खुरसुल, 1 कोहका भिलाई सुपेला व 1 मरीज सेक्टर 6 भिलाई का नगर निगम भिलाई-घरोदा, रिसाली जनस्वास्थ्य विभाग, भिलाई इस्पात संयंत्र एवं नगर निगम दुर्ग की टीम के द्वारा लगातार डेंगू प्रभावित क्षेत्रों में लार्वा नष्टीकरण के लिए टेमीफॉस एवं एडिस मच्छर को नष्ट करने के लिए मेलाथियॉन से फागिंग का कार्य किया जा रहा है।

# आयुक्त ने दिलाई लोकतांत्रिक निर्वहन कराने शपथ




**भिलाईनगर,** 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा आम चुनाव में शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को बनाए रखने रिसाली निगम के अधिकारी अभियान चला रहे है। नगर पालिक निगम रिसाली के आयुक्त आशीष देवांगन अभियान की शुरूआत पहले कार्यालय से कराया। लोकतांत्रिक परंपराओं का निर्वहन कराने शपथ दिलाई। वहीं कर्मचारी अब मताधिकार का प्रयोग करने का संदेश लेकर वार्डो तक पहुंच रहे है। संविधान में नागरिकों को स्वतंत्र रूप से मतदान करने का अधिकार दिया गया है। यही वजह है कि बिना किसी के प्रभाव में आए मतदान करने रिसाली निगम के अधिकारी कर्मचारी अभियान चला रहे है। निगम द्वारा छोटे-छोटे समूह तैयार कर लोकतांत्रिक मर्यादा को बनाए रखने और स्वतंत्र व शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को रखते हुए बिना प्रलोभन में आए मताधिकार का प्रयोग करने की सीख दे रहे है। संकल्प पत्र भी भराया जा रहा है। निगम के कर्मचारी ऐसे स्थानों तक पहुंच रहे है जहां लोगों का हुजुम रहता है। यहां मतदान करने पहले शपथ दिलाई जाती है, फिर नागरिकों से संकल्प पत्र भराया जा रहा है। ताकि संविधान में दिए अधिकारों का वे प्रयोग कर अपने कर्तव्य याद रख सके।

# संयंत्र सुरक्षा जागरूकता सप्ताह का समापन




**भिलाईनगर,** 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। विगत दिनों भिलाई इस्पात संयंत्र के लाइम डोलो कैल्सिनिंग प्लांट में सुरक्षा जागरूकता सप्ताह के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के पुरस्कार वितरण का कार्यक्रम, मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी लौह तापस दासगुप्ता के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। विभाग में कार्यरत नियमित तथा ठेका श्रमिकों के मध्य, सुरक्षा के प्रति सजगता हेतु विभिन्न प्रतियोगितओं का आयोजन किया गया था। जिसमें कर्मचारी तथा ठेका श्रमिकों की प्रतिभागिता के साथ-साथ उनके परिवारों की भी प्रविष्टि शामिल की गई थी। उल्लेखनीय है कि महिला ठेका श्रमिकों के लिए भी अलग से प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। जिसमें महिला श्रमिकों की भागीदारी बढ-चढ़ कर रही। आयोजित प्रतियोगिता के अंतर्गत सुरक्षा पोस्टर, सुरक्षा नारा, टूल बॉक्स टॉक, क्वीज प्रतियोगिता, सुरक्षा खेल, डिफेंसिव ड्राइविंग, सुरक्षा नाट्य प्रतियोगिता इत्यादि सम्मिलित था। इस बार सुरक्षा खेल तथा डिफेंसिव ड्राइविंग का आयोजन नवीन व रोचक रहा और प्रतिभागियों की संख्या भी अधिकतम रही। इस अवसर पर मुख्य अतिथि तापस दासगुप्ता ने कहा कि सुरक्षित कार्यप्रणाली ही हमें अग्रसर बनाती है। अतः हमें पूर्ण सुरक्षित कार्य के लिए प्रतिबद्ध रहना चाहिये। उन्होंने एलडीसीपी परिवार को उत्तरोत्तर सफलता की कामना करते हुए, सभी कार्मिक अधिकारियों तथा ठेका श्रमिकों को बधाई प्रेषित किया। पुरस्कार विजेताओ में बीएसपी कार्मिक फैमिली श्रेणी में जतिन राणा, सुश्री हेम प्रभा, सुश्री इन्दु सिंह, सुश्री हेमलता रहे। बीएसपी कार्मिक श्रेणी में बनार केलम, के विक्रम, संजय पाटले, घनश्याम त्रिपाठी, नागेश, पदमलोचन विजेता रहे। ठेका श्रमिक श्रेणी में विक्रांत बाघ, अंजली यादव, नितेश कुमार, सुश्री ममता साहू, राहुल कुमार प्रसाद, सोनू यादव, परमेश्वर विश्वकर्मा, बीरबल बाघ, विजय कुमार विजेता रहे।

# गरबा के माध्यम से मतदाताओं को किया जा रहा जागरुक



भिलाईनगर, 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। शंकराचार्य महाविद्यालय जुनवानी में महाविद्यालय के समस्त छात्र-छात्राओं तथा शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक कर्मचारी-वर्ग को मतदान के प्रति जागरूक करने हेतु स्वीप गरबे का आयोजन किया गया। इस स्वीप गरबे मे मुख्य अतिथि के रूप में डॉ अश्विनी देवांगन, मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला पंचायत दुर्ग एवं नोडल अधिकारी स्वीप अमित घोष अतिरिक्त निदेशक जिला शिक्षा कार्यालय दुर्ग पुष्पा पुरुषोत्तम अधिकारी जिला शिक्षा कार्यालय दुर्ग रहे। कार्यक्रम की शुरुआत द्वीप प्रजलन एवं माता रानी की पूजा के साथ हुई, जिसके बाद मुख्य अतिथि डॉ अश्विनी देवांगन ने सभी को निष्पक्ष मतदान की प्रतिज्ञा दिलायी। इस स्वीप गरबा कार्यक्रम मे एक स्वीप सेल्फी जोन भी बनाया गया, तथा महाविद्यालय के ऑडिटोरियम को मतदान संबंधी पोस्टर एवं बैनर लगाया गया था। इस स्वीप गरबा कार्यक्रम मे विधार्थियों ने भाग लिया तथा मतदाता जागरुकता स्लोगन एवं मतदान गीत के माध्यम से छात्र-छात्राओं ने लोगों को मतदान करने तथा अपने आस-पास के लोगों को भी मतदान हेतु जागृत करने का संकल्प लिया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अर्चना झा, डीन अकादमिक डॉ. जे. दुर्गा प्रसाद राव, संयोजक डॉ. राहुल मेने, कार्यक्रम प्रभारी डॉ. प्रीति श्रीवास्तव, महाविद्यालय स्वीप नोडल अधिकारी डॉ. ठाकुर देवराज सिंह एवं डॉ आशीष नाथ सिंह तथा स्वीप कार्यक्रम सदस्य डॉ महेंद्र शर्मा, डॉ लक्ष्मी वर्मा, ठाकुर रंजीत सिंह, कविता कुशवाहा, राजकिशोर पटेल एवं महाविद्यालय के समस्त शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक कर्मचारी के साथ ही 352 विधार्थी भी उपस्थित थे।

# ईडी के हाथ मोबाइल और डिजिटल सबूत भी हाथ लगे

**भिलाईनगर,** 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। महादेव सट्टा ऐप कनेक्शन और मनी लांड्रिंग को लेकर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने 2 दिन पूर्व भिलाई और राजनांदगांव में 7 ठिकानों पर दबिश दी थी। 18 से 24 घंटों की जांच के बाद ईडी को कई अहम दस्तावेज हाथ लगे होने की बात कही जा रही है। इस पूरी कार्रवाई में ईडी ने 90 लाख रुपये कैश, प्रॉपर्टी के दस्तावेज, मोबाइल और डिजिटल सबूत जब्त किए हैं। कुछ लोगों को पूछताछ के लिए रायपुर भी लाया गया है। साक्ष्यों की जांच के बाद ईडी बड़ा खुलासा करेगी। आपको बता दें कि भिलाई के पदुमनगर, नेहरु नगर और वैशाली नगर में प्रवर्तन निदेशालय की छापामार कार्रवाई सोमवार सुबह से मंगलवार तक चली थी। पांच व्यापारियों के यहां से आधी रात को ईडी की टीम लौट गई लेकिन चावल व्यापारी के यहां ईडी की टीम मंगलवार की सुबह तक जांच करती रही। छापामार कार्रवाई के बाद ईडी चावल व्यापारी के बेटे को अपने साथ रायपुर स्थित कार्यालय ले गई। जहां उससे ईडी के अधिकारी पूछताछ कर रहे हैं। सूत्र बता रहे हैं कि ईडी के शिकंजे में कुछ और भी आने वाले हैं। इस कार्रवाई में छत्तीसगढ़ के बड़े पटाखा व्यापारी के घर ईडी देर रात तक जांच करती रही। ईडी ने यहां से कैश, प्रापर्टी के कई दस्तावेज, बैंक एकाउंट और दो मोबाइल जब्त किए हैं। अन्य छह 6 व्यापारियों के घर से 90 लाख रुपये बरामद किये हैं। मिली जानकारी के अनुसार ईडी को व्यापारियों के घरों से कई डिजिटल साक्ष्य भी मिले हैं। बताया गया कि इनके माध्यम से रकम को खपाने के साक्ष्य भी ईडी के हाथ लगे हैं। मोबाइल और डिजिटल साक्ष्यों का अवलोकन करने के बाद ईडी बड़ा खुलासा कर सकती है। ईडी अब तक देश भर में 45 जगहों पर छापेमारी कर चुकी है।

# मुक्तिधाम में रखे अस्थिकलश का होगा विर्सजन

## लगभग 20 वर्षो से मुक्तिधाम रामनगर में रखे हुए थे अस्थि कलश



**भिलाईनगर,** 18 (देशबन्धु)। दाह संस्कार के बाद अपनी मुक्ति का वर्षो से बाटजोह रहे मुक्तिधाम में रखे अस्थि कलश को विधिवत विर्सजित करने स्वर्ग धाम सेवा समिति धमतरी को सौपा गया। अंतिम संस्कार हेतु रामनगर मुक्तिधाम लाए जाने के बाद बहुत से मृतक के परिजनों ने अभी तक अस्थिकलश को नहीं ले गये थ। उन सभी अस्थिकलश को विधिवत तर्पण कर विर्सजित करने स्वर्गधाम सेवा समिति धमतरी द्वारा आवेदन पत्र दिया गया था, जिस पर महापौर परिषद ने समिति के कार्य अनुभव को देखते हुए अपनी सहमति प्रदान किया था। भिलाई निगम द्वारा लगभग 20 वर्षों से रखे हुए सभी अस्थि कलश को समिति के अध्यक्ष अशोक पवार एवं पदाधिकारियों को सौंपा गया। वार्ड 14 रामनगर मुक्तिधाम में दाह संस्कार पश्चात अस्थि लेने कुछ परिजन कई दिन बाद भी आते है इसलिए अस्थि को मुक्तिधाम में सुरक्षित रखते है। बीते कुछ वर्षों में बहुत से मृतक के परिजन अस्थि को नहीं ले गए थे। कई मृतक के परिजन तो किसी के घर का भी पता दर्ज नहीं कराए थे।

**40 मृतकों के थे अस्थिकलश**

मृतक दुखी राम छावनी भिलाई, शोभाराज रानी, एम हनुमैया पिता एम ड.डासी क्वाटर- 5/ए, सड़क 12 सेक्टर-06, दिल्ली बिसाई पिता भीम संजय नगर सुपेला, निलांबर दलाई पिता लक्ष्मण दलाई शंकरपारा सुपेला, शिव कुमारी पति परमेश्वर, 49/9 नेहरू नगर पश्चिम, अजय यादव पिता धन्नाला यादव सपना टॉकिज के पीछे खुर्सीपार, रंजीता बिसाई पति निरंजन कन्हाई केम्प 01 म.नं. 703, बिगुला देवी पति जमुना शाह अर्जुन नगर म.नं. 2144, राहुल शर्मा पिता विजय शर्मा म.नं. 19/ए एचएससीएल कॉलोनी रूआंबांधा, के.एस. वेनु म.नं.21/ए सेक्टर-4, सुरेश अज्ञात, अमिताभ अज्ञात, अजय अग्रवाल टाटीबंध रायपुर म.नं.936, हरि साहू पिता गुणो साहू म.नं. 2380, चंदी निषाद फरीद नगर भिलाई, रामकुमार साहू सुभाष नगर, मगरावा शंकर नगर छावनी, सोमनाथ सेक्टर-04, मिथिल ताण्डी, चंदन साव, खोगा बिसाई, यादव जी, सुनील मांझी सहित कुल 40 मृतको के अस्थि कलश

# शंकराचार्य महाविद्यालय के द्वारा विश्व खाद्य दिवस का आयोजन



**भिलाईनगर,** 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। शंकराचार्य महाविद्यालय जुनवानी, के माइक्रोबायोलॉजी विभाग एवं माइक्रोबायोलॉजी सोसायटी ऑफ इंडिया द्वारा विश्व खाद्य दिवस के अवसर पर फल एवं मिलेट्स शेक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विश्व खाद्य दिवस मनाने का उद्देश्य दुनिया से भुखमरी खत्म करना है साथ ही विश्व भर में फैली भुखमरी की समस्या के प्रति लोगों को जागरूक करना है, साथ ही भूख, कुपोषण और गरीबी के खिलाफ संघर्ष को मजबूती देना है। कार्यक्रम में निर्णायक डॉ. प्रीति श्रीवास्तव और डॉ. जयश्री वाकणकर रही। फल एवं मिलेट्स शेक प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर मेघा धुया बीएससी द्वितीय वर्ष, द्वितीय स्थान भूमिका मिश्रा बीएससी द्वितीय वर्ष एवं तृतीय स्थान पर कविता वर्मा एम.एससी. माइक्रोबायोलॉजी रही। प्राचार्य डॉ. अर्चना झा ने कहा कि विश्व खाद्य दिवस पर फल एवं मिलेट्स शेक प्रतियोगिता का आयोजन करने का मुख्य उदेदश्य सभी के लिये स्वस्थ आहार सुनिश्चित करना है। महाविद्यालय के डीन डॉ. जे. दुर्गा प्रसाद राव ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से हमें स्वस्थ जीवन शैली की ओर प्रेरित करते हैं। फल एवं मिलेट्स शेक में पोषक तत्व, विटामिन के अच्छे स्रोत होते हैं। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. रचना चौधरी, अनन्या मालेकर, वैभवी सहार, रचना तिवारी का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## आर्म्स एक्ट के तहत एक जेल भेजा गया

**दुर्ग,** 18 अक्टूबर। पुलगांव पुलिस ने आज पुलगांव पुलिया के पास धारधार चाकू लहराकर दहशत फैलाने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया। चंद्रकांत ठाकुर (26) ग्राम बोरई निवासी इस युवक के विरूद्ध आर्म्स एक्ट की धारा 25-27 के अंतर्गत गिरफ्तार कर पुलिस ने इसे न्यायालय में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# उत्कृष्ट विधायक संगीता सिन्हा कांग्रेस से पुन: अधिकृत प्रत्याशी



**बालोद/गुरुर,** 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस पार्टी ने अपनी दूसरी लिस्ट भी जारी कर दी है। जिसमें संजारी बालोद विधानसभा क्षेत्र से वर्तमान विधायक संगीता सिन्हा को पुन: अधिकृत रूप से प्रत्याशी घोषित किया है।

विधायक संगीता सिन्हा को विधायक प्रत्याशी घोषित करने के बाद जिला मुख्यालय बालोद सहित गुरुर क्षेत्र एवं ग्रामीण क्षेत्रों में खुशी की लहर है। जगह-जगह विधायक संगीता सिन्हा का स्वागत सम्मान किया जा रहा है। गुरुर में विधायक कार्यालय के सामने बस स्टैंड में कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ता, पदाधिकारी, नगरवासी एवं अन्य ग्रामीणों द्वारा आज आतिशबाजी कर उत्साह मनाया गया।

विधायक संगीता सिन्हा को विधानसभा चुनाव में टिकट मिलने के बाद गुरुर नगर के बस स्टैंड, धनेली चौक, बाजार चौक, टिकरापारा, अंबेडकर चौक सहित विभिन्न स्थानों पर आतिशबाजी की गई। विधायक को टिकट मिलने की जानकारी पर ग्रामीण क्षेत्र से भी लोग बड़ी संख्या में खुशी मनाने के लिए विधायक कार्यालय पहुंचे थे।

गौरतलब है कि विधायक संगीता सिन्हा मिलनसार होने के अलावा विधानसभा क्षेत्र में किए गए महत्वपूर्ण कार्य जैसे पुल, पुलिया निर्माण, सड़क, स्कूल, कालेज, बोर खनन, गरीबों की मदद जैसे सभी क्षेत्रों में बेहतर कार्य किया है।

विधायक संगीता सिन्हा क्षेत्र में विभिन्न समस्या एवं मांगों को लेकर मंत्री, मुख्यमंत्री से लगातार बातचीत कर क्षेत्र में विकास कार्य कराया है, जिसका लाभ वर्तमान में क्षेत्रवासियों को मिल रहा है।

बुधवार को देर शाम विधायक संगीता सिन्हा को टिकट मिलने की जानकारी पर पूर्व विधायक भैयाराम सिन्हा, विधायक प्रतिनिधि डॉ ओंकार महमल्ला, डॉ. किशोर साहू, दुर्गुराम सिन्हा, सुमित राजा राजपूत, सादिक अली, तोषण साहू, जीवधन सिन्हा, टोमन साहू, हेम ध्रुवे, गोपाल खत्री, गोपाल राठी, खिलेश्वर केहरि, लालखान, उमर अली, शैलेस मोनू ठाकुर, रविकांत साहू, अंकुश देवान, सोनू लोहले, गणेश नेताम, मनोज सिन्हा, रूपराम साहू, जयंत किरी, डेमन देवांगन, गणेश नेताम, तीर्थ शंकर, सीताराम सोरी, चंद्रप्रकाश साहु, भूषण पुरी गोस्वामी, जीतेश साहू, कल्याण पुरी गोस्वामी, गैंद लाल, अजीज खान, मनोज साहू, एस कलिहारी सहित कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



**डोंगरगढ़।** विधानसभा से हर्षिता स्वामी बघेल ने बुधवार को नामांकन भरा जिसमें छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज , जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष नवाज खान शाहिद बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे.

## टिकट नहीं मिलने से नलिनी के समर्थक नाराज



**डोंगरगढ़,** 18 अक्टूबर। क्षेत्र की मिलनसार कांग्रेस पार्टी के नेत्री नलिनी मेश्राम को टिकट नहीं मिलने से समर्थको में नाराजगी देखने को मिल रहा है। अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए कुछ कार्यकर्ताओं ने कहा कि आप दलित समाज की कद्दावर नेत्री हो, पूरे विधानसभा में आपकी लोकप्रियता देखते ही बनती है द्य मिलनसार, सर्वसमाज में पकड़ सभी के दुखों एवं सुखों में सहभागी राहुल गाँधी से लेकर तो सोनिया गाँधी के साथ आप की तस्वीरें, आप ने सभी बड़े पदों पर रहकर बखुबी कांग्रेस पार्टी के मजबूती के लिये कार्य किया, विपक्ष में 15 साल जो मुद्दे क्रछ्.क्र के खिलाफ आपने इतने उठाऐ शायद ही कोई ऐसा नेता हो जो निर्भिक्ता के साथ क्रछ्.क्र से लड़ा हो आपकी दृढ़ इच्छाशक्ति, समर्पण की भावना मेहनत एवं लगन महाविद्यालय से लेकर जो विद्यालयी छात्रों में लोकप्रियता देखते ही बनती है द्य गाव-गाव गली-गली में आपके कार्य करने की शैली मौके पर कार्य करने की तमन्ना धराशाही हो गई जिससे मतदाता व कार्यकर्ता खामोश हो गये एवं अफसोस जाता रहे है।

# कलेक्टर ने ली सेक्टर अधिकारियों की बैठक

**बेमेतरा,** 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी पी.एस.एल्मा ने आज यहां कलेक्टोरेट के दिशा सभाकक्ष में जिले के तीनो विधानसभा क्षेत्र 68, 69 एवं 70 के निर्वाचन से जुड़े सेक्टर अधिकारियो की बैठक लेकर सेक्टर अधिकारियों को सौंपे गए कार्यों की सेक्टरवार समीक्षा की।

कलेक्टर ने कहा कि सेक्टर अधिकारी निर्वाचन से जुड़े अन्य विभागीय अधिकारियों के साथ समन्वय के साथ कार्य करें। क्षेत्र भ्रमण के दौरान मतदान केन्द्रों में अथवा अन्य व्यवस्था में कमी होने पर तत्काल संबंधित विभाग के अधिकारियों को सूचित कर मतदान दिवस के पूर्व तक पूरी व्यवस्था पूर्ण करने के निर्देश दिए एवं सभी सेक्टर अधिकारियों को अपना मोबाइल चालू रखने को कहा। जिलाधीश ने कहा कि सभी सेक्टर अधिकारी को निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का भली भांति अध्ययन करने के निर्देश दिए ताकि स्थानीय स्तर पर मतदान दिवस में कहि कोई व्यवधान उत्पन्ना ना हो। उन्होंने कहा की सभी सेक्टर अधिकारी अपने मतदान केंद्र के लोकल बॉडी जैसे बूथ लेवल अधिकारी, स्थानीय शिक्षक, पंचायत सचिव, कोटवार, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका आदि के मोबाइल नंबर संपर्क रखें। उस क्षेत्र का रूट मैप, आने जाने वाले रास्तों की जानकारी और मोबाइल टॉवर कनेक्टिविटी आदि के बारे में भी जानकारी होनी चाहिए साथ ही साथ वाहन प्रभारी के कांटेक्ट नंबर भी सेव करके रखने को कहा, ताकि निर्वाचन के संबंध मे कोई भी छोटी सी भी छोटी गलती ना हो 7 उन्होंने कहा कि सभी सेक्टर अधिकारी



### निर्वाचन संबंधी अब तक की प्रक्रिया और तैयारियों की समीक्षा की

अपने क्षेत्र के मतदान केंद्रों की बुनियादी सुविधाओं जैसे मतदान केंद्र भवन, शौचालय, रैंप, पेयजल आदि की स्थिति अच्छी हो और कोई मरम्मत की जरूरत है तो उसे शीघ्र पूरा कराएं। क्षेत्र भ्रमण के दौरान मतदान केन्द्रों में अथवा अन्य व्यवस्था में कमी होने पर तत्काल संबंधित विभाग के अधिकारियों को सूचित कर मतदान दिवस के पूर्व तक व्यवस्था में सुधार कराए।

कलेक्टर ने कहा की मतदान दिवस के दिन मतदाता को मत देने के लिए केवल मतदाता पर्ची के आधार पर मतदान का अवसर नहीं मिलेगा। उन्हें अपने पहचान बताने के लिए मतदाता परिचय पत्र अथवा आयोग द्वारा मान्य वैकल्पिक पहचान पत्र में से कोई एक साथ लाना होगा। इस अवसर पर निर्वाचन के मास्टर ट्रेनर सुनील झा ने बैठक में सेक्टर अधिकारियो को ईवीएम, सीयू और वीवीपैट मशीन का मतदान के दौरान उपयोग से जुड़े सावधानी के बारे में जानकारी दी। साथ ही साथ इन वोटिंग मशीन के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वोटिंग के पहले वोटिंग मशीन का टेस्ट मतदान राजनीतिक पार्टी के अभ्यर्थियों के समक्ष करके दिखाना है और उनसे सही बटन सही काम कर रहे हैं इन सभी का परीक्षण उनके सामने कराया जाता है। उनके आश्वस्त होने के बाद सभी टेस्ट मतदान को क्लीयर किया जाता है और बंद कर फिर चालू करके वास्तविक मतदान के लिए वोटिंग मशीन का उपयोग किया जाता है। इस अवसर पर अपर कलेक्टर द्वेय डा.अनिल वाजपेयी, सी.एल. मार्कण्डेय, सर्व एस.डी.एम., तीनो वि.स. क्षेत्र के सेक्टर अधिकारी सहित जिले के अधिकारीगण उपस्थित थे।

## बालोद जिले में तीनों सीट पर कांग्रेस ने अपने वर्तमान विधायकों पर जताया भरोसा



**बालोद/देवरी बंगला,** 18 अक्टूबर। प्रत्याशियों की अधिकृत घोषणा होने पर दोनों ही क्षेत्र में समर्थकों द्वारा जमकर आतिशबाजी शुरू कर दी और बधाई देने का सिलसिला जारी है। बालोद जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्र डौंडी लोहारा, संजारी बालोद एवं गुण्डरदेही में एक बार फिर पार्टी ने अपने वर्तमान विधायकों पर भरोसा जताते हुए टिकट दिया है। पहली सूची में डौंडी लोहारा से अनिला भेड़िया प्रत्याशी तय हो चुकी है। तो वहीं आज जारी किए दूसरी सूची में बालोद से दोबारा संगीता सिन्हा और गुण्डरदेही सीट पर कुंवर सिंह निषाद को मैदान में उतारा गया है।

## 15वें वित्त राशि के आहरण पर नहीं है किसी प्रकार की रोक : सीईओ

**बलौदबाजार,** 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नम्रता जैन द्वारा बताया गया है कि 15वें वित्त राशि के आहरण पर किसी प्रकार की रोक नही हैं। जिले की निर्वाचित नहीं हुये ग्राम पंचायतों को छोड़कर शेष समस्त ग्राम पंचायतों को वित्तीय वर्ष 2023-24 हेतु 15वे वित्त अनुदान का प्रथम किश्त प्रदान किया गया है।

# महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने मतदाता जागरूकता अभियान चलाया

### मानव श्रंखला माध्यम से भारत निर्वाचन आयोग का प्रतिक चिन्ह बना लोगों को किया जागरूक



**दल्लीराजहरा,** 18 अक्टुवर (देशबन्धु)। शासकीय नेमीचंद जैन महाविद्यालय दल्लीराजहरा और महिला एवं बाल विकास विभाग दल्लीराजहरा के संयुक्त तत्वधान में स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरुकता अभियान चलाया गया, जिसके अंतर्गत रंगोली निर्माण, मतदाता शपथ ग्रहण, नगर में रैली निकाली गई व मानव श्रृंखला बनाया गया। सर्वप्रथम महाविद्यालय के प्राचार्य के द्वारा मतदान करने शपथ ग्रहण कराया गया, जिसमें महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक, विद्यार्थी एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रहे, इसके पश्चात नगर के वार्ड क्रमांक 06, 07 और 08 से होकर रैली निकाली गई जिसमें विद्यार्थियों ने मतदाता जागरुकता के लिए नारों का उद्बोधन किया, उसके पश्चात महाविद्यालय प्रांगण में मानव श्रृंखला के माध्यम से भारत निर्वाचन आयोग का प्रतीक चिन्ह बनाकर जागरुकता फैलाने प्रयास किया गया। विद्यार्थियों ने इस दौरान मतदान पर केंद्रित मनमोहक रंगोली भी बनाया। अभियान को सफल बनाने लिए महाविद्यालय के प्राचार्य अरुण कुमार वी, वरिष्ठ प्राध्यापक पी. के. सिंह के साथ अन्य प्राध्यापक, रासेयो प्रभारी राजेश ठाकुर, महिला एवं बाल विकास विभाग परियोजना अधिकारी उषा मंडावी, पर्यवेक्षक रेनू के साथ ही नगर के सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की सरहानिय भूमिका रही।

# लंबे समय से फरार चल रहे 80 स्थाई और गिरफ्तारी वारंटियों को पुलिस ने धर दबोचा

**बालोद,** 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिले में चुनाव आचार संहिता लागू होने के बाद पुलिस प्रशासन एक्शन मोड पर दिखाई दे रही है। इस चुनावी माहौल के बीच जिले में किसी तरह की अशांति न हो इसको लेकर बालोद पुलिस ने जिले के शातिर बदमाशो की फाइल खोल दी है वही चुनाव के दौरान किसी तरह कोई गड़बड़ी न हो पाए इसके लिए लगातार पेट्रोलिंग और वाहनों को जांच भी लगातार कर रही है। बालोद पुलिस अधीक्षक डॉ जितेन्द्र कुमार यादव ने बालोद जिले के समस्त थाना चौकी क्षेत्र में आदर्श आचार संहिता के अक्षरश: पालन हो इसको लेकर जिले के सभी थाना एवं चौकी प्रभारीयो को निर्देश जारी कर चुके है। इसी तारतम्य में आगामी विधानसभा चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करने हेतु जिला बालोद पुलिस द्वारा तीनों विधानसभा क्षेत्र में आदर्श आचार संहिता लगने के बाद लगातार चुनाव संबंधित गतिविधियां तेज कर दी गई हैं। जहाँ जिले में लंबे समय से फरार चल रहे 13 स्थाई वारंटियों और 67 गिरफ्तारी वारंटियों को पकड़कर जेल दाखिल कराया गया है वही 9 अक्टूबर से 17 अक्टूबर तक जिले में 73.44 लीटर शराब सहित कुल 73.095 ? मूल्य के समान जप्त किए गए हैं। साथ ही अशांति फैलाने वाले तत्वों की धर पकड़ की गई तथा उनके विरुद्ध सीआरपीसी की धारा 107.116 के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई है। जिला प्रशासन के साथ तालमेल स्थापित कर शांति को प्रभावित करने वाले 202 व्यक्तियों के विरुद्ध कुल 1 करोड़ 38 लाख रुपए मूल्य की प्रतिभूति निष्पादित की गई है। आदर्श आचार संहिता के दौरान इन व्यक्तियों के द्वारा अशांति फैलाने का प्रयास किया जाने पर प्रतिभूति के अनुसार राशियों की वसूली की जाएगी। जिले में शांति स्थापित करने के लिए 22 नए गुंडो की फाइल खोली गई है इन गुंडो के विरुद्ध दो से अधिक अपराध पाए गए हैं। क्षेत्र में सक्रिय गुंडा तथा निगरानी बदमाशों को लगातार थाना में बुलाकर समझाईश दी जा रही है। ज्ञात हो की आदर्श आचार संहिता लागू होने के पश्चात जिले के बॉर्डर में स्थित 9 स्थान पर स्थैतिक निगरानी दल स्थापित किए गए हैं तथा 9 उड़न दस्ते जिले में शांतिपूर्ण चुनाव हेतु अपनी सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। इसके अलावा प्रत्येक थाना क्षेत्र में मोबाइल चेक पोस्ट के माध्यम से भी वाहनों और व्यक्तियों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है।

## निधन

### मदन सिंह ठाकुर

**दुर्ग,** 18 अक्टूबर। मोतीपारा दुर्ग निवासी मदन सिंह ठाकुर (83) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार कर दिया गया। वे राजेश्वर सिंह ठाकुर व नरेश सिंह ठाकुर के पिता तथा रविन्द्र सिंह ठाकुर एवं विक्रम सिंह ठाकुर के चाचा थे।



## प्रादेशिकी का शेष...

### निगम ने हटवाए ...

द्वारा कबाड़ जमा कर किये गये अवैध कब्जों को हटाया गया। इस कार्रवाई के दौरान अतिक्रमण अधिकारी दुर्गेश गुप्ता, बाजार व स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, सहायक बाजार अधिकारी थान सिंह यादव, ईश्वर वर्मा सक्रिय रहे।

### दुर्ग जिले की सभी 6 सीटों की...

बघेल पाटन व डी.एल.कोर्सेवाड़ा अहिवारा अनुभवी प्रत्याशी है। ये पूर्व में भी अपने अपने क्षेत्रों से चुनाव लड़कर जीत चुके है। विजय बघेल वर्तमान में दुर्ग से सांसद भी है अत: इन्हें मैदान के दांव पेंच का पूरा अनुभव है। ललित चंद्राकर, रिकेश सेन व गजेन्द्र यादव के लिये मैदान भी नया नया है और जोर आजमाइश भी पहली बार करेगें। बाकी फैसला 3 दिसंबर को मतदाता सुनाएंगें।

### एमकॉम विद्यार्थियों के लिए...

सलूजा ने कहा कि विद्यार्थियों को अध्ययन सामग्री को अच्छे से समझने पर जोर देते हुए, कड़ी मेहनत कर लक्ष्य प्राप्ति के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम के प्रथम दिवस पर कुदंन जांगडे के द्वारा यूजीसी नेटध्सेट जे आर एफ के पाठ्यक्रम पर विस्तृत जानकारी छात्रों को प्रदान की गई। कार्यक्रम का प्रथम दिवस वाणिज्य विभाग के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. एस. एन. झा के प्रेरणादायक शब्दों के साथ संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम मे डॉ गोविंद गुप्ता, निशित साहू, सोमनाथ डनसेना, प्रिया अग्रवाल, नूतन देशमुख, रानु देशलहरे तथा स्नातकोत्तर पूर्व एवं अंतिम के पंजीकृत छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

### महाराजा अग्रसेन मेरिट अवार्ड ...

100 बालिकाओं का प्रवेश शुल्क प्रदान किया जाता है। ट्रस्ट की इस पहल से बहुत सी छात्राऐं नियमित अध्ययन कर पाती हैं।

इस वर्ष सम्मानित होने वाली छात्राओं में कु. रिया बारले (बी. ए.अंतिम वर्ष), कु. दामिनी देवांगन (बी. कॉम. अंतिम वर्ष), कु. निकिता गुप्ता (बी. एस-सी.गृहविज्ञान अंतिम वर्ष), कु. प्राची साहू (बी.एस-सी. गणित) को प्राविण्य सूची में स्थान प्राप्त करने तथा कु. पूजा चेलक को महाविद्यालय की उत्कृष्ट छात्रा के रूप में सम्मानित किया गया है। अग्रवाल समाज के संरक्षक विजय अग्रवाल, सुधीर अग्रवाल एवं कैलाश रूंगटा ने इस छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए पूरे महाविद्यालय परिवार को बधाई दी है।

# सट्टा-पट्टी के साथ सटोरिया चढ़ा पुलिस के हत्थे



**गंडई पंडरिया,** 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। इन दिनों गंडई पुलिस द्वारा सटोरियों के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्यवाही की जा रही है। अंको पर रूपये पैसों का दांव लगाकर सट्टा संचालित करने वालो के खिलाफ नवीन छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम के अंतर्गत कार्यवाही कर रिमाण्ड पर जेल भेजा जा रहा है। इसी कड़ी में एक आरोपी को सट्टा पट्टी एवं नगदी के साथ पकड़ा गया है।

सट्टा एवं जुआ पर प्रभावी रूप से अंकुश लगाने हेतु आवेदन उच्चाधिकारियों द्वारा आवश्यक दिशा निर्देश थाना प्रभारी गंडई निरीक्षक शिव शंकर गेंदले के नेतृत्व में क्षेत्र में लगातार अपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी कार्यवाही की जा रही है इसी क्रम में दिनांक 18.10.2023 को मुखबीर से सूचना मिला कि एक व्यक्ति डिहवार चौक पंडरिया गंडई के पास अवैध धन लाभ अर्जित करने की नियत से अंको पर रूपये पैसों का दांव लगाकर सट्टा पट्टी लिख रहा है। सूचना के आधार पर टीम तैयार कर मुखबीर के बताये ठिकाने पर दबिश दी गई, जहां आकाश रजक पिता धर्मेन्द्र रजक उम्र 23 साल साकिन वार्ड क्र. 03 डिहवार चौक पंडरिया गंडई थाना गंडई जिला केसीजी (छ.ग.) को सट्टा पट्टी लिखते रंगे हाथ पकडा गया। आरोपी की तलासी पर उसके पास से 01 नग सट्टा पट्टी, 01 नग डाट पेन एवं नगदी 965 रू. मिला जिसे जप्त किया गया। आरोपी का कृत्य छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम 2022 की धारा 6 के तहत् पाये जाने से आरोपी के विरूद्ध विधिवत् कार्यवाही कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। आरोपी से विस्तृत पूछताछ के आधार पर थाना क्षेत्र में सट्टा पट्टी लिखने व खेलने वाले अन्य लोगो पर भी पृथक से कार्यवाही करने विवेचना की जा रही है, उक्त कार्यवाही में प्रधान आरक्षक सुन्दरू राम चन्द्रवंशी, आरक्षक मनोज बंजारे की सराहनीय योगदान रहा है।

# मां बम्लेश्वरी के दरबार में जनसैलाब



**डोंगरगढ़,** 18 अक्टूबर। विश्व विख्यात मां बमलेश्वरी के दरबार में नवरात्रि के चौथे दिन भक्तों का जन सैलाब उमढ पड़ा है। देवी भक्त प्रदेश के साथ-साथ अन्य प्रदेशों से यहां अपने सुविधा अनुसार पहुंचने लगे हैं तो वहीं पदयात्री भी देवी दर्शन करने के लिए आने लगे अपनी लंबी यात्रा तय कर पहुंचने लगे है देवी भक्त यहां खैरागढ़ , राजनांदगांव, दुर्ग, रायपुर, भिलाई, चापा , बालोद , चिरमिरी, पाटन दलीराजहा , मोहला मानपुर, कवर्धा, कुम्हारी, पंडरिया, भाटापारा के साथ-साथ दूसरे सीमावर्ती राज्य जैसे उड़ीसा, महाराष्ट्र , मध्यप्रदेश , आंध्र प्रदेश से भी अपनी मनोकामना लिए पहुंच रहे हैं जानकारी के अनुसार आज चौथे दिन यहां मां बमलेश्वरी मंदिर में लगभग चार लाख से ऊपर दर्शनार्थियों की संख्या बताई गई है इन चार दिनों में देवी दर्शन करने वाले पदयात्रियों की संख्या में सबसे ज्यादा इजाफा देखने को मिल रहा है वही नवरात्रि में पहुंचने वाले दर्शनार्थी की सुविधा के लिए प्रशासन द्वारा भी पदयात्रा मार्ग में सेवा पंडाल लगाया गया जहां स्वास्थ्य सुविधा पदयात्रियों को दी जा रही है मार्ग में अन्य सामाजिक संस्थाओं द्वारा भी सेवा पंडाल लगाकर दर्शनार्थियोंको निशुल्क सेवाएं दी जा रही है मिली जानकारी के अनुसार पंचमी एवं सप्तमी पर विशेष माता जी का अभिषेक के पश्चात अष्टमी में हवन तथा नवमीं को रात्रि में महावीर तालाब में ज्योति कलशों का विसर्जन होगा जिसकी नयनाभिराम झांकी निकाली जाएगी।

# बेमेतरा से कांग्रेस ने आशीष छाबड़ा पर जताया भरोसा

- साजा और नवागढ़ पहली सूची में रविंद्र चौबे, गुरु रूद्र गुरु हो चुके हैं घोषित
- जिले में है तीन सीट, भाजपा ने दो पर बेमेतरा से सस्पेंस बरकरार



**बेमेतरा,** 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। बेमेतरा विधानसभा से कांग्रेस ने वर्तमान विधायक आशीष छाबड़ा पर दूसरी बार भरोसा जताते हुए प्रत्याशी घोषित कर दिया है । बुधवार देर शाम कांग्रेस पार्टी के द्वारा सूची जारी होने और विधायक आशीष छाबड़ा को फिर से प्रत्याशी घोषित किए जाने पर कांग्रेस के कार्यकर्ताओं एवम समर्थकों ने जिला मुख्यालय के विभिन्न चौक चौराहा में जमकर आतिशबाजी कर अपनी खुशी का इजहार किया । वही छाबड़ा को बधाई और शुभकामना देने का तांता देर रात तक लगा रहा, भाजपा ने अभी तक बेमेतरा विधानसभा से अपना प्रत्याशी घोषित नहीं किया है विधायक आशीष छाबड़ा पिछला चुनाव भाजपा प्रत्याशी रहे अवधेश चंदेल को 25 हजार से अधिक मतों से हराकर निर्वाचित हुए थे ।

इसके पूर्व कांग्रेस ने नवरात्र के पहले दिन रविवार 15 अक्टूबर जारी अपनी पहली सूची में साजा विधानसभा के विधायक एवं कैबिनेट मंत्री रविंद्र चौबे, नवागढ़ से कैबिनेट मंत्री रुद्र कुमार गुरु को वर्तमान विधायक गुरुदयाल सिंह बंजारे की जगह घोषित कर मैदान में उतारा है ।जिसमें साजा से रविंद्र चौबे आठवीं बार चुनावी मैदान में है ।जिले की तीन सीटों में कांग्रेस ने अपने प्रत्याशी की घोषणा कर दी है वहीं भाजपा ने साजा ईश्वर साहू और नवागढ़ से पूर्व मंत्री दयाल दास बघेल पर छठवीं बार भरोसा जताते हुए प्रत्याशी बनाया है । वही बेमेतरा विधानसभा से भाजपा का प्रत्याशी घोषित नहीं किए जाने के चलते में प्रत्याशी को लेकर सस्पेंस बरकरार है । बहरहाल जिले की तीनों सीटों पर अपने प्रत्याशियों को उतारने में कांग्रेस बीजेपी से आगे निकल गई । साजा ,बेमेतरा नवागढ़ विधानसभा क्षेत्र का मतदान 17 नवंबर को निर्धारित है जब तक बैठकों और जनसंपर्क का दौर एक तरह से शुरू हो गया है जिसमें कांग्रेस आगे निकलते नजर आ रही है ।

# हत्या के आरोपी बालक को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**बालोद/गुरूर,** 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। प्रार्थी दुष्यंत देवांगन ग्राम अछोटा जिला धमतरी ने 17 अक्टूबर को रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसके पिता राननाथ देवांगन 11 अक्टूबर को गुरूर क्षेत्र में काम करने आया था कि उसे सूचना मिला उसके पिता को चोंट आया है जिसे धमतरी के अस्पताल मे ले जा रहे है। प्रार्थी मौका पहुंचा तो देखा पिता के सिर मे चोंट आया था तड़प रहा था इसी दौरान भीड़ में किसी ने डॉक्टर साहब को बता दिया कि एक्सीडेंट से चोंट आया है तब डॉक्टर द्वारा एक्सीडेंट से चोंट आना समझकर इसका ईलाज जारी रखा। वहा ठीक नही होने पर रायपुर के लिए रिफर कर दिया। मृतक रामनाथ देवांगन को 11 अक्टूबर से 13 अक्टूबर तक रायपुर के एक अस्पताल में भर्ती रखकर ईलाज कराया जा रहा था कि आयी चोंट के कारण 13 अक्टूबर को उसकी मृत्यु हो गयी तब मृतक की मृत्यु की सूचना रायपुर पुलिस को मिलने पर एक्सीडेंटल मामला समझकर शव का पंचनामा एंव पीएम कराकर शव को उसके परिजन को दिया गया। परिजन द्वारा उसी दिन को शव का दाह संस्कार कर दिया गया। 15 अक्टूबर को मृतक के पुत्र दुष्यंत देवांगन ने पिता के साथ निर्माणाधीन गुरूर क्षेत्र के ग्राम चिरचारी के राईस मिल मे काम कर रहे मुंषी खेमचंद यादव से सम्पर्क कर बातचीत किया कि पिता को कैसे चोंट आया था। तब खेमचंद यादव ने बताया कि मृतक रामनाथ देवांगन निर्माणाधीन राईस मिल जो धनिया सेठ का है मे ठेके का काम लिया था। घटना 11अक्टूबर को अपने मजदूरो को काम करा रहा था कि समय 11.30 बजे के लगभग दीवाल मे पानी तरई की बात को लेकर एक लेवर बालक द्वारा




जान से मारने की नियत से अपने पास रखे लोहे की गैंती के मुंठ लगे वाले भाग से रामनाथ देवांगन के सिर के पीछे भाग मे जोरदार प्रहार कर दिया। जिससे रामनाथ देवांगन मौके पर लहुलुहान होकर गिर पडा एवं लेवर बालक घटना के बाद वहा से भाग गया। घटना के बाद काम करने वाले अन्य मजदूर तथा कुछ लोग रामनाथ को धमतरी क्रिशचयन अस्पताल लेकर चले गये। यह बात पता चलने पर प्रार्थी ने घटना की सही जानकारी रायपुर के न्यू राजेन्द्र नगर थाना मे जाकर 16 अक्टूबर को दिया एवं घटना स्थल थाना गुरूर का होना पाये जाने से प्रार्थी ने 17अक्टूबर को अपने पिता रामनाथ देवांगन कि हत्या हो जाने का रिपोर्ट दर्ज कराने पर थाना गुरूर मे अपराध कायम कर विवेचना मे लिया गया।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र कुमार यादव के निर्देषन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुषील कुमार नायक के मार्ग दर्षन एवं अनुविभागीय पुलिस अधिकारी बोनी फॉस एक्का के पर्यवेक्षण मे प्रकरण मे त्वरित विवेचना हेतु थाना प्रभारी गुरूर भानुप्रताप साव के नेतृत्व मे एक टीम गठित की गई। टीम द्वारा घटना के गंभीरता को देखते हुए तत्काल रिपोर्ट बाद घटना स्थल को सील कर मौका मुआयना कर मौके से आलाजरब की जप्ती की किया गया। गवाहो को बरीकी से पुछताछ करने पर घटना करने वाले आरोपी को विधि से संघर्षरत् बालक का होना पाया गया। बालक द्वारा पुछताछ पर जुर्म स्वीकार कर घटना मे प्रयुक्त लोहे की गैंती एवं खुन से सने कपडो को जप्त कराया गया है बालक पर अपराध घटित करना पाये जाने से घर वालो को बताकर गिरफ्तार किया गया एवं न्यायिक अभिरक्षा मे बाल संप्रेक्षण गृह भेजा गया। उक्त कार्यवाही में निरीक्षक भानुप्रताप साव, उप निरीक्षक डीराम वर्मा, सउनि हुसैन ठाकुर, सउनि धरम भुआर्य, आरक्षक संजय साहू, बेनी राम साहू, टोकेश्वर देवांगन, पिताम्बर निषाद, प्रवीण राजुपत समस्त पुलिस थाना गुरूर की सराहनीय भुमिका रही।

# एसडीएम सुरुचि सिंह की उपस्थिति में जिला व्यय अनुवीक्षण टीम की बैठक सम्पन्न

**बेमेतरा,** 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व व आरओ सुश्री सुरुचि सिंह (आईएएस) द्वारा आज जिला पंचायत के व्यय अनुवीक्षण शाखा में निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण की टीम की बैठक ली 7 इस अवसर पर एसडीएम सुरुचि सिंह ने विधानसभा चुनाव मे होने वाले व्यय को संवेदनशील बताते हुये टीम को विशेष ध्यान और सावधानी बरतने के लिए आदेशित किया। इस दौरान शैडो रजिस्टर, व्यय लेखा, संपत्ति विरोपण और स्टार कैंपेनर्स के बारे में और निर्वाचन रेट लिस्ट के बारे में भी चर्चा की गई और निर्वाचन व्यय निगरानी के संबंध में पूरी जानकारी दी गई और चर्चा की गई। उन्होंने जिले के संवेदनशीन विधानसभा एवं अन्य विधानसभाओं में व्यय अनुवीक्षण की पूरी तैयारी करने के निर्देश दिये ।उन्होंने बताया कि निर्वाचन के दौरान आदर्श आचरण संहिता का पालन करते हुए कार्य करना है। एफएसटी, एसएसटी टीम को निरीक्षण के दौरान अगर कोई राशि या कोई वस्तु, प्रचार सामग्री प्राप्त होती है तो संबंधित के दस्तावेज की जांच करते हुए आवश्यक कार्रवाई की जाए । बैठक में प्रतिदिन टीम को मॉनिटरिंग करना है और रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर निर्वाचन व्यय जिला नोडल डिप्टी कलेक्टर श्री सोनकर और डिप्टी कलेक्टर पिंकी मनहर सहित वीवीटी और लेखा टीम भी उपस्थित थे ।



- एफएसटी, एसएसटी टीम को निरीक्षण के दौरान अगर कोई राशि प्राप्त हुई तो तुरंत करें कार्यवाही : सुरुचि सिंह

# भिंभौरी महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

**बेमेतरा** 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिले के मतदान केन्द्रों में कम मतदान होने का कारण पता कर खास कर उन मतदान केन्द्रों में इस बार निर्वाचन में शतप्रतिशत मतदान हेतु मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। वही नवाचार गतिविधियां की जा रही है। स्वीप कार्ययोजना बनाकर मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। स्वीप गतिविधियों के संचालन एवं पर्यवेक्षण के लिए तीनों विधानसभा क्षेत्र स्तर में एक स्वीप नोडल अधिकारी नामांकित किये गए है।

मतदाताओं को हैडिंग फ्लेक्स एवं रोचक नारों की माध्यम से विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2023 में मतदान करने प्रेरित किया जा रहा हैं। कलेक्टर श्री पदुम सिंह एल्मा और मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं नोडल स्वीप श्रीमती लीना कमलेश मंडावी ने सेल्फ़ी जोन में सेल्फी लेकर मतदाताओं को सभी निर्वाचन में मतदान करने की अपील की।

इसी कड़ी में बेरला ब्लॉक के भिंभौरी महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम अंतर्गत मतदान प्रतिशत में वृद्धि के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गयी। जिसमें रंगोली,भाषण, पोस्टर, स्लोग, वाद विवाद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। बुजुर्ग मतदाताओं द्वारा मतदान करने की अपील करते हुए वीडियो बनाने की प्रतियोगिताएं छात्र छात्राओं के बीच आयोजित भई की गयी। कम मतदान प्रतिशत वाले मतदान केंद्रों में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।

भिंभौरी तहसीलदार श्रीमती सरिता मढ़रिया ने महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को मतदाता शपथ दिलाई। संदेश दिया कि सभी मतदाताओं को मतदान करना है और मतदान का प्रतिशत बढ़ाना है। पोस्टर प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता में भाग लेने वाले छात्र छात्राओं को बधाई दी। कार्यक्रम में जी एस भारद्वाज सर, समस्त स्टाफ और छात्र छात्राओं ने भाग लिया।

कैम्पस एम्बेसडर एवं प्रोफेसर नोडल अधिकारी (स्वीप) का सहयोग लिया जा रहा है। सोशल मीडिया और खाली होर्डिंग्स पर मतदाता जागरूकता के फ्लेक्स लगवाये गए। मतदाताओं को मतदान की शपथ दिलाई जा रही और उसके फोटो ग्रुप में भी शेयर किये जा रहे है।

# थाना परिसर में ली दुर्गा उत्सव समितियों एवं डीजे संचालको की बैठक

**बेमेतरा,** 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। आगामी विधान सभा चुनाव के मद्देनजर, पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता (भा.पु.से.) के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, एसडीओपी बेरला तेजराम पटेल, डीएसपी राजेश कुमार झा, डीएसपी कमल नारायण शर्मा, डीएसपी श्रीमती कौशिल्या साहू के मार्गदर्शन में थाना साजा प्रभारी निरीक्षक मुकेश यादव व तहसीलदार सुभाष शुक्ला के द्वारा थाना साजा परिसर में नवरात्रि पर्व की तैयारी एवं व्यवस्था को लेकर दुर्गा उत्सव समितियों एवं डीजे संचालको की शांति समिति की मीटिंग ली गई । जिसमें आगामी त्यौहारों एवं चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। जिसमें डीजे संचालको को शासन द्वारा जारी दिशा निर्देश का पालन करने। दुर्गा समितियों को पंडाल में राजनीति पोस्टर नही लगाने, पंडाल में सीसी कैमरा कैमरा लगाने, रात्रि पहरेदारी हेतु वेलेंटियर तैनात करने, सडको पर पंडाल नहीं लगाने, रात्रि 10 बजे के बाद डीजे, धुमाल एवं तीव्र ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग नहीं करने, असामाजिक तत्वों की जानकारी अविलंब थाना में देने, समिति पदाधिकारियों को भी अपनी जानकारी थाने में देने कहा गया तथा साम्प्रदायिक सौहार्द एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने इत्यादि समझाईस देकर गांव/शहर की सामाजिक सदभावना को हर हाल में बनाए रखने एवं इसके अलावा विभिन्न प्रकार के आयोजनों के लिए अलग से नियमानुसार अनुमति लेने एवं आदर्श आचार संहिता का कडाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।



साथ ही आगामी विधान सभा चुनाव को मद्देनजर रखते हुए दिनांक 17.10.2023 को थाना साजा क्षेत्रांतर्गत आने वाले ग्रामों के कोटवारों की थाना साजा परिसर में बैठक ली गई। उक्त बैठक में उपस्थित ग्राम कोटवारों को चुनाव में शांति व्यवस्था बनाये रखने एवं चुनाव शांति पूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने हेतू आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये व ग्राम कोटवारों से गांव की शांति व्यवस्था बनाये रखने के संबंध में बातचित कर जानकारी ली गई। बैठक में थाना स्टाफ व क्षेत्र के समस्त ग्राम कोटवार उपस्थित थें।

# भावना बोहरा भाजपा उम्मीदवार बनने पर कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर

**पंडरिया,** 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी ने तीसरा सूची जारी किया, जिसमें भावना सेवा संस्थान के समाज सेविका व कबीरधाम जिला पंचायत के सभापति को पंडरिया विधानसभा क्षेत्र 71 से उम्मीदवार घोषित किया है। भावना बोहरा के उम्मीदवार घोषित होते ही भाजपा कार्यकर्ताओं और भावना सेवा संस्थान से जुड़े लोगो में खुशी की लहर उमड़ पड़ी है। लोग फटाका फोड़कर और मिठाई बांटकर अपनी खुशी का इजहार कर रहे है।



- जगह-जगह पटाखे फोडकर मिठाई बांटी गई

पंडरिया सीट पर भाजपा ने उतारा नया चेहरा छत्तीसगढ़ चुनाव 2023 में जीत के लिए भाजपा एड़ी चोटी का जोर लगा रही है, हर सीट पर काफी मंथन कर प्रत्याशी उतारा है, यही वजह है कि भाजपा ने पंडरिया सीट पर महिला वर्ग को ध्यान में रखते हुए भावना बोहरा को टिकट दिया है। साल 2018 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने मोतीराम चंद्रवंशी को टिकट दिया था। जो कांग्रेस प्रत्याशी ममता चंद्राकर से 33547 वोटों से हार गए थे। साल 2013 में भी भाजपा ने मोतीराम चंद्रवंशी को ही मैदान में उतारा था, उस दौरान मोतीराम चंद्रवंशी पंडरिया सीट पर चुनाव जीतकर विधायक बने थे।

भारतीय जनता पार्टी ने पंडरिया विधानसभा सीट से भावना बोहरा को अपना प्रत्याशी घोषित किया है, वर्तमान में भावना बोहरा जिला पंचायत सभापति है, इसके साथ ही संगठन में भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश मंत्री भी हैं। भावना बोहरा सोशल कार्यो में ज्यादा सक्रिय रहती हैं, समाजसेवी संस्था भी चलाती हैं, अपनी संस्था के जरिए पंडरिया विधानसभा क्षेत्र में लोककल्याण व स्वास्थ्य सेवा के लिए सामाजिक काम भी करती हैं।

# नोटिस थमाने के बाद भी दुकानदार किराया राशि नही कर रहे जमा, आबंटित दुकान को सील कर पुन: की जाएगी नीलामी

**गुण्डरदेही,** 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। नगर पंचायत गुण्डरदेही द्वारा प्रतिक्षा बस स्टैंड मे मुख्यमंत्री सवालबंन योजना के तहत 2009 मे बनाए गए 8 काम्पलेक्स का किराया 14 साल से नगर पंचायत गुण्डरदेही को नही मिल रहा है जबकि अनुबंध शर्तो के अधीन प्रत्येक माह दुकानदार को दस तारीख तक मासिक किराया तीन सौ रुपए प्रति दुकान की राशि जमा करने निर्देशित किया गया था मगर दुकानदार राशि जमा करने मे आनाकानी कर रहे है नगर पंचायत द्वारा किराया की राशि जमा करने के लिए दुकानदार को बकायदा 30 जुलाई 2009, 30 जनवरी 2019 व 30 अगस्त 2022 को तीन बार नोटिस भी थमाया था लेकिन दुकानदार नोटिस का अवहेलना कर कोई जवाब नही दिया गया सीएमओ चन्द्रकांत शर्मा ने बताया कि शासन की मंशा है कि निकाय के दुकान को किराए मे देकर उसके राशि नगर के जनहित कार्य मे लगाया जा सके लेकिन सभी दुकानदार न किराया दे रहे ना ही नीलामी की राशि को जमा कर रहे है सीएमओ ने बताया कि दुकानदार नोटिस का जवाब नही दिया गया ना ही किसी ने नगर पंचायत मे आकर संपर्क किया गया उन्होंने बताया कि नगर पंचायत गुण्डरदेही पीआईसी एवं परिषद के निर्णय व छत्तीसगढ़ नगर पालिका अधिनियम 1961 धारा 164 की उपधारा (3) के अधीन आबंटित दुकान को सील व अमानत राशि राजसात कर नगर पंचायत गुण्डरदेही उक्त दुकान को अपने कब्जे मे लेकर पुन: नीलामी की एक पक्षीय कार्यवाही की जाएगी।




## इन लोगो ने नही पटाया राशि

जिन दुकानदारो का आबंटन निरस्त होना है उनमे से संजु अग्रवाल पिता शंकर अग्रवाल गुण्डरदेही अंजली अग्रवाल पति शंकर लाल अग्रवाल गुण्डरदेही रियाज खान पिता रफीक खान गुण्डरदेही बल्ला यादव पिता सुखराम यादव गुण्डरदेही शेख वहिद पिता शेख शरीफ गुण्डरदेही इनायत बक्श पिता याकूब बक्श गुण्डरदेही भारत महिपाल पिता चैनदास महिपाल गुण्डरदेही व शीला बरवे पति राजेन्द्र बरवे गुण्डरदेही शामिल है ।

# जे के वैष्णव का राजस्थान में होगा सम्मान

**खैरागढ़,** 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। केसीजी जिला छुईखदान के रहने वाले जे के वैष्णव का राजस्थान में अखिल भारतीय बैरागी वैष्णव महासभा द्वारा 29 अक्टूबर रविवार को आमसभा प्रतिभा सम्मान एवं शपथ ग्रहण समारोह का कार्यक्रम सालासर धाम जिला चुरु राजस्थान में आयोजित होगा। हर्षवर्धन वैष्णव ने जानकारी देते हुए बताया कि वैष्णव समाज छत्तीसगढ़ में वैष्णव महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष जे के वैष्णव ने समाज को एकजुट करने में सक्रिय भूमिका एवं सहयोग प्रदान किया है। साथ ही राष्ट्रीय स्तर पर संगठन में सक्रियता बनाने एवं वैष्णव समाज को एकजुटता करने में अखिल भारतीय बैरागी वैष्णव महासभा के राजस्थान में वैष्णव समाज छत्तीसगढ़ से छोटे राजा छुईखदान का सम्मान किया जायेगा। राजस्थान सालासर धाम जिला चुरु के आमसभा प्रतिभा सम्मान एवं शपथ ग्रहण समारोह में अखिल भारतीय बैरागी वैष्णव महासभा से प्रदेश अध्यक्ष वेदप्रकाश वैष्णव, महासचिव रजनीश वैष्णव, संतोष वैष्णव, राजकुमार वैष्णव, अशोक वैष्णव, देवेन्द्र वैष्णव,मुरली वैष्णव, बसंत वैष्णव, जयकिशोर वैष्णव, लक्ष्मीनारायण वैष्णव, कमलेश वैष्णव, हेमंत वैष्णव, गोपी वैष्णव, शेखर वैष्णव, बलदाऊ वैष्णव सहित बड़ी संख्या में वैष्णव समाज के लोगो को राजस्थान में होने वाले आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित होने की अपील की है।



# खपरी सिरदार में युवक एवं युवती की फांसी लगाने से हुई मौत

- पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को किया सुपुर्द
- फांसी लगाने का कारण परिवार के सदस्यो नही है पता

**खैरागढ़,** 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। खैरागढ़ ब्लॉक मुख्यालय के अंतर्गत आने वाले ग्राम खपरी सिरदार में 18 अक्टूबर की दरमियानी रात्रि में 22 वर्षीय युवक दिनेश कुमार पिता आनंद कंवर ग्राम खपरी सिरदार में अपने नानी के घर में रहकर पढ़ाई लिखाई का कार्य कक्षा 6 से अभी तक वर्तमान में पढ़ाई करता था। 18 अक्टूबर की रात्रि में अचानक युवक अपने कमरे में फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। वही ग्राम खपरी सिरदार के रहने वाली 20 वर्षीय युवती वीना कंवर पिता दिलीप कंवर 18 अक्टूबर की सुबह 7 बजे अपने घर में चुन्नी का फंदा बनाकर पंखा लगाने वाले लोहे के एंगल में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली एक ही गांव के रहने वाले युवक व युवती की मौत हो जाने के कारण गांव में अलग अलग तरह की बाते ग्रामीण कर रहे है। दोनो के शव को पोस्टमार्टम कराने के लिए परिजन व ग्रामीण सिविल अस्पताल खैरागढ़ लेकर आए थे ।खैरागढ़ पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच विवेचना में लिया है। चिकित्सकों के द्वारा पोस्टमार्टम करने के बाद शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया है। ग्राम खपरी सिरदार में युवक व युवती की फांसी लगाकर मौत हो जाने से गांव में मातम का माहौल है।

# रिट याचिका के पारित आदेश पर आवश्यक कार्रवाई करने सरपंच सहित ग्रामीणों ने कलेक्टर को सौपा ज्ञापन

**गुरुर,** 18 अक्टूबर (देशबंधु)। ग्राम पलारी के सार्वजनिक प्रयोजन के लिए आरक्षित भूमि प्राथमिक शाला, शासकीय अस्पताल, गौठान, श्मशान घाट, सामिलात, चारागाह, कन्या शाला, खेल मैदान, तालाब पार, कोटवारी सेवा भूमि, पानी निकासी एवं अन्य सरकारी घास भूमि पर अतिक्रमण हो चुका है, एवं अन्य लोगों द्वारा अभी भी अतिक्रमण किया जा रहा है, इसके संबंध में पूर्व में कलेक्टर एवं तहसीलदार को शिकायत की गई थी, लेकिन कोई कार्यवाही नहीं होने पर सरपंच सहित अन्य ग्रामीणों ने छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर में जस्टिस पीपी साहू के बेच में रीट याचिका 2023 डब्लूपीसी नंबर 4220 पेश की गई थी। याचिका पर सुनवाई पश्चात पारित आदेश 25 सितंबर भू राजस्व साहित्य की धारा 248 (1) ए के तहत शीघ्रता से अधिमानत- दो माह की अवधि के भीतर उचित आदेश पारित करने आदेश जारी किया गया है। यहां ग्राम पंचायत पलारी सरपंच रामसिंह, राजेश कुमार, पूर्णेश्वर कुमार, प्रेमलाल साहू सहित अन्य ग्रामीणों ने कलेक्टर को दिए ज्ञापन में न्यायाधीश के आदेश पर आवश्यक कार्रवाई करने एवं अतिक्रमण हटाने की मांग की है।



# दल्लीराजहरा पुलिस अवैध गतिविधियों में लिप्त लोगों पर की कार्यवाही

**दल्लीराजहरा,**18 अक्टुबर (देशबन्धु)। आगमी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक डॉ जितेंद्र कुमार यादव अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार नायक नगर पुलिस अधीक्षक राजेश बागंडे के मार्गदर्शन मे दल्लीराजहरा के थाना प्रभारी मुकेश सिंह अपने स्टाफ दल बल के साथ अवैध शराब गांजा नशीले पदार्थों,कबाड़ियों शहर में शांति भंग करने वाले बदमाशों प्रतिबंधात्मक कार्यवाही के साथ गुंडा बदमाशों फरार स्थायी वारंटियों पर सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने वालों,यातयात नियमों का उल्लंघन चालको पर माईनर एक्ट के तहत कार्यवाही लगातार की जा रही है। इसी के तहत शहर के अलग अलग मोहल्ले में शाति भंग करने वाले अब्दुल मजीद,आरोपी नोहर मंडावी ग्राम विटाल निवासी जिसके पास से मोटर सायकल के विभिन्न पार्टस को अलग अलग कर के रखा था जिसका कोई दस्तावेज नही उपलब्ध किया साथ ही अन्य और समान आरोपी के पास से बरामद किया गया। जिस पर आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जेल दाखिल किया गया। वही धारा 457,511,34 के प्रकरण के फारार आरोपी संजू कुमार विश्विकर्मा एवं गीतम ठाकुर जो की रात्री में मनजीत सिंह संधु के घर में चोरी करने घुसा था जो की घटना दिनांक से फरार था जिसे गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में जेल भेजा गया है। ज्ञात हो की पुलिस आधीक्षक डॉ यादव जिले के समस्त थाना प्रभारियों की बैठक ले कर क्राइम डिटेक्शनश के साथ साथ क्राइम प्रिबेंशन पर भी जोर देने की बात की गई ।आगामी त्योहार सीजन को देखते हुए होने वाले क्राइम जिसमे चेन स्क्रेचिंग चोरी लूट ठगी की वारदातों को कैसे रोक जाए इस पर विचार करने की बात बताई गई। इसी के साथ पुलिस अधीक्षक डॉ यादव ने थाना प्रभारियों से रू ब रू होकर कहा की आने वाले विधानसभा चुनाव के संबध में चुनाव संबधी अपराध पर सूचना तंत्र को और भी मजबूत कर अवैध रूप से बिक रहे शराब एवं नगदी रूपये की सूचना प्राप्त होने पर सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। वही थाना प्रभारी मुकेश सिंह क्षेत्र में लगातार पेट्रोलिंग कर रहे है जिससे अपराधों में बहुत हद तक अंकुश लगा है।



- शराब-नगदी की सूचना पर हो सक्त कार्यवाही :पुलिस अधीक्षक
- सभी आरोपियों को रिमांड में लेकर भेजा जेल

# धान के बोनस और चावल घोटाले के सरगना की हार सुनिश्चितः भूपेश

- छत्तीसगढ़ के समग्र विकास के लिए संकल्पित है कांग्रेस सरकार : चरणदास महंत
- उलटा लटकाने की बात करने वाले विकास को सीधे नजर से तो देखे : दीपक बैज

**राजनांदगांव,** 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव के अंतर्गत राजनांदगांव जिले के चार विधानसभा क्षेत्रों के प्रत्याशियों के नामांकन के अवसर पर प्रदेश के यशस्वी मुख्मयंत्री भूपेश बघेल जी, विधानसभा अध्यक्ष डा.चरणदास महंत जी, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज जी के साथ राजनांदगांव के स्टेट हाई स्कूल के उत्साहित जनसमूह की सभा को संबोधित किए।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता रूपेश दुबे ने बताया कि विधानसभा चुनाव के प्रथम चरण में चुनाव होने वाले क्षेत्रों में कांग्रेस प्रत्याशियों के नामांकन जमा कराने के तारतम्य में राजनांदगांव जिले के चार विधानसभा क्षेत्रों राजनांदगांव से गिरीश देवांगन, डोंगरगढ़ से हर्षिता स्वामी बघेल, खुज्जी से भोलाराम साहू, डोगरगांव से दलेश्वर साहू के नामांकन अवसर पर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने चुनावी आमसभा को संबोधित करते हुए कहा कि 15वर्षीय भाजपा के कुशासन में राजनांदगांव की जनता ने आंखफोड़वा कांड में अपनी आंखें गंवाई है। माताएं, बहने नशबंदी कांड एवं गर्भाशय कांड में अपने मातृत्व पर चोट खाई है और तो और राजनांदगांव की धरती भाजपा सरकार के अन्याय के चलते किसानों के मौत का मजरा भी देखा हैं जिसे वह भूली नहीं है। किसानों को न तो भाजपा सरकार न तो धान का समर्थन मूल्य 2100 रूपए देना तो दूर पहल तक नहीं किए और किसानों को धान का बोनस भी न देकर उन्हें कृषि से दूर कर अपने पूंजीपति मित्रों को जमीन बेचने पर मजबूर करने का काम करती रही। 15वर्षीय भाजपा सरकार ने किसानों को, महिलाओं को, युवाओं को ठगा है इससे यह तो साफ हो गया कि भाजपा ठग विद्या में माहिर है। छत्तीसगढ़ के नान घोटाले के आरोपी के नामांकन अवसर पर अमित शाह शामिल होकर भ्रष्टाचारियों को संरक्षण देने का सबूत देकर गए है। प्रदेश की जनता भाजपा को उखाड़कर फेंकी है। कांग्रेस सरकार की नीति और नियत से किसान खुशहाल होकर जीवन यापन कर रहे है। किसान का कर्जा माफी से एवं धान के वाजिफ हक मिलने से खुशहाल है जिसे भाजपा देख नहीं पा रही है और लगातार झूठ की राजनीति कर लोकतंत्र को कलंकित कर रही है।



प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उर्जावान अध्यक्ष दीपक बैज ने सभा को संबोधित करते हुए एवं भाजपा को कड़ी चुनौती देते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में भाजपा भूपेश बघेल जी के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार की योजनाओं से भयभीत है इसलिए बेतूके धमकी भरी बातें सार्वजनिक मंच में कर रहे हैं उन्हें याद होना चाहिए कि वह जिस मंच पर भाषण दे रहे हैं वह मंच भ्रष्टाचारियों से भरा पड़ा है। यह लड़ाई छत्तीसगढ़ की जनता, किसानों व युवाओं की लड़ाई है और इस लड़ाई में हम जितेंगे अभी हमारा मकसद पूरा नहीं हुआ है। पांच साल में छत्तीसगढ़ का विकास किया है अभी और विकास करना है। हमारी लड़ाई उन लोगों के साथ है जो छत्तीसगढ़ की अस्मिृता को खत्म करना चाहते है, जो किसानों और युवाओं को बर्बाद करना चाहते है। आप लोगों के आज के जोश और उत्साह से साफ नजर आ रहा है कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार आ रही है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी ने विकास का जो बीड़ा उठाया है उसका लाभ आम जनता को मिला है। मंच से चारों विधानसभा जीत का संकल्प उपस्थित जनसमूह को दिलाया।

विधानसभा अध्यक्ष डा.चरण दास महंत ने कहा कि आज राजनांदगांव की जनता के लिए एक सुअवसर आया है कि अपने भांचा के लिए कुछ करने का मौका मिला है। मेरा एक निवेदन है कि भांचा को अपना आर्शीवाद प्रदान कर राजनांदगांव का नेतृत्व सौंपे और यहां का विकास की जो गति है वह देखते बनेगी। मंच से सभी कांग्रेस के प्रत्याशियों को आशीर्वाद प्रदान करते हुए जीत की अग्रिम बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की। जनसमूह में कांग्रेस सरकार के प्रति आस्था और भरोसा साफ नजर आ रहा था। सभा को चारों प्रत्याशियों ने संबोधित किया।

### राजनांदगांव की जनता से अधूरे और बेतरतीब विकास का दंश झेला है: गिरीश देवांगन

राजनांदगांव विधानसभा के प्रत्याशी गिरीश देवांगन ने आम सभा को संबोधित करते हुए कहा कि राजनांदगांव मेरा पुराना नाता है यह मेरा मामा गांव है। डा.रमन सिंह 15 वर्ष से राजनांदगांव का नेतृत्व करते रहे हैं उसके बाद भी अधूरे और बेतरतीब विकास के कारण आज भी जनता यातना झेल रही है। फ्लाई ओवर निर्माण शहर को दो भागों में बांटने का काम किया, भदौरिया चौक से अग्रवाल चौक तक सड़क चौड़ीकरण के लोगों को बेघर कर मुआवजा भी नहीं दिया गया। स्तरहीन एस्ट्रोटर्फ स्टेडियम जिसका फेस टू का अता-पता नहीं है, बिना पार्किंग का स्टेडियम बनाकर खेलगतिविधयों को बाधित करने का काम डा.रमन सिंह ने किया है। आधे-अधूरे मेडिकल कॉलेज का लोकार्पण अपने चुनावी लाभ के लिए कर जनता को स्वास्थ्य सुविधाओं से वंचित किया है जिसकी पीडा आज भी शहर सहित जिले की जनता की चेहरे पर साफ नजर आती हैं। पेयजल के नाम पर भ्रष्टाचार करते हुए शहर की जनता को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध न हो, इसकी साजिश भी डा.रमन सिंह ने रचा है। जिसकी परिणिनीति आज शहर में देखने को मिल रही है। क्षेत्र की जनता से एक विधायक की दूरी के कारण जनता हलाकान और परेशान है। गाहे-बगाहे सैर के लिए विधानसभा प्रवास करते है तो सुरक्षा की बाधा का सामना जनता को करना पड़ता है। अपने राजनीति स्वार्थ के लिए अधूरे कार्यों का लोकार्पण को भी पूरा न करा पाना डा.रमन सिंह की निष्क्रियता को रेखांकित करता है वहीं छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सरकार भूपेश बघेल जी के नेतृत्व में चौरफा विकास और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की योजनाएं धरातल पर लागू की है, जिससे आज छत्तीसगढ़ सहित राजनांदगांव की जनता लाभांवित है। राजीव गांधी किसान न्याय योजना, गौधन न्याय योजना, किसान मजदूर न्याय योजना लागू कर कांग्रेस सरकार ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी के नेतृत्व में भाजपा के कुशासन एवं अन्याय को नेस्तानाबूत कर न्याय की बहार छत्तीसगढ़ में लागू की है। जिससे छत्तीसगढ़ पूरे देश में अव्वल राज्य के रूप में पहचाना जाने लगा है।

# कांग्रेस से नाराज पूर्व महापौर नरेश डाकलिया चुनाव लड़ने तैयार, होगा त्रिकोणी संघर्ष, शहरी वोटो का ध्रुवीकरण

**राजनंदगांव**, 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा 2023 को लेकर कांग्रेस और भाजपा ने विधानसभा के प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है जिन्होंने अपने नामांकन भी प्रस्तुत कर दिए हैं भारतीय जनता पार्टी में पूर्व से विधायक रहे डॉ रमन सिंह जो प्रदेश की सत्ता में तीन बार के मुख्यमंत्री रह चुके को भारतीय जनता पार्टी ने अपना उम्मीदवार बनाया है वही कांग्रेस पार्टी ने बाहरी उम्मीदवार जिसे लोग पैराशूट कह रहे हैं को राजनांदगांव विधानसभा की टिकट दी गई जो कांग्रेस की सत्तारूढ़ सरकार में बतौर खनिज विकास निगम के अध्यक्ष बनाए गए थे और जिन्हें मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बाल सखा के रूप में भी एक परिचय प्राप्त है । ऐसी परिस्थितियों में राजनांदगांव की वो जनता ,जो दोनों ही उम्मीदवारों को बाहरी मानकर भाजपा के डॉ रमन सिंह को ठाठापुर और कांग्रेस मे गिरीश देवांगन को खरोरा का मानकर राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र के लोगो ने एक ऐसे उम्मीदवार को विकल्प के रूप मे ढूंढा है जिसमें राजनांदगांव के सम्मान और स्वाभिमान के लिए विधानसभा चुनाव लडाकर जनता से सतत् संपर्क जनप्रतिनिधि के रूप में बना सके और लोग आसानी से अपने जनप्रतिनिधि से मिल सके और जनता से सुलभ उपलब्ध रह पाए। जैन बगीचा में हुई बैठक में आए गणमान्य लोगों के द्वारा दिए गए वक्तव्य में इस बात का जिक्र बार बार किया गया की पूर्व में डॉ रमन सिंह को हमने विधायक बनाया और 5 साल वह नजर नहीं आए क्या लोग उनसे मिलने अब भी रायपुर जाएंगे। और कांग्रेस ने भी बाहरी उम्मीदवार को ला खड़ा किया जबकि राजनांदगांव में कई ऐसे चेहरे कांग्रेस के हैं जिन्हें टिकट देने के पश्चात राजनांदगांव विधानसभा का सम्मान निश्चित बढ़ता और हमारे राजनांदगांव को स्थानीय जनप्रतिनिधि उपलब्ध हो जाता शायद इन्हीं बातों को लेकर जैन बगीचा के आहूत बैठक में लोगों ने अपनी भड़ास भी निकाली वही अपने वक्तव्य में पूर्व महापौर नरेश डाकलिया ने कहा की यह निश्चित रूप से बड़ा दुखद है कांग्रेस ने भी स्थानीय लोगों को मौका नहीं दिया जिसको लेकर वह भी नाराज है मुझे टिकट नहीं दिया उससे मुझे कोई दु:ख नहीं पर राजनांदगांव के अन्य लोगों को कम से कम टिकट देना था जो राजनांदगांव के विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस पार्टी के लिए मेहनत कर रहे हैं । यह राजनांदगांव के आं बान और स्वाभिमान की लड़ाई है । और राजनांदगांव की जो स्वाभिमान की लड़ाई है उसको लड़ने के लिए मुझे जरा भी संकोच नहीं है। मुझे पद की लालसा है ना किसी ऐश्वर्य की मैंने अपने महापौर के कार्यकाल मे जो सेवा और उपलब्धियां को हासिल किया वह नाम पूरे प्रदेश स्तर पर आज भी लोगो के जुबान पर है। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि जो समर्थन मे आज मेरा हौसला अफजाई करने के लिए पहुंचे हैं निश्चित रूप से उनके सम्मान और स्वाभिमान को ठेस नहीं पहुंचने दूंगा। बैठक में आप पार्टी के जिला अध्यक्ष और आप पार्टी के अनेकों कार्यकर्ता भी उपस्थित दिखे। दोनों विधानसभा प्रत्याशियों से रुष्ठ और पूर्व महापौर नरेश डाकलिया के समर्थन में जुटे जैन बगीचा के बैठक मे देवेन्द्र श्रीवास्तव लाला (देबू) अजय परिहार, बृजेश श्यामकर ,आनंद चोपड़ा ,दीपक खाती, सुशील गोलछा, ईश्वर पटेल, राजकुमार वैद्य सभा का संचालन राजेश भोइर (राजू) ने किया।



- निर्दलीय या आप पार्टी से नरेश डाकलिया चुनाव मैदान मे

# कमला कालेज की छात्राओं ने अभिभावकों को मतदान करने लिखा पोस्ट कार्ड



**राजनांदगांव** 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री डोमन सिंह के मार्गदर्शन में जिले में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम स्वीप अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन कर मतदाताओं को शत-प्रतिशत मतदान के लिए जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में शासकीय कमला देवी राठी महिला स्नाकोत्तर महाविद्यालय राजनांदगांव में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम अंतर्गत छात्राओं द्वारा पोस्ट कार्ड अभियान का आयोजन किया गया। अभियान के तहत जो छात्राएं अपने घर से दूर या पालकों से दूर हैं, उन्होंने पोस्टकार्ड के माध्यम से अपने अभिभावकों को मतदान करने के लिए पत्र लिया। पत्र में अभिभावकों को दूसरे मतदाताओं को भी मतदान के लिए प्रेरित करने कहा गया। छात्राओं द्वारा पोस्टकार्ड लेखन में घर से बाहर रहने वाले मतदाता को मतदान तिथि 7 नवंबर 2023 को मतदान केन्द्र पहुंचकर मतदान करने का अनुरोध किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. आलोक मिश्रा, स्वीप प्रभारी श्री अमरनाथ निषाद, जिला निर्वाचन कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारी एवं छात्राएं उपस्थित थे।

# रुदबा दिखाने वाहनों के नंबर प्लेट में पद नाम लिखा होने पर की गई कार्यवाही

**राजनांदगांव,** 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। यातायात नियमों की धज्जियां उड़ाते सरपट सड़को पर अपना प्रभाव दिखाते ऐसे कई वाहन सड़को पर चल रहे है जिनके नंबर प्लेट में या उसके ऊपर पद नाम लिखा होता है खासकर वो लोग भी जो पत्रकार भी नही है वो भी पत्रकार का तमगा वाहनों मे उपयोग करते है । पुलिस को खासकर हर महीने चाहिए कि इस तरह की कार्यवाही होती रहे ताकि यातायात नियमों की सड़कों पर धज्जियां उड़ाने की हिम्मत कोई ना जुटा पाए इसी कड़ी में पुलिस अधीक्षक राजनादगांव मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा तथा नगर पुलिस अधीक्षक अमित पटेल राजनादगांव के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी निरीक्षक एमन साहू के नेतृत्व मे आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 के मद्दे नजर आदर्श आचार संहिता का सख्ती से पालन कराने के उद्देश्य से थाना कोतवाली क्षेत्रांतर्गत लगातार वाहनों की चेकिंग की जा रही है कि इसी क्रम में दिनांक 17.10..2023 एवं 18.10.2023 को चारपहिया व दुपहिया वाहन कुल 16 वाहन के चालकों के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट की धाराओं के तहत चालानी कार्यवाही कर 4800 रूपये समन शुल्क राशि लिया गया। 02 चारपहिया वाहन के चालको द्वारा नंबर प्लेट में महा सचिव व अन्य पद नाम लिखा होना पाया गया, 03 वाहन के चालकों द्वारा प्रेशर हार्न लगाकर तेज ध्वनि से बजाते पाये जाने पर वाहन से प्रेशर हार्न को निकाल कर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया एवं 11 वाहन के चालकों द्वारा यातायात नियमों का पालन करते नहीं पाये जाने पर मोटर व्हीकल एक्ट के विभिन्न धाराओं के तहत कार्यवाही किया गया, आगे भी चुनाव आचार सहिता के पालन में कार्यवाही जारी रहेगी।



- प्रेशर हार्न लगे वाहनों पर की गई कार्यवाही
- कुल 16 वाहन चालकों के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट के तहत की गई चालानी कार्यवाही

# खुज्जी क्षेत्र के आमागट्टा में रोड किनारे लकड़ियों की कटाई बैखौफ जारी

- पीडब्ल्यूडी के कर्मचारी की ठेकेदारों से सांठगाँठ पेड़ की डंगाल काटने के बहाने पेड़ों की बलि
- हर माह ट्रेक्टरों से ठेकेदारों द्वारा होटलों-ढाबा में खपाया जा रहा



**डोंगरगांव,** 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। खुज्जी क्षेत्र के ग्राम आमागट्टा में सड़ ?क के दोनों किनारे लगे बड़े पेड़ों की डंगाल काटने के बहाने लोक निर्माण विभाग के कर्मचारियों द्वारा धड़ल्ले से बेवजय पेड़ों की बलि दीजा रही है। रोड किनारे पेड़ों की डंगाल बढ़ गई है। कर्मचारियों द्वारा जंगल को न काटकर पूरे वृक्षों कीकटाई कर दी गई। यह पूरा खुज्जी क्षेत्र के सड़ ?कों के पेड़ों की कटाई का है।

ग्रामीणों को यह पता भी नहीं होता है कि पेड़ो की कटाई क्यों हो रही है। इतना जरूर समझ आता है कि डंगाल सड़क किनारे फैल गई है। लेकिन पीडब्ल्यूडी के कर्मचारी ठेकेदारों से मिलीभगत कर यह पूरा खेल कर रहा है। ठेकेदारों द्वारा लाए गए ट्रैक्टरों एवं मजदूरों के सहारे लकड़ियों की कटाई कर होटलों एवं ढाबों में खपाई जा रही है।

गौरतलब है कि खुज्जी क्षेत्र के वन परिक्षेत्र ग्रामों के सड़ ?कों में वृक्षों की बहुलता है। सड़क किनारे दोनों ओर बड़े-बड़े पेड़ लगे हैं। वृक्षों की डंगाल सड़क किनारे झुक जाती है उस डंगाल को काटने के बहाने पूरे पेड़ों की कटिंग मशीन से आनन-फानन में कटाई कर टेक्टरों से परिवहन हो रहा है। यह पूरा खेल खुज्जी क्षेत्र में जमकर चल रहा है। वहीं गाँवों के फ्रंट में जो वृक्ष के डंगाल बड़े एवं दुर्घटना को न्योता दे रहे है उन पर विभाग ध्यान नही दे रहा है। क्योंकि डंगाल काटने से ज्यादा मुनाफा पूरे पेड़ों की कटाई से होना है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार ग्रामीण जब वृक्षों की कटाई पर नजर रखते है तो यही समझ होती है कि विभाग के कर्मचारियों द्वारा ही डंगाल को कटाई कर रहा है। वृक्षों की डंगाल की आड़में विभाग के कर्मचारियों की भर्राशाही उजागर हुई है। सूत्र बताते है कि लोक निर्माण विभाग के कर्मचारियों के साथ ठेकेदारों के आदमी भी होते हैं लोग यहीं समझते हैं कि कटाई करने वाले विभाग के ही कर्मचारी है। जरूर इतना है कि विभागीय कर्मचारी वृक्षों की कटाई कर अपने जेबो भर रही है। सड़क किनारे वृक्षों को काटकर विधिवत् विभाग द्वारा डिपो लाना चाहिए और काटे गए लकड़ियों की नीलामी की जानी चाहिए पर ऐसा नहीं हो रहा है। पिछले दिनों आमाकट्टा बावली ग्रामों में बवंडर आँधी तूफान से भी सड़ ?क किनारे दर्जनों बड़े वृक्ष गिर गए थे । उन गिरे हुए पेड़ों को भी कटिंग मशीन से काटकर ट्रैक्टरों से भरकर ले गए। रोड किनारे पेड़ों से आक्सीजन एवं छाँव मिलती है बड़े डंगाल को जरूर दुर्घटना के बचाव के लिए कटाई होनी है, पर विभाग के कर्मचारी ठेकेदारों के साथ अपना चाँदी कारने में लगे है।

खुज्जी क्षेत्र में रोड किनारे पेड़ कटाई की शिकायत मेरे पास नही आई है मुझे मिडिया के माध्यम से जानकारी हो रही है पता लगाकर जांच कर दोषी और मिली भगत करने वाले के ऊपर कार्यवाही करूंगा

**विजय राव**
**सब इंजीनियर पी डब्लू डी**

वन परिक्षेत्र क्षेत्र खुज्जी के अंतरगत ग्रामीण क्षेत्रों में रोड किनारे पेड़ कटाई की शिकायत मिल रही है वन क्षेत्र के कर्मचारी को भेज कर पता लगाता हूं बिना अनुमति के पेड़ कटाई करने वाले के ऊपर कार्यवाही होगी

**माखन लाल बंजारे**
**वन परिक्षेत्र अधिकारी खुज्जी**

# बोड़ला में कांग्रेस-भाजपा में लगी बड़ी सेध पार्षद समेत 150 लोगों ने थामा आम आदमी पार्टी का दामन

**सहसपुर लोहारा,** 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। आम आदमी पार्टी में बोड़ला के कांग्रेस पार्षद एवं भाजपा नेत्री ने अपने 150 से अधिक समर्थको के साथ प्रवेश किया इस अवसर पर आम आदमी पार्टी कि प्रदेश उपाध्यक्ष रानी आकांक्षा देवी सिंह ने उन्हें पार्टी कि सदस्यता दिलाकर पार्टी में उनका स्वागत किया। रानी आकांक्षा देवी सिंह अपने जनसम्पर्क के अवसर पर जब बोड़ला पहुंची तों कांग्रेस के पार्षद ओम प्रकाश शर्मा और भाजपा नेत्री उर्वशी पाठक ने अपने 150 से अधिक समर्थको के साथ आम आदमी पार्टी में प्रवेश कर लिया। इस अवसर पर आम आदमी पार्टी कि प्रदेश उपाध्यक्ष रानी आकांक्षा सिंह ने सभी लोगो को आम आदमी पार्टी में स्वागत करते हुए कहा कि आज देश में ईमानदार और देश के लिए सोचने वाले लोग लगातार आम आदमी से जुड़कर भविष्य का भारत गढ़ने में अपना योगदान दें रहे है यह चुनाव केवल आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी राजा खड़ग राज सिंह बस नहीं लड़ रहे है बल्कि वो हर ईमानदार सोच रखने वाला, भ्रष्टाचार मुक्त शासन चाहने वाला, अच्छी शिक्षा से अपने बच्चो का भविष्य सवारने कि सोच रखने वाला, विकास कि दौड़ में पीछे हो चले हमारे गरीब, मजदूर, किसान, बेरोजगारों का विकास कि सोच रखने वाला व्यक्ति चुनाव लड़ रहा है। इस अवसर पर हमेशा जनता कि भावना के अनुरूत जनता के साथ मिलकर कार्य करने वाले कांग्रेस के पार्षद ओम प्रकाश शर्मा ने कहा कि मै राजनीति जनता के हित के लिये करता हूँ जनता ने ही मुझे यहां तक पहुंचाया है जनता का हित मुझे आम आदमी पार्टी में उसके नेता अरविन्द केजरीवाल कि विचारधारा में और आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी राजा खड़गराज सिंह जैसे ईमानदार, स्वच्छ छवि, जनता को अपना परिवार समझने वाले में दिखा। इसी लिए मेरे वार्ड एवं बोड़ला के मेरे साथियो के साथ आम आदमी पार्टी में शामिल हुआ हूँ। इस अवसर पर भाजपा का दामन छोड़ आम आदमी पार्टी में शामिल होने वाली भाजपा नेत्री उर्वशी पाठक जो कई महत्वपूर्ण पदों में भाजपा में रही है उन्होंने आम आदमी पार्टी में शामिल होकर पार्टी कि सदस्यता अपने दर्जनों समर्थको के साथ ली। इस अवसर पर उर्वशी पाठक ने कहा कि मै बहुत सालो से राजनीति में हूँ पर केवल राजनितिक दल लोगो को बरगलाने और भटकाने के शिवाय और दूसरा काम नहीं कर रहे है क्योंकि इनका लक्ष्य चुनाव जीतकर सत्ता सुख भोगने का है पर आज जैसा काम आम आदमी पार्टी कि सरकार दिल्ली और पंजाब में कर रही उससे लोगो का जीवन स्तर सुधरा है। इस कार्यक्रम में ओम प्रकाश शर्मा वार्ड क्रमांक 01,उर्वशी पाठक बीजेपी मंडल अध्यक्ष,होली राम साहू,नीता लांझी,शेखर तिलक वार ,विकास गुप्ता ,विजेंद्र तिवारी, सनत तिलकवार,निरमला देवगन,उर्वशी पाठक,रमैतिन यादव,गोपाल साहू,धीरापाल साहू साथ बड़ी संख्या में आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# आबकारी एक्ट के तहत पुलिस ने की कार्यवाही

- आरोपी के कब्जे से 5680 रुपए व 1 नग मोटर सायकल को किया गया जप्त

**खैरागढ़,** 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। आदर्श आचार संहिता लगने के बाद जिला केसीजी मे पुलिस विभाग द्वारा अवैध रूप से शराब बेचने वाले कोचियों के विरुद्ध पुलिस विभाग द्वारा लगातार कार्यवाही किया जा रहा है। थाना प्रभारी राजेश देवदास व सायबर सेल प्रभारी के नेतृत्व मे थाना खैरागढ में अवैध रूप से शराब व जुआ/सट्टा के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत 17 अक्टूबर को थाना खैरागढ़ पुलिस के द्वारा टीम गठित कर अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले कोचियो के विरूद्ध कार्यवाही कर धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत 02 प्रकरण, अवैध शराब बिक्री करने कि सूचना पर थाना खैरागढ़ पुलिस द्वारा टीम गठित कर अलग- अलग मौके पर घेराबंदी कर रेड कार्यवाही किया गया। आरोपी टाकेश्वर पिता रामकुमार वर्मा उम्र 19 वर्ष निवासी ग्राम कुकुरमुड़ा थाना खैरागढ़ को अवैध शराब बिक्री परिवाहन करते शनि मंदिर धरमपुरा में पकडा गया जिसके कब्जे से नगदी 3040 रुपए एवं एक नग मोसा को जप्त किया गया। आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबंद्ध किया गया है। इस प्रकार से खजरी रोड़ पुल के पास आरोपी पंचमणी पिंता मनहरण वर्मा उम्र 18 वर्ष को पकड़ा गया जिसके कब्जे से नगदी रकम 2640 रुपए को जप्त किया गया। आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबंद्ध किया गया। उक्त आरोपियों से शराब रखने व बिक्री करने के संबंध में वैध लायसेंस की मांग की गई जिससे आरोपियो द्वारा किसी प्रकार का वैध लायसेंस न होना स्वीकार किया गया। आरोपी के विरुद्ध धारा 34 (2) आबकारी एक्ट कायम कर आरोपीगण को न्यायालय में पेश किया गया। न्यायालय के आदेश पर जेल भेजा गया। उक्त संपूर्ण कार्यवाही मे खैरागढ़ मे पदस्थ उनि शक्ति सिंह,उनि मोरजध्वज देशमुख, उनि बिरेन्द्र चंद्राकर, सउनि प्रकाश सोनी, सउनि चैतुराम आर्य, प्रआर गिरीश निषाद, आर मणिशंकर वर्मा, प्रदीप यादव, लक्ष्मण साहू, विजय कुर्रे, मआर धनेश ठाकुर का सराहनीय योगदान रहा है।



# प्रादेशिकी



उल्टा पुल्टा

**कंजूस बाप (बेटे से)**- मेरी ख्वाहिश है कि तू बड़ा होकर वकील बने।
**बेटा**- क्यों?
**कंजूस बाप**- ताकि मेरा काला कोट तुम्हारे काम आ जाए।

## संपादकीय

# सभी सियासी दल संयम बरतें

छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनावों के लिये प्रमुख राजनैतिक दलों की ओर से न तो अभी सारे उम्मीदवारों की घोषणा हो पाई है और न ही प्रचार ने पूरी गति पकड़ी है, परन्तु लगता है कि अभी से सियासी पारा चढ़ने लगा है। संकेत साफ हैं कि चुनाव जब पूरी सरगर्मी पर होगा बयानों में और भी तेजी आयेगी। चुनावों के ठीक-ठाक शुरू होने के पहले ही यह माहौल दिख रहा है। केन्द्रीय राज्य मंत्री रेणुका सिंह हों या देश के गृह मंत्री अमित शाह, दोनों के बयानों से चुनावी पारा हाई हो रहा है। ऐसे में ज़रूरी है कि सभी दल संयम बरतें।

भरतपुर-सोनहत की उम्मीदवार रेणुका सिंह ने कार्यकर्ता सम्मेलन में धमकी दे दी कि उनके किसी कार्यकर्ता की एक उंगली काटी गई तो वे जिम्मेदार व्यक्ति का पूरा हाथ काटकर दूसरे हाथ में थमा देंगी। दो दिनों पहले ही उन्होंने कांग्रेस नेत्री सोनिया गांधी को 'बाहरी' बताते हुए 'धक्के मारकर इटली भेजने' की बात भी कही थी। ऐसे ही, सोमवार को राजनांदगांव में पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह द्वारा भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी के रूप में नामांकन भरते समय शाह मौजूद थे। बाद में हुई एक सभा को सम्बोधित करते हुए शाह ने बेमेतरा की उस घटना का जिक्र किया जिसमें ईश्वर साहू नामक युवा की दो गुटों के बीच हुए दंगे में मौत हो गई थी। इसी साल की अप्रैल में हुई इस वारदात में पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए 11 लोगों को गिरफ्तार कर लिया था। इसे लेकर हिंदूवादी संगठनों ने छग बन्द का भी आयोजन किया था। उसके कारण अमूनन शांत रहने वाले छग में साम्प्रदायिक तनाव फैल गया था। चूंकि इस प्रदेश के लोगों की सोच व तासीर में ही इस तरह की कट्टरता नहीं है, इसलिये वह मामला थोड़े बहुत विवादों और तनाव के बाद निपट गया था। इतने समय के बाद उस मामले को फिर से उठाना दुर्भाग्यजनक ही कहा जायेगा। विशेष कर इसलिये कि उसे गृह मंत्री जैसे व्यक्ति द्वारा उठाया गया है जिनका काम साम्प्रदायिक तनावों को समाप्त करना होना चाहिये, न कि उसे बढ़ाना। कांग्रेस ने निर्वाचन आयोग में शाह के खिलाफ हेट स्पीच दिये जाने की शिकायत भी दर्ज की है।

चुनावों में अपनी उपलब्धियां, कामकाज, घोषणापत्रों पर बातें होनी चाहिये, न कि साम्प्रदायिक, सामाजिक या धार्मिक वैमनस्यता बढ़ाने वाले बयान दिये जाने चाहिये। विरोधी दलों की स्वस्थ आलोचना लोकतांत्रिक परम्परा का हिस्सा है परन्तु वोट पाने के लिये समाज में तनाव फैलाने वाले या विभाजन करने वाले बयानों से बचना चाहिये। चाहे इससे चुनाव जीता जा सकता हो और सरकार भी बनाई जा सकती हो लेकिन ऐसे बयान समाज को दूरगामी और स्थायी नुकसान पहुंचाते हैं। छत्तीसगढ़ शांति का टापू है, बेहतर है कि इसे ऐसा ही रखा रहे।

# बलौदाबाजार से शैलेश त्रिवेदी के कांग्रेस प्रत्याशी घोषित होने पर निकाली गई जुलूस



**बलौदाबाजार,** 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। बलौदाबाजार विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी के रूप मे शैलेश नितिन त्रिवेदी का नाम घोषित होते ही कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल देखा गया। वहीं उनके समर्थाको द्वारा चौकं चौराहो पर आतिशबाजी करते हुए खुशियां मनाई। जबकि भाजपा ने पूर्व से ही अपने प्रत्याशी टंकराम वर्मा के नाम को घोषित कर चुनाव कार्यालय भी प्रारंभ कर दिया है।

**कांग्रेस कार्यकर्ताओ में दिखा उत्साह, नगर में आतिशबाजी कर मनाई गई खुशियां**

शैलेश नितिन त्रिवेदी को कांग्रेस प्रत्याशी घोषित किये जाने पर बलौदाबाजार स्थित उनके निवास कृष्णायन में बधाई देने वालो की ताता लगा रहा।कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशी शैलेश नितिन त्रिवेदी के नाम की घोषणा से कांग्रेसजनों ने जुलुस निकालकर आतिशबाजी करते हुए खुशी जाहिर की। जुलुस अम्बेडकर चौंक से नगर भ्रमण करते हुए मुख्य मांर्ग होते गार्डन चौंक, गौरव पथ से लेकर बजरंग चौंक पहुंचकर जुलुस का समापन किया गया। इस दौरान शहर कांग्रेस अध्यक्ष रूपेश ठाकुर, ग्रामींण अध्यक्ष विक्रम गिरी, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष राजा तिवारी, महामंत्री प्रभाकर मिश्रा, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विक्रम पटेल, जनपद सदस्य आर्यन शुक्ला, निगम मंडल सदस्य निलेश बंजारे, पार्षदगण सुरेन्द्र जायसवाल, गोविंद पात्रे, क्रांति दिगम्बर साहू, डिगश्वरी रविन्द्र नामदेव, धमेन्द्र वर्मा, गोल्डी मरैया, मनोज प्रजापति अम्मु पंजवानी, सुखदेव साहू, बिस्सु मिश्रा, सुभाष राव, अभिषेक पटेल, यादव समाज जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र यादव, अनुसूचित जाति प्रकोष्ट जिला अध्यक्ष जितेन्द्र नवरतन, संजू सिंह, गणेश शंकर साहू, लखेश साहू, शाश्वत यादव, मयंक पंजवानी, संदीप साहू, यशवंत वर्मा, अशिम विश्नोई, चितेश्वर साहू, एनएसयूआई अध्यक्ष सूर्यकांत वर्मा, करन सेन, लक्ष्मी गुप्ता, देवेन्द्र बंजारे, योगेश गर्ग, आयुष भतपहरी, ईश्वर कुर्रे, सागर जोशी, मोहन साहू, प्रवीण सेन आदि शामिल हुए। जानकारी के अनुसार 19 अक्टूबर को कांग्रेस प्रत्याशी शैलेश नितिन त्रिवेदी के रायपुर से बलौदाबाजार आगमन पर नगर में भव्य स्वागत किये जाने की तैयारी कांग्रेसजनों के द्वारा की जा रही है।

# नगर पंचायत उपाध्यक्ष ऋत्विक मिश्रा की दबंगई से नगरवासियों में आक्रोश

**कसडोल/बलौदाबाजार,** 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। कसडोल नगर में गरबा कार्यक्रम को लेकर उपजे विवाद को लेकर नगर पंचायत कसडोल के पार्षद, समाजसेवी एवं पत्रकार गुनीराम साहू को नगर पंचायत उपाध्यक्ष ऋत्विक मिश्रा द्वारा की गई मारपीट की मामला थाने तक पहुंच गयी है। इस घटना को लेकर नगर में सर्वत्र निंदा की जा रही है। शिकायत के आधार पर नगर पंचायत उपाध्यक्ष ऋत्विक मिश्रा के खिलाफअपराध पंजीबद्ध कर पुलिस द्वारा जांच कार्यवाही की जा रही है।

- नगर के पार्षद, समाज सेवी एवं पत्रकार के साथ हुई मारपीट
- मामला पहुँचा थाना, घटना की नगर में हो रही सर्वत्र निंदा

उल्लेखनीय है कि एक तरफविधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक गलियारों में तेज हो गई है तो वही आदर्श आचार संहिता लगा हुआ है बावजूद इसके कसडोल नगर में अशांति का माहौल बना हुआ है। कारण है सिर्फनगर में गरबा उत्सव न कराने का निर्णय सर्व सम्मति से लिया जाना और बाद में किसी के द्वारा उल्लंघन करना। जहाँ नगर में सभी दुर्गा समितियों का दुर्गा स्थापित करने के पूर्व शांति रूप दुर्गा की मूर्ति स्थापना करने दशहरा त्यौहार मनाने को लेकर शांति से एकमत होकर सबने सहमति दी थी और पूरे नगर के किसी भी दुर्गोत्सव समिति द्वारा गरबा का कार्यक्रम नहीं कराने की बात को लेकर सभी दुर्गा उत्सव समिति द्वारा एसडीएम, कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया है। इन सबके बीच मे गरबा का कार्यक्रम अपने दम पर कराने को लेकर आज 18 अक्टूबर बुधवार को नगर पंचायत उपाध्यक्ष ऋत्विक मिश्रा द्वारा नगर पंचायत के पार्षद एवं पत्रकार गुनीराम साहू के ऊपर मारपीट की गई जो निंदनीय घटना है। इस घटना से पूरे कसडोल नगर में आक्रोश का माहौल बना हुआ है।

वही नगर पार्षद व पत्रकार गुनीराम साहू ने बताया कि बीते दिवस नगर पंचायत की बैठक में उपाध्यक्ष ऋत्विक मिश्रा द्वारा दबंगई पूर्वक अपनी बात को मनवाने सभी पार्षदों की उपस्थिति में टेबल को हाथ से ठोंककर कहा था कि मैं अपने दमपर अपनी जमीन में गरबा का कार्यक्रम करवाऊंगा जिसके में हिम्मत है ओ मुझे रोककर दिखाये। ऐसी दबंगई पूरे नगर परिषद की बैठक के दौरान की गई जिसका विरोध पूरे परिसर में मौजूद पार्षदों द्वारा की गई थी। इस प्रकार एकल तौर अपनी बात मनवाने के लिए ऋत्विक मिश्रा अब मारपीट व गुंडागर्दी करने पर उतारू हो गया है और सरे राह तहसील कार्यालय जाते समय गायत्री चौंक पर मुझे अश्लील गाली गलौज करते हुए कि तुम्ही गरबा उत्सव के खिलाफएसडी एम, कलेक्टर के पास शिकायत कर नगर में फूट डालने का काम कर रहे हो कहते हुए जानलेवा हमला कर लात घूँसे से मारने लगे। इस दृश्य को देख उपस्थित लोग समझ ही नहीं पाए और तुरंत राजेश कन्नौजे एवं पार्षद विनोद बंजारे ने बीच बचाव कर छुड़ाए। ज्ञात हो कि पार्षद के साथ उपाध्यक्ष ऋत्विक द्वारा की गई मारपीट की घटना नगर में आग की तरह फैल गई फिर देखते ही देखते सभी दुर्गा समिति सहित विभन्न संगठन के लोग, व्यापारी, पत्रकारगण व बुद्धिजीवीजन पुलिस थाने पहुँचे। जहां सभी की उपस्थिति में थाने में नगर पंचायत उपाध्यक्ष ऋत्विक मिश्रा के विरुद्ध एफआई आर लिखाई गई और कार्रवाई की मांग की गई। पार्षद एवं पत्रकार गुनीराम साहू की शिकायत पर कसडोल पुलिस ने आरोपी के खिलाफभा दं सं के अधिनियम 1860 तहत धारा 294, 506, 323 दर्ज की गई है। फिलहाल ऋतिक मिश्रा द्वारा किये गए मरपीट की घटना को लेकर पूरे नगर में आक्रोश का माहौल है। इस कृत्य की नगर में सर्वत्र निंदा हो रही है।

# कांग्रेस ने विधायक धनेन्द्र पर विश्वास जताया



**नवापारा राजिम,** 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी व्दारा अभनपुर विधायक धनेन्द्र साहू पर भरोसा जताते हुए पुन: अभनपुर विधायक प्रत्याशी बनाये जाने पर उन्होंने ग्राम तोरला में सभी मंदिरों के दर्शन किए. वहीं जुगल किशोर साहू पूर्व जिला अध्यक्ष,चंद्रहास साहू उपाध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी, डामन साहू उपाध्यक्ष जिला कांग्रेस,श्रवण चंद्राकर सदस्य कृषक कल्याण बोर्ड,गिरधारी साहू अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी नवापारा ग्रामीण,ओमप्रकाश वर्मा सोसायटी अध्यक्ष,चंद्रहास साहू सोसायटी अध्यक्ष,मोहन देवांगन मंडी सदस्य, विजय यदु,रामसेवक साहू,मोहन चंद्राकर सेक्टर प्रभारी, ओझ राम साहू ने बधाई दी एवं अनेक स्थानों पर मिठाई भी बांटी गई. वहीं बुधवार शाम 7 बजे धनेन्द्र साहू नवापारा काली मंदिर पहुंच मां काली से आशीर्वाद लिया. कार्यकर्ताओं व्दारा पुन: टिकिट मिलने पर आतिशबाजियों से उनका स्वागत किया.

# गोबरा नवापारा थाने में नव पदस्थ सब-इंस्पेक्टर की हार्ट अटैक से मौत, पूरा स्टाफ स्तब्ध



**गोबरा नवापारा,** 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। हाल ही में गोबरा नवापारा थाने में पदस्थ हुए सब-इंस्पेक्टर महेश निर्मलकर की मंगलवार रात हार्ट अटैक के चलते मौत हो गई. बताया जा रहा है कि निर्मलकर सोमवार रात 10 बजे तक ड्यूटी में ही तैनात थे. ड्यूटी से छूटने के बाद अचानक उन्हें बेचैनी लगी. इसके बाद उन्हें गोबरा नवापारा के गुलाब गार्डन के सामने स्थित एक निजी अस्पताल ले जाया गया. यहां से उन्हें रायपुर रिफर किया गया था, जहां एक निजी अस्पताल में उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई. निर्मलकर सीधे-सरल स्वभाव के थे. उनकी असामयिक मृत्यु से गोबरा नवापारा थाना परिवार स्तब्ध रह गया।

# भाजपा प्रत्याशी का सघन जनसंपर्क जारी



**धमतरी,** 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी की ओर से विधानसभा में उत्कृष्ट विधायक से सम्मानित विधायक रंजना डीपेंद्र साहू को भाजपा प्रत्याशी घोषित किए जाने के उपरांत निरंतर ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में सघन जनसंपर्क कर रही है, प्रात: काल से देर रात्रि तक जनसंपर्क करते हुए भाजपा प्रत्याशी रंजना साहू ने ग्राम जोगीडीह, बागोडार, भंवरमरा, लीलर, अरौद, जंवरगांव, मथुराडीह, अछोटा, तेंदुकोना शकरवारा, भोयना में जनसंपर्क करते हुए डोर टू डोर एवं चौक चौराहा पर जाकर मतदाता से मुलाकात करते हुए कमल छाप पर बटन दबाकर विजयश्री दिलाते हुए भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाने का अपील किए। सघन जनसंपर्क में भाजपा जिला उपाध्यक्ष श्यामा देवी साहू, गंगरेल मंडल अध्यक्ष उमेश साहू, भाजपा वरिष्ठ विनोद राव रणसिंह, भरत सोनी, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष उमेंद्र सिन्हा, जिला महिला मोर्चा महामंत्री मोनिका देवांगन, गंगरेल मंडल महिला मोर्चा अध्यक्ष पवित्र दीवान, कीर्तन मीनपाल, पंकज साहू, वीरेंद्र साहू, जितेश सिन्हा, रुद्री सरपंच अनिता यादव, अजय, धर्म राज सिन्हा, राकेश साहू, कैलाश देवांगन, धनुष साहू, गौकरण साहू, सोहन यादव, लक्ष्मी साहू, टिकेश यादव, दूज राम साहू सहित अन्य कार्यकर्ता प्रत्याशी के साथ प्रचार करने निकले।

# भाजपा प्रत्याशी टंकराम वर्मा ने घर-घर जाकर मांगा समर्थन



**बलौदबाजार,** 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा बलौदाबाजार से भाजपा प्रत्याशी व समाजसेवी टंकराम वर्मा ने अपनी पूरी ताकत लगा दी हैं। इसी कड़ी में उन्होंने ग्राम सकरी में मां दुर्गा का आशीर्वाद लेकर जनसंपर्क प्रारंभ किया। तत्पश्चात खैरघटा, मगरचबा, कंजी, यदु खम्हरिया, गोढ़ खपरी, लिमाही, पहंदा, दशरमा, पुरेना खपरी, पुरान, ठेलकी में भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने गांव की गलियों में जनसंपर्क कर वोट मांगा और श्री वर्मा ने सभी को आश्वस्त किया कि लोगों के सुख दु:ख में वे हमेशा सबसे पहले खड़े मिलेंगे।

श्री वर्मा ने आगे कहा कि आज भाजपा देश और प्रदेश दोनों की जरूरत है। जिस तरह प्रदेश में विपक्षी दल चुनाव में जीत हासिल कर अपराधियों को संरक्षण, भ्रष्टाचार कर रहे है। गंगा जल की कसम खाकर झूठे वादे किए वो बेहद अफसोसजनक है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने विपक्षियों के पास कोई मुद्दे ही नही छोड़े है। उन्होंने आगे कहा कि मोदी ने गरीबों के लिये इतनी योजनाएं लाई हैं कि उन्हें आवास, शौचालय, किसान सम्मान योजना, गैस, राशन इत्यादि के लिये भटकना नही पड़ रहा है और सब इससे लाभान्वित हो रहे हैं। इस अवसर पर डोमन वर्मा, पुरुषोत्तम साहू, शांति पात्रे, अजय गर्ग, तरुण वर्मा सहित पार्टी के पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

# पच्चीस हजार की उठाईगिरी करने वाले दो आरोपी पुलिस गिरफ्त में



**धमतरी,** 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। सोमवार 16 अक्टूबर को प्रात: 8.45 बजे प्रार्थी जागेश्वर राम साहू पिता स्व.संतु राम साहू उम्र 28 वर्ष अपने घर सेमरा बी से ग्राम सिलीडीह चॉइस सेंटर के लिए निकला था जो करीबन 9 बजे ग्राम सिलतरा से सिलीडीह जाने के बायपास मार्ग में नीलकंठ जोशी खेत के पास पेशाब करने के लिए रुका हुआ था जो पेशाब करने के बाद खेत से ऊपर रोड में जाकर देखा तो उसके साइकिल के पीछे कैरियर में रखे हुए बैग को कोई अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया था। जिसमें 25000/-रुपये नगदी एवं चॉइस सेंटर से रिलेटेड सामान था। थाना भखारा में अप. क्रमांक 219 / 23 धारा 379 भादवि.के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

जिसकी सूचना पुलिस अधीक्षक प्रशांत ठाकुर को लगते ही त्वरित कार्यवाही कर आरोपियों को पकड़ने के निर्देश दिये गए थे। जिस पर अति. पुलिस अधीक्षक श्रीमती मधुलिका सिंह के मार्गदर्शन में एसडीओपी कुरुद के.के. वाजपेयी के नेतृत्व में थाना प्रभारी भखारा द्वारा त्वरित कर्यवाही कर

प्रकरण में घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पतातलास किया गया जिसमें दो व्यक्ति उपरोक्त घटना के समय काले नीले बाइक पर भखारा की ओर आते देखे गए भखारा में रोड पर लगे सीसीटीवी फुटेज का अवलोकन करने पर उपरोक्त दोनों व्यक्ति गुजरा, डोमा की ओर जाते हुए दिखे लगाए हुए मुखबिर से भी उपरोक्त मोटरसाइकिल एवं दोनों व्यक्तियों के हुलिया से संबंधित जानकारी लिया गया जो मुखबीर से प्राप्त जानकारी के अनुसार संदेही गोपी कृष्ण उर्फ गोपू विश्वकर्मा पिता स्वर्गीय लल्लू राम विश्वकर्मा उम्र 27 वर्ष व विनोद कुमार साहू पिता अरुण कुमार साहू उम्र 21 वर्ष दोनों सकिन गुजरा थाना भखारा को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ किया जो दिनांक घटना समय को अपराध घटित करना स्वीकार किया मुताबिक मेमोरेंडम के आरोपियों से चोरी किए गए मशरुका 20000 एवं सर्विस सेंटर से रिलेटेड सामान व घटना में प्रयुक्त एक काले नीले रंग का हीरो स्प्लेंडर मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 05 1721 को आरोपियों से जप्त किया गया आरोपीयो का कृत्य अपराध धारा सदर का अपराध घटित करना सबूत पाए जाने पर आज 17 अक्टूबर को आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में भेजा गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी निरी. शरद ताम्रकार, सउनि. नेहरू राम साहू, प्रधान आरक्षक दारा चंद्राकर, आरक्षक संदीप साहू, हरिशंकर डहरिया, नगर सैनिक चंद्रकुमार कुर्रे का विशेष योगदान रहा।

# गोस्वामी समाज महिला प्रकोष्ठ का दो दिवसीय गरबा उत्सव




**महासमुंद,** 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिला मुख्यालय स्थित कर्मचारी भवन में नवरात्र पर्व के तीसरे दिन दुर्गा माता के छाया चित्र का पूजा अर्चना के साथ उत्सव प्रारंभ हुआए जिसमें समाज के बच्चों सहित नारी शक्ति ने बड़ चड़कर भाग लिया। प्रथम दिवस दुर्गा माता की आरती और सेवा गीत, तथा भजन के बाद डांडिया नृत्य प्रस्तुत किया गया। दूसरे दिन समाज के महिलाओ द्वारा भारतीय संस्कृति अनुरूप परिधान धारण कर गरबा नृत्य प्रस्तुत किया। ज्ञात हो कि गोस्वामी समाज की महिलाएं प्रतिवर्ष श्रवण मास मे तीज उत्सव, नवरात्र पर्व, दीपावली में दीपोतसव, होली मिलन जैसे प्रमुख पर्व को बडे ही उत्साह से मनाती है। गरबा उत्सव में गोस्वामी समाज के महिला प्रकोष्ठ के जिला सयोजक सुधा गोस्वामी, अर्चना गोस्वामी, शीला गोस्वामी, राजेश्वरी गोस्वामी, रश्मि गोस्वामी, सुरेश गोस्वामीए, कुलदीप गिरि, विक्रांत गिरि, विपुल गिरि, तन्मय गिरि सहित बड़ी संख्या में समाज के महिलाओ ने भाग लिया।

# महासमुंद विधानसभा के लिए छसपा ने अशोक कश्यप को घोषित किया प्रत्याशी, 25 को दाखिल करेंगे नामांकन




**महासमुंद,** 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ी समाज पार्टी, छबेस, संयुक्त किसान मोर्चा ने महासमुंद विधानसभा से आदिवासी किसान नेता अशोक कश्यप को अधिकृत प्रत्याशी घोषित किया है। छत्तीसगढ़ी समाज पार्टी द्वारा 25 अक्टूबर को नामांकन दाखिल किया जाएगा। पत्रकारों को जानकारी देते हुए समाज के जीपी चंद्राकर, अनिल दुबे, छन्नू साहू, वेगेंद्र सोनबेर ने बताया कि क्षेत्र के किसानों की समस्याओं को लेकर अधिकृत प्रत्याशी विधानसभा में प्रचार करेंगे। उन्होंने बताया कि शोषक वर्ग और शोषित वर्ग के बीच छग राज्य बनने के बाद भी विसंगति दूर नही हुई है। किसान और मजदूर की समस्या को लेकर राज्य निर्माण से पूर्व हमारी पार्टी आंदोलन करते आ रही है। जिसका परिणाम है कि मजदूरों को न्यूनतम मजदूरी मिलने लगा वही राज्य निर्माण का सपना सकार हुआ है साथ ही किसानों को धान का मूल्य 25 सौ रुपए देने सरकार को सामने आना पड़ा। दुर्भाग्यजनक स्थिति यह है कि आज भी दोनों वर्गो के भी विसंगतियां बरकरार है जिसको लेकर जनमानस में जाएंगे। उन्होंने एनएच 53 पर करणी कृपा प्लांट के खिलाफ किए जा रहे आंदोलन के बारे में बताया कि वहां गलत तरीके से प्लांट के मालिकों ने शासकीय और किसानों की भूमि पर कब्जा किया है, और सरकार से कोडार बांध के पानी के संबंध में एग्रीमेंट किया है। जिसको लेकर किसानों के पास जाने की बात घोषित प्रत्याशी अशोक कश्यप ने कही। उन्होंने कहा कि प्लांट कहां लगना है और कहां नही इसे शासन को समझना चाहिए। जब किसान विरोध कर रहे तो प्लांट का काम बंद होना चाहिए। ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर➤

# जमीन बेचने के नाम पर धोखाधड़ी, अपराध पंजीबद्ध




**नवापारा राजिम,** 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। खेती जमीन बेचने के नाम पर धोखाधडी का मामला प्रकाश में आया है। मामले में गोबरा नवापारा पुलिस ने पुत्र एवं मां के विरुद्ध आईपीसी की धारा 420 ,34 पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में लिया है।थाने से मिली जानकारी के अनुसार आवेदक राजेन्द्र साहू पिता नीलकंठ साहू निवासी ग्राम नवागांव थाना गोबरा नवापारा के द्वारा प्रस्तुत 29.जुलाई.2023 के शिकायत पत्र की जांच किया आवेदक राजेन्द्र साहू को अनोवदक (1) श्रीमती लता साहू (2) तिमेश कुमार साहू ग्राम जौंदी द्वारा खेती जमीन करीबन 03 एकड़ को बेचने का सौदा 03.दिसम्बर.2019 को कर 28 लाख नगद प्राप्त कर उक्त जमीन को अन्य व्यक्ति को विक्रय करके धोखाधडी करना एवं 28 लाख रूपये मे से मात्र 08 लाख रूपये वापस किया, शेष रकम 20 लाख रूपये को अब तक वापस नही किया एवं वापस करने मे आनाकानी कर रहा है। जो कि अनावेदक द्वारा प्रथम दृष्ट्या धारा सदर 420,34 भादवि का अपराध घटित करना पाये जाने से अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया। आवेदक ने अपने शिकायत पत्र में बताया कि भूमि बिक्री का सौदा कर 28 लाख रूपये लेने वाले एवं उक्त भूमि को मुझसे धोखधड़ी कर अन्य व्यक्ति को विक्रय करने वाले तिमेश कुमार साहू व लता साहू के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज कर कानूनी कार्यवाही किये जाने राजेन्द्र कुमार पिता नीलकंठ साहू एवं भाई अनिल कुमार पिता नीलकंठ साहू दोनो नवागांव निवासी कृषि भूमि तलाश रहे थे तभी पता चला कि ग्राम जौंदी में कृषि जमीन बिकाऊ है तब मैं दोनो भाई ग्राम जौंदी गए वहां तिमेश कुमार पिता स्व. लोकेश साहू ने बताया कि मेरी जमीन जौंदी में स्थित है उसे आप लोग खरीद लो जिस पर मैंने एवं मेरे भाई ने विश्वास करते हुए तिमेश व उसके परिवार के योगेश, लोमश, व जावेश तथा परमानंद पिता बलीराम व बिसवंतीन बेवा बलिराम के नाम पर दर्ज संयुक्त स्वामित्व व आधिपत्य की भूमि ग्राम जौंदी प.ह.नं. 34 रा.नि.मं. व तहसील गोबरा नवापारा जिला रायपुर छ.ग. स्थित खसरा नं. 147,604,605, 606, 652, 722, 773,1075 रकबा क्रमशरू 0.09, 0.14, 0.25, 1.61, 0.10, 0.57, 0.28, 0.06, हेक्टेयर कुल खसरा कुल 08 रकबा 3.10 हेक्टेयर भूमि में से तीन एकड़ कृषि भूमि को मुझसे एवं मेरे भाई से विक्रय करने का पक्का सौदा तय कर तिमेश ने नगद 8लाख.40 हजार- रूपये तिमेश की माता लता साहू के बैंक खाता मे आर.टी.जी.एस. के माध्यम 8 लाख .80 हजार- रूपये प्राप्त किया व तिमेश के कहने पर उसके व उसकी माता के नाम पर श्रीकांत गुप्ता ज्वेलर्स वाले को उनकी उधार की रकम 8 लाख .80 हजार मुझसे अदा करवाया इस प्रकार कुल 28 लाख- रूपये अग्रिम बयाना राशि तिमेश कुमार साहू व उसकी माता लता साहू ने मुझसे एवं मेरे भाई अनिल से प्राप्त किया है।

तिमेश की माता द्वारा एक राय होकर संयुक्त खाते की भूमि को आपसी सहमति बताकर मुझसे एवं मेरे भाई से छल कपट एवं बेईमानी पूर्वक भूमि बिक्री का सौदा कर धोखाधड़ी करते हुए रकम हड़प लिये है जिसके विरूद्ध मैं कानूनी कार्यवाही चाहता हूं। अत: निवेदन है कि मुझसे एवं मेरे भाई अनिल से धोखाधड़ी करते हुए भूमि बिक्री का सौदा कर उपरोक्त भूमि को पूरी रकम मुझसे व मेरे भाई से लेकर बेईमानीपूर्वक हड़पने वाले तिमेश कुमार साहू व उसकी माता लता साहू के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज कर कानूनी कार्यवाही करने की मांग की ।

## विद्युत आपूर्ति हेतु नोडल अधिकारी नियुक्त

**महासमुंद,** 18 अक्टूबर (देशबंधु)। जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक द्वारा चयनित मतदान केन्द्रों में मतदान दिवस पर निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए एसपी जायसवाल कार्यपालन अभियंता राज्य विद्युत वितरण कंपनी मर्यादित महासमुंद को जिला स्तर पर नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।



# कलेक्टर की उपस्थिति में कम्प्यूटरीकृत प्रणाली के माध्यम से प्रथम रेंण्डमाइजेशन की प्रक्रिया पूर्ण

## दोनों विधानसभा के रिटर्निंग ऑफिसर्स एवं राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि रहे उपस्थित



**गरियाबंद,** 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आकाश छिकारा की उपस्थिति में बुधवार को कलेक्टोरेट के सभाकक्ष में कम्प्यूटरीकृत प्रणाली के माध्यम से प्रथम रेंण्डमाइजेशन की प्रक्रिया पूर्ण की गई। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी तीर्थराज अग्रवाल, अपर कलेक्टर अविनाश भोई, एसडीएम एवं रिटर्निंग ऑफिसर राजिम धनंजय नेताम, बिन्द्रानवागढ़ सुश्री अर्पिता पाठक, एनआईसी के उपनिदेशक नेहरू निराला, डिप्टी कलेक्टर टीआर देवांगन, मैनपुर एसडीएम हितेश पिस्दा, विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

बताया गया है कि जिले में कुल 1119 बीयू यूनिट, 753 सीयू यूनिट, 1094 वीवीपेट यूनिट है। जिसमें से 693 बीयू यूनिट, 692 सीयू यूनिट, 801 वीवीपेट यूनिट दोनों विधानसभाओं के लिए आबंटित किया गया। उल्लेखनीय है कि जनसामान्य को निर्वाचन प्रक्रिया से अवगत कराने के लिए 57 बीयू यूनिट, 57 सीयू यूनिट, 57 वीवीपेट यूनिट का उपयोग किया गया था, जो अलग कर दिया गया है। एफएलसी ओके अंतर्गत शेष 370 बीयू यूनिट, 4 सीयू यूनिट, 236 वीवीपेट शेष है। प्रथम रेंडमाइजेशन के बाद दोनों विधानसभा के रिटर्निंग ऑफिसर्स एवं राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को सूची उपलब्ध कराई गई।

उल्लेखनीय है कि विधानसभावार मतदान केन्द्रों संख्या 573 है। जिसमें विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-54 राजिम (सामान्य) अंतर्गत 274 मतदान केन्द्र है, जिनमें बीयू व सीयू यूनिट 331 एवं वीवीपेट यूनिट 383 है। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 55 बिन्द्रानवागढ़ (अनुसूचित जनजाति) अंतर्गत मतदान केन्द्रों की संख्या 299 है। जिनमें बीयू व सीयू यूनिट 361 एवं वीवीपेट यूनिट 418 है।

### ईवीएम व वीवीपेड मशीनों को पृथक करने की कार्रवाई पूर्ण

विधानसभा निर्वाचन 2023 के लिए रेण्डमाईजेशन के पश्चात बुधवार को कृषि उपज मंडी परिसर स्थित स्ट्रांग रूम में ईवीएम एवं वीवीपैड मशीनों को विधानसभावार पृथक करने की कार्यवाही कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आकाश छिकारा की उपस्थिति में की गई। इस दौरान कलेक्टर छिकारा ने मौके पर उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि स्ट्रांग रूम में अनाधिकृत व्यक्ति को किसी भी स्थिति में प्रवेश नहीं दिया जाए। उन्होंने कहा कि प्रवेश हेतु पहचान पत्र जारी कर अधिकृत व्यक्तियों के पहचान होने के उपरांत ही उन्हें वेयर हाउस में प्रवेश दिया जाए।



# संकुल केंद्र भवानीपुर में सेवानिवृत्त प्राचार्य विश्वकर्मा को दी गई विदाई

**पलारी,** 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। विकास खंड पलारी के अंतर्गत संकुल केंद्र भवानीपुर में सेवानिवृत्त प्राचार्य ओम प्रकाश विश्वकर्मा विदाई समारोह का आयोजन रखा गया था जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में ब्लॉक शिक्षा अधिकारी के एन वर्मा विशिष्ट अतिथि सहायक शिक्षा अधिकारी सतीश महेश्वरी नरेश कुमार वर्मा ओम प्रकाश विश्वकर्मा बीआरसी जे आर जोशी के उपस्थिति में सेवानिवृत्त प्राचार्य ओम प्रकाश विश्वकर्मा को प्रतीक चिन्ह श्रीफल शाल से उन्हें सम्मानित किया गया।



शिक्षा अधिकारी ने बताया कि वह एक ही स्थान में 41 वर्ष तक एक ही ग्राम में सेवा दिए हैं उन्होंने प्राथमिक शाला माध्यमिक शाला हाई स्कूल हाई सेकेंडरी स्कूल भवानीपुर में अपनी शिव दिए हैं जो की शिक्षा जगत में एक अलग पहचान बनती है उनके द्वारा जो साला परिवार को एकता संगठन के साथ निर्विरोध कार्य किए हुए हैं उन्होंने अपने शिक्षकों को एक साथ बैठकर शासन से आए हुए कार्य एवं स्कूल संचालक के संबंध में चर्चा कर कार्य किए हुए हैं ऐसे ही आप सभी शिक्षक गण कार्य करें। किसी प्रकार सेवानिवृत्त प्राचार्य ओमप्रकाश विश्वकर्मा ने कहा कि आप सभी संकुल केंद्र के समस्त शिक्षक एवं शिक्षिका से निवेदन है कि आप सभी मिलजुल कर कार्य करें छात्र-छात्राओं को अच्छी शिक्षा दें ताकि उनका भविष्य उज्जवल रहे यदि मेरे लायक कोई कार्य है तो मुझे बुलाकर कार्य ले सकते हैं जो मेरे लायक हो मैं उसके लिए आपके बीच उपस्थित रहूंगा आप सभी समस्त गुरुजनों से मेरा यही अपील है समय सीमा में उपस्थित होकर छात्र-छात्राओं को अच्छा शिक्षा दे। प्राचार्य विश्वकर्मा को उनके निवास स्थान भवानीपुर में समस्त शिक्षक गण उनके घर पर पहुचाने के लिए भी गए हुए थे सह सम्मान विदाई किया गया। इस अवसर पर शिव कुमार साहू राजकुमार ध्रुव सुकलाल जायसवाल टी पी शर्मा विष्णु फेकर नरेन्द्र कुमार चंद्राकर विजय कुमार चंद्राकर दीपक शर्मा,तोरण मंडावी, ईश्वर साहू, संतोषी यदुवंशी, मंजुलता साहू, दुर्गा ध्रुव झाल बाई, राजकुमार पटेल, बिपेंद्र बघेल, हेमराज दीवान, बाला राम , अनिल कुमार माहेश्वरी यदु, झड़ी राम श्रेय, जोशी बाग, कल्याण सिंह ध्रुव, खेमलाल साहू, प्रीतम सिंह रुपेश कुमार चंद्राकर, सुरेश कुमार चंद्राकर, चुन्नी लाल कार्यक्रम का संचालन नेमीचंद ध्रुव ने किया बड़ी संख्या में शिक्षकगण उपस्थित थे।


# दुर्गा देवी के सामने सेवा गीत व जस गीत गा कर देवी मां को प्रसन्न करने का भक्तगण कर रहे प्रयास



**नवापारा-राजिम,** 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। 15 अक्टूबर से क्वांर नवरात्रि आरंभ हो चुका है। नवरात्रि का मध्यांतर पंचमी के दिन होता। इस क्वांर नवरात्रि में पंचमी 19 अक्टूबर दिन गुरुवार को मनाई जाएगी। इसके लिए समितियां के द्वारा तैयारी पूर्ण कर ली गई है। इसी दिन से सेवा समिति के सदस्य स्थापित हुई दुर्गा मूर्ति के सामने सेवा गीत और जस गीत गाकर जगत जननी को प्रसन्न करते हैं। नवरत्न सेवा मंडली के संचालक ठाकुर राम साहू बताते ह कि पंचमी के एक दिन पूर्व देवी देवता स्वरूप रखे हुए बाना को लोहार के पास ले जाकर उसके ऊपर वाले हिस्सा को नुकीला किया जाता है ताकि जिन भक्तों पर माता सवार होती है और वह यदि बाना की मांग करते हैं तो उन्हें समिति के द्वारा दिया जाता है । महाशक्ति दुर्गा उत्सव समिति के अध्यक्ष संतोष अल्लू चक्रधारी बताते हैं कि पंचमी के दिन माता दुर्गा का विशेष सिंगार होता है इस दिन माता को भक्त जनों द्वारा अपनी सुविधा अनुसार नींबू से बनी माला अर्पित किया जाता है। चार नवरात्रि में पंचमी का विशेष महत्व रहता है।

# बिलाईगढ़ में शारदीय नवरात्रि का महापर्व श्रद्धा भक्ति के साथ मनाया जा रहा

**बिलाईगढ़,** 18 अक्टूबर (देशबंधु)। नगर बिलाईगढ़ एवं आसपास के क्षेत्र में शारदीय नवरात्रि का महापर्व बड़े धूमधाम एवं श्रद्धा भक्ति के साथ मनाया जा रहा है नगर के प्रमुख चौक चौराहा में विभिन्न दुर्गो समितियों के द्वारा पंडाल सजाकर मां दुर्गे की आराधना किया जा रहा है वहीं बिलाईगढ़ स्थित मां समलाई मंदिर में श्रद्धालुओं के द्वारा 890 मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित कराया गया है समलाई मंदिर का जीर्णोधार विगत 2 वर्षो से जारी है 75 फीट ऊंची भव्य मंदिर का निर्माण एवं आकर्षक सजावट आकर्षण का केंद्र बना हुआ है साथ ही भक्तों के बढ़ती आस्था एवं विश्वास से मनोकामना ज्योति कलश में भी इस वर्ष खासा इजाफा हुआ है सूत्रों के मुताबिक सिद्ध शक्तिपीठ मां समलाई मंदिर में जो भी व्यक्ति पूर्ण श्रद्धा ,आस्था एवं विश्वास के साथ आता है उनकी मनोकामना अवश्य ही पूर्ण होती है ।आज शारदीय नवरात्रि महापर्व का चौथा दिवस है सुबह से लेकर देर रात्रि तक श्रद्धालुओं का ताता लगा हुआ है शाम होते ही दुर्गा पंडालो एवं समलाई मंदिर में मांदर की थाप एवं जस गीत पर झूमते गाते माहौल से शक्ल वातावरण भक्तिमय हो जाता है माता के दर्शन एवं जस गीत सुनने जगह-जगह लोगों की भीड़ देखी जा रही है । राजमहल बिलाईगढ़ के द्वारा देवाला कुरिया में जावरा स्थापना एवं प्रजा पिता ब्रह्माकुमारी संस्था के द्वारा चैतन्य देवी की झांकियां भी प्रमुख आकर्षण का केंद्र बना हुआ है । नगर बिलाईगढ़ में सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति बांग्लाभाटा एवं ब्लॉक कॉलोनी, नव ज्योति क्लब नगर पंचायत रोड, वैभव दुर्गा उत्सव समिति चांदनी चौक, जूनियर क्लब इंदिरा मार्केट ,यूथ क्लब महल परिसर, दीप ज्योति दुर्गा उत्सव तालाब रोड ,सार्वजनिक दुर्गोत्सव देवपारा ,देवांगन समाज भवन, बुढी माई देवाला कुरिया जावरा स्थापना, आर्शीवाद क्लब थाना मैदान आदि स्थानों में दुर्गा पंडाल सजाया गया है। इसके अतिरिक्त आसपास के गांव टांडापारा, गोविंदवन ,पवनी ,खजरी, रमतला, खुरसुला, धनसिर, सालिहा, सूती उरकुली ,पंडरीपानी,परसापाली आदि सभी गांव में दुर्गा उत्सव बड़े धूमधाम एवं श्रद्धा भक्ति के साथ मनाने के समाचार है।



# आरंग तहसील में भू-अभिलेख सुधरवाने बाबू मनोज देवांगन ने लिया घूस



**आरंग,** 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। शासन के तमाम दावों के बावजूद राजस्व कार्यालयों में घूसखोरी की घटनाएं कम नही हो रही है। रसुखदारों से लेकर गरीब किसान, आम जनता को भी हर राजस्व संबंधित कार्यो के लिए वहां के कर्मचारियों को घूस देना पडता है तब जाके उनका काम होता है। शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए भी हितग्राहियों से रिश्वत मांगने की शिकायतें अक्सर आते रहती है। आरंग तहसील कार्यालय में ऐसी दर्जनों शिकायतें देखने को मिलती है जहां मजबूर और बेबस लोग इन कर्मचारियों के शिकार होते रहते है। ताजा मामला आरंग तहसील कार्यालय का है जहां के बाबू मनोज देवांगन के द्वारा भू-अभिलेख दुरुस्त करने के एवज में फरियादी से 1000 रु. की रिश्वत की मांग की गई। जिसके बाद फरियादी पवन साहू ने कर्मचारी के इस कार्यप्रणाली को देखकर कार्य में बाधा न आए इसके लिए मांगी गई रिश्वत उक्त कर्मचारी को दिया। जिसके बाद फरियादी ने इस घटना से क्षुब्ध होकर घटना की मौखिक शिकायत आरंग अनुविभागीय अधिकारी अतुल विश्वकर्मा से की है। अब देखने वाली बात है कि उस रिश्वतखोर बाबू मनोज देवांगन के विरुद्ध कब और क्या कार्यवाही होती है.. ?

## सार-संक्षेप

### कलेक्टर ने आदेश जारी कर 3 अपराधियों को किया जिला बदर

**बलौदबाजार,** 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर कलेक्टर चंदन कुमार ने पुलिस प्रशासन से प्राप्त जांच रिपोर्ट के आधार पर 3 अपराधी को जिला बदर के आदेश जारी किया है। जिसके तहत ग्राम केसदा निवासी रविचंद्र तिवारी उर्फरॉकी पिता अश्वनी तिवारी, ग्राम कटगी निवासी संतोष थवाईत उर्फघोरघोरी पिता फिरत थवाईत एवं ग्राम खैरघट निवासी संजय कुमार घृतलहरे पिता कुंवर लाल घृतलहरे शामिल है। उक्त कार्रवाई छत्तीसगढ़ सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 3,5 ख के तहत किया गया है। जिसमें 1 वर्ष के कालावधि के लिए बलौदाबाजार-भाटापारा एवं उसके सीमावर्ती जिले बिलासपुर, रायपुर, रायगढ़, महासमुंद, मुंगेली, जांजगीर-चांपा, सक्ति, दुर्ग एवं बेमेतरा जिलों की सीमाओं से आदेश पारित होने 24 घंटे के भीतर हटने एवं बाहर चले जाने के आदेश दिए है।

### 15वें वित्त राशि के आहरण पर नहीं है किसी प्रकार की रोक : सीईओ

**बलौदबाजार,** 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नम्रता जैन द्वारा बताया गया है कि 15वें वित्त राशि के आहरण पर किसी प्रकार की रोक नही हैं। जिले की निर्वाचित नहीं हुये ग्राम पंचायतों को छोड़कर शेष समस्त ग्राम पंचायतों को वित्तीय वर्ष 2023-24 हेतु 15वे वित्त अनुदान का प्रथम किश्त प्रदान किया गया है।

# बागबाहरा के प्रसिद्ध दुर्गा मंदिर में 267 मनोकामना ज्योति प्रज्जवलित



**बागबाहरा,** 17 अक्टूबर (देशबंधु)। नगर के नेशनल हाइवे 353 में वन विभाग परिसर के पास स्थित प्रसिद्ध श्री दुर्गा माता मंदिर में इस वर्ष शारदीय क्वांर नवरात्र पर्व में श्रद्धालु भक्तों द्वारा कुल 267 मनोकामना ज्योति प्रज्जवलित कराये हैं। यह नवरात्र पर्व 23 अक्टूबर तक चलेगा। दुर्गा मां के दरबार में दर्शन पूजन करने श्रद्धालु भक्तों का सुबह-शाम ताँता लगा रहता है।

मंदिर प्रांगण इनदिनों माँ की जयकारों से गुंजने लगा है। श्री दुर्गा मंदिर सेवा समिति बागबाहरा के रामानंद अग्रवाल, मनोज पप्पू अग्रवाल, लाल चंद जैन, पीयूष अग्रवाल, संजय अग्रवाल आदि ने बताया कि 19 अक्टूबर गुरुवार को दुर्गा मां का नवरात्र पंचमी के अवसर पर विधि विधान के साथ श्रृंगार कर पूजा अर्चना किया जायेगा। वहीं मंदिर समिति द्वारा पंचमी, सप्तमी एवं नवमी को दुर्गा मंदिर परिसर में महाभंडारा का आयोजन किया गया है। जिसमें हजारों श्रद्धालु भक्तगण ? यहाँ आकर देवी मां का प्रसाद ग्रहण करते हैं। चार नवरात्र पर्व में देवी मां का दरबार मनोकामना ज्योत से जगमगाने लगे हैं।

शक्ति की भक्ति में आस्था के प्रमुख केंद्र आदिशक्ति जगदम्बे भवानी दुर्गा माँ के दरबार में श्रद्धालु भक्तगण रोजाना सुबह से लेकर रात 10 बजे तक हजारों की संख्या में रोजाना पहुँच रहे हैं। मदिर समिति के कार्यकर्ताओं एवं सदस्यों ने नगर के प्रसिद्ध दुर्गा मंदिर को आकर्षक एवं भव्य रूप से सजा कर आकर्षित बनाया गया है। ताकि मां का दरबार दिन रात सौंदर्य से परिपूर्ण भरा रहे। मां के दरबार में श्रद्धा भक्ति के साथ आने वाले भक्तों की मनोकामना दुर्गा मां जरुर पूर्ण करती है। इसी आशा एवं विश्वास को लेकर नगर समेत आसपास एवं दूरदराज गांवो के लोग इस देवी माँ का दर्शन पूजन करने बड़ी संख्या में यहाँ आते हैं। तथा महाभंडारा में शामिल होकर मां का प्रसाद ग्रहण करते हैं।

# कलेक्टर ने मतदाता जागरूकता रथ के वाहन को किया रवाना

**बिलाईगढ़,** 18 अक्टूबर(देशबंधु)। लोकतंत्र को मजबूत बनाने तथा आगामी विधानसभा में शत प्रतिशत मतदान के लिए प्रोत्साहित करने हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर डॉ फरिहा आलम सिद्दीकी के मार्गदर्शन में स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत जिले में अनेक मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में समाज कल्याण विभाग एवम् मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सारंगढ़ द्वारा संयुक्त रूप से दिव्यांग और सियान मतदाताओं के लिए जनजागृति अभियान का संचालन किया जा रहा है। यह मतदाता जागरूकता रथ सभी 129 ग्राम पंचायतों में अनवरत भ्रमण करेगा। उक्त मतदाता जागरूकता रथ को कलेक्टोरेट परिसर से कलेक्टर डॉ सिद्दीकी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर पंचायत नोडल श्री हरिशंकर चौहान, समाज कल्याण विभाग के अधिकारी श्री विनय तिवारी एवं सारंगढ़ जनपद सीईओ श्रीमती संजू पटेल उपस्थित रहीं।




इस रथ के माध्यम से दिव्यांगजनों एवं 80 वर्ष की आयु से अधिक के मतदाताओं के लिए व्हीलचेयर एवं पोस्टल बैलेट की सुविधा का प्रचार प्रसार किया जाएगा, इसके साथ ही दिव्यांगजन उनका सम्मान किया जाएगा। इसके अलावा मतदाता जागरूकता के लिए ग्राम भ्रमण करते हुए इस रैली के माध्यम से उपस्थित सभी लोगों द्वारा शत प्रतिशत मतदान हेतु शपथ संकल्प लिया जाएगा। दिनांक 17 अक्टूबर 2023 से प्रारंभ हुई इस रथ यात्रा में ग्राम पंचायत केडार में मतदाता जागरूकता हेतु शिविर संचालन किया गया, इसी क्रम में 18 अक्टूबर को ग्राम पंचायत कटेली, 19 अक्टूबर को ग्राम पंचायत नौरंगपुर, 20 अक्टूबर को ग्राम पंचायत घौठला बड़े, 21 अक्टूबर को ग्राम पंचायत छातादेई होते हुए 22 अक्टूबर को ग्राम पंचायत मौहाढोढ़ा में उक्त मतदाता जागरूकता रथ का समापन होगा।

## निधन

### मदन सिंह ठाकुर

**दुर्ग,** 18 अक्टूबर। मोतीपारा दुर्ग निवासी मदन सिंह ठाकुर (83) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार कर दिया गया। वे राजेश्वर सिंह ठाकुर व नरेश सिंह ठाकुर के पिता तथा रविन्द्र सिंह ठाकुर एवं विक्रम सिंह ठाकुर के चाचा थे।



## एकेडमी से प्रशिक्षण प्राप्त कर लौटे जवान का सम्मान



**खरोरा,** 18 अक्टूबर। एकेडमी से प्रशिक्षण प्राप्त कर भारतीय सेना की ट्रेनिंग पूरी कर छुट्टी पर आये जवान तुकेशवर को उनके गृह ग्राम पंचायत ताराशिव के प्रशिक्षण ग्राउंड में पूष्प माला पहनाकर श्री फल देकर सम्मानित किया गया जिसमें ताराशिव, खम्हरिया, चिचोली के प्रशिक्षित युवक-युवतीयों ने भी गुलाल लगाकर स्वागत किया! तुकेशवर ने बताया कि वो अभी 21 दिनों की छुट्टी पर आये है और रोज सुबह प्रशिक्षण ग्राउंड आकर अपने गाँव व आस पास के युवाओं को भी आर्मी भर्ती हेतु जागरूक कर प्रशिक्षित कर रहे हैं जो कि बहुत ही गर्व की बात है! व हमारे वन्दे मातरम् डिफेंस एकेडमी टीम की ओर से बहुत बहुत बधाइयाँ एवं शुभकामनाएं।

## प्रादेशिकी का शेष...

### महासमुंद विधानसभा के लिए...

पत्रकारों को छत्तीसगढ़ी समाज पार्टी के पदाधिकारियों ने बताया कि पार्टी द्वारा 12 विधानसभा में चुनाव लड़ा जाएगा और 20 आदिवासी उम्मीदवारों को समर्थन दिया जाएगा। निर्वाचन में पार्टी का घोषणा पत्र भी जारी किया जाएगा। पूछे गए सवालों के जवाब में अनिल दुबे ने बताया कि पिछले विधानसभा चुनाव में 18 स्थानों पर चुनाव लड़ा गया था। सभी में पार्टी को हार मिली थी।

# 3000 दीपों की श्रृंखला से मतदान दीप जलाकर दिया, मतदाता जागरूकता का संदेश

**आरंग,** 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्टर डॉक्टर सर्वेश्वर नरेंद्र भूरे एवं जिला सीईओ अविनाश मिश्रा के निर्देशन में ग्रामीणों ने 3000 दीपों की श्रृंखला से मतदान दीप एवं निर्वाचन लोगों तथा मोर गोईंदा मोर रायपुर लिखकर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया। वही इस अवसर पर उपस्थित रिटर्निंग ऑफिसर एसडीएम आरंग डॉक्टर अतुल विश्वकर्मा ने समस्त ग्राम वासियों की इस जागरूकता पहल की प्रशंसा करते हुए कहा कि आपके द्वारा शत प्रतिशत मतदान का संदेश अवश्य ही मतदान के प्रतिशत को बढ़ाएगा। वही मुख्य कार्यपालन अधिकारी कुमार सिंह लहरे ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव के लिए जिस प्रकार से गोविंदा वासियों ने मतदान को महादान बताते हुए 3000 दीपों की श्रृंखला से व्यक्त किया है वह अवश्य ही जिले के लिए भी प्रेरित करने वाला होगा। तथा तहसीलदार राममूर्ति दीवान नायब तहसीलदार एन एस पीस्दा, सृजल साहू ने भी 100 प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित किया।इस अवसर पर स्वीप प्रभारी शिक्षक गण महेंद्र कुमार पटेल एवं अरविंद कुमार वैष्णव ने जागरूकता नारे मतदान आ करे बर देश ला गढ़े बर आदि के साथ स्वीप गतिविधियों को संपन्न किया। वहीं कार्यक्रम को सफल बनाने में सरपंच संतोष कुमार साहू सचिव गोवर्धन साहू, रोजगार सहायक कामतू राम साहू, महेश निषाद, बीएफटी जितेंद्र साहू, कोटवार शुभम देवदास, पच शिवकुमार दुजराम, रमशिला यशोदा, चमन पटेल, उत्तरॉ पटेल, नोमिन, दिव्या, भारती, ह्यूमन साहू, प्रीति, डोमिन साहू, लीलाराम, टोला राम, चोलाराम एवं बहुत अधिक संख्या में समस्त ग्रामवासी, महिलाएं, युवा एवं वरिष्ठ जनों की सहभागिता रही।



# दीपावली के पूर्व महंगाई भत्ता व एरियर्स की अंतिम किस्त के भुगतान की मांग : शिक्षक संघ



**नवापारा राजिम,** 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ के प्रांताध्यक्ष ओंकार सिंह, प्रांतीय महामंत्री यशवंत सिंह वर्मा एवं संभागीय अध्यक्ष राम नारायण मिश्रा ने बताया कि प्रदेश के चार लाख शिक्षक, कर्मचारी सहित लगभग दो लाख से अधिक पेंशनरों को विगत कई वर्षों से निर्धारित तिथि से डीए एवं एरियर्स राशि का भुगतान नही किए जाने से राज्य के समस्त कर्मचारियों को प्रति माह पाँच से पच्चीस हजार रुपयों का आर्थिक नुकसान हो रहा है। छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ के प्रांताध्यक्ष ओंकार सिंह ठाकुर, महामंत्री यशवन्त सिंह वर्मा, कोषाध्यक्ष संजय सिंह,संगठन मंत्री प्रदीप शर्मा प्रांतीय उपाध्यक्ष हरि शर्मा सुरेश श्रीवास्तव भुनेश्वर कुराम व्ह पी कश्यप एम आर मेहतो प्रान्ती मंत्री गीता जायसवाल उमेशगिरी गोस्वामी संजय पाण्डे कल्पना लम्बे संभागीय अध्यक्ष रायपुर रामनारायण मिश्रा संभागीय सचिव ओंकार प्रसाद वर्मा जिला अध्यक्ष सुनील नायक महानगर अध्यक्ष रामकुमार बघेल, गोविंद सोनी, मोहित वर्मा, आदि ने शासन से मांग की है कि राज्य शासन छत्तीसगढ़ निर्वाचन आयोग से अनुमति लेकर शिक्षकों ,कर्मचारियों एवं पेंशनरों को भी देय तिथि से केंद्र के सामान 46 प्रतिशत डीए का एवं सातवे वेतनमान के एरियर्स का भुगतान दीपावली के पूर्व किया जावे।

## नाम परिवर्तन सूचना

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मै श्रीमती कीर्ति शर्मा उम्र 60 वर्ष पति श्री सोमेश कुमार शर्मा जाति ब्राम्हण निवासी वार्ड नंबर 15 बजरंग चौक गरियाबंद तहसील व जिला गरियाबंद छ.ग. की निवासी हूँ। यह कि मेरे नाम मतदाता परिचय पत्र एवं आधार कार्ड बना है जिसका आधार नंबर 2249 6763 3021 है जिसमे मेरा नाम कीर्ति शर्मा पति सोमेश कुमार शर्मा है। पेन कार्ड में मेरा नाम श्रीमती कीर्ति शर्मा पति सोमेश कुमार शर्मा दर्ज है। यह कि एलियाज बजाज लाईफ इन्श्योरेंस कम्पनी में दिनांक 26.07.2011 में वारेंस करवायी थी जिसकी पालिसी नं. 0228143671 है, जिसमें त्रुटिवश उक्त दस्तावेजो में नाम पुष्पा तिवारी पति सोमेश तिवारी हो गया है। जो कि असत्य व गलत है। यह कि एलियांज बजाज लाईफ इन्श्योरेंस कम्पनी में मै अपना नाम आधार कार्ड के अनुसार, श्रीमती कीर्ति शर्मा पति सोमेश कुमार शर्मा दर्ज कराना चाहती हूँ। यह कि उपरोक्त कथनों के समर्थन में यह शपथ पत्र प्रस्तुत है।

**शपथकर्ता**
**श्रीमति कीर्ति शर्मा पति सोमेश शर्मा**
**निवासी वार्ड नंबर 15**
**बजरंग चौक गरियाबंद**

# राजिम से अमितेश शुक्ल, बिंद्रानवागढ़ से जनकराम ध्रुव होंगे कांग्रेस के प्रत्याशी

## लगातार 6वीं बार कांग्रेस ने विधायक शुक्ल पर जताया भरोसा

**गरियाबंद,** 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। लंबे इंतजार के बाद कांग्रेस ने जिले के दोनों विधानसभा राजिम और बिंद्रानवागढ के लिए अपने प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है। शुक्ला परिवार का गढ़ माने जाने वाले राजिम से वर्तमान विधायक एवं प्रथम पंचायत मंत्री अमितेश शुक्ल पर कांग्रेस ने फिर भरोसा जताया है। वहीं भाजपा का अभेद किले के रूप में गिने जाने वाले बिंद्रा नवागढ़ विधानसभा में इस बार कांग्रेस ने पूर्व प्रत्याशी संजय नेताम को किनारे कर आदिवासी कांग्रेस से प्रदेश उपाध्यक्ष जनकराम ध्रुव पर फिर से मौका दिया है। सरकारी नौकरी छोड़ राजनीति में आए जनकराम ध्रुव इसके पहले (2013) में भी यहां से चुनाव लड़ चुके है। संयोगवश तब गोवर्धन मांझी ही भाजपा से प्रत्याशी थे, इस बार भी मांझी ही मैदान में है।

इधर, कांग्रेस के प्रत्याशियों की घोषणा होने के बाद अब जिले में स्थिति स्पष्ट हो गई। दोनों विधानसभा में कांग्रेस और भाजपा के बीच ही सीधी टक्कर के आसार है। राजिम की बात करे तो यहां वर्तमान



**सरकारी नौकरी छोड़ने कांग्रेस ने शामिल हुए जनक राम ध्रुव दूसरी बार टिकट पाने में कामयाब**

विधायक अमितेश शुक्ला (कांग्रेस) और जिला पंचायत सदस्य रोहित साहू (भाजपा) के बीच ही सीधी टक्कर होगी।

अमितेश शुक्ला 1998 से लगातार यहां से चुनाव लड़ते आ रहे है। अब तक पांच बार चुनाव लड़ चुके है। जिसमे तीन बार जीते है और दो बार हारे है। इनके साथ जीत-हार का एक संयोग भी चलता आ रहा है। जानकारी के मुताबिक 1998 में जीते, 2003 में हारे, 2008 में जीते, 2013 में हारे वही 2018 में फिर से जीत दर्ज की है। अब 2023 में फिर से चुनावी मैदान में है। पिछले चुनाव में 58 हजार मतों से ऐतिहासिक जीत दर्ज की थी। मालूम हो की जोगी कार्यकाल में वे पंचायत और ग्रामीण विकास विभाग के मंत्री भी रह चुके है।

वही रोहित साहू की बात करे तो सरपंच चुनाव से अपने राजनीतिक जीवन की शुरवात करने वाले रोहित साहू इसके पहले 2018 में भी राजिम से चुनाव लड़ चुके है। यह लगातार दूसरी बार चुनावी मैदान में है। हालाकि तब जोगी कांग्रेस से लड़े थे और इस बार वे भाजपा से चुनावी मैदान में है। दो साल पहले ही वे भाजपा में शामिल हुए है। वर्तमान में जिला पंचायत सदस्य भी है। पिछले चुनाव में 24 हजार से ज्यादा वोट हासिल किए थे। अब शुक्ल परिवार के गढ़ में उनको सीधी चुनौती देंगे।

इसके पहले इन दोनों विधानसभा से कौन सा प्रत्याशी बनेगा इसे लेकर कांग्रेसी सहित लोग बाग भी बेसब्री से इंतजार रह थे। संशय की स्थिति कर चलते संभावित दावेदार न खुल कर दौरा कर पा रहे थे न लोगो के बीच अपनी बात रख पा रहे थे। टिकट घोषणा होते ही अब संशय की स्थिति भी समाप्त हो गई। दोनो पार्टी से कौन कौन चेहरे होंगे ये भी स्पष्ट हो गया। टिकट घोषणा के बाद अब जिल में चुनावी सरगर्मी बढ़ जाएगी। भाजपा तो पहले टिकट घोषणा कर चुनावी रण में प्रचार प्रसार में आगे निकल गई है अब कांग्रेस भी रण में उतर कर पसीना बहाने तैयार है।

# प्रमुख सचिव स्कूल शिक्षा के वेबसाइट में सरायपाली के 11 नवाचारी शिक्षकों को मिला स्थान

**सरायपाली,** 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव डॉ. आलोक शुक्ला के विशेष प्रयास से प्रेरित होकर नवाचार युक्त शैक्षणिक गतिविधियों में शिक्षक गण बढ़-चढ़कर अपनी सहभागिता दे रहे हैं। शासकीय विद्यालयों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों और नवाचारी शिक्षकों के गतिविधियों और कार्यों को अपने वेबसाइट पर पूरे विवरण सहित प्रकाशित एवं प्रोत्साहित कर रहे हैं। इसी तारतम्य में जिला शिक्षा अधिकारी मीता मुखर्जी, सहायक संचालक द्वय सतीश नायर, नंदकिशोर सिन्हा एवं डीएमसी कमल नारायण चंद्राकर के निर्देशानुसार तथा बीईओ सरायपाली प्रकाशचंद्र मांझी, बीआरसी सतीश स्वरूप पटेल, सहायक बीईओ द्वय डी. एन. दीवान, जे. के रावल के कुशल मार्गदर्शन में विकासखण्ड सरायपाली के शिक्षकों के नवाचारी गतिविधियों को इसमें प्रतिदिन स्थान मिल रहा है। विकासखण्ड सरायपाली के नवाचारी शिक्षक एवं उनकी गतिविधियों का उल्लेख अग्रलिखित हैं :- 1. शैलेन्द्र कुमार नायक, व्याख्याता, शास. उ. मा. वि. केना (हिंदी व्याकरण, अलंकार शॉर्ट ट्रिक), 2. चंद्रभानु पटेल, शा. उच्च प्रा. शा. पाटसेंद्री (गणित - रेखा, किरण और रेखाखंड), 3. योगेश साहू शास. प्राथ.शाला कसडोल (गणित - आरोही-अवरोही क्रम), 4. श्रीमती शीला बिश्वास, शास.प्राथ.शाला मुधा (गणित - अंक ज्ञान), 5. चंद्रशेखर पटेल, प्रधान पाठक, शास.प्राथ.शाला पाटसेंद्री (आयत और वर्ग की अवधारणा, कोण के आधार पर त्रिभुज के प्रकार), 6. श्रीमती बनमोती चिन्तामणि भोई शास.प्राथ.शाला बोड़ेसरा ( खिलौने, च्कज अक्षर से आने वाले शब्द, मानसिक दक्षता, खिलखिलाता बचपन), 7. श्रीमती पुष्पा पारेश्वर शास.प्राथ.शाला वीरेंद्र नगर सरायपाली (शब्द ढूँढ कर गोला लगाओ), 8. अंजू पटेल प्रधान पाठक शा.प्राथ.शाला कसडोल (गणित - अंक ज्ञान), 9. राधेश्याम चौहान, सहायक शिक्षक, शास.प्राथ.शाला-लिमाऊगुड़ा (गणित - पहले एवं बाद की संख्या, मूर्त रूप में जोड़ना-घटाना सीखना, खेल-खेल में रंगों की पहचान), 10. मुकेश कुमार साव, शा. प्रा. शाला बोदापाली (गणित - जोड़ की अवधारणा, अंग्रेजी - अपोजिट वर्ड्स, एक्शन वर्ब्स), 11. ऋषि प्रधान, शा. प्राथ. शा. बाराडोली (गणित - सरकना और लुढ़कना सीखाना) प्रमुख रूप से शामिल हैं। यह क्रम अनवरत जारी है। इस विशिष्ट कार्य में जिले का नाम रोशन करने के लिए समस्त नवाचारी शिक्षकों को जिला शिक्षा विभाग एवं विकासखण्ड के सभी अधिकारियों ने बधाई एवं शुभकामनाएँ दी

## ट्रक की चपेट में आने से वृद्ध की मौत

**सरायपाली,** 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। शहर के थाना चौक के पास मंदिर स्कूल के सामने ट्रक की चपेट में आने से आज दोपहर दो बजे संजय नगर सरायपाली निवासी बुधराम आदित्य (70) की मौत हो गई मिली जानकारी के अनुसार थाना चौक पर रायपुर से संबलपुर की ओर जा रही ट्रक क्रमांक ओ डी की चपेट में आ गया ट्रक मृतक को करीब 15 फीट घसीटते हुए ले गया शहर के अंदर बड़े वाहनों का आना जाना लगा रहने से हमेसा दुर्घटना की आशंका बनी रहती है और उसका परिणाम आज सामने आया त्यौहार के समय में शहर मे भारी भीड़ रहती है दुकानदर दुकान का सामान सड़क तक निकाल कर रखते हैं तथा बड़े बड़े साइन बोर्ड सड़क तक लगा कर रखे हुए हैंजिसके कारण भी लोगो को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

# पहाड़ा वाली खल्लारी मंदिर में 2286 व चंडी मंदिर में 7251 आस्था के मनोकामना ज्योत प्रज्जवलित

**बागबाहरा,** 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। शारदीय चांर नवरात्र पर्व अंचल में धूमधाम से शुरू हो गई है। जो 23 अक्टूबर तक चलेगा। आज गुरुवार 19 अक्टूबर को नवरात्र पर्व का पंचम दिवस है। नवरात्र पंचमी के अवसर पर



पहाड़ावाली खल्लारी देवी माँ, चंडी देवी माँ एवं दुर्गा देवी माँ का विशेष श्रृंगार कर पूजा -अर्चना किया जाएगा। श्रद्धा भक्ति एवं आस्था के प्रमुख केंद्र खल्लारी मंदिर में 2286, चंडी मंदिर में 7251 एवं दुर्गा मंदिर में 268 मनोकामना ज्योत भक्तो द्वारा प्रज्जवलित कराए गए है। जहाँ देवी मंदिरो में नवरात्र पर्व के चलते सुबह से लेकर देर रात तक श्रद्धालु भक्तो का दर्शन पूजन करने ताँता लगा रहता है। वहीं देवी मंदिरो में जसगीत माता सेवा का धूम मचा हुआ है। देवी उपासना एवं आराधना का पर्व चांर नवरात्र शुरू होते ही अंचल के देवी मंदिरो में महाभंडारा का कार्यक्रम शुरू हो गया है। जो नौ दिनों तक दिन-रात चलता रहेगा। नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में सार्वजनिक दुर्गोत्सव पंडालों में मूर्ति स्थापना के साथ नवरात्र पर्व धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ शुरू हो गया है। जो नवमी दिवस तक चलेगा। श्रद्धालु भक्तो द्वारा ज्योत प्रज्जवलित कराने के बाद अंचल में नवरात्र पर्व एवं जसगीत माता सेवा की धूम मची हुई है। देवी मंदिरो में भक्तो का जनसैलाब उमड़ पड़ा है।

# विद्यार्थियों के लिए कैरियर गाइडेंस एवं विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन

**नवापारा-राजिम,** 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। सेठ फूलचंद अग्रवाल स्मृति महाविद्यालय में नवापारा एवं राजिम अंचल के कक्षा 11वी एवं 12वी के विद्यार्थियो के लिए कैरियर गाइडेंस प्रश्नमंच एवं पोस्टर प्रस्तुतीकरण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया 7 कार्यक्रम में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, पिपरौद, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नवापारा, सेजेस उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नवापारा, रामजानकी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तथा ज्ञानदीप उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नवापारा के विद्यार्थियो ने भाग लिया । छात्र छात्राओं के द्वारा कैरियर के संबंध में पूछे गए सवालो के जवाब दिए गए 7 छात्र छात्राओं से अन्तरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में उपलब्ध कैरियर विकल्प, पायलेट बनने हेतु उपलब्ध कोर्स, एयर होस्टेज बनने हेतु कोर्स, ओपन यूनिवर्सिटी के संबंध में, जीव विज्ञान के क्षेत्र में कैरियर विकल्प गणित के क्षेत्र में कैरियर विकल्प, कला संकाय के क्षेत्र में उपलब्ध कैरियर विकल्प के संबंध में अपने सवाल पूछे, जिसके जवाब महाविद्यालय के विषय विशेषज्ञों की टीम विस्तारपूर्वक दिए 7 महाविद्यालय विषय विशेषज्ञों की टीम में प्रो. लेखराम साहू, डॉ. प्रेरणा सोनी, प्रो. महेंद्र द्विवेदी, प्रो.लोमश साहू, डॉ. विकास बंजारे प्रो. गिरिजा शंकर मैत्री, प्रो. कुलदीप साहू उपस्थित रहे ।



विद्यार्थियों के लिए इस वर्ष देश में त्न-20 की अध्यक्षता और चंद्रयान-3 की सफलता थीम पर प्रश्नमंच एवं पोस्टर प्रस्तुतीकरण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया 7 प्रश्न मंच प्रतियोगिता में 348 विद्यार्थियों ने तथा पोस्टर प्रस्तुतीकरण में 50 विद्यार्थियो ने भाग लिया 7 विजेता प्रतिभागियो को नकद पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया

प्रश्न मंच प्रतियोगिता में केवलचंद, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, पिपरौद प्रथम एवं विवेक तुरकाने, सेजेस हरिहर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नवापारा द्वितीय स्थान पर रहे 7 इसी प्रकार पोस्टर प्रस्तुति कारने प्रतियोगिता में लिलेश्वरी निषाद, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, नवापारा प्रथम एवं नैना निषाद सेजेस उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नवापारा द्वितीय स्थान पर रहें । कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रो. ऋषिराज सारस, प्रो. अंकित कंसारी, प्रो. एकता कंसारी, सचिन साहू, लक्की साहू, रिद्धि जैन,अनिकेत, विनय गोस्वामी, हेमांशु, लेशान्त सहित महाविद्यालय के छात्रो का विशेष योगदान रहा।

# बीएड प्रशिक्षिणार्थियों ने चार दिवसीय विश्व डाक व राष्ट्रीय डाक दिवस मनाया

**नवापारा-राजिम,** 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। स्थानीय नवापारा नगर के सेठ फूलचंद अग्रवाल स्मृति महाविद्यालय में शिक्षा संकाय के तत्वाधान में बीएड प्रशिक्षणार्थियों के द्वारा विश्व डाक दिवस एवं राष्ट्रीय डाक दिवस सप्ताह कार्यक्रम दिनांक 10 अक्टूबर 2023 से 14 अक्टूबर 2023 तक आयोजित किया गया । इस कार्यक्रम को आयोजित करने का उद्देश्य जनमानस तक डाकघर के बारे में जानकारियां पहुंचना है । शिक्षा संकाय के सांस्कृतिक गतिविधि प्रभारी प्रो. नयना पहाड़िया निर्देशन, व लोमश कुमार साहू के नेतृत्व मे आयोजित यह कार्यक्रम बीएड प्रशिक्षणार्थियों के द्वारा डाक दिवस सप्ताह कार्यक्रम के दौरान प्रत्येक दिवस विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए जैसे डाक दिवस की शुरुआत कब हुआ कैसे हुआ और कहां से इसकी शुरुआत हुई ।इस कार्यक्रम के दौरान बीएड प्रशिक्षणार्थियों के द्वारा डाक विभाग से संबंधित विभिन्न योजनाओं की जानकारियां दी गई जैसे डाकघर बचत योजना, सुकन्या समृद्धि योजना,वरिष्ठ नागरिक बचत योजना, पीपीफ, राष्ट्रीय बचत योजनाएं ,जन सुरक्षा योजना, इत्यादि योजनाओं की जानकारियां साझा की गई । साथ ही साथ डाकघर में कैसे पत्र भेजा जाता है बताया गया । प्रत्येक दिवस शिक्षा संकाय के बीएड प्रशिक्षणार्थियों के द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसमें दीपिका और वंदना के द्वारा च्भारतीय डाक विभाग देश का गौरव और अभिमान है च्गीत प्रस्तुत किए गए। एस कुमार के द्वारा मेरा परिचय डाकघर से संबंधित कविता। वीरभद्र के द्वारा वर्ष 2023 के डाक दिवस की थीम च्विश्वास के लिए एक साथ, एक सुरक्षित और जुड़े भविष्य के लिए सहयोग च्राजकुमार के द्वारा डाक दिवस सप्ताह पर पोस्टर ।जितेंद्र साहू द्वारा डाक विभाग के पदों की जानकारियां सीताराम के द्वारा डाक विभाग का इतिहास एवं हर्ष साहू के द्वारा पीपीटी के माध्यम से डाक टिकटों एवं उनके इतिहास के बारे में जानकारियां साझा की गई तथा संध्या मन्नाडे दुर्गेश्वरी भीमेश्वरी ट्विंकल सिन्हा देवकी साहू डोगेश्वर साहू प्रदीप नेताम संजय बेहरा चंद्रभान टंडन उपासना सविता सूर्यकांत यदु राजीव चक्रधारी इत्यादि क्व्शस्त्र प्रशिक्षणार्थियों ने डाक दिवस सप्ताह कार्यक्रम पर प्रत्येक दिवस गीत कविता डाक दिवस कार्यक्रम से संबंधित योजनाएं एवं अन्य विभिन्न जानकारियां प्रस्तुत की गई। महाविद्यालय की शिक्षा संकाय द्वारा आयोजित डाक दिवस सप्ताह कार्यक्रम मनाने के पीछे इनका उद्देश्य जनमानस को डाक से जोड़ना एवं योजनाओं का लाभ लेना है। इस कार्यक्रम के दौरान बीएड प्रशिक्षणार्थियों को विभिन्न जानकारियां प्रदान की गई। अंततः डाक दिवस सप्ताह मनाने का उद्देश्य पूर्ण हुआ एवं यह कार्यक्रम निर्बाध रूप से सफल रहा।आयोजन को व्यवस्थित रूप से संचालित करने के लिए शिक्षा संकाय के प्राध्यापक विजय राजपूत,सारिका साहू चंद्रहास साहू ,तरुण साहू, अखिलेश शर्मा, विशेष योगदान के साथ गतिविधि प्रभारी नयना पहाड़िया एवं लोमश कुमार साहू संतोष कुमार मे सहयोग प्राप्त हुआ।




# पुलिस द्वारा ग्राम खैरी में अवैध रूप से महुआ शराब बिक्री की सूचना पर फिर मारा गया छापा

**पलारी,** 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार झा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार के मार्गदर्शन में एवं थाना प्रभारी पलारी निरीक्षक शशांक सिंह के निर्देशन में थाना पलारी पुलिस द्वारा शराब कोचियों की धरपकड़ एवं छापामार कार्यवाही लगातार जारी है। पुलिस टीम को पूर्व में ही सूचना मिली है कि अवैध रूप से महुआ शराब बनाने में ग्राम खैरी से भारी मात्रा में महुआ शराब का निर्माण कर दीपावली पर्व पर आसपास के क्षेत्र में महुआ शराब सप्लाई करने की योजना शराब कोचियों द्वारा बनाई गई है, जिस कारण पुलिस का पूरा ध्यान ग्राम खैरी में संचालित महुआ शराब निर्माण के इस नेटवर्क को तोड़कर शराब कोचियों को गिरफ्तार करने में लगा हुआ है। इसलिए पुलिस टीम द्वारा लगातार ग्राम खैरी में दबिश भी दिया जा रहा है।



इसी क्रम में आज दिनांक 17.10.2023 को सायं 06.30 बजे लगभग थाना पलारी की पुलिस टीम द्वारा मुखबिर सूचना पर मुख्य मार्ग में ग्राम खैरी मोड़ के पास दबिश दिया गया। इस दौरान रास्ते में बहुत अंधेरा था, जिसमें पुलिस टीम की उपस्थिति भांपकर अज्ञात आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर खैरी जंगल की ओर भाग गया, जिसकी पहचान तस्दीक की कार्यवाही की जा रही है। कि इस रेड कार्यवाही में पुलिस टीम द्वारा मौके से ?32,000 कीमत मूल्य का 40-40 लीटर के 04 बड़े जरेकिन में 160 लीटर हांथ भट्ठी महुआ शराब बरामद किया गया है। अज्ञात आरोपी के विरुद्ध थाना पलारी में अपराध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर अज्ञात आरोपी की सरगर्मी से पता तलाश की जा रही है।

# भाजपा प्रत्याशी शिवरतन ने बैठक लेकर जनसंपर्क किया

**भाटापारा,** 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। नगरीय निकाय एवं पंचायत चुनाव में प्रत्याशी का अपने मतदाताओं से दिन में कई बार मिलना हो जाता है परंतु विधानसभा एवं लोकसभा चुनाव में प्रत्याशी की तरफ से कार्यकर्ता ही मतदाताओं के बीच में भेट मुलाकात कर पार्टी के लिए उनसे समर्थन एवं आशीर्वाद मांगते हैं उक्त बातें भाटापारा विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी एवं विधायक शिवरतन शर्मा ने शहर मंडल की बैठक के दौरान कार्यकर्ताओं के बीच कही।



शर्मा ने आगे कहां कि आप सब कार्यकर्ताओं की मेहनत के बदौलत एवं भाजपा पार्टी के द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह के कार्यों की बदौलत ही मुझे पिछले लगातार पिछले दो चुनाव में जनता का आशीर्वाद मिला। मैंने अपने कार्यकाल में भाटापारा में व्यवहार न्यायालय 10 करोड़ की लागत से नल जल योजना ,ओवर ब्रिज, अंडर ब्रिज, चारों तरफ सड़कों का जाल आईटीआई कॉलेज, लॉ कॉलेज ,पालीटेक्निक कालेज तथा भाटापारा गजानंद अग्रवाल कॉलेज का उन्नति कारण एवं स्नातकोत्तर की कक्षाएं शुरू करवाई, भाटापारा शाखा नहर में पानी लाना सहित लगभग प्रत्येक समाज के लिए सामाजिक भवन बनाने का प्रयास किया परंतु पिछले 5 वर्षों से प्रदेश में कांग्रेस की सरकार होने से इस सरकार ने पिछले डॉक्टर रमन सिंह की सरकार के समय स्वीकृत 100 बिस्तरों का अस्पताल तथा मतादेवालय में स्टेडियम निर्माण को रोक दिया यही नहीं भूपेश सरकार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वपूर्ण योजना प्रधानमंत्री आवास एवं नल जल योजना एवं अनेक महत्वपूर्ण कार्य इस सरकार ने रोक दिए

आप लोगों को पता ही है कि इस सरकार ने सत्ता प्राप्त करने के लिए 36 वायदे जो सन 2013 के घोसणा पत्र में किए थे उनमें से कोई भी वायदा यह सरकार पूरा नहीं कर पाई। यही नहीं इस सरकार ने तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा दिए जा रहे कोरोना काल के समय अतिरिक्त 5 किलो चावल को भी यह डकार गई और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ?500000 की मुफ्त में इलाज की योजना को भी अपना बताने में लगी रहती हैआप सब इनके घोषणा पत्र को लेकर जनता के बीच जावे। नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष डॉ मोहन बांधे ने कहां कि नगर के विकास के लिए नगर पालिका एक महत्वपूर्ण कड़ी होती है परंतु जब से हमारा कार्यकाल खत्म हुआ है कांग्रेस शासित नगर पालिका ने इसे नरक पालिका बना दिया है पूरा शहर कचरे के ढेर में बदल गया है नगर पालिका के शपथ ग्रहण समारोह में उनके मंत्री शिव डहरिया ने नगर को कायाकल्प की घोषणा करते हुए 5 करोड़ की घोषणा की थी जो आज तक नगर पालिका को नहीं मिलीयहां तक से जिस डेंगू बीमारी का नाम ही हमने सुना ही था उस डेंगू बीमारी से हमारे शहर की बेटी भी जिसकी डोली उठनी थी उसकी अर्थी उठ गई। नगर पालिका केकार्यकर्ताओं को जिला महामंत्री राकेश तिवारी मंडल अध्यक्ष मनेंद्र सिंह सोनी विधायक प्रतिनिधि आशीष जायसवाल युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष सुनील गोलू यदु ने भी संबोधित किया तथा महाबल बघेल एवं डॉ मोहन बांधे ने विधायक शिव रतन शर्मा को विजई संकल्प माला पहनकर स्वागत किया।

# थाना भाटापारा शहर एवं ग्रामीण पुलिस की लगातार कार्रवाई

**भाटापारा,** 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। थाना भाटापारा शहर के अपराध क्रमांक 342 /23 धारा 294,323,506,307 भादवि आर्म्स एक्ट 25,27 के फरार आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया गिरफ्तार विवरण— मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि दिनांक 17.09.23 के रात्रि 12=30 बजे के लगभग प्रार्थीया उमा साहू का लड़का पंकज साहू जो नेहरू वार्ड बजरंगबली मंदिर के पास खड़ा था किसी बात को लेकर वाद विवाद होने से आरोपी लोकेश सिंह द्वारा गाली गुप्तार कर जान से मारने की धमकी देकर हाथ में रखे धारदार चाकू से पेट में मारकर घातक चोट पहुंचा विवेचना दौरान प्रकरण में धारा 307 आईपीसी जोड़ी गई घटना के बाद से आरोपी फरार था जिसका लगातार पताशाजी कर आज दिनांक 17. 10. 23 को गिरफ्तार कर गिरफ्तारी की सूचना परिजनों को देकर माननीय न्यायालय पेश किया गया प्रकरण में थाना भाटापारा शहर थाना प्रभारी योगिताबाली खापर्डे एवं सबइंस्पेक्टर राजकुमार डहरिया आर. सीताराम ध्रुव उमेश वर्मा का योगदान रहा। आरोपी लोकेश सिंह पिता गंगाराम सिंह उम्र 27 साल साकिन बजरंगबली मंदिर के पास नेहरू वार्ड भाटापारा थाना भाटापारा शहर जिला बलौदा बाजार भाटापारा





थाना हथबंद पुलिस द्वारा ग्राम सिनोधा में अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले एक शराब कोचिया को किया गया गिरफ्तार आरोपी से ?5610 कीमत मूल्य का 9.180 देशी मसाला शराब किया गया जप्त वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय श्री दीपक कुमार झा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार, श्री आशीष अरोरा एसडीओपी भाटापारा के मार्गदर्शन में एवं थाना प्रभारी हथबंद निरीक्षक अजय झा के निर्देशन में थाना हथबंद पुलिस द्वारा शराब कोचियों की धरपकड़ कार्यवाही लगातार जारी है। इसी क्रम में आज दिनांक 17.10.2023 को थाना हथबंद से आरक्षक भुवन वर्मा, रमेश वर्मा, प्रशांत दीवान एवं भालचंद्र ध्रुव की पुलिस टीम द्वारा ग्राम सिनोधा में अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले एक शराब कोचिया को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी से ?5610 कीमत मूल्य का कुल 9.180 देशी मसाला शराब जप्त किया गया है। आरोपी के विरुद्ध थाना हथबंद में अपराध क्र. 112/2023 धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को जेल भेजने की प्रक्रिया की जा रही है।

आरोपी- राजेश यदू पिता सत्तू यदू उम्र 20 वर्ष निवासी ग्राम सिनोधा थाना हथबंद श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय श्री दीपक झा द्वारा जिला में शराब जुआ, सट्टा के अवैध कारोबार में सलिप्त आपराधिक आचरण वाले व्यक्तियों पर कार्यवाही करने हेतु निर्देश दिया गया है जिसके परिपालन में अति0पुलिस अधीक्षक एंव अनुविभागीय अधिकारी पुलिस भाटापारा आशीष अरोरा एवं थाना प्रभारी अमित पाटले के मार्गदर्शन में पुलिस सहायता केंद्र प्रभारी ईश्वर टोप्पो द्वारा विशेष अभियान चलाकर ग्राम कोदवा मे शराब कोचिया के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत कार्यवाही कर गिरफ्तार किया गया । प्रकरण का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि दिनांक 17.10.2023 को मुखबीर की सूचना पर ग्राम कोदवा मैं अवैध शराब रेड कार्यवाही कर आरोपी श्याम बान्धे पिता प्रेम बान्धे उम्र 35 वर्ष सकिन कोदवा थाना भाटापारा ग्रामीण , के कब्जे से कुल 06 लीटर, हाथ भट्टी निर्मित महुआ शराब को जप्त किया गया आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 536/2023 धारा 34-2 आबकारी अधि. के तहत अपराध पंजीकृत कर विवेचना में लिया गया! थाना हथबंद पुलिस द्वारा ग्राम अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले एक शराब कोचिया को किया गया गिरफ्तार आरोपी से ?11,000 कीमत मूल्य का दो पेटी (100 पाव) देशी मसाला शराब किया गया जप्त आरोपी को ग्राम गोरदी नहर पार रोड में मोटरसाइकिल के माध्यम से अवैध रूप से शराब ले जाते हुए पकड़ा गया आरोपी से अवैध रूप से शराब परिवहन में प्रयुक्त मोटरसाइकिल होंडा सीडी भघ किया गया जप्त वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय श्री दीपक कुमार झा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार, श्री आशीष अरोरा एसडीओपी भाटापारा के मार्गदर्शन में एवं थाना प्रभारी हथबंद निरीक्षक अजय झा के निर्देशन में थाना हथबंद पुलिस द्वारा शराब कोचियों की धरपकड़ कार्यवाही लगातार जारी है । इसी क्रम में आज दिनांक 17.10.2023 को थाना हथबंद से सउनि जगदेव साहू, आरक्षक भुवन वर्मा, रमेश वर्मा, प्रशांत दीवान एवं प्रदीप शर्मा की पुलिस टीम द्वारा ग्राम गोरदी नहर पार रोड से अवैध रूप से मोटरसाइकिल के माध्यम से शराब ले जाते हुए एक शराब कोचिया को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी से ?11,000 कीमत मूल्य का कुल 02 पेटी (100 पाव) देशी मसाला शराब जप्त किया गया है।